3 राजधानी
डेंगू के चलते दारोगा की मौत

6 अभिमत
दूरसंचार क्षेत्र में परस्पर विरोधी नीतियां

11 विदेश
मोदी-बाइडन संरा वार्षिक सभा में भाग लेंगे

12 विविध
छोटे कदम बड़ा बदलाव



RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 320
लखनऊ, बुधवार, 15 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




मलिंगा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

स्पोर्ट्स-10

# राजा महेंद्र प्रताप सिंह के योगदान को नहीं मिला उचित सम्मान: मोदी

## ● प्रधानमंत्री ने जाट राजा और महान स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर अलीगढ़ में रखी विश्वविद्यालय की आधारशिला

**भाषा।** अलीगढ़

**प्रधानमंत्री** ने मंगलवार को कहाकि महान स्वतंत्रता सेनानी राजा महेंद्र प्रताप सिंह के योगदान को उचित सम्मान नहीं मिला। उन्होंने अलीगढ़ में राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय की आधारशिला रखने के बाद अपने संबोधन में कहाकि देश की अनेक पीढ़ियां अपनी शौर्य गाथाओं के बारे में जानकारी से वंचित हैं। इक्कीसवीं सदी में भारत बीसवीं शताब्दी की गलतियों को सुधार रहा है। आज नई पीढ़ियों को महाराजा सुहेलदेव, दीनबंधु चौधरी, छोटू राम और राजा महेंद्र प्रताप सिंह के बारे में बताने की ईमानदारी पूर्ण कोशिश की जा रही है। मोदी ने महान हस्तियों द्वारा स्वतंत्रता के आंदोलन में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि आजादी के बाद आई पीढ़ियों को ऐसे राष्ट्र नायकों और राष्ट्र नायिकाओं के बलिदान के बारे में जानकारी नहीं दी गई।

प्रधानमंत्री ने कहाकि जब युवा बड़े सपने देखते हैं तो उन्हें राजा महेंद्र प्रताप सिंह के बारे में स्मरण और अध्ययन करना चाहिए क्योंकि इससे उन्हें दृढ़ इच्छाशक्ति के सबक मिलते हैं। हर किसी को राजा महेंद्र प्रताप सिंह के बारे में याद रखना चाहिए। वह भारत की आजादी के लिए अफगानिस्तान, पोलैंड, जापान तथा साउथ अफ्रीका समेत दुनिया के विभिन्न हिस्सों में गए। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान वह लाला हरदयाल जी और खासकर श्यामजी कृष्ण वर्मा जी से मुलाकात करने के लिए यूरोप गए। उसके परिणाम स्वरूप अफगानिस्तान में भारत की पहली निर्वासित सरकार का गठन हुआ। मोदी ने कहाकि इस सरकार की अगुवाई राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने की थी। आज प्रधानमंत्री के तौर पर मैं उनके जैसे महान स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर बनने जा रहे विश्वविद्यालय की आधारशिला रख कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने वृंदावन में अपने संसाधनों से एक अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी कॉलेज की स्थापना की और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के लिए जमीन का एक बड़ा हिस्सा दान किया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आज आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान जब 21वीं सदी का भारत शिक्षा के एक नए युग की तरफ बढ़ रहा है, मिट्टी के महान सपूत के नाम पर एक नए विश्वविद्यालय का निर्माण कराया जाना उन्हें सच्ची कार्यांजलि है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय आधुनिक शिक्षा का केंद्र बनेगा। आज जिस तरह से शिक्षा, कार्यकुशलता और स्थानीय ( शेष पेज 9 )



अलीगढ़ में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## सीमाओं की रक्षा करेंगे यूपी में बने हथियार: प्रधानमंत्री

### ● कहा, योगी राज में पनाह मांग रहे हैं अपराधी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, अलीगढ़

**पहले** अलीगढ़ के बने ताले घरों और दुकानों की रक्षा करते थे लेकिन अब डिफेंस कॉरिडोर के अलीगढ़ नोड में बने हथियार देश की सीमाओं की रक्षा करेंगे। डिफेंस कॉरिडोर के निर्माण से यूपी आत्मनिर्भरता की तरफ एक और बड़ा कदम बढ़ाने जा रहा है। यह कारीडोर यहां के युवाओं के लिए रोजगार के ढेरों अवसर लेकर आयेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह बात मंगलवार को डिफेंस कॉरिडोर के अलीगढ़ नोड का शिलान्यास के दौरान कही।

प्रधानमंत्री ने कहा कि डिफेंस कॉरिडोर के अलीगढ़ नोड में छोटे हथियार, आयुध, एयरोस्पेस, डिफेंस पैकेजिंग निर्माण के लिए नए उद्योग लगाए जा रहे हैं। इससे अलीगढ़ को नई पहचान मिलेगी। लखनऊ नोड में दुनिया की बेहतरीन मिसाइल ब्रहमोस और झांसी नोड में मिसाइल निर्माण की बड़ी यूनिट लगेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहाकि उत्तर प्रदेश देश और दुनिया के हर छोटे बड़े निवेशक के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। उन्होंने कहा मुझे आज देख कर खुशी होती है कि जिस यूपी को देश के विकास में रुकावट के रूप में देखा जाता था, वही यूपी देश के बड़े अभियानों का नेतृत्व कर रहा है। योगी राज में अपराधी पनाह मांग रहे है। अपराध पर लगाम ( शेष पेज 9 )

## प्रदेश में शिक्षा के स्तर में बड़े पैमाने पर हो रहा है सुधार: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि यूपी में शिक्षा के स्तर में बड़े पैमाने पर सुधार हो रहा है। प्रदेश में 8 नए विश्वविद्यालयों का निर्माण हो रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को भी सबसे पहले यूपी में लागू किया गया। उन्होंने कहाकि कोरोना से जब पूरी दुनिया त्रस्त है, उस वक्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकारी योजनाओं व आत्मनिर्भर पैकेज के जरिए लोगों का जीवन और जीविका दोनों को बचाने का काम किया गया। जब दुनिया वैक्सीन पर काम कर रही थी तब उन्होंने देश को वैक्सीन उपलब्ध करा कर लोगों का जीवन बचाने का काम किया। आज देश के 75 करोड़ लोगों को वैक्सीन दी जा चुकी है।

योगी ने कहा कि यूपी अब निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। इससे यूपी में रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। युवाओं को अपने ही शहरों में नौकरी मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजा महेन्द्र प्रताप ने आजादी की लड़ाई और शिक्षा के विकास में अहम योगदान दिया है। उनको कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इसलिए आज अलीगढ़ को प्रधानमंत्री राजा महेन्द्र प्रताप राज्य विश्वविद्यालय का तोहफा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में किसानों को तकनीक से जोड़ कर उनकी आय दोगुनी करने का काम किया जा रहा है।2017 से अब तक गन्ना किसानों को 1 लाख 43 हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। कोरोना काल में चीनी मिलों का संचालन कर किसानों को बड़ी राहत दी गई। मुख्यमंत्री ने राधा अष्टमी पर लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज राधाष्टमी है ( शेष पेज 9 )

# पदोन्नति में एससी-एसटी को आरक्षण के फैसले पर फिर सुनवाई नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह पदोन्नति में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) को आरक्षण की अनुमति देने वाले अपने फैसले पर दोबारा सुनवाई नहीं करेगा क्योंकि राज्यों को यह निर्णय करना है कि वे कैसे इसे लागू करेंगे। विभिन्न राज्यों में पदोन्नति में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों को आरक्षण देने में कथित तौर पर आ रही दिक्कतों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बीआर गवई की तीन सदस्ईय पीठ ने राज्य सरकारों के एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड को निर्देश दिया कि वे उन मुद्दे की पहचान करें जो उनके लिए अनूठे हैं और दो सप्ताह के भीतर उन्हें दाखिल करें। पीठ ने कहा, हम स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि हम नागराज या जरनैल सिंह (मामले) दोबारा खोलने नहीं जा रहे हैं क्योंकि इन मामलों पर न्यायालय द्वारा प्रतिपादित व्यवस्था के अनुसार ही निर्णय करने का विचार था। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सरकारी नौकरियों में एससी और एसटी की पदोन्नति में आरक्षण देने का रास्ता साफ कर दिया था। न्यायालय ने कहा था कि राज्यों को इन समुदायों के पिछड़ा होने वाले मात्रात्मक आंकड़े एकत्र करने की जरूरत नहीं है।

अदालत ने कहा था कि वर्ष 2006 में एम नागराज मामले में दिए फैसले पर पुनर्विचार की भी जरूरत नहीं है। शीर्ष अदालत ने अपने पूर्व के आदेश को रेखांकित किया जिसमें राज्य सरकारों को निर्देश दिया गया था कि वे उन मामलों को तय करे जो उनके लिए अनूठे हैं ताकि न्यायालय इनमें आगे बढ़ सके। न्यायालय ने कहा कि अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल द्वारा तैयार किए गए मुद्दे और दूसरों द्वारा उपलब्ध कराए गए मुद्दे मामले का दायरा बढ़ा रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा, हम ऐसा करने के इच्छुक नहीं है। ऐसे कई मुद्दे हैं जिनका फैसला नागराज प्रकरण में हो चुका है और उन्हें भी हम लेने नहीं जा रहे हैं। हम बुहत स्पष्ट हैं कि हम मामले को दोबारा खोलने के किसी तर्क या इस तर्क को मंजूरी नहीं देंगे कि इंदिरा साहनी मामले में प्रतिपादित व्यवस्था गलत हैं क्योंकि इन मामलों का दायरा इस अदालत द्वारा तय कानून को लागू करना है। वेणुगोपाल ने शीर्ष अदालत के समक्ष कहा कि इनमें से लगभग सभी मुद्दों पर शीर्ष अदालत के फैसले में व्यवस्था दी जा चुकी है और वह आरक्षण के मामले पर इंदिरा साहनी मामले से लेकर अबतक के मामलों की पृष्ठभूमि देंगे।



वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने तर्क दिया कि राज्य कैसे फैसला करें कि कौन सा समूह पिछड़ा हैं और इसमे पैमाने की उपयुक्तता का मुद्दा खुला है। उन्होंने कहा, अब यह विवादित तथ्यों का सवाल नहीं रहा।

कुछ मामलों में उच्च न्यायालयों ने इस आधार पर इन्हें खारिज कर दिया कि इसमें पिछड़ेपन का आधार नहीं दिखाया गया है। कैसे कोई राज्य यह कैसे स्थापित करेगा कि प्रतिनिधित्व पर्याप्त है और इस संदर्भ में पर्याप्तता का पैमाना होना चाहिए जिसके लिए विस्तृत विमर्श की जरूरत है। उनके तर्क पर पीठ ने कहा, हम यहां पर सरकार को यह सलाह देने के लिए नहीं है कि उन्हें क्या करना चाहिए। यह हमारा काम नहीं है कि सरकार को बताएं कि वह नीति कैसे लागू करे। यह स्पष्ट व्यवस्था दी गई है कि राज्यों को इसे किस तरह लागू करना है और कैसे पिछड़ेपन तथा प्रतिनिधित्व पर विचार करना है। न्यायिक समीक्षा के अधीन राज्यों को तय करना है कि उन्हें क्या करना है।


# पाक आतंकी माड्यूल का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

## ● यूपी एटीएस और दिल्ली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से देश के कई शहरों को दहलाने की योजना विफल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/नई दिल्ली



ओसामा



जीशान

**राजधानी** दिल्ली में पाकिस्तान के दो आईएसआई-प्रशिक्षित आतंकी गुर्गों सहित छह आतंकवादी पकड़े गए हैं। इनकी गिरफ्तारी के साथ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और उप्र एटीएस ने अंडरवर्ल्ड के गुर्गों के साथ आईएसआई द्वारा प्रशिक्षित आतंकी मॉड्यूल की साठगांठ का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कहा कि इन लोगों की गिरफ्तारी से दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और देश के अन्य राज्यों में आतंकी विस्फोट और लक्षित हत्याएं टल गई हैं।

पुलिस ने कहा कि आरोपियों के कब्जे से विस्फोटक, हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। आरोपियों की पहचान मुंबई निवासी जान मोहम्मद शेख (47), दिल्ली के ओखला इलाके का रहने वाला ओसामा (22), रायबरेली के मूलचंद (47), इलाहाबाद के जीशान कमर (28), बहराइच निवासी मोहम्मद अबू बकर (23) और लखनऊ के मोहम्मद आमिर जावेद (31) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार जीशान और ओसामा को आईएसआई से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आईईडी लगाने के लिए दिल्ली और उत्तर प्रदेश में विभिन्न स्थानों की टोह लेने का काम सौंपा गया था, जबकि अंडरवर्ल्ड ऑपरेटिव जान मोहम्मद को दाऊद इब्राहिम के भाई अनीस इब्राहिम ने देश में विभिन्न हिस्सों में आईईडी, आधुनिक हथियार और हथगोलों की सुचारू रूप से डिलीवरी करने का काम सौंपा था।

वहीं यूपी एटीएस ने मंगलवार को प्रदेश के चार जिलों में छापेमारी कर तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। प्रयागराज जिले से एटीएस ने एक आईईडी भी बरामद किया है। एटीएस आतंकियों से पूछताछ कर उनके मंसूबों का जानने का प्रयास कर रही है। एडीजी लॉ एंड आर्डर प्रशांत कुमार ने बताया कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के मॉड्यूल का खुलासा करते हुए यूपी एटीएस ने 3 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को एटीएस ने प्रदेश के चार जिलों लखनऊ, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज में छापेमारी की है। लखनऊ के आलमबाग से मोहम्मद आमिर, प्रयागराज के करेली से जीशान और रायबरेली के ऊंचाहार से लाला उर्फ मूलचंद को गिरफ्तार किया गया है। यूपी एटीएस अब गिरफ्तार आतंकियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की तैयारी कर रही है।

पुलिस सूत्रों की मानें तो गिरफ्तार आतंकियों की योजना आने वाले त्योहारी मौसम में प्रदेश में बम धमाके करके माहौल खराब करने की थी। एटीएस के अधिकारियों के अनुसार आतंकियों ने रीवा रोड स्थित इंड्रलिस्ट एरिया के एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान में यह बम छिपाकर रखा था। जिसे बरामद कर निष्क्रिय किया जा रहा है। दिल्ली स्पेशल सेल और यूपी एटीएस ने इस आपरेशन में मिलकर काम किया। एटीएस के अनुसार इस मॉड्यूल को एक स्लीपर सेल संचालक ने आरडीएक्स आधारित बम, पिस्तौल ( शेष पेज 9 )

## लोजपा के सांसद प्रिंस राज पर दुराचार के आरोप में मामला दर्ज

**भाषा।** नई दिल्ली

**लोक** जनशक्ति पार्टी के सांसद प्रिंस राज के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है जिसके बाद उन्होंने मंगलवार को अग्रिम जमानत के लिए यहां की अदालत का रुख किया। उन्होंने अग्रिम जमानत याचिका में शिकायतकर्ता पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि तीन महीने पहले कथित पीड़िता ने एक शिकायत दर्ज कराई थी जो कि पार्टी की एक सदस्य है। उन्होंने बताया कि अदालत के निर्देश पर बलात्कार, आपराधिक साजिश और साक्ष्य मिटाने के अपराध की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। लोजपा के प्रवक्ता श्रवण कुमार ने प्रिंस राज का बचाव किया और दावा किया कि उनके विरुद्ध आरोप, राजनीतिक साजिश के तहत उनकी छवि खराब करने के उद्देश्य से लगाए गए हैं और यह मामला हनी ट्रैप (महिला के जरिए फंसाने) का हो सकता है। कुमार ने कहा कि समस्तीपुर से सांसद प्रिंस राज ने उस महिला के विरुद्ध 10 फरवरी को दिल्ली पुलिस में उगाही और ब्लैकमेल की शिकायत दर्ज कराई थी जिसने उन पर बलात्कार का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार, बलात्कार की कथित घटना 2020 में हुई थी। प्रिंस राज ने जून में ट्वीट कर महिला द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों का खंडन किया था। महिला की शिकायत के मुताबिक दुष्कर्म की घटना वर्ष 2020 में हुई थी।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| संसेक्स | 58,247 | ↑ | 69 | |
| निफ्टी | 17,380 | ↑ | 24 | |
| सोना | 45,888 | ↓ | 36 | /10g |
| चांदी | 61,911 | ↑ | 73 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कोरोना से अनाथ बच्चों को चार हजार तक की मासिक मदद देने की तैयारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार कोविड-19 की वजह से अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों को दी जाने वाली मासिक वित्तीय सहायता को दो हजार से बढ़ाकर चार हजार रुपए करने की योजना बना रही है। इस संबंध में एक प्रस्ताव अगले कुछ सप्ताह में मंजूरी के लिए कैबिनेट के पास जा सकता है। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने प्रस्ताव दिया है कि महामारी से अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों को दिया जाने वाला मासिक सहायता दो हजार रुपए से बढ़ाकर चार हजार किया जाए। सरकार ने मई में घोषणा की थी कि जिन बच्चों के माता-पिता या कानूनी अभिभावकगोद लेने वाले माता-पिता कोविड-19 के कारण खो दिया है, उन्हे पीएम-केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत सहायता दिया जाएगा।

# वैक्सीन बेहद प्रभावी, बूस्टर डोज की जरूरत नहीं



प्रयागराज में मंगलवार को कोरोनारोधी टीका लगवाती महिलाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोना** वायरस के डेल्टा वैरिएंट से मुकाबला करने के लिए कुछ देशों ने विकल्प के रूप में बूस्टर खुराक की पेशकश की है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के एक समूह ने कोविड-19 के डेल्टा वैरिएंट से मुकाबला करने के लिए बूस्टर खुराक देने के विचार को खारिज कर दिया है। इन वैज्ञानिकों ने यह दावा किया है कि वैक्सीन प्रभावकारिता गंभीर वायरस पर बहुत अधिक है। महामारी के इस स्तर पर आम जनता के लिए बूस्टर उपयुक्त नहीं है।

डब्ल्यूएचओ ने भी सभी को तीसरी खुराक देने के विचार का विरोध किया है कि उसने कहा कि तीसरे डोज की आवश्यकता सर्वाधिक जोखिम वाली आबादी के लिए जरूरी हो। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि फिलहाल अभी के लिए हम व्यापक पैमाने पर पूर्ण टीकाकृत स्वस्थ लोगों को बूस्टर की आवश्यकता नहीं समझते हैं। लांसेट जर्नल में प्रकाशित समीक्षा की विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के वैज्ञानिकों और ( शेष पेज 9 )

## कोविड-19 की मार से करोड़ों लोग हुए गरीब

### ● वर्ष 2019 की तुलना में 2020 में 3.1 करोड़ अतिरिक्त लोग हुए आर्थिक रूप से कमजोर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोविड-19** महामारी के कारण लॉकडाउन ने अर्थव्यवस्था और आजीविका पर ऐसा कहर बरपाया कि हालात संभल नहीं पा रहे हैं। वर्ष 2019 की तुलना में 2020 में अतिरिक्त 31 मिलियन लोग अत्यधिक गरीब हो गए हैं।

अपनी सामाजिक संस्था के लिए बिल गेट्स और मेलिंडा फ्रेंच गेट्स द्वारा तैयार वार्षिक गोलकीपर्स रिपोर्ट में हालांकि यह भी कहा गया है कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में 90 प्रतिशत विकसित अर्थव्यवस्थाएं अगले साल तक महामारी से पहले के स्तर को दोबारा हासिल कर लेंगी, लेकिन निम्न और मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक तिहाई से ही ऐसा कर पाने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस स्थिति को देखते हुए इस समय कम आय वाले देशों में शोधकर्ताओं और वैक्सीन निर्माताओं की क्षमता को मजबूत करने की जरूरत है। यहां स्थानीय भागीदारी में निवेश बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि इन देशों में पर्याप्त टीके और दवाएं तैयार की ( शेष पेज 9 )

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के मानदेय में हुई बढ़ोतरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के मानदेय में भारी बढ़ोतरी कर दी है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मानदेय के अतिरिक्त हर माह 1500 रुपये, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 1250 रुपये और आंगनबाड़ी सहायिकाओं को 750 रुपये प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इससे आंगनबाड़ियों का मानदेय अब 7000, मिनी आंगनबाड़ियों का 5500 और आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 4000 रुपये हो जाएगा। राज्य सरकार ने इसे परफार्मेंस से जोड़ते हुए मानक तय कर दिए गए हैं। इस संबंध में मंगलवार को बाल विकास व पुष्टाहार विभाग की प्रमुख सचिव वी हेकाली झिमोमी ने आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश से लगभग 3.70 लाख कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को लाभ मिलेगा। यह लाभ सितम्बर के मानदेय के साथ दिया जाएगा।

## तालिबान राज में अफगानिस्तान में बंद हुए 153 मीडिया केंद्र

**एजेंसियां।** काबुल

**पिछले** माह अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद से देश के 20 प्रांतों में 153 मीडिया केंद्रों ने कामकाज बंद कर दिया है। यह जानकारी एक मीडिया रिपोर्ट में स्वतंत्र मीडिया का समर्थन करने वाले संगठनों के हवाले से दी गई है। टोलो न्यूज ने एक रिपोर्ट में सोमवार को कहा कि इन केंद्रों में रेडियो, प्रिंट और टीवी चैनल शामिल हैं और ये मुख्यत: आर्थिक समस्याओं तथा पाबंदियों के कारण बंद हुए हैं। अफगानिस्तान फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट के उपाध्यक्ष हुजातुल्ला मुजादादी के हवाले से टोलो न्यूज ने कहा कि यदि मीडिया का समर्थन करने वाले संगठन इन केंद्रों पर ध्यान नहीं देंगे तो हम जल्द ही देखेंगे कि देश में बाकी बचे केंद्र भी बंद हो जाएंगे। अफगानिस्तान नेशनल जर्नलिस्ट यूनियन के प्रतिनिध मसरूर लुत्फी ने अंतरराष्ट्रीय संगठनों से इस समस्या का हल निकालने के लिए तुरंत कदम उठाने का अनुरोध करते हुए कहा कि नहीं तो जल्द ही प्रेस की आजादी और अन्य मानवीय तथा नागरिक स्वतंत्रता भी खत्म हो जाएगी। टोलो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक पाकतिका स्थित मिल्मा रेडियो हाल ही में बंद हो गया। यह 2011 में शुरू हुआ था और राजनीति, संस्कृति, अर्थ तथा खेल की खबरें कवर करता था। मिल्मा रेडियो के प्रधान संपादक याकूब खान मंजूर ने कहा कि सही माहौल न होने तथा आर्थिक समस्याओं के चलते हमने अपना काम बंद कर दिया है। मंजूर के मुताबिक मिल्मा रेडियो में 35 कर्मचारी काम करते थे और इसकी पहुंच 13 प्रांतों तक थी।

# कोरोना प्रबंधन के योगी मॉडल की आस्ट्रेलियाई मंत्री ने की सराहना

## कोविड प्रबंधन पर आस्ट्रेलिया उत्तर प्रदेश सरकार के साथ काम करने के लिए उत्सुक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कोरोना** संक्रमण की दूसरी लहर के बेहतर प्रबंधन पर सीएम योगी का डंका अभी भी देश दुनिया में बज रहा है। पहले पीएम मोदी और फिर आस्ट्रेलियाई सांसद के बाद वहां की सरकार में मंत्री भी सीएम योगी के कायल हो गए हैं। उन्होंने कोरोना प्रबंधन पर योगी सरकार की तारीफ की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर में मिशन मोड में आने का व्यापक प्रभाव पड़ा। प्रदेश से इस महामारी का संक्रमण बेहद कम होने पर मुख्यमंत्री की भारत के साथ ही विदेश में भी जमकर सराहना हो रही है। आस्ट्रेलिया सरकार में मंत्री जेसन वुड ने कोविड प्रबंधन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारिफ की है। मंत्री जेसन वुड कोविड प्रबंधन पर उत्तर प्रदेश सरकार के साथ काम करने को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर ट्वीट कर लिखा कि हम उत्तर प्रदेश के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। संस्कृति और विकास के संवर्धन के लिए हम लोग उत्तर प्रदेश सरकार के साथ काम करेंगे। कोविड 19 प्रबंधन के लिए योगी के यूपी मॉडल से प्रेरित होकर उन्होंने आगे लिखा कि सीएम योगी को धन्यवाद। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मुझे अपना संदेश दिया। इस कठिन समय में उत्तर प्रदेश सरकार के कोविड नियंत्रण प्रयासों की तो सभी लोग सराहना की है। विदित हो कि योगी माडल की पीएम मोदी डब्लूएचओ तथा आस्ट्रेलियाई सांसद भी सराहना कर चुके हैं।

## सीएम के थ्री टी अभियान से सूबे में कोराना नियंत्रित

### ● टीकाकरण के बाद भी कोविड प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें: सहगल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल ने बताया कि मुख्यमंत्री के 3टी– ट्रेस, टेस्ट और ट्रीट अभियान के अभिनव प्रयास से प्रदेश में कोरोना संक्रमण नियंत्रित है। अन्य प्रदेशों में कोविड के केस बढ़ रहे है। उन्होंने बताया कि 3टी के कारण ही 30 अप्रैल 2021 के एक्टिव मामले 3,10,783 से घटकर मात्र 181 हो गये है तथा 30 अप्रैल के प्रतिदिन कोविड केस 38 हजार से घटकर 33 हो गये है। सर्विलांस के माध्यम से सरकारी मशीनरी द्वारा उत्तर प्रदेश की 24 करोड़ की जनसंख्या में से अब तक लगभग 17.24 करोड़ से अधिक लोगों से उनका हालचाल जाना गया है। लक्षणयुक्त व्यक्तियों का टेस्ट कराकर संक्रमण होने पर लगभग 16 लाख से अधिक निशुल्क मेडिकल किट भी बांटी गयी है। श्री सहगल ने बताया कि प्रदेश में सक्रिय मामले कम होने पर भी कोविड.19 के टेस्ट करने की संख्या घटाई नहीं जा रही हैं। कल एक दिन में 1,91,446 कोविड टेस्ट किये गये है, अब तक 7,53,18,532 कोविड टेस्ट किये गये है जो कि देश में सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सर्विलांसए टेस्टिंग एवं टीकाकरण का कार्य वृहद स्तर पर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 17,19,279 कोविड 19 की डोज दी गयी है। पहली डोज 7,36,69,266 तथा दूसरी डोज 1,49,69,809 तथा कुल 8,86,39,075 डोजें लगायी गयी हैं, जोकि देश में सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही कोविड 19 डोज का आकड़ा 9 करोड़ से अधिक पार कर लिया जायेगा। उत्तर प्रदेश देश में 9 करोड़ से अधिक कोविड 19 की डोज देने वाला पहला प्रदेश होगा।

श्री सहगल ने बताया कि कोविड.19 से बचाव हेतु प्रदेश में 6500 से अधिक पीकू–नीकू बेड तैयार कर लिये गये है तथा 17 हजार से अधिक डॉक्टरों–नर्सों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि प्रदेश मे 555 ऑक्सीजन प्लांट स्वीकृत किये गये है जिसमें से लगभग 400 से अधिक ऑक्सीजन प्लांट संचालित हो गये है। उन्होंने बताया कि कोविड संक्रमण अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए सभी लोग कोविड अनुरूप आचरण करे। टीकाकरण के बाद भी कोविड प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें।

# पिछले साढ़े चार साल में कृषि उत्पादन बढ़ाः शाही

### ● कृषि यंत्रों पर सरकार दे रही 50 से 80 प्रतिशत अनुदान : कृषि मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में किसान कल्याण मिशन के अंतर्गत 14 एवं 15 सितम्बर 2021 को आयोजित होने वाले दो दिवसीय किसान पाठशाला का उद्घाटन मंगलवार को योजना भवन में एनआईसी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कृषकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर कृषकों के साथ संवाद बनाये हुए है, जिसके क्रम में ये किसान पाठशाला आयोजित की जा रही है। कोविड काल में जहां अन्य गतिविधियों प्रभावित हुई वहीं कृषि के विकास का पहिया नहीं रुका। केंद्र व राज्य की सरकार कृषकों के बदहाली को दूर करने के लिए कटिबद्ध है। प्रदेश सरकार किसानों की कठिनाईयों के समाधान एवं उनकी उपज का उचित मूल्य प्रदान करने की दिशा में निरन्तर कार्य कर रही है जिसका परिणाम है कि पिछले साढ़े चार सालों में प्रदेश में कृषि उत्पादन बढ़ा है। प्रदेश के अधिकांश कृषक लघु एवं सीमांत श्रेणी के हैं। प्रदेश के लगभग 93 प्रतिशत कृषक छोटी जोत के हैं।

कृषि मंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान योजना के माध्यम से प्रदेश के 2.50 करोड़ से अधिक कृषकों को लाभान्वित करते हुए 32,572 करोड़ रूपये उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी गई है। सरकार द्वारा कृषि उत्पादों का विगत साढ़े चार सालों में रिकार्ड ख़रीद किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा कृषि क्षेत्रों में तकनीकी की दिशा में दिये जा रहे बढ़ावा का परिणाम रहा है कि कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता दोनों में ही बढ़ोत्तरी हुई है। प्रदेश सरकार द्वारा कृषि यंत्रों पर 50 से 80 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषकों की आय में बढ़ोत्तरी एवं उत्पादन को बढ़ाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को बीज उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे कृषकों की आय में वृद्धि के साथ साथ लागत में घटोत्तरी हो रही है। कृषकों को कृषि मशीनरी उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना की गयी है, जिसके माध्यम से कृषकों को बड़े अनुदान के साथ कृषि यंत्र उपलब्ध कराये जा रहे हैं। कृषि राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु आवश्यक है कि किसान भाइयों को अपने खेतों में कम से कम पांच पांच पौधों का रोपण भी करना चाहिए। अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी ने भी किसानो को सम्बोधित किया।

## समाज कल्याण मंत्री ने किया लाइव सेंटर का शुभारंभ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के छात्रों तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्व परीक्षा केन्द्रों के छात्रों को ऑनलाइन प्रशिक्षित किये जाने के लिए भागीदारी भवन लखनऊ में प्रसारण कक्ष स्थापित किया गया। प्रसारण कक्ष का शुभारम्भ समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने किया। प्रसारण कक्ष के प्रारम्भ होने के फलस्वरूप मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के छात्रों एवं समाज कल्याण विभाग के पूर्व परीक्षा केन्द्रों के छात्रों को विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। इस मौके पर प्रमुख सचिव समाज कल्याण के रवीन्द्र नायक, निदेशक समाज कल्याण एवं समाज कल्याण विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिलिंग से जुड़ी शिकायतें तत्काल दूर करें: श्रीकांत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ऊर्जा मंत्री** श्रीकांत शर्मा ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए मंगलवार को मध्यांचल डिस्कॉम के लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और लखीमपुर खीरी जिलों की जनप्रतिनिधियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। इस अवसर पर ऊर्जामंत्री ने कहा कि प्रदेश में भरपूर बिजली है और आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। सूर्यास्त से सूर्योदय तक गांवों में अंधेरा न हो, यह एमडी सुनिश्चित करें।

ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिये कि जर्जर तार बदलने, एबी केबलिंग, ट्रांसफार्मर बदलने, ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि, नये उपकेन्द्र प्रस्तावों के स्टेटस, तैयार उपकेंद्रों के ऊर्जीकरण से जुड़े हो चुके हैं। इसके अलावा चल रहे विकास कार्यों की जानकारी 48 घंटे के अंदर सभी जनप्रतिनिधियों को दें ताकि वो आम नागरिकों को जानकारी दे सकें। उन्होंने खराब ट्रांसफार्मर बदले जाने में देरी की शिकायत पर स्टोर में सामान की उपलब्धता और गुणवत्ता जांचने के लिए ऑडिट के भी निर्देश दिये। उपभोक्ता को सही बिल–समय पर देने के साथ ही बिलिंग से संबंधित शिकायत तत्काल दूर हों, एमडी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता सेवाओं में ढिलाई स्वीकार्य नहीं है। ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिए कि शटडाउन हमेशा प्रभावित क्षेत्र के ट्रांसफार्मर से लें, पूरा फीडर बंद न करें। प्रस्तावित उपकेंद्रों पर कार्य तेजी से बढ़े। ट्रांसफार्मर की फेंसिंग और पोल लगाने के शेष कार्य पूरा करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के सुझावों पर तत्काल काम करवाने के निर्देश दिए। कहा कि टोल फ्री नंबर 1912 की शिकायतों और टेलीफोन पर आने वाली शिकायतों को भी तेजी से निस्तारित करें।

# ईमानदारीपूर्वक आयकर जमा करने वालों को सम्मानित करेगा विभाग

### ● अमृत महोत्सव के तहत आयकर विभाग ने किए विविध कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रधान** मुख्य आयकर आयुक्त पूर्वी उप्र आशीष वर्मा ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रमों के बारे में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कार्यक्रमों की श्रृंखला मे विभाग द्वारा वॉकाथॉन, साइक्लोथॉन, वृक्षारोपण तथा स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया गया। विभाग द्वारा कला, साहित्य तथा सार्वजनिक क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा विगत वर्षों मे ईमानदारीपूर्वक सर्वाधिक आयकर का भुगतान करने वाले करदाताओं को आयकर विभाग द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। भविष्य में भी ईमानदारीपूर्वक कर जमा करने वाले करदाताओं को सम्मानित करने की योजना है।

उन्होंने सभी करदाताओं से अनुरोध किया कि वह वित्तीय वर्ष 2021–22 की कर देनदारी का आकलन कर अग्रिम–कर की दूसरी किस्त को 15 सितंबर तक अवश्य जमा कर दें अन्यथा विलम्ब से अग्रिम कर जमा करने पर ब्याज भी देय होगा। अग्रिम कर के प्रथम किस्त 15 प्रतिशत के भुगतान की अंतिम तिथि 15 जून 2021 तक थी तथा दूसरी किस्त 30 प्रतिशत अर्थात कुल करदेयता का 45 प्रतिशत के भुगतान की अंतिम तिथि 15 सितम्बर है।

## बजट का शत-प्रतिशत उपयोग कर योजना से पात्र लोगों को जोड़ें: स्वाती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की महिला कल्याण तथा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्वाती सिंह ने कहा कि महिलाओं के कल्याण के लिए महिला कल्याण तथा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु जारी किए गये बजट का शत प्रतिशत उपयोग करते हुए योजनाओं से पात्र लोगो को जोड़ा जाए। योजना भवन में महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग के बजट एवं योजनाओं के क्रियान्वयन के सम्बंध में समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण तेजी से किया जाय। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन कार्यदायी संस्थाओं को आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण का कार्यादेश जारी हो गया, वो प्रत्येक दशा में तीन महीने में निर्माण करना सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग में चल रहे लम्बित जांच प्रकरणों को एक निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग में लंबित जांच प्रकरणों को उनके समक्ष प्रस्तुत किया जाय।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैने अपना नाम निहाल से बदलकर निहाल आलम कर लिया है। निहाल आलम पुत्र आफताब आलम निवासी 223/203 – 4 ए दरगाह शरीफ मकदूम नगर जाजमऊ कानपुर

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अबरार व पुत्र वधू श्रीमती बबली को गलत चाल–चलन के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के जिम्मेदार वह स्वयं होंगे। श्रीमती जरीना पत्नी इसरार निवासिनी–म0नं0–433/175, रामनगर यासीनगंज, थाना सआदतगंज, लखनऊ

प्रवेश सूचना

PM DAKSH Apollo
निःशुल्क शिक्षा
राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम द्वारा प्रायोजित एवं अपोलो मेडरिकल्स लि. सरोजिनी नगर, लखनऊ द्वारा संचालित, पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति के बेरोजगार छात्र-छात्राओं को निःशुल्क "जेरिएट्रिक ऐड" में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित करते है।
9554153301/9936500444

सार्वजनिक सूचना

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रतन कुमार उर्फ रतन लाल पुत्र स्वर्गीय मेवा लाल, निवासी: 11/663, गायत्री मार्केट के पास, इंदिरा नगर, लखनऊ। वर्तमान स्वामी के पास पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 30.08.2003 के माध्यम से संबंधित संपत्ति का स्वामित्व है। बुक सं0-।, खंड 4315, पृष्ठ 169/180, क्रमांक 10206, उप पंजीयक ।।।, की मूलप्रति का आखरी पृष्ठ जिसमें दफा 60 वर्णित है कहीं गिर गयी है। यदि कोई उपरोक्त पृष्ठ का दुरूपयोग करता है तो यह अमान्य है।
रतन कुमार उर्फ रतन लाल
पुत्र स्वर्गीय मेवा लाल, निवासी: 11/663, गायत्री मार्केट के पास, इंदिरा नगर, लखनऊ

सूचना

एक विक्रय विलेख दिनांकित 28/12/2011 जो खेमचन्द मोटवानी पुत्र श्री बांसदेव मोटवानी निवासी सी. 19/15-ए-2-1, हबीबपुरा, बादशाह बाग, वार्ड-चेतगंज, वाराणसी द्वारा विनोद शर्मा पुत्र स्व. त्रिलोकी नाथ शर्मा निवासी बी. 37/33 ए-के-पी, विरदोपुर, महमूरगंज, वाराणसी के पक्ष में निष्पादित है जो आराजी नं. 56, रकबा 1260 वर्ग फीट, मौजा-लखनपुर, परगना-देहात अमानत, तहसील व जिला-वाराणसी के विक्रय से सम्बन्धित है। इस विक्रय विलेख का पंजीयन उपनिबन्धक कार्यालय वाराणसी में पु.सं. 1, खण्ड सं. 4657, के पृष्ठ सं. 329/346 के द.न. 9613 के रुप में पंजीकृत है जो खो गया है। इस विक्रय विलेख के संदर्भ में किसी व्यक्ति /संस्था को कोई सूचना अथवा आपत्ति हो तो 15 दिन के अन्दर हरिश्चन्द्र राय, एड., कमरा नं. 110, बनारस बार बिल्डिंग, दीवानी कचहरी, वाराणसी को सूचित करें। 9451525826

# भाजपा सरकार का सफाया होना तय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि सरकार मनमानी कर रही है, कानून नहीं मान रही है और मर्यादा का पालन भी नहीं कर रही है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का सफाया होना तय है इसीलिए मुख्यमंत्री जी की भाषा अमर्यादित हो गई है। राज्य में खुशहाली के लिए जनता बदलाव चाहती है। समाजवादी सरकार जैसा विकास और काम चाहती है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार अभी तक समाजवादी पार्टी के कार्यों का नाम बदलकर अपना बता रही थी अब वह दूसरे प्रदेशों और देशों के कार्यों को भी चोरी कर उसकी तस्वीरें छाप कर अपना बता रही है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री ने अभी तक कोई ऐसा काम नहीं किया है, जिसका शिलान्यास और उद्घाटन दोनों उन्होंने किया हो। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने किसानों को धोखा दिया है। भाजपा में कोई किसान नहीं है। वह बड़े व्यापारियों और उद्योगपतियों की पार्टी है। सरकार ने छोटे व्यापारियों को बर्बाद कर दिया। जीएसटी और नोटबंदी करके देश की अर्थव्यवस्था को डुबो दिया। कोविड दौर में लोग इलाज और आक्सीजन के अभाव में तड़पकर मर गए। इनके आंकड़े छुपाने का काम किया गया है। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। नेशनल क्राइम ब्यूरों के आंकड़ों में उत्तर प्रदेश अपराध में सबसे ऊपर है।

## कई मायनों में महत्वपूर्ण होगी जीएसटी काउंसिल की बैठक

**लखनऊ।** यूपी में पहली बार रहो रही जीएसटी कांउसिल की बैठक कई मायनों में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। चुनावी साल होने के कारण भी यह बैठक महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार इस बैठक के जरिए जीएसटी में कई राहत की घोषणा भी कर सकती है। दो दिन की इस बैठक में सभी राज्यों के वित्त मंत्री हिस्सा लेंगे और अपने–अपने राज्य की जीएसटी से आए राजस्व पर चर्चा करेंगे। जानकारी के अनुसार इस बैठक में हर राज्य का अपना अलग–अलग एजेंडा होगा। जीएसटी को लेकर सभी राज्य अपनी मांग रखेंगे। मसलन सिक्किम की तरफ से फार्मा सेक्टर पर अतिरिक्त एक प्रतिशत सेस लगाने की मांग पर निर्णय केंद्र सरकार को लेना है। इससे राज्य को 2023 तक 300 करोड़ रूपए की अतिरिक्त मदद मिल जाएगी। इसके अलावा कोविड की तीसरी लहर को देखते हुए महामारी के इलाज से जुड़ी दवाओं और मेडिकल उपकरणों पर भी मिलने वाली छूट को 30 सितंबर से आगे बढ़ाने की मांग पर निर्णय किया जाएगा। इसके अलावा पांच सालों तक जीएसटी लागू होने के बाद राज्यों को हो रहे घाटे की भरपाई की मांग चल रही है। केंद्र सरकार इस पर राजी है लेकिन इसकी सालाना बढ़त को कम रखना चाहती है। राज्यों कंपन्सेशन अवधि को पांच साल तक बढ़ाने को लेकर केंद्र की तरफ से निर्णय तभी लिया जा सकेगा जब राज्य इस मद में सालाना बढ़त को घटाने पर तैयार हो जाएं। मौजूदा समय में राज्यों को मिलने वाले कंपन्सेशन में प्रतिवर्ष 14 प्रतिशत का इजाफा किया जाता है। अगले वित्तीय वर्षो में यह प्रतिशत केंद्र सरकार 7 से 10 फीसदी के बीच रखना चाहती है। कोविड में जिन राज्यों में औद्योगिक इकाईयां मंद पड़ गई थी वह राज्य इस छूट को और बढ़ाने की मांग कर रहे हैं ताकि उनके खर्चे के लिए धन का इंतजाम हो जाए। चुनावी साल होने से केंद्र सरकार लखनऊ से बड़ा संदेश देना चाहेगी।

## शिवपाल सर्वसम्मति से पुनः निर्वाचित हुए प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) के राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों द्वारा मंगलवार को शिवपाल सिंह यादव को सर्वसम्मति से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष पुनः निर्वाचित किया गया। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक मॉल एवेन्यू स्थित प्रदेश कार्यालय पर हुई। इस दौरान समिति सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से शिवपाल यादव को प्रसपा का पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना है। प्रसपा के प्रवक्ता दीपक मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजधानी में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति में शिवपाल यादव फिर से अध्यक्ष बनाए गए और अब उनके द्वारा आगे कार्यसमिति के सदस्यों की घोषणा होगी। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय कार्यसमिति में उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों से भी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान सभी प्रदेशों के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा अपनी अपनी बातों को रखते हुए कार्यसमिति संपन्न कराई है।

## प्रगतिशील समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित

**लखनऊ।** प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने मंगलवार को ही पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति घोषित कर दी। शिवपाल सिंह यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष, सैय्यदा शादाब फातिमा एवं चौधरी रिछपाल सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किए गए। इसके साथ ही वीरपाल सिंह को राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव बनाया गया। इसके अलावा आदित्य यादव, राम नरेश यादव , शारदा प्रताप शुक्ला , राम सिंह यादव, चौधरी जगवीर सिंह गुर्जर व चक्रपाणि यादव राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किए गए। हर्षवर्धन अग्रवाल को पार्टी का राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनाया गया।

सार्वजनिक सूचना

अधोहस्ताक्षरी अपने मुवक्किल एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड, लखनऊ के निर्देशानुसार एल.आई.सी. एच.एफ.एल. एरिया आफिस आलमबाग लखनऊ की ओर से सर्कुलर नं0 422/एनेक्जर–ई एल.आई.सी.एच.एफ.एल. के अन्तर्गत सूचित करता है कि सलीम बेग पुत्र श्री रज्जन बेग के पक्ष में दि ग्रेटर अवध सहकारी आवास समिति लि0 लखनऊ द्वारा निष्पादित विक्रय विलेख दिनांक–29.07.1989 जो कार्यालय उपनिबन्धक लखनऊ मे बही सं0–1, जिल्द सं0–3527, पृष्ठ सं0–304/306, क्रमांक–17717 पर पंजीकृत है जो भवन सं0–544/534 निर्मित भूखण्ड सं0–78–ए खसरा सं0–561 रकबा 65.055 वर्गमीटर स्थित–बरौरा हुसैनबाड़ी, लखनऊ के सम्बन्ध मे है वर्तमान स्वामिनी नीलम निगम से बैनामा खो गया है उनके अधिपत्य में नहीं है। चूंकि संतोष कुमार गौतम व बॉबी संतोष द्वारा एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लि0 में गृह ऋण के लिये आवेदन किया है तथा उक्त ऋण हेतु उक्त भूखण्ड/भवन के सम्बन्ध मे उक्त मूल विक्रय विलेख दिनांक–29.07.1989 को बन्धक किया जाना है।
अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त मूल विक्रय विलेख दिनांक–29.07.1989 उससे सम्बन्धित सम्पत्ति हेतु कोई दावा करना हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों की अवधि के अन्दर अपना दावा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा उक्त अवधि पूर्ण हो जाने पर यह मान लिया जायेगा कि उपरोक्त सम्पत्ति समस्त भारों विवादों व दायित्वों से मुक्त है तथा बन्धकर्ता तथा सम्पत्ति बन्धकदार के विरूद्ध कोई भी दावा व आपत्ति शून्य व अप्रभावी होगी।
महेन्द्र मोहन मिश्रा(एडवोकेट)
चेम्बर: शॉप नं. 4 व 5, भूतल, कृष्णा टॉवर
निकट सीएमओ ऑफिस, कैसरबाग, लखनऊ, मो. 9415426914.

# देशी नस्ल की शाहीवाल का फिर बढ़ रहा क्रेज

## अच्छी क्वालिटी का दूध मिलने की वजह से उत्पादन में भी लगातार हो रही बढ़ोत्तरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**देशी** नस्ल की शाहीवाल गाय फिर यूपी में पशुपालकों की पहली पसंद बनती जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देशी गायों के प्रति रुचि और उनके संरक्षण की पहल से लोगों में गायों के प्रति लगाव बढ़ा है। गौ पालक विदेशी नस्लों को छोड़कर गाय की इस देशी नस्ल पसंद कर रहे हैं। पौष्टिक दूध मिलने के कारण दूध के उत्पादन में भी लगातार वृद्धि हो रही है। शाहीवाल नस्ल 2 से 3 हजार लीटर तक सालाना दूध देती है। जिसकी वजह से दुग्ध व्यवसायी इन्हें काफी पसंद करते हैं। इतना ही नहीं यह गाय एक बार मां बनने पर करीब 10 महीने तक दूध देती है।

दुग्ध संघ लखनऊ इसमें बड़ी भूमिका निभा रहा है। उसने किसानों को दुग्ध समितियों से जोड़कर दूध विक्रय बाजार उपलब्ध कराए हैं। करीब 3000 से अधिक देशी गायों से प्रतिदिन 4500 औसत दूध का उत्पादन किया जा रहा है। इनमें शाहीवाल नस्ल की गायों की संख्या 70 प्रतिशत से अधिक है। इतना ही नहीं सरकार की ओर से किसानों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी दिये जा रहे हैं। अकेले लखनऊ मण्डल में 02 साल में 31 किसानों को नन्दबाबा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। दुग्ध संघ लखनऊ ने मण्डल स्तर पर हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर, उन्नाव, रायबरेली और लखनऊ में देशी गाय का पालन पोषण करने वाले किसानों में इजाफा हुआ है। दो सालों में देशी गाय के सर्वाधिक दूध देने वाले उत्पादक सदस्यों को नन्दबाबा पुरस्कार योजना का लाभ दिलाया है। वर्ष 2018–19 में 6 जनपद में 6 किसानों को जनपद स्तरीय पुरस्कार और 7 किसानों को विकास खंड स्तरीय पुरस्कार दिये हैं। जबकि वर्ष 2019–20 के 6 जनपदों में 6 किसानों को और विकास खंड स्तर पर 12 लाभाथियों को पुरस्कृत करने का कार्य चल रहा है। नन्दबाबा पुरस्कार योजना से देशी गाय के सर्वाधिक दूध देने वाले उत्पादक सदस्य को जिला स्तर पर 21000 रुपये, विकास खंड स्तर पर प्रथम आने पर 5100 रुपये व पीतल धातु की नन्द बाबा एवं गाय की प्रतिमा प्रदान करती है। सरकार की मंशा के अनुसार दुग्ध संघ लखनऊ स्तर पर समिति कल्याण कोष का गठन किया गया है जो दुग्ध उत्पादक सदस्यों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। वर्ष 2019 से आज तक इस कोष से 15 लाभार्थियों को लाभ दिया गया है। इस योजना से गाय पालकों की आकस्मिक दुर्घटना मृत्यु होने की दशा में 35000 रुपये वित्तीय सहायता दी जा रही है। स्थायी अपंगता की दशा में 17500 रुपये, आंशिक अपंगता की दशा में 15000 रुपये, सामान्य मृत्यु पर 7500 रुपये, हाथ पैर टूटने पर उपचार के लिए 7000 रुपये, कैंसर आदि गंभीर बीमारी पर 30000 रुपये, रीढ़ की हड्डी टूटने पर 15000 रुपये, दुर्घटना में उपचार के लिए 5000 रुपये और किसी प्रकार का आपरेशन कराये जाने पर 5000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जा रही है। इतना ही नहीं आकस्मिक दुर्घटना की दशा में यदि सदस्य कोमा की स्थिति में है तो 20000 रुपये और यदि मृत्यु हो जाती है तो अतिरिक्त 15000 रुपये दिये जा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

"विश्व आजोन दिवस के अवसर पर 16 सितम्बर, 2021 को क्षेत्रीय कार्यालय, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ द्वारा पर्यावरणीय जन–जागरूकता कार्यक्रम विषय "Keeping us, our food and vaccines cool" के अन्तर्गत क्षेत्रीय कार्यालय, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ द्वारा पूर्व की भाँति विश्व आजोन दिवस मनाया जाना है। कोविड–19 महामारी को ध्यान में रखते हुए "विश्व ओजोन दिवस" 16 सितम्बर, 2021 से संबंधित आयोजन कार्य ऑनलाईन कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया है, साथ ही सोशल डिस्टेन्सिंग का भी पूर्ण ध्यान रखना है।

अतः "विश्व आजोन दिवस" 16 सितम्बर, 2021 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक उक्त विषय से संबंधित चित्रकला प्रतियोगिता कार्यक्रम का ऑनलाइन आयोजन किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। चित्रकला प्रतियोगिता निम्नलिखित विषयों पर आयोजित की जा रही है, ऑनलाईन चित्रकला हेतु प्रतिभागियों द्वारा ड्राईगशीट पर इंगित विषय "Keeping us, our food and vaccines cool" पर चित्र बनाकर ड्राईगशीट के दाहिने कोने पर नाम, पिता का नाम, पता व कक्षा का विवरण अनिवार्य रूप से अंकित करते हुए ई–मेल/व्हाट्सअप द्वारा भेज सकते हैं। कार्यालय के ई–मेल rolucknow@uppcb.in एवं व्हाट्सअप नं0–7839891845, 7839891836 पर ही निर्धारित अवधि में चित्रकला की हुई ड्राईगशीट प्रेषित करें। दिनॉक 16–09–2021 के सायंकाल 04:00 बजे के पश्चात प्राप्त होने वाली चित्रकारी को प्रतियोगिता में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। चित्रकला प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को किसी भी कार्यालय दिवस में आमंत्रित कर पुरस्कृत किया जायेगा।

सन्दर्भ सं0 566/G.F.-205 दिनांक 14–09–2021
क्षेत्रीय अधिकारी

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
(भारत सरकार का उपक्रम)
आंचलिक कार्यालय सीतापुर :
निकट राजा कॉलेज मैदान,
सिविल लाइन्स सीतापुर
उ0प्र0 261001 दूरभाष : 272720–05862

शाखा परिसर के पट्टे के लिए निविदा आमंत्रित करने हेतु नोटिस

इंडियन बैंक देश का एक सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक अपनी महमूदाबाद शाखा खोलने हेतु न्यूनतम 15 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे पर भूतल में पार्किंग स्थल सहित 1600 वर्ग फीट (100 वर्ग फीट एटीएम के लिए) की निर्मित / निर्माणाधीन दो बोली प्रणाली पर आधारित (तकनीकी और वित्तीय ) के आधार पर निविदा आमंत्रित करता है।

निविदा प्रपत्र रूपए 250 के भुगतान पर जो कि अप्रतिदेय होगा निम्न पते पर दिनांक 16.09.2021 प्रातः 10:00 बजे से 30.09.2021 शाम 5:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। प्रस्तावित प्रपत्र पर पूर्णरूपेण भरे हुए निविदा प्रपत्र को उसी पते पर विलंबतम 30.09.2021 को शाम 5:30 बजे तक जमा किया जा सकता है।

निविदा को तकनीकी एवं वित्तीय बोली पद्धति के अनुसार अलग–अलग लिफाफे में सील बंद कर ऊपर तकनीकी एवं वित्तीय बोली अंकित कर एक लिफाफे में रखकर जमा किया जाना है।

तकनीकी बोली 01.10.2021 को प्रातः 11:00 बजे या उसके उपरान्त खोली जाएगी।

अपूर्ण/प्रस्तावित प्रपत्र पर ना भरे हुए/बयाना राशि ना लगे हुए/विलंब से जमा किए हुए निविदाओं को निरस्त किया जा सकता है।

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या सरकारी इकाइयों द्वारा भरी गई निविदाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

बैंक को किसी भी समय कोई भी कारण बताए बिना किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

एजेंटों/दलालों से निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी।

डीजीएम
इंडियन बैंक, अँचल कार्यालय, सिविल लाइन, सीतापुर

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी–33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# डेंगू से दारोगा की मौत, चार मरीजों में पुष्टि

## प्राथमिक जांच में भी 12 मरीजों में डेंगू होने की आशंका, जांच के लिए लैब भेजा गया एलाइजा टेस्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**राजधानी** में डेंगू का प्रसार बढ़ता ही जा रहा है। गोमतीनगर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे प्रयागराज के एक दारोगा की डेंगू के चलते सोमवार को मौत हो गई। जबकि चार अन्य मरीजों में मंगलवार को डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं प्राथमिक जांच में भी 12 मरीजों में डेंगू होने की आशंका है, फिलहाल इनका एलाइजा टेस्ट जांच के लैब भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर ही पुष्टि हो सकेगी।

प्रयागराज निवासी दरोगा शिखर उपाध्याय (45) को कई दिनों से बुखार था। चार दिन पहले उन्हें गोमतीनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों के मुताबिक मरीज में प्लेटलेट्स काउंट काफी कम था। वह डेंगू शॉक सिंड्रोम में जा चुके थे। इसलिए इलाज के बावजूद मरीज की हालत में कोई सुधार नहीं हो रहा था। सोमवार को मरीज की मौत हो गई। वहीं सिविल अस्पताल की ओपीडी में आए पांच लोगों में रैपिड जांच में डेंगू की पुष्टि हुई है। इनमें एक मरीज को डेंगू वार्ड में भर्ती किया गया है। लोकबंधु में दो लोगों में डेंगू का पता चला। बलरामपुर अस्पताल में पांच लोगों की कार्ड जांच में डेंगू की पुष्टि हुई है। दारोगा की मौत को लेकर वेक्टर बोर्न डिजीज के प्रभारी डा केपी त्रिपाठी का कहना है कि यह दूसरे जिले का केस है। बता दें कि प्रदेश में अब तक डेंगू के कुल 2,316 मरीज सामने आ चुके हैं। स्वास्थ्य महानिदेशालय में बनाए गए कंट्रोल रूम की मदद से जिलों की निगरानी की जा रही है। स्वास्थ्य महानिदेशक डा वेदब्रत सिंह के मुताबिक मरीजों को चिन्हित करने के काम के साथ साथ हर जिले में एक एक एलाइजा मशीन भेजी गई है। सभी जिलों में डेंगू की जांच के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। जिलों की मैपिंग कर हाट स्पाट पहले ही चिन्हित किए जा चुके हैं। वहीं आज लखनऊ में डेंगू रोग के प्रभावी नियन्त्रण हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा काल्विन कालेज, निशातगंज वार्ड, अयोध्या दास वाड प्रथम, राजीव गॉधी वार्ड प्रथम, मोती लाल नेहरू वार्ड के आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय जनता को घर के आस पास पानी जमा न होने देने, पानी से भरे हुए बर्तनों एवं टंकियों को ढक कर रखने, पूरे बांह के कपडे पहनने, बच्चों को घर से बाहर न निकलने एवं मच्छर रोधी क्रीम लगाने एवं मच्छरदानी में रहने हतु स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। आज कुल 1433 घरों तथा विभिन्न मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 16 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया।

**आज इन इलाकों में होगी फागिंग**

डा एसके रावत नगर स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम ने बताया कि बुधवार को नगर निगम की टीम द्वारा जोन 1 के विक्रमादित्य, राजा राममोहन राय, गनेशगंज, बशीरतगंज, महात्मा गॉधी, बाबू बनारसी दास, गोलागंज, मौलवीगंज, रानी लक्ष्मी बाई वार्ड, जोन 5 के केसरीखेडा, गुरू गोविन्द सिंह, सरोजनीनगर द्वितीय, गौरी गॉव, बदाली खेडा, आशुतोष नगर, गोपालपुरी, सिंगार नगर, पण्डित खेडा, सुन्दर नगर, मधुबन नगर, पटेल नगर, छोटा बरहा, जोन 7 के शंकरपुरवा तृतीय, लाल बहादुर शास्त्री प्रथम, लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय, बाबू जगजीवन राम, इस्मालगंज द्वितीय, इन्दिरानगर, जोन 8 रथिन्द्र नगर, केवी सिटी, न्यू डिफेन्स कालोनी, सरस्वतीपुरम, किला गॉव, सेक्टर डी 1, पकरी गॉव सेक्टर 1, बरिगवां, रश्मिखण्ड, रजनी खण्ड, कल्याण मण्डप औरंगाबाद, बेहसा, सेक्टर 7 रेलवे लाइन के आस पास के क्षेत्रों में फॉगिग का कार्य कराया जायेगा।

# घर-घर होगी लार्वा की चेकिंग मिलने पर लगेगा जुर्माना

● डीएम ने बैठक में दिए डेंगू के सभी रोगियों को उपलब्ध उच्चतम उपचार देने के निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डेंगू** पर रोक लगाने के लिए टीकाकरण में तेजी पर ज़िलाधिकारी द्वारा बैठक की गयी। डेंगू के सभी रोगियों को उपलब्ध उच्चतम उपचार देने का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए गए कि टीम बनाकर डेंगू के उपचार की जमीनी हकीकत जानी जाए। यही नहीं रोगियों के उपचार में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किए जाने की चेतावनी दी गयी। 24 इंसिडेंट कमांडर घर घर जाकर लार्वा चेक करेंगे। लार्वा मिलने पर जुर्माने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सौ प्रतिशत वैक्सिनेशन ब्लाक को सम्मानित किया जाएगा।

मंगलवार को ज़िलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने डेंगू पर रोक लगाने और टीकाकरण में तेजी लाने के लिए बैठक की। ज़िलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि टीम बनाकर लोगो को फील्ड में भेजा जाए और अस्पतालों और सीएचसी, पीएचसी में उपचार की स्थलीय निरीक्षण किया जाए। साथ ही निर्देश दिया कि शहर के सभी सीएचसी में ब्लड यूनिट ट्रांसमिशन शुरू कराया जाए। डेली डेंगू काउंट अपडेट किया जाए और डेंगू से संबंधित खबरों की प्रतिदिन ट्रेकिंग किया जाए ताकि कोई गलत ख़बर जनता तक न पहुँचे। प्रतिदिन ऑफिशियल बुलेटिन जारी की जाए ताकि जनता तक सही खबरे पहुंच सके। ज़िलाधिकारीने सभी सीएचसी के एमओआईसी को निर्देश दिए गए कि एमओआईसी प्रतिदिन 300 टीके लगाने के लक्ष्य को पूरा करेंगे। ज़िलाधिकारी ने कहा कि जो ब्लाक 100 प्रतिशत वैक्सिनेशन कराएंगे उनको ज़िला प्रशासन की तरफ से सम्मानित किया जाएगा।

# मोबाइल वैन देगी डोर-टू-डोर जाकर वैक्सीनेशन अभियान को बढ़ावा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** के खिलाफ लड़ाई में चलाए जा रहे मेगा ड्राइव वैक्सीनेशन अभियान के बाद अब मोबाइल बैन डोर टू डोर जाकर लोगों को जागरूक करने के साथ ही वैक्सीन की डोज लगाएगी। मंगलवार को डीएम अभिषेक प्रकाश ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम से कोरोना मोबाइल बैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अग्रवाल भी उपस्थित थे।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में प्रत्येक व्यक्ति का टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए अब दो दर्जन टीकाकरण वैन को चलाया जाएगा। टीकाकरण को और गति प्रदान करने के उद्देश्य से केयर इंडिया के सहयोग से 23 कोविड टीकाकरण वैन को रवाना किया गया है। मोबाइल वैन शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगो का टीकाकरण करना सुनिश्चित करेंगी। प्रत्येक सीएचसी पर कम से कम एक वैन भेजी जा रही है। जिन इलाकों में टीकाकरण की जरूरत होगी वहां पर इनको भेजा जाएगा। डीएम के मुताबिक फिलहाल 23 मोबाइल वैन शुरू की जा रही हैं।

# करोड़ों के कोयला गबन मामले में मुल्जिम को सशर्त अंतरिम जमानत

विधि संवाददाता। लखनऊ

**करोड़ों** के कोयला गबन के मामले में वांछित ड्रोलिआ कोक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक रतन सिंह को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सर्शत अंतरिम जमानत प्रदान की है। कहा है कि मुल्जिम बगैर इजाजत देश छोड़कर नहीं जाएगा। उसे अपना पासपोर्ट भी सरेंडर करना होगा। पीठ ने इसके साथ ही आदेश दिया है कि यदि मुल्जिम की इस मामले में गिरफ्तारी होती है, तो उसे अंतरिम जमानत पर रिहा कर दिया जाए। मामले की अगली सुनवाई 27 अक्टूबर को होगी। जस्टिस चंद्रधारी सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश रतन सिंह की अग्रिम जमानत याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता का कहना था कि इस मामले में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। उसने विवेचना के दौरान जांच एजेंसी का पूरा सहयोग किया है। सीबीआई की ओर से इस याचिका का जोरदार विरोध किया गया। कहा गया कि इस याचिका पर आपत्ति दाखिल करने के लिए समय प्रदान किया जाए। पीठ ने सीबीआई की इस मांग को मंजूर कर लिया। वर्ष 2011 में दर्ज हुए इस मामले में सीबीआई ने याचिकाकर्ता कम्पनियों के परिसरों पर छापा मारा था। जिसमें पाया गया कि सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से स्माल स्केल इंडस्ट्रीज को सप्लाई किए जाने वाले करोड़ों रुपए का कोयला ब्लैक मार्केट में भेजा जा रहा था। विवेचना में डिस्ट्रिक्ट इंडस्ट्रीज सेंटर, चंदौली के तत्कालीन महाप्रबंधक रामजी सिंह व सहायक प्रबंधक योगेंद्र नाथ पांडेय की मिलीभगत भी सामने आई।

**कमता, चिनहट व मटियारी फ्लाईओवरों पर जल्द शुरू होगा स्ट्रीट लाईट लगाने का काम**

**लखनऊ।** राजधानी के कमता, चिनहट व मटियारी इलाके के फ्लाईओवर व इससे जुड़ी सड़कों पर स्ट्रीट लाईट लगाने के लिए संस्तुति प्रदान कर दी गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण शीघ्र ही इसके लिए टेंडर भी निकालने जा रहा है। बीते सोमवार को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के समक्ष यह बात प्राधिकरण की ओर से कही गई। जस्टिस रितुराज अवस्थी एवं जस्टिस अब्दुल मोईन की पीठ ने प्राधिकरण के वकील एपी सिंह के इस बयान के बाद मामले की अगली सुनवाई तीन हफ्ते बाद सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। वर्ष 2017 में लोक न्यायार्थ संस्था ने एक जनहित याचिका दाखिल कर इन इलाकों के फ्लाईओवरों पर स्ट्रीट लाईट लगवाने की मांग की थी। पीठ ने इस याचिका की सुनवाई में तेजी लाते हुए पिछली सुनवाई पर जिलाधिकारी को नगर निगम, पीडब्ल्यूडी व प्राधिकरण के बीच सामंजस्य बिठाकर लाईट लगाने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश दिया था।

## अंक सुधार परीक्षा को लेकर सभी जिलों में बनेंगे कलेक्शन सेंटर

**लखनऊ।** आगामी 18 सितंबर से प्रस्तावित यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट अंक सुधार परीक्षा को लेकर यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद की तरफ से सभी जनपदों में एक एक कलेक्शन सेंटर स्थापित किये गए हैं। जिससे परीक्षा उपरांत सीसीटीवी की निगरानी में उत्तरपुस्तिकाएं जमा कराई जा सके। परिषद के सचिव दिब्यकांत शुक्ल की तरफ से सभी कलेक्शन सेंटर की डिप्टी कंट्रोलर को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि वर्ष 2021 के घोषित परिणाम से असंतुष्ट परीक्षार्थियों के लिए अंक सुधार परीक्षा हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की एक साथ होगी। 18 सितंबर से शुरू होकर हाईस्कूल की परीक्षा चार अक्टूबर एवं इंटर की छह अक्टूबर को खत्म होगी। सचिव ने कहा है कि तहसील परिक्षेत्र के परीक्षा केंद्रों से उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल जिला मुख्यालय पर बनाए गए कलेक्शन सेंटर पर जमा कराए जाएंगे। कलेक्शन सेंटर पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल अलग अलग रखे जाएंगे ताकि मूल्यांकन के समय परेशानी न आए।

# पालीटेक्निक की काउंसिलिंग शुरू पहले दिन 29664 का रजिस्ट्रेशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पालीटेक्निक** प्रवेश परीक्षा के नतीजे घोषित होने के बाद मंगलवार से ऑनलाइन काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हालांकि इस बार उपलब्ध सीटों की संख्या के मुकाबले योग्य अभ्यर्थियों की संख्या काफी कम है, इसलिए इस बार अभ्यर्थियों को मनमाफिक सेंटर पाने में आसानी होगी। पहले दिन ही 29664 अभ्यर्थियों ने काउंसलिंग के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। साथ ही 24482 अभ्यर्थियों ने फीस जमा कर दी है। वहीं 19493 ने अपनी च्वाइस भी भर दी है।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के प्रभारी सचिव राम रतन ने बताया कि पहले तीन चरण की काउंसलिंग में केवल उत्तर प्रदेश के अभ्यर्थी ही भाग ले सकेंगे। प्रदेश की करीब 1400 पॉलीटेक्निक संस्थाओं में दाखिले की प्रक्रिया पहले चरण की काउंसलिंग के साथ शुरू हो गई है। पहले चरण के लिए 16 सितम्बर तक अभ्यर्थी अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इसके बाद कांउसलिंग का दूसरा चरण 20 सितम्बर से शुरू होगा। वहीं तीसरे चरण की काउंसलिंग के लिए 23 सितम्बर से पंजीकरण होगा। परिषद के प्रभारी सचिव राम रतन ने बताया कि सभी 74 जिलों में अभ्यर्थियों की सहायता के लिए सहायता केन्द्र बनाए गए हैं। अभ्यर्थी अपने निकट जिले के सहायता केन्द्र पर अपना डाक्यूमेंट का वेरीफिकेशन करा सकते हैं। इस तरह अभ्यर्थी अपने जिले से ही प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। प्रभारी सचिव राम रतन ने बताया कि अन्य राज्यों के अभ्यर्थी दाखिले के लिए चौथे चरण की काउंसलिंग से शामिल हो सकते हैं। उन्हें चौथे चरण में अपना पंजीकरण कराना होगा। उन्होंने बताया कि अगर अभ्यर्थी पहले चरण में पंजीकरण नहीं कराता है तो वह दूसरे चरण में पंजीकरण कराकर काउंसलिंग में भाग ले सकता है।

# अमीरुद्दौला पब्लिक लाइब्रेरी के खाली पद जल्द भरे जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अमीरुद्दौला** पब्लिक लाइब्रेरी कैसरबाग की खाली पदों को भरने का मंडलायुक्त द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने राज्य कर्मचारियों की भांति बोनस, अवकाश नकदीकरण एवं चिकित्सा सुविधा की अनुमति दिलाने के लिए शासन को अनुस्मारक पत्र भेजने पर विस्तार से चर्चा की गयी। यही नहीं मंडलायुक्त ने सफाई कर्मियों के कम मानदेय को बढ़ाने का निर्देश दिया है।

मंगलवार को मण्डलायुक्त रंजन कुमार की अध्यक्षता में अमीरूद्दौला पब्लिक लाइब्रेरी कैसरबाग की शासकीय निकाय की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2021-22 के प्रस्तावित आय-व्यय और पुस्तकालय कर्मचारियों को राज्य कर्मचारियों की भांति बोनस, अवकाश नकदीकरण एवं चिकित्सा सुविधा की अनुमन्यता से प्रदान कराये जाने के लिए शासन को अनुस्मारक पत्र भेजने के लिए विस्तार से चर्चा की गयी। पुस्तकालयों में रिक्त पदो पर नियुक्ति के संबन्ध में विचार विमर्श किया गया। मण्डलायुक्त ने खाली पदों के सापेक्ष विज्ञापन निकालकर भर्ती प्रक्रिया स पूर्ण कराने का निर्देश दिया है। पुस्तकालय में 5000 प्रति माह मानदेय पर कार्यरत सफाई कर्मी का मानदेय बढ़ाये जाने पर विचार किया। इसके लिए संबन्धित अधिकारी ने बताया कि पुस्तकालय में सफाई कर्मी दिसंबर 2006 से कार्य कर रहा है। जिसे 25 जुलाई 2016 को संपन्न बोर्ड की बैठक के निर्णयानुसार 5000 प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है, जो वर्तमान मंहगायी को देखते हुए कम है। इस अवसर पर विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा उदय भानु त्रिपाठी, असीस्टेन्ट लाइब्रेरीयन डॉ. परवीस प्रकाश संबन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नकल पर रोक लगाने को लेकर आदेश जारी

**लखनऊ।** 18 सितंबर से प्रस्तावित उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की अंक सुधार परीक्षा 2021 को लेकर मंगलवार को मुख्य सचिव की तरफ से सभी जिलाधिकारियों व पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जारी निर्देश में परीक्षा के दौरान नकल पर प्रभावी तरीके रोक लगाने और प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के कड़े निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर कोविड प्रटोकाल का भी सख्ती से पालन करने के लिए कहा गया है। यूपी बोर्ड में प्रोन्नत किए गए हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के उन 79286 परीक्षार्थियों की अंक सुधार परीक्षा करा रहा है जो प्रोन्नति में मिले अंक से असंतुष्ट हैं। इस परीक्षा के लिए हाईस्कूल के 37931 और इंटरमीडिएट के 41355 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है। इसके लिए प्रदेश में कुल 590 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र जिला मुख्यालयों को भेज दिए गए हैं।

## युवती को पीटने वाला युवक गिरफ्तार

**लखनऊ।** बाराबिरवा में युवती के कैब ड्राइवर को पीटने की घटना के चंद दिन बाद चारबाग में चौकी से कुछ ही दूर एक युवक ने सरेराह युवती को पीट दिया। बीच सड़क युवती से मारपीट कर रहे युवक को रोकने के बजाए लोग वीडियो बनाते रहे। इसे बाद में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। इस घटना की खबर नाका पुलिस को फुटेज से मिली, जिसके बाद आरोपी युवक गिरफ्तार कर लिया गया। सोमवार रात सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें एक युवक युवती से मारपीट करता नजर आया। फुटेज में मेट्रो स्टेशन का गार्ड और कुछ राहगीर भी दिख रहे हैं जिनसे युवती हाथ जोड़कर मदद मांग रही है। मगर आरोपी से उसे बचाने के लिए कोई आगे नहीं आया। तमाशबीनों के बीच पीली शर्ट पहन कर खड़े एक युवक ने युवती को आरोपी से छुड़ाया। इसके बाद हमलावर युवक भाग निकला।

चारबाग, लोको पुलिस चौकी के बीच हुई वारदात की खबर पुलिस को नहीं लग सकी थी।

## 16 लोगों से हड़पे तीन करोड़

**लखनऊ।** अनी बुलियन में किए गए निवेश पर 40 प्रतिशत की दर से मुनाफा देने का झांसा देते हुए निदेशकों ने करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की है। ठग भाइयों के चंगुल में फंसकर अमेठी के 16 लोगों से तीन करोड़ रुपये हड़प लिए गए। पीड़ितों ने गोमतीनगर थाने में निदेशकों समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि मुनाफा नहीं मिलने, कम्पनी निदेशकों के पकड़े जाने के बाद भी कई एजेंट लोगों से सम्पर्क कर स्कीम में निवेश का प्रयास कर रहे हैं। जगदीशपुर निवासी ममता कौशल के मुताबिक अयोध्या कुमारगंज निवासी अजीत गुप्ता ने अनी बुलियन, अनी इंडस्ट्रीज के नाम कई फर्म बनाई थी। कम्पनी की तरफ से कई एजेंट नियुक्त करने के साथ कलेक्शन ऑफिस खोले गए थे। एजेंट के जरिए ही ममता को सोन चांदी के कारोबार में निवेश पर 40 प्रतिशत की दर से मुनाफे का दावा किया गया था।


## कार्यालय :- मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संतकबीरनगर

पत्रांकः कोविड–19/अस्थायी/2021–22/5845 दिनांक 10.9.2021

**विज्ञप्ति**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 के पत्र सं0 – 144/एस0पी0एम0यू0/एच0आर0/कोविड/2021–22/2913 दिनांक 25.08.2021 के कम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 के अन्तर्गत कोविड 19 के दृष्टिगत प्रस्तावित बी0एस0एल–02 लैब में मानव संसाधन की तैनाती के सम्बन्ध में तीन माह की अल्पकालिक अवधि हेतु तैनाती की जानी है । पदों का विवरण निम्नवत् है–

| S. No | Prog-ramme Name | Name of Post | Qualific-ation | Desirable Qualification | Exper-ience | Desirable Qualification | No of Post | Honorar-ium |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Covid-19 (BSL-02 Lab) | Nan Medical Scientist | M.Sc in (Medical Microbiol ogy /MD Microbiol ogy | Ph. D in Microbiology from recog-nized University. knowledge of computer Applications. Preference will be given those who have qualifica-tion of MD Microbiology | At least 02 Years Exp. In Pathology related works | 2 year experi-ence in Medical College/Instituti ons/Corporate Laboratory/Hos pitals. Preference will be given to those who have work experi-ence on PCR,rt-PCR,RT-PCR. | 02 | 55000/- +Agency Charge as applicable and GST@18.8 %120000+2 5% Additional Covid Allowance |

**सामान्य निर्देश –**

1. उपरोक्त पदों पर चयन जिला जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा गठित चयन समिति के माध्यम से साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा ।
1. शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमानुसार अनुमन्य होगा ।
2. नियुक्ति 03 माह तक के लिये की जायेगी ।
3. तैनाती की अवधि शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत आदेशों के अधीन की जायेगी ।
4. आवेदित अभ्यर्थी की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये ।
5. इस नियुक्ति के आधार पर राज्य सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति पाने का कोई दावा मान्य नहीं होगा ।
6. नियुक्त व्यक्तियों पर राज्य सरकार के कर्मचारियों पर प्रभावी गवर्नमेंट कण्डक्ट रूल लागू होंगे एवं राज्य स्तर से प्राप्त दिशा–निर्देशों का पालन करना होगा।
7. नियुक्ति से सम्बधित समस्त विधिक विवादों का निस्तारण स्थानीय जिला न्यायालय के जुरिडेक्शन के अधीन होगा।
8. उपरोक्त विज्ञप्ति में किसी भी प्रकार का संशोधन एवं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा । साक्षात्कार के समय समस्त मूल प्रमाण–पत्र लाना आवश्यक है ।
9. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम, योजना का नाम स्पष्ट उल्लेख किया जाय ।
10. आवेदन पत्र पूरी सावधानी पूर्वक भरी जाय, किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा ओवर राइटिंग होने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा ।

**नोट :– आवेदन–पत्र के साथ निम्न वांछित प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक है :–**

1. शैक्षिक अर्हता अंक पत्रों/प्रमाण–पत्रों की प्रमाणित छाया प्रति । 2. प्रशिक्षण सम्बन्धी प्रमाण–पत्रों की प्रमाणित प्रति। 3. जाति प्रमाण–पत्र/आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण–पत्रों की प्रमाणित छाया प्रति । 4. अनुभव सम्बन्धी प्रमाण–पत्रों की प्रमाणित छाया प्रति । 5. आवेदन–पत्र अपूर्ण पाये जाने की स्थिति में अभ्यर्थन निरस्त समझा जायेगा । 6. पंजीकृत डाक टिकट लगे हुए दो लिफाफे जिस पर पत्र व्यवहार का पता लिखा हुआ हो । 7. लिफाफे के ऊपर आवेदित–पद का उल्लेख स्पष्ट रूप से किया जाय ।
2. आवेदन कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतकबीरनगर के पते पर दिनांक 25.09.2021 के सायं 05:00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा स्वीकार किये जायेंगे ।

**आवेदन–पत्र का प्रारूप**

1. आवेदित पद का नाम –
2. मो0 नं0–
3. अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का नाम –
4. पिता/पति का नाम –
5. स्थायी पता –
6. पत्र व्यवहार का पता –
7. जन्म तिथि – शब्दों में –
8. राष्ट्रीयता –
9. आरक्षण श्रेणी –
10. शैक्षिक योग्यता –

| क्र0सं0 | विवरण | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | उत्तीर्ण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |

11. तकनीकी योग्यता –
12. प्रशिक्षण एवं अनुभव सम्बन्धी विवरण –
13. रजिस्ट्रेशन नं0 –

**घोषणा–पत्र**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा आवेदन–पत्र पर सभी वांछित सूचनाओं को यथा स्थान सही एवं स्पष्ट रूप से दिये गये सम्पूर्ण विवरण एवं सूचनायें सही हैं और इन विवरण/सूचनाओं में कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है । यदि कोई विवरण/सूचना असत्य अथवा गलत पायी जाय या कोई तथ्य मेरे द्वारा छिपाया जाना पाया जाता है तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाये । यदि नियुक्ति हो जाने के उपरान्त ऐसी स्थिति प्रकाश में आये तो मेरी सेवायें समाप्त कर दी जायं।

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**संतकबीरनगर**


# खराब सड़कें, प्लाट में भरे पानी की समस्या का करें निदान

● महापौर ने लोक मंगल दिवस में आयी शिकायतों का लिया संज्ञान, अधिकारियों को दिए निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लोकमंगल** दिवस में महापौर द्वारा फैजुल्लागंज के खाली प्लाटों में भरे पानी से रोग फैलने की शिकायत की। वहीं, अलीगंज में खराब सड़कों की समस्या बताई। महापौर ने जोनल अधिकारी को सफाई कराने का निर्देश दिया। साथ ही दिवस में कुल 51 शिकायतें पंजीकृत की गई। मंगलवार को महापौर ने लोक मंगल दिवस कपूरथला स्थित कल्याण मण्डप में किया। दिवस में फैजुल्लागंज निवासी शिवम दीक्षित ने महापौर को बताया कि जलनिकासी न होने से गंदा पानी खाली प्लाटों में पानी भर जाता है जिससे रोग फैलता है। जिसपर महापौर ने जोनल अधिकारी को सफाई कराने के लिए निर्देशित किया। केशव नगर पुलिस चौकी निवासी केके मिश्रा ने महापौर को बताया कि उनके घर आने जाने वाली सड़क पर कुछ लोगो ने ईंट पत्थर रख कर दीवाल खड़ी कर दी है, जिससे आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

संज्ञान लेते हुए महापौर ने नगर अभियंता को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। अलीगंज सेक्टर एल निवासी दिवाकर द्विवेदी ने महापौर को बताया कि उनके यहां की सड़क नहीं बनी है। इसके अलावा सफाई भी नहीं होती है। जिसपर सफाई के लिए महापौर ने तत्काल जोनल अधिकारी को तलब कर निर्देशित कर सफाई कराई और सड़क के लिए नगर अभियंता को निर्देशित किया। गोमती नगर के विभूतिखंड की रीना सहगल ने महापौर को बताया कि उनके घर के सामने स्थित का प्लेक्स में नाली पर अवैध रूप से दुकानदारों ने अतिक्रमण कर लिया है, जिससे नाली चोक हो रही है। महापौर ने जोनल अधिकारी को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। इस दौरान कुल 51 शिकायतें पंजीकृत की गई जिनमें अभियंत्रण की 17, कर विभाग की 5, स्वास्थ्य की 8, मार्गप्रकाश की 6, उद्यान की 2, जलकल की 9, तहसीलदार की 1, वेंडिंग जोन की 1 और अन्य की 2 शिकायतें पंजीकृत की गयी।

# सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, पांच युवतियों सहित छह गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गाजीपुर** थानाक्षेत्र में पुलिस ने सेक्स रैकेट गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से पांच युवतियों और एक युवक को पकड़ा। पकड़ी गई युवतियां नेपाल , लखनऊ व आसपास के जनपदों की रहने वाली हैं। सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। गाजीपुर मुंशी पुलिया स्थित प्राइम प्लाजा के दा ज्वा बॉडी मसाज सेंटर पर मंगलवार शाम करीब पांच बजे पुलिस की टीम ने छापेमारी की। यहां पर संदिग्ध हालात में युवक व पांच युवतियां मिली। सभी को पकड़कर पुलिस थाने ले आयी। वहीं बताया जा रहा है कि मौके से मसाज सेंटर संचालक समेत सेक्स रैकेट से जुड़े दो लोग भाग निकले।

गाजीपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि पकड़ी गई पांचों युवतियों की उम्र 19 से 26 वर्ष के बीच है। इनमें एक युवती नेपाल की रहने वाली है जो मौजूदा समय में किराये का मकान लेकर गुडम्बा में रहती है। इसके अलावा अन्य युवतियां अलीगंज, चिनहट व सीतापुर की रहने वाली है। वहीं मसाज पार्लर से पकड़े गये युवक की पहचान आरिफ निवासी सीतापुर हालपता गुडम्बा के रूप में हुई है। मौके से आपत्तिजनक वस्तुएं व अन्य सामाग्री बरामद हुई है। बॉडी मसाज सेंटर संचालक समेत गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक गिरोह का सरगना बहुत ही शातिर है। पकड़ी गई युवतियों ने पूछताछ में बताया कि वॉट्सऐप और सोशल मीडिया के जरिए पूरा धंधा चला रहा था। नेपाल व अन्य जिलों से युवतियों को लाकर मसाज सेंटर की आड में अनैतिक देह व्यापार कराया जाता था। वहीं सूत्रों की माने तो ऑन डिमांड युवतियों की सप्लाई भी की जाती है। विदेशी युवतियों से लेकर देश में किसी भी कोने से युवतियों को मंगा कर ग्राहकों की डिमांड पूरी की जाती थी।

# हर भाषा को जीविका से जोड़ना आवश्यकः प्रो. दीक्षित




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ख्वाजा मुईनुद्दीन** चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में मंगलवार को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र विश्वविद्यालय कुलपति प्रो अनिल कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो सूर्य प्रसाद दीक्षित पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि प्रो विजय कुमार कर्ण, विभागाध्यक्ष संस्कृत विभाग नालंदा एवं पंकज प्रसून, लेखक एवं विज्ञानिक सीडीआरआई रहे।

प्रो सूर्य प्रसाद दीक्षित ने हिंदी की सर्वसंमिता, सर्वभौमिकता एवं सार्थकता के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि कोई भी भाषा लिटरेचर बनकर नहीं रह सकती उसको जीविका से जोड़ना आवश्यक है। अंत में उन्होंने कहा कि भाषा विश्वविद्यालय भाषा के चरित्र को उजागर करेगा ऐसा उनका विश्वास है। इसी कड़ी में विशिष्ट अतिथि प्रो विजय कुमार कर्ण ने अपने उद्बोधन को संस्कृत और हिंदी से सजाकर श्रोताओं को अभिभूत किया। व्यंग लेखक के रूप में पहचाने जाने वाले पंकज प्रसून ने भारतीय संस्कृति में हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंग्रेजी कार दिलाती है और हिंदी संस्कार दिलाती है। अपने अध्यक्षीय भाषण में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो अनिल कुमार शुक्ला ने हिंदी की व्यापकता एवं सार्थकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय शिक्षक डॉ हारून रशीद और शान ए फातिमा ने अपनी कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ रुचिता चौधरी विषय प्रभारी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने किया एवं स्वागत भाषण प्रो चंदना डे अधिष्ठाता सामाजिक विज्ञान संकाय द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम की संयोजिका डॉ जहां आरा ज़ैदी, विषय प्रभारी हिंदी विभाग रही तथा सह संयोजक अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग के निदेशक प्रो संजीव कुमार त्रिवेदी रहे। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुमन कुमार मिश्र द्वारा दिया गया। हिंदी दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला में भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके संचालन में प्रो एहतेशाम अहमद, डॉ ममता शुक्ला, डॉ नीरज शुक्ल, डॉ नलिनी मिश्रा, डॉ ताबिन्दा सुल्ताना, डॉ काज़िम रिज़्वी एवं डॉ शचिंद्र शेखर ने विशेष सहयोग दिया।

## हिन्दी दिवस पर महिला कर्मचारियों ने ली शपथ



**लखनऊ।** हिन्दी दिवस पर जवाहर भवन में काम करने वाली महिला कर्मचारियों ने शपथ ली है कि मै हिन्दी मे ही काम करूंगी। जवाहर भवन इन्दिरा भवन कर्मचारी वैलफेयर एसोशियेशन की अध्यक्षा मीना सिह की अध्यक्षता में हिन्दी दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि अपनी मातृभाषा को ही अपनाया जाना है। मै जहाँ भी रहू। मेरी अपनी पहचान मेरे मातृभाषा में ही होनी चाहिए। इस शपथ को लेने वालों में नेहा कटियार, पूनम, सरिता, सुनीता, सीमा, पतिता, शिखा, सोनी, नीतू, चन्द कला आदि ने अपने-अपने विचार वयक्त किया ।

## बैंक ऑफ बड़ौदा में मनाया गया हिंदी दिवस



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हिंदी** दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को लखनऊ अंचल बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बड़ौदा हाउस में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता ब्रजेश कुमार सिंह अंचल प्रमुख व महाप्रबंधक द्वारा किया गया। इस अवसर पर लखनऊ अंचल के रंजीत कुमार झा नेटवर्क उप महाप्रबंधक 1, टीपी सिंह, उप महाप्रबंधक नेटवर्क 2, प्रतीक अग्निहोत्री, उप महाप्रबंधक नेटवर्क 3, लखनऊ मेट्रो की क्षेत्रीय प्रमुख रचना मिश्रा, लखनऊ जिला क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख शंकर महतो व सभी स्टाफ़सदस्य गण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह व बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजीव चड्ढा के हिंदी दिवस संदेशों का वाचन व प्रसारित किया गया। अपने अध्यक्षीय उदबोधन में ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि हिन्दी सिर्फ हमारी भाषा नहीं है बल्कि हमारे राष्ट्र एवं संस्कृति की पहचान है ।

## हिंदी में सभी भाषाओं को समाहित करने की शक्ति

### ● बीबीएयू में हिंदी पखवाड़े का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बाबासाहेब** भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी प्रकोष्ठ द्वारा हिंदी दिवस पर पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। आज विवि के अम्बेडकर भवन में इस पखवाड़े का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विवि के कुलसचिव प्रो एस विक्टर बाबू, हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो सर्वेश प्रताप सिंह, प्रो रिपु सूदन सिंह समेत अन्य शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

उद्घाटन समारोह में हिंदी अधिकारी एसके त्रिपाठी ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया। प्रो सर्वेश सिंह ने बताया कि विवि में विगत कुछ वर्षों से हिंदी में दफ्तर के सभी कार्य करने पर जोर दिया जा रहा है। विवि की वेबसाइट पर भी ज्यादातर सूचनाएं हिंदी में जारी होती हैं। हमारे विवि में यह एक सकारात्मक बदलाव आया है जो कि सरकार और विवि प्रशासन के प्रयासों से संभव हो सका है। कुलसचिव प्रो एस विक्टर बाबू ने बताया कि हिंदी न सिर्फपूरे भारत में बल्कि विदेशों में भी बोली और समझी जाने लगी है। उन्होंने अपने मूल निवास स्थान आंध्र प्रदेश में कक्षा 10 तक हिंदी विषय की शिक्षा और लोगों का इस भाषा से स्नेह के बारे में बताया। प्रो रिपु सूदन सिंह ने कहा कि ज़मीन से जुड़े हर व्यक्ति को हिंदी के प्रति स्नेह रहता है। हमे सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहिए। अवधी, बृज, गुजराती, संस्कृत, पाली, अंग्रेजी सभी भाषाओं में हिंदी के शब्द मिलते हैं। हिंदी में सभी भाषाओं को समाहित करने की शक्ति है और यह बहुत लचीली भाषा है। आज हिंदी की चर्चा क्षेत्र से निकलकर विश्व स्तर पर पहुँच गई है।

## लोहिया विधि विश्वविद्यालय में हिंदी पर परिचर्चा सम्पन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हिंदी** दिवस के मौके पर मंगलवार को डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ एवं अंतरराष्ट्रीय छात्र सहायता प्रकोष्ठ की तरफ से हिन्दी: राष्ट्र एवं संवाद विषयक कवि गोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में लोहिया विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुबीर भटनागर ने अपने वृतांत में सर्व प्रथम सभी प्रतिभागियों को हिन्दी दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रोफेसर भटनागर ने प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत की बातों को उजागर किया और कहा कि हिंदी हमारे लिए संवाद की भाषा है। राष्ट्र निर्माण में हिन्दी दिवस के महत्व को समझते हुए इसे बलवती करने के प्रयास करने का आवाहन किया। भाषा प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ अलका सिंह के कुशल नेतृत्व में इस कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ और डॉक्टर सिंह ने अपनी कविता नव पावस की महक लिए, खेतों की हरियाली हिंदी के माध्यम से संदेश देते हुए इसका शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे विद्यांत कालेज के प्रोफेसर बृजेश कुमार श्रीवास्तव।

## इंजी. धर्मेंद्र कुमार नीरज राजभाषा गौरव पुरस्कार से सम्मानित



**लखनऊ।** हिंदी दिवस के मौके पर मंगलवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान लखनऊ के केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा व केंद्रीय राज्यमंत्री निशीथ प्रामाणिक ने लखनऊ के इंजीनियर धर्मेंद्र कुमार नीरज को उनकी किताब कृषि एवं एमएसएमई, आत्मनिर्भर भारत को महत्वपूर्ण योगदान के लिए राजभाषा गौरव पुरस्कार 2020-21 देकर सम्मानित किया। सम्मान पाने के बाद धर्मेंद्र कुमार नीरज ने कहा कि वह खुश हैं कि हमारी पुस्तक कृषि एवं एमएसएमई, आत्मनिर्भर भारत को महत्वपूर्ण योगदान को भारत सरकार ने राजभाषा गौरव पुरस्कार 2020 (प्रथम पुरस्कार) के लिए चुना। बता दें कि जियामऊ में रहने वाले नीरज को इससे पहले साल 2015 में राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने बैंक की आधुनिक प्रवृत्तियों विषय पर किताब लिखने पर राजभाषा हिंदी का प्रथम पुरस्कार दिया था।

## क्विक न्यूज

### वन मंत्री ने ई-ग्रीन वॉच सेल का किया शुभारंभ

**लखनऊ।** मंत्री वन पर्यावरण एवं जन्तु उद्यान दारा सिंह चौहान ने मंगलवार को वन मुख्यालय में ई-ग्रीन वॉच सेल का शुभारम्भ किया। यह सेल कैम्पा योजना के अधीन कराये गये वानिकी सम्बन्धी कार्यो की प्रभावी आनलाइन अनुश्रवण एवं मूल्यांकन किये जाने के लिए विकसित की गई है। इस अवसर पर मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि यह पोर्टल से कैम्पा के कार्यो में और अधिक पारदर्शिता आएगी तथा कार्यो की गुणवत्ता में और अधिक वृद्धि होगी ।अपर मुख्य सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग श्री मनोज सिंह द्वारा इस बात पर बल दिया गया कि कैम्पा के अतिरिक्त अन्य योजनाओं से किये जाने वाले वृक्षारोपणों का अनुश्रवण एवं मूल्यांकन भी ई-ग्रीन वॉच पोर्टल की व्यवस्था के अनुरूप किया जाये।उद्घाटन कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैम्पा संजय श्रीवास्तव द्वारा कैम्पा एवं ई-ग्रीन वॉच पोर्टल के सम्बन्ध में प्रस्तुतिकरण दिया गया, जिसमें उनके द्वारा यूपी कैम्पा द्वारा कराये गये कार्यों तथा उसके फलस्वरूप पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों से अवगत कराया गया। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि यूपी कैम्पा के अन्तर्गत कराये गये वानिकी सम्बन्धी कार्यों के अब तक कुल 6176 पॉलीगन ई-ग्रीन वॉच पोर्टल पर अपलोड किये जा चुके है।

### न्याय दिलाने के नाम पर लगाई जा रहीं मनगढ़त रिपोर्ट

**मोहनलालगंज।** तहसील समाधान के जरिए फरियादियों को न्याय दिलाने के बजाए कुछ अधिकारी मनगढ़ंत रिपोर्ट लगाकर शिकायतें निपटा रहे हैं। लेकिन शिकायतों की गम्भीरतापूर्वक क्रास चेकिंग के अभाव में लापरवाहों की कारगुजारी खुलकर सामने नहीं आ रही है। हालांकि फरियादियों के फीडबैक बेपरवाहों की कलई खोल रहे हैं। मोहनलालगंज में अचलीखेड़ा गांव के कुछ किसानों ने 21 अगस्त को तहसील समाधान दिवस में खेतों तक आवागमन के लिए चकमार्ग खाली नहीं होने की शिकायत दर्ज कराई। किसानों के मुताबिक अब तक वह लोग स्कूल परिसर से होकर आवागमन करते थे लेकिन बाउण्ड्रीवाल बन जाने से अब चकमार्ग के बिना खेतों तक कृषि यंत्र ले जाना तो दूर पैदल आवागमन भी मुश्किल हो गया है। लेखपाल ने अपनी रिपोर्ट में चकमार्ग की पैमाइश और निशानदेही कराकर फरियादियों को संतुष्ट कर दिए जाने की रिपोर्ट दे दी। लेकिन किसानों की मानें तो लेखपाल फसल कटने के बाद चकमार्ग खाली कराने का भरोसा देकर चले गए। इससे भी अधिक हैरत की बात तो यह है कि लेखपाल की रिपोर्ट की क्रास चेकिंग किए बिना ही कानूनगो से लेकर तहसीलदार तक ने निस्तारण को स्वीकार भी कर लिया। इसी तरह भसण्डा प्रधान ललित शुक्ल ने भी 21 अगस्त के तहसील दिवस में लोक निर्माण विभाग की 40 मीटर रोड पर जलभराव से आवागमन की शिकायत दर्ज कराई। जिस पर निर्माण खण्ड-2 के अधिशाषी अभियन्ता ने बारिश में रोड पर जलभराव की बात तो स्वीकारी लेकिन नाली और पनकटे बनाकर समस्या दूर करा दिए जाने की रिपोर्ट देकर शिकायत निपटा दी। जबकि प्रधान के मुताबिक विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई बल्कि शिकायतकर्ता से सम्पर्क करना भी जरुरी नहीं समझा गया। एसडीएम शुभी सिंह ने बताया तहसील समाधान दिवस की शिकायतों की क्रास चेकिंग कराई जा रही है। इन मामलों की भी जांच कराई जाएगी। फरियादियों को न्याय दिलाने में किसी तरह की कोताही पर कार्रवाई की जाएगी।

### सीए परीक्षा में सीएमएस छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस के मेधावी छात्र अविरल कुमार अग्रवाल (बैच 2014) ने चार्टर्ड एकाउन्टेन्सी (सीए) की फाइनल परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित कर सीएमएस का गौरव बढ़ाया है। इसके अलावा, इसी कैम्पस के चार अन्य छात्रों रोहित सिंघानिया, प्रिया अग्रवाल, अविरल अग्रवाल (बैच 2020) एवं सूरज गोयल ने सीए फाउण्डेशन कोर्स में सफलता अर्जित की है। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि सीए की इस प्रतिष्ठित परीक्षा में लखनऊ से 27 छात्र सफलता अर्जित कर सीए बने हैं, जिनमें सीएमएस के मेधावी छात्र अविरल कुमार अग्रवाल (बैच 2014) भी शामिल है। अविरल ने वर्ष 2014 में सीएमएस महानगर कैम्पस से आईएससी (कक्षा-12) की परीक्षा 93 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण की थी। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने अवरिल की उल्लेखनीय सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके अत्यन्त उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अन्तरराष्ट्रीय इतिहास महोत्सव-द रेलिक का ऑनलाइन उद्घाटन आज

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (प्रथम कैम्पस) के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय इतिहास महोत्सव 'द रेलिक इण्टरनेशनल-2021' का उद्घाटन समारोह कल, 15 सितम्बर, बुधवार को ऑनलाइन आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश के श्रम एवं रोजगार मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। उद्घाटन समारोह में देश-विदेश के प्रतिभागी छात्रों व उनके शिक्षकों के सम्मान में शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण किया जायेगा।

### वार्षिक प्रशिक्षण कलेंडर के आधार पर होगी स्वास्थ्य विभाग में ट्रेनिंग

**लखनऊ।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण विभाग के अधीन कार्यरत सभी संवर्ग के कार्मिकों की ट्रेनिंग अब वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर के आधार पर होगी। इसको लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य था परिवार कल्याण विभाग के अधीन तैनात सभी स्वास्थ्य कार्मिकों के लिए ट्रेनिंग पॉलिसी तैयार कर क्रियान्वित किया जाएगा। मंगलवार को यह आदेश अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद की तरफसे जारी किया गया है। अमित मोहन प्रसाद के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि स्वास्थ्य विभाग के अधीन सभी प्रशिक्षण संस्थाओं को महानिदेशक प्रशिक्षण के दायरे में लाया जाएगा। महानिदेशालय के अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों का एक संस्थान से दूसरे संस्थान में स्थानांतरण प्रशासनिक आवश्यकताओं के आधार पर महानिदेशक प्रशिक्षण के द्वारा किया जाएगा। इसके लिए चिकित्सा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के महानिदेशकों से विचार.विमर्श कर तैनाती दी जाएगी।

### तीसरे दिन एसपी ग्रामीण ने गांव जाकर की जांच

**माल।** माल के फूलतारा गांव में रविवार रात हथियारों से लैस आधा दर्जन बदमाशों ने किसान के घर मे धावा बोल कर लूटपाट की थी। विरोध करने पर घर मे मौजूद तीन लोगों की पिटाई की थी। इस मामले में माल पुलिस ने चोरी का मामला बताकर घटना छिपाने की कोशिश की थी। जबकि बदमाशों की पिटाई से घायल तीनों पीड़ितों का ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। मंगलवार को मामला मीडिया में आने के बाद एसपी ग्रामीण ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल पर जाकर जांच पड़ताल की। बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम तैयार की गई है जो हरदोई, सीतापुर और बाराबंकी भेजी गई हैं। फूलतारा गांव निवासी विजय कुमार गौतम के घर रविवार रात आधा दर्जन बदमाशों ने घर की खिड़की के रास्ते प्रवेश कर जीने से छत के रास्ते घर में पहुंचकर मुख्य दरवाजा खोला ही था कि विजय कुमार की नींद खुल गयी और वह बांका लेकर डकैतों से भिड़ गया था। लेकिन डकैतों ने उससे बांका छीनकर उसे लहूलुहान कर दिया था। उसकी पत्नी रीना और बेटी सुरेखा ने भी विरोध किया था, डकैतों ने उन दोनों को भी मारपीट कर मरणासन्न कर डकैतों ने लॉकर तोड़कर लगभग साढ़े पांच लाख के सोने चांदी के जेवरात और 48 हजार की नकदी लूट ली थी। विजय का आठ वर्षीय छोटा बेटा विशाल मौका पाकर भागकर एक किलोमीटर दूरी पर स्थित गांव पहुंचकर डकैती की घटना की जानकारी दी, तो ग्रमीणों का शोर सुनकर डकैत भाग निकले थे।

### इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजे गए मुख्तार अंसारी

**लखनऊ।** बांदा जेल में बंद बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी को मंगलवार को बांदा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। करीब एक घंटे चले उपचार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें दोबारा बांदा जेल में दाखिल करा दिया। पुलिस अधीक्षक बांदा अभिनंदन ने बताया कि मुख्तार अंसारी के दांत में दर्द था। जेल अस्पताल में उनका इलाज किया गया। जेल डाक्टरों की राय पर उन्हे इलाज के लिए बांदा मेडिकल कॉलेज भेजा गया था। वहां करीब एक घंटे तक चले उपचार के दौरान उन्हें दांत के दर्द से राहत मिल गई। जिसके बाद उन्हें फिर से जेल में दाखिल कर दिया गया है। पुलिस अभिरक्षा में मुख्तार अंसारी को दोपहर 3.10 बजे बांदा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया और शाम 4.35 बजे इलाज के बाद उन्हें वापस बांदा जेल ले आया गया।

### अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो युवकों ने लगाई फांसी

**लखनऊ।** अलीगंज थाना क्षेत्र में ई रिक्शा चालक छत में लगे लोहे के एंगल में दुपट्टे का फंदा बनाकर लटक गया जबकि काकोरी थाना क्षेत्र में शालीमार गार्डन में काम करने वाले युवक ने नीम के पेड़ में गमछे के सहारे फांसी लगा ली। जानकारी के अनुसार शेखापुर अलीगंज थाना अलीगढ़ निवासी कौशल किशोर पुत्र डोरीलाल ने बताया कि मंगलवार को उसके बेटे दीपक ने घर के आंगन के छत में लगे लोहे के एंगल में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया। जबकि ग्राम जेहटा थाना काकोरी निवासी नरेंद्र कुमार पुत्र हनुमान कुमार ने बताया कि उसका भाई अरविंद कुमार जोकि शालीमार गार्डन आईआईएम रोड लखनऊ पर काम करता था। सोमवार को सुबह काम करने गया था तथा करीब 11 बजे दिन में अपने घर वापस आया। उसके बाद 11.30 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया। रात को घर वापस ना आने पर रिश्तेदारी में पता किया गया लेकिन कहीं पता नहीं चला। मंगलवार को करीब 7.30 बजे सुबह जानकारी मिली कि उसके भाई अरविंद की मोटरसाइकिल बाग में खड़ी है। इस सूचना पर वह बाग तरफगया तो देखा कि उसका भाई अरविंद बाग में स्थित नीम के पेड़ में गमछे के सहारे फांसी पर लटक रहा था, जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी।

## साइबर क्राइम के लिए पुलिसकर्मियों को मिलेगा 15 दिनों का विशेष प्रशिक्षण

**लखनऊ।** डीजीपी मुकुल गोयल ने प्रदेश के सभी पुलिस अधिकारियों को साइबर और महिला एवं बाल अपराधों का जल्दी अनावरण करने के निर्देश दिए हैं। इन अपराधों का अनावरण करने के लिए पुलिसकर्मियों को विशेषतौर पर साइबर क्राइम से संबंधित विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। पुलिस महानिदेशक ने साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्ति को सहायता, समुचित मार्गदर्शन प्रदान करने एवं साइबर क्राइम से सम्बन्धित अभियोगों का सफल अनावरण करने के लिए पुलिस कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण की शुरुआत आगरा जोन में 3 अगस्त से कराई थी। डीजीपी के निर्देशासुनसार अब प्रदेश के सभी जिलों में 15 से 30 सितंबर की अवधि तक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजना किया जाएगा। प्रशिक्षण के शुरुआती कार्यक्रमों में सभी एडीजी, पुलिस आयुक्त, आईजी, डीआईजी एवं पुलिस अधीक्षक शामिल होंगे। प्रत्येक जिले से एक राजपत्रित अधिकारी नोडल अधिकारी के रूप में प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक निर्माण एवं परिकल्प सेवायें (वि0/यां0) नलकूप विंग, उ0प्र0 जल निगम, 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**

पत्रांक : 955/विविध-3/(21)/81 दिनांक 10.09.2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ0प्र0 जल निगम, की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्राइमरी स्कूल सिपाही ठाकुर जनपद कन्नौज में 1 नग मिनी नलकूप के निर्माण कार्य हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 17.09.2021 से 23.09.2021 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि0/यॉ0 नलकूप विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं वि0/यॉ0, नलकूप विंग-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00+18% जी.एस.टी. (1000.00+180.00 = 1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट WWW.UPJN.ORG से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

## घुमंतू गिरोह का पर्दाफाश इनामी समेत तीन गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसटीएफ** ने घरों में घुसकर चोरी की वारदात करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर घटना करने वाले घुमन्तू अपराधिक पारदी गैंग के 50 हजार के इनामी अभियुक्त मेहरबान सहित 3 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मेहरबान, आर्यमान और अजय गुना मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। इन अभियुक्तों को 101 मेट्रो स्टेशन के पास से थाना सेक्टर 49 गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार किया गया है ।एसटीएफ के अनुसार वांछित अपराधियों को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान अभिसूचना संकलन के माध्यम से एसटीएफ की नोएडा इकाई को पता चला कि घुमन्तू अपराधिक जाति का पारदी गैंग गौतमबुद्धनगर में आया हुआ है। यह नोएडा के थाना-49 क्षेत्र में आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए आया हुआ है, जिनमें एक पुरस्कार घोषित अपराधी मेहरबान भी है। इस सूचना को विकसित करते हुए एसटीएफ की टीम ने उक्त स्थान से तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों से संयुक्त पूछताछ में यह जानकारी सामने आई कि गिरफ्तार अभियुक्त पारदी घूमन्तू जनजाति से है जो पूरे देश में घूम-घूम कर रात्रि में कटर व पेचकस की मदद से ग्रिल खोलकर एसी के रास्ते अथवा दरवाजा खोलकर चुपचाप घरों में प्रवेश कर जाते हैं और बेहद चपलता एवं बिना आवाज किये घरों से जेवहरात एवं रूपए की चोरी करते हैं। प्राय: यह लोग ज्यादातर ऐसे क्षेत्रों में चोरियां करने जाते हैं जहॉ रात्रि में हल्का अंधेरा या सुनसान स्थान होता है तथा घरो में घुसने से पहले घरों में कंकड़/पत्थर फेककर यह पता लगा लेते हैं कि घर में कोई जाग तो नहीं रहा है।

## चांदी व्यापारी से 43 लाख की लूट करने वाला निलम्बित असिस्टेंट कमिश्नर गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा,** लखनऊ

**एसटीएफ** ने 30 अप्रैल 2021 को आगरा में चांदी व्यापारी से 43 लाख रूपए की लूट में वांछित निलम्बित असिस्टेंट कमिश्नर व 50 हजार का पुरस्कार घोषित अपराधी अजय कुमार को रोडवेज बस स्टैंड ईदगाह आगरा से गिरफ्तार किया है। अजय कुमार 16/871 सेक्टर 16 इन्दिरानगर लखनऊ का रहने वाला है।

एसटीएफ के अनुसार वांछित अपराधियों को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ मुख्यालय टीम द्वारा अभिसूचना संकलन की जा रही थी। 30 अप्रैल को विनायक टेड्रर्स के मालिक प्रदीप कुमार अग्रवाल जो कि चांदी के व्यापारी हैं उनसे 43 लाख रूपए की लूट हुई थी। इस घटना के मामले में थाना लोहामण्डी में मुकदमा दर्ज हुआ था। अभिसूचना संकलन के क्रम में ज्ञात हुआ कि आगरा में चांदी व्यापारी से लूट के मामले में वांछित अपराधी अजय कुमार रोडवेज बस स्टैंड ईदगाह आगरा पर आया है। इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते एसटीएफ ने अजय को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में अजय कुमार ने बताया कि वह आगरा में असिस्टेंट कमिश्नर यूनिट 7 एच दल मे तैनात था। 30 अप्रैल को यूनिट 6 एच दल मे तैनात वाणिज्य कर अधिकारी शैलेन्द्र कुमार के साथ प्राइवेट ड्राईवर दिनेश सोलंकी व प्राइवेट, बोलोरो जिस पर उप्र सरकार लिखा था व एक और टोयटा प्राईवेट कार के साथ एसबीआई यूनिट में तैनात आरक्षी संजीव कुमार के साथ मिलकर हम सभी ने अपनी सूचना के आधार पर आगरा एक्सप्रेस-वे टोल से चांदी व्यापारी प्रदीप अग्रवाल मथुरा निवासी को जबरदस्ती अपनी प्राईवेट कार में बैठाकर व उसकी जायलो गाड़ी को अपने कब्जे मे लेकर हम सभी ने जीएसटी आफिस लोहामण्डी में लाकर डरा धमकाकर मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए उसकी जायलो कार की तलाशी ली, तलाशी के दौरान एक बैग मिला, जिसमें 43 लाख रूपये थे। जिसे अजय कुमार और उसकी टीम के लोगों ने डरा धमकाकर छीन लिया था। इस कार्यवाही की न तो किसी उच्चाधिकारी को सूचना दी गई थी न ही कोई कागजी कार्यवाही अमल में लायी गयी थी। अजय ने बताया कि इस मामले में उसे पता चला कि एक मुकदमा दर्ज किया गया है और आरक्षी संजीव कुमार व प्राईवेट ड्राईवर को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।

## उच्चाधिकारियों की फटकार के बाद मुकदमा दर्ज

**निगोहां।** नगर पंचायत नगराम में सोमवार को सीएचसी पर टीकाकरण के लिए उमड़ी भीड़ में मौजूद कुछ अराजकतत्वों के द्वारा अस्पताल गेट मे की गयी तोड़फोड़ पर सीएचसी अधीक्षक द्वारा उपद्रवियों के विरूद्ध नगराम थाने मे दी गयी तहरीर पर मुकदमा न लिख कर चलता कर दिए जाने का मामला संज्ञान मे आने पर अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी पूर्णेंदु सिंह द्वारा कड़ी फटकार व स्पष्टीकरण मांगने के बाद नगराम पुलिस द्वारा मंगलवार के दिन अज्ञात के विरूद्ध तोड़फोड़ की धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर लिया गया। कोविड टीकाकरण के लिए नगराम सीएचसी पर टीकारण के लिए लगातार भीड़ जुट रही है । ज्ञात हो कि सोमवार को वैक्सीनेशन के लिए सुबह से ही भारीभरकम हजूम उमड़ पड़ा, लंबी कतारों मे अपनी बारी न आने से नाराज बेकाबू भीड़ में मौजूद कुछ अज्ञात लोगों ने सीएचसी के मुख्य द्वार पर तोड़फोड़ की गई थी।

## नहीं सुनी फरियाद तो सोशल मीडिया बना सहारा

**संवाददाता।** निगोहां

**सफाईकर्मियों** की लापरवाही से मोहनलालगंज की पंचायतों में सफाई व्यवस्था बेपटरी होती जा रही है। सफाईकर्मियों के निगरानी का बीट सिस्टम भी फेल होता नजर आ रहा है। जबकि सचिव और पंचायतराज विभाग के अधिकारियों को पंचायतों का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का पुरसाहाल लेने की फुरसत नहीं है। ऐसे में मनमानी कर रहे सफाईकर्मी लापरवाही बरत रहे हैं। शिकायतों की सुनवाई नहीं होते देख रिटायर्ड प्रिंसिपल और ग्राम प्रधान को सोशल मीडिया पर पीड़ा जाहिर करनी पड़ रही है। इस बारे में एडीओ पंचायत का पक्ष लेने की कोशिश की गई तो ब्लाक से पता चला कि प्रभारी एडीओ पंचायत से कार्यभार वापस लिया जा चुका है और ट्रांसफर होकर आए एडीओ पंचायत ने अब तक ज्वाइन नहीं किया है।

**केस-1.** निगोहां की स्टेशन रोड पर कुछ लोग सड़क और दुकान का कचरा नालियों में उड़ेलकर उन्हें चोक कर दे रहे हैं। जिससे जलनिकासी की समस्या खड़ी हो जा रही है। जिसे लेकर परेशान सत्यनारायण तिवारी विद्यामंदिर इण्टर कालेज के रिटायर्ड प्रिंसिपल बीसी शुक्ल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर पीड़ा बयां की है। रिटायर्ड प्रिंसिपल के मुताबिक निगोहां में तैनात सफाईकर्मी कभी कभार बस फोटो खींचकर चला जाता है। लिहाजा रिटायरमेण्ट के बाद उन्हें जलनिकासी की समस्या झेलनी पड़ रही है। उधर पंचायत सचिव शैलेन्द्र वर्मा ने बताया सफाईकर्मी की शिकायत एडीओ पंचायत से की गई है। नाली में कचरा डालने वालों को नोटिस दी जाएगी।

**केस-2.** निगोहां के दयालपुर में सफाईकर्मी लापरवाही बरत रहा है। पंचायत में उसकी नियमित उपस्थिति नहीं रहने से गांव की सफाई व्यवस्था बेपटरी हो गई है। लिहाजा ग्रामीणों की शिकायत पर प्रधान ने मजदूर लगाकर साफ सफाई शुरु करा दी है। सचिव रामबहादुर शर्मा ने बताया सफाईकर्मी की शिकायत एडीओ पंचायत से की गई है। पंचायत से मजदूर लगाकर चोक पड़ी नालियों की सफाई कराई जा रही है।



### कागजों में करा दी सफाई

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज का गोपालखेड़ा गांव नगर निगम में शामिल किया जा चुका है। लेकिन लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने को लेकर निगम प्रशासन बेपरवाह है। यहां तक कि गांव के राजेन्द्र ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के जरिए गोपालखेड़ा में सफाई नहीं होने से नालियां चोक और गन्दगी फैलने की शिकायत दर्ज कराई तो निगम में जोन 8 के अधिकारियों ने सफाई कराकर फरियादी को संतुष्ट कर दिए जाने की फर्जी रिपोर्ट देकर निस्तारण कर दिया।

## एम्बुलेंस में ईएमटी ने कराया प्रसव, जच्चा-बच्चा सुरक्षित

**लखनऊ।** प्रदेश में संचालित 102 एम्बुलेंस मंगलवार सुबह एक बार फिर नवजात की किलकारी से गूंज उठी। माल थानाक्षेत्र के बहरौरा गांव की रहने वाली रोशनी देवी को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने 102 एम्बुलेंस बुलाई थी। एम्बुलेंस उन्हें लेकर अस्पताल जा रही थी लेकिन रास्ते में प्रसव पीड़ा बढ़ गई। जिसके बाद एम्बुलेंस कर्मचारी ईएमटी ने अपनी सूझबूझ से महिला का एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया। एम्बुलेंस में कार्यरत ईएमटी योगेंद्र कुमार और पायलट अरविंद कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह जानकारी मिली कि माल थाना क्षेत्र के बहरौरा गांव की रहने वालीं रोशनी देवी को प्रसव पीड़ा होने पर 102 एम्बुलेंस की जरूरत है। सूचना मिलते ही वे एम्बुलेंस लेकर समय पर उनके गांव स्थित घर पहुंच गये। वहां से मरीज को वे एम्बुलेंस में बैठाकर सीएचसी माल जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही प्रसव पीड़ा बढ़ गई।

# चित्रकूट में चार बच्चियां डूबीं

## ●तालाब में नहाते समय हुआ हादसा, मृतकों में दो सगी बहनें भी शामिल



संवाददाता। चित्रकूट

**जिले** के मऊ थाना क्षेत्र के ग्राम पटोरी के मजरा भौसडा में भैस चराने गई दो सगी बहनो समेत चार बच्चियों की नहाते समय तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना की खबर से पूरे इलाके में कोहराम मच गया। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच राहत कार्य में जुटा हुआ है। मरने वाली सभी बच्चियां केवट परिवार से है तथा कक्षा छह की छात्राएं है। मिली जानकारी के मुताबिक चित्रकूट जिले के मऊ थाना अंतर्गत बौसडा गांव निवासी प्रकाश केवट की पुत्रियां पार्वती 15 ,और बुधरानी 13 अपने सहेलियों सविता 14 , पुत्री ब्रजलाल और किरण 13, पुत्री अमन केवट निवासी महेवा घाट कौशाम्बी के साथ मंगलवार को भैस चराने के लिए बाईसा तालाब के पास गई थी। शाम करीब साढ़े चार बजे चारो बच्चियां भैसो को तालाब में नहवाने लगी। इसी दौरान गहराई में पहुंचने के कारण एक बच्ची डूबने लगी। एक दूसरे को बचाने के चक्कर में चारों डूब गई। वहीँ मौके पर मौजूद रही गौरी नाम की बच्ची ने भागकर गांव वालो को तालाब में चार बच्चियों के डूबने की खबर दी।

## डंपर से कुचलकर छात्रा की मौत, छात्र-छात्राओं ने लगाया जाम

**हमीरपुर।** आज हमीरपुर शहर के बेतवा पुल के पास गांव से शहर कालेज आ रही कक्षा नवी की छात्रा को डंपर ने कुचल दिया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद करीब दो दर्जन छात्र छात्राओं ने हाईवे जाम कर दिया,किसी प्रकार पुलिस ने समझा बुझाकर जाम खुलवाया। पुलिस के मुताबिक सदर कोतवाली क्षेत्र के हेलापुर गांव निवासी विनोद साहू की 13 वर्षीय पुत्री मानसी मुख्यालय के राजकीय बालिका इंटर कालेज में कक्षा नौ में पढ़ती है। रोजाना की तरह मंगलवार को भी मानसी अपने गांव की सहेलियों के साथ साइकिल से स्कूल जा रही थी। जैसे ही यह बेतवा पुल के आगे आई पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने इसे कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। अपनी आंखों के सामने हुई सहेली की मौत देख अन्य छात्राएं सहम गई और वहीं रोना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में वहां से गुजरने वाले तमाम छात्र छात्राओं ने अपनी अपनी साइकिलें हाईवे में बिछा दीं और कानपुर सागर हाईवे जाम कर दिया। जाम लगते ही हाईवे के दोनो ओर वाहनों का लंबी कतारें लग गई। वहीं लोगों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस ने यमुना पुल के पास डंपर व डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं जाम की सूचना मिलने पर कोतवाल मनोज कुमार शुक्ला मौके पर पहुंचे और छात्र छात्राओं को समझाने का प्रयास किया। सीओ सदर अनुराग सिंह से छात्र छात्राओं ने स्कूल खुलने व बंद होने के समय पुलों पर पुलिस लगाने व रोडवेज बसों के रुकने की मांग की। छात्राओं ने कहा अगर बसें रुकने लगेंगी तो फिर उन्हें साइकिल से कालेज नहीं जाना पड़ेगा। कोतवाल मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले डंपर व चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

# प्रदेश चौमुखी विकास के पथ पर: मौर्या



संवाददाता। रायबरेली

**उत्तर प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रतापुर चौराहा गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में लोक निर्माण विभाग राजकीय निर्माण निगम सेतु निगम की कुल 159 परियोजनाओं का विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास किया। तदोपरान्त पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ संवाद के साथ ही प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता भी की। लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में जिला स्तरीय विभागीय बैठक की इसके अलावा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायबरेली में हिन्दी दिवस पखवाड़े के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि रूप में बटन दबाकर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारम्भ किया। सायं 5 बजे पटेल नगर कालोनी बछरावां विधायक राम नरेश रावत के आवास पर गये जहां विधायक व अन्य गणमान्यजनों के साथ वार्ता की।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रतापुर चौराहा गोपाल सरस्वती विद्या मन्दिर में लोक निर्माण विभाग राजकीय निर्माण निगम सेतु निगम की कुल 159 परियोजनाओं का विभिन्न परियोजनाओं जिसकी कुल लागत 223.81 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास बटन दबाकर किया गया। जिसमे जनपद की 32 मार्गो एवं सेतुओं (लघु) 03 परियोजनाओं कुल लागत 17.57 करोड़ के कार्यो का लोकार्पण इसी प्रकार 116 मार्गो तथा 08 सेतुओं (लघु) परियोजनाओं कुल लागत 206.24 करोड़ शिलान्यास शामिल है। इसके अलावा सई नदी के पुलों का निर्माण भी शामिल किया गया है। उन्होंने अधिशाषी अभियन्ता से कहा कि शीघ्र ही नदियों के सेतुओं की कार्य योजना आकलन रिपोर्ट दें ताकि उसे शीघ्र बनाया जा सके। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों की हितैषी है जो सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास मूलमंत्र को लेकर सभी के सुख समृद्धि विकास के साथ ही प्रदेश का चौमुखी विकास की ओर बढ़ रही है। प्रदेश सरकार गरीबों व अमीरों व सभी के साथ एक सामान्य व्यवहार कर रही है तथा गरीबों का विकास बढ़ चढ़ कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गुडा गर्दी का खातमा कानून का राज्य स्थापित करने के साथ ही प्रदेश व समाज के चौमुखी विकास की ओर अग्रसर कर रही है।

## आगरा में रेस्टोरेंट में पार्टी के दौरान युवक से गोली चली, गोली लगने से वेटर घायल

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा के हरीपर्वत थाना क्षेत्र के सूर्यनगर में स्थित एक रेस्त्रां में रविवार की देर रात पार्टी के दौरान एक युवक ने अपनी लाइसेंसी पिस्तौल से गोली चला दी जो वेटर को लग गई, जिससे इस घटना में वह घायल हो गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने इस संबंध में गोली चलाने वाले युवक और रेस्त्रां के कर्मचारियों के खिलाफ अलग अलग मामले दर्ज किए हैं। हरीपर्वत थाने के निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया, पार्टी के दौरान लॉयर्स कॉलोनी निवासी गौरव सिंह ने अपनी लाइसेंसी पिस्तौल से हवाई फायर किया जो मिस हो गई, इसके बाद वह रिवाल्वर को नीचे करके दोबारा उसे कॉर्क कर रहा था। इस दौरान गोली चल गई जो फर्श में लगने के बाद वहां मौजूद वेटर की एड़ी में लग गई। कुमार ने बताया कि रेस्त्रां कर्मचारियों ने घायल को अस्पताल में भर्ती करा दिया लेकिन इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी। कुमार के अनुसार रेस्त्रां कर्मचारियों ने सीसीटीवी फुटेज तुरंत डिलीट करा दिए। उन्होंने बताया कि जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने जांच की तब यह मामला प्रकाश में आया। उन्होंने बताया कि रेस्त्रां के महाप्रबंधक कुलवंत सिंह भदौरिया की तहरीर पर गौरव के खिलाफ जानलेवा हमले की धारा में मामला दर्ज किया गया है और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## राष्ट्र की उन्नति के लिए हिंदी के विकास के हों प्रयास: प्रो योगेंद्र



**प्रयागराज।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज सिविल लाइन्स प्रयागराज में हिन्दी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि डा योगेन्द्र प्रताप विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग इलाहाबाद विवि रहे। कार्यक्रम की प्रस्ताविकी रखते हुए हिन्दी विषय के आचार्य सरोज कुमार द्विवेदी ने हिन्दी भाषा की उपयोगिता एवं महत्ता पर प्रकाश डाला। आचार्य सरोज कुमार द्विवेदी ने कहा कि हिन्दी अपने राष्ट्र की अभिव्यक्ति का सरलतम स्रोत है। राष्ट्र एवं समाज की उन्नति के लिए हिन्दी भाषा के विकास के लिये निरन्तर प्रयास करना चाहिए। हर वर्ष 14 सितंबर हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस सप्ताह को हिंदी पखवाड़ा कहा जाता है। पूरे विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से हिंदी चौथी भाषा है। आजादी मिलने के बाद देश में अंग्रेजी के बढ़ते उपयोग और हिंदी के बहिष्कार को देखते हुए हिंदी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही उन्होंने विभिन्न आयामों एवं प्रतियोगिताओं के माध्यम से हिन्दी की उपयोगिता एवं वर्तमान समय में हिन्दी भाषा की उपादेयता पर प्रकाश डाला। डा योगेंद्र ने कहा कि हिंदी भाषा को देवनागरी लिपि में भारत की कार्यकारी और राजभाषा का दर्जा आधिकारिक रूप में दिया गया। महात्मा गांधी ने हिन्दी भाषा को जनमानस की भाषा भी कहा है। हिंदी पूरी दुनिया में सबसे अधिक बोली जाने वाली मूल भाषा है। हिंदी हिंदुस्तान की राष्ट्रभाषा ही नहीं बल्कि हिंदुस्तानियों की पहचान भी है।

## दंपति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महोबा।** महोबा जिले के कबरई क्षेत्र में मंगलवार की सुबह एक युवक और उसकी पत्नी के शव फांसी के फंदों पर लटकते पाए गए। कबरई थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) दिनेश सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर मंगलवार सुबह बरबई गांव के एक मकान से भूपचन्द्र अनुरागी (26) और उसकी पत्नी गोमती (24) के शव फांसी के फंदों में लटकते पाए गए। शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि उनकी दो साल पहले शादी हुई थी। बताया जा रहा है कि भूपचन्द्र को शराब पीने की लत थी जिसकी वजह से दोनों के बीच अक्सर विवाद होने की बात सामने आई है। एसएचओ ने दंपती के पड़ोसियों के हवाले से बताया कि सोमवार की देर रात दोनों के बीच विवाद हुआ था। उन्होंने कहा,"प्रथमदृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि घरेलू कलह के चलते दोनों ने फांसी लगाकर आत्महत्या की होगी। मामले की जांच की जा रही है"।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन की मौत

इटावा । जिले के जसवंत नगर क्षेत्र में मंगलवार को ट्रक की टक्कर लगने से मोटरसाइकल सवार भाई-बहन की मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि जसवंत नगर से राय नगर मार्ग पर महलई मोड़ पर ट्रक और मोटरसाइकल के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक पर सवार हिमांशु (18) और उसकी बहन राखी (20) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल पर सवार एक अन्य किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सैफई मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं।

## बंदरों के हमले में महिला की जान गई

**मुजफ्फरनगर।** ।मुजफ्फरनगर जिले के एक गांव में बंदरों के हमले में गंभीर रूप से घायल हुई एक महिला की मंगलवार को मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बंदरों के हमले में गंभीर रूप से घायल हुई शिमला नामक महिला को एक सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया था। यह हादसा भोपा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले फिरोज़पुर गांव में हुआ था। महिला के परिजनों के मुताबिक उसे स्वास्थ्य केन्द्र में रैबीज का टीका नहीं लगाया गया था। महिला की हालत खराब होने के बाद उसे मुजफ्फरनगर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई।

# चुनाव के पहले सभी को याद आ रहे प्रभु श्रीराम: पाठक



**अयोध्या।** श्री राम की नगरी के पावन मां सरयू के तट स्थित लक्ष्मण किला के मैदान में बॉलीवुड सितारों के द्वारा भगवान के चरित्र पर आधारित अयोध्या की रामलीला का भूमि पूजन उत्तर प्रदेश के कानून मंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। 12 से अधिक बॉलीवुड अभिनेता अलग-अलग भूमिका में शामिल हो रहे हैं। 6 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक रामलीला का आयोजन को वर्चुअल माध्यम से देश.विदेश के लोग देखेंगे। अयोध्या की रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मलिक के मुताबिक इस बार वर्ल्ड के रिकॉर्ड तोड़ेगी जिसके लिए 50 करोड़ से अधिक दर्शको को एक साथ जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। पिछली बार 16 करोड़ से अधिक लोगों ने अयोध्या के रामलीला वर्चुवल के माध्यम से जुड़े रहे।अयोध्या की रामलीला के भूमि पूजन में लक्ष्मण किला के महंत मैथिली रमण शरण, जगतगुरु राम दिनेशाचार्य, जानकी घाट बड़ा स्थान के महंत जन्मेजय शरण, संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास, महंत राम भूषण दास कृपालु ज महाराज पुजारी राजू दास सहित कई संतों ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया। भूमि पूजन के उपरांत ब्रजेश पाठक ने कहा की प्रभु श्रीराम के चरित्र का वर्चुअल माध्यम से पूरे विश्व में करोड़ों लोग देखेंगे इससे सनातन धर्म का प्रचार प्रसार होगा। प्रभु श्रीराम सबके है लेकिन फैसला आने के पहले कोई अयोध्या आने को तैयार नहीं था प्रधानमंत्री के प्रयासों से भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है और राष्ट्रवादी लोग इकट्ठा हुए हैं इसलिए 2022 के पहले सभी को प्रभु श्री राम की याद आ रही है। बॉलीवुड कलाकार राजा मुराद ने कहा की रामलीला में तीसरी बार हमें किसी न किसी पात्र करने का अवसर प्राप्त हुआ पिछली बार की रामलीला में हमने अहिरावण का रोल किया था इस बार हम कुंभकरण का रोल करेंगे और प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से इस बार सारे रिकॉर्ड तोड़ देगी रामलीला। अयोध्या की रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मलिक बॉबी ने बताया कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के चरित्र मंचन के लिए बॉलीवुड के कलाकार आ रहे हैं और आज भूमि पूजन हुआ है और इस रामलीला के लिए हमें अयोध्या के संतों का आशीर्वाद प्राप्त है।

# खाकी ने फिर किया शर्मसार!

## ●गोकसी के आरोपियों को थाने से छोड़ा, आबूनगर चौकी इंचार्ज की भूमिका संदिग्ध

## ●सीएम के मीडिया सलाहकार ने प्रकरण का लिया गंभीर संज्ञान

संवाददाता। फतेहपुर

**जिले** के कई थानों की पुलिस पर लगातार गम्भीर आरोप लग रहे हैंए कहीं अपराधियो को छोड़ने न नाम पर तो कहीं गोकसी में संलिप्तता प्रकाश में आई है। अब कोतवाली पुलिस ने भी अपनी बेजा हरकत से वर्दी को शर्मसार किया है। कोतवाली पुलिस पर गोकसो को पकड़कर रिश्वत लेकर छोड़ने के गम्भीर आरोप लगे हैं।

जानकारी के अनुसार 06 सितंबर को आबूनगर चौकी इंचार्ज विद्या प्रकाश सिंह को सूचना मिली कि सैय्यदवाड़ा में एक स्थान से गोमांस की बिक्री हो रही है। एसआई ने कोतवाली के एक दरोगा व मय हमराहियों सहित उक्त स्थान पर छापा मारा। कई वाहनों से पहुंचकर पुलिस ने उक्त स्थान को घेर लिया और मौके से लगभग आधा दर्जन लोगों को मय चाकू चापड़ व मांस के साथ हिरासत में ले लिया। सभी आरोपियों को पुलिस ने कोतवाली के लॉकअप में बंद कर दिया। फिर कोतवाली पुलिस के एक कमाऊ पूत सिपाही ने पूरे मामले को ऊंचे दाम में शहर के एक जनप्रतिनिधि के प्रतिनिधि के करीबी के माध्यम से सेट करवाया। जिसके बाद कोतवाल अनूप सिंह द्वारा लगभग सभी गोकसी के आरोपियों को बिना कोई कार्रवाई किये छोड़ दिया गया। सभी आरोपियों में एक अफसर पुत्र शकील निवासी हसवां थरियांव थाने से गोकसी में भी वांछित था जिसे 7 सितंबर को थरियांव क्षेत्र से गिरफ्तारी दिखाकर गोवध अधिनियम व पुलिस मुठभेड़ में जेल भेज दिया गया। अब भ्रष्टाचार के मामले में कोतवाली और थरियांव पुलिस की जुगलबंदी तो देखिए कि जितने लोगो की सेटिंग हो गई वह कोतवाली पुलिस ने छोड़ दियेए बांकी एक को थरियांव क्षेत्र से गिरफ्तारी दिखाकर थरियांव थाने के उपनिरीक्षक अभिषेक ने गोवध में जेल भेज दिया। गोकसी के आरोपियों को छोड़ने में गर्दन फंसती देख कोतवाली पुलिस का तर्क है कि यह छापेमारी अफसर निवासी हसवां को पकड़ने के लिए की गई थी। तो सवाल यह उठता है कि कोतवाली क्षेत्र में हुई दर्जनो घटनाओ के खुलासे में स्थानीय पुलिस नाकाम है वह कबसे इतनी सक्रिय हो गई कि थरियांव थाने के वांछित को पकड़ने में इतनी रुचि दिखाया। खैर वह भी मान लिया जाए तो अन्य आधा दर्जन लोगों को कोतवाली पुलिस उठाकर क्यों थाने ले गई। जब मांस चाकू चापड़ सब मौके पर मिला तो वह मासूम और निर्दोष कैसे हो गए। सामान्य तू तू मैं मैं में कोतवाली लाये गए लोगों पर बिना निरोधक कार्रवाई किये बिना पुलिस छोड़ने से स्पष्ट मना कर देती है। निर्दोषों का आये दिन 151ए 107੬16 थानों से हो रहा है ऐसे में उन आरोपियों पर जो मांस व काटने के हथियारों सहित पकड़े गए थे उन्हें कोतवाली पुलिस ने बिना निरोधात्मक कार्रवाई किये कैसे छोड़ दिया। ऐसा विश्वस्त सूत्र बताते हैं कि अगर एसपी राजेश सिंह इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराते हैं तो पूरे खेल से पर्दा उठ जाएगा। थाने के सिपाही शरद की कॉल डिटेल व थाने की सीसीटीवी की जांच पुलिस अधीक्षक करवा लें तो पूरा मामला स्वत: उजागर हो जाएगा। ये अलग बात है कि खबर प्रकाशन के बाद सीसीटीवी बिगड़ जाए या उस दिन की रिकार्डिंग गायब कर कैमरा ही खराब बता दिया जाये।

## महंगाई से जूझ रही है जनता, 2022 में होगा बदलाव: नरेश



संवाददाता। संतकबीरनगर

**पूरे** प्रदेश में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किसानो, मजदूरो, गरीबो, नवजवानो के समस्याओं को लेकर प्रदेशवासियों को जागरूक करने के लिए खेंत खलिहान व लघु उद्योग रथयात्रा लेकर निकलें समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम मंगलवार को जनपद सीमा में प्रवेश करने पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी, पूर्व मंत्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद, सपा एमएलसी सन्नी यादव भी मौजूद रहे। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने कहा कि पूरे प्रदेश में महंगाई से जनता जूझ रही है और 2022 में यही जनता बदलाव लाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का कार्य करेगी। उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी कार्यो को अपना बताकर विकास बता रही है।

# योगी और स्वतंत्रदेव जाएंगे अयोध्या

## ●भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 18 को

संवाददाता। अयोध्या



**भाजपा पिछड़ा मोर्चा** की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 18 व 19 सितम्बर को अयोध्या स्थित मानस भवन में आयोजित की जायेगी। जिसमें पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश, क्षेत्र व सभी जिलों के पदाधिकारी मौजूद रहेगें। पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद नरेन्द्र कश्यप ने क्षेत्रीय व महानगर पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष बिजेन्द्र जायसवाल व अन्य पदाधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की।

पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार गरीबोंए पिछड़ो के विकास के लिए कटिबद्ध है। सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के कारण लोगो में उत्साह का माहौल है। पिछड़ो की सहभागिता से इस चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करेगी। क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवनायक वर्मा ने बताया कि कार्यसमिति में उद्घाटन सत्र को प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, पिछड़ा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री संगम लाल गुप्ता, केन्द्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा, प्रदेश प्रभारी दयाशंकर सिंह, प्रदेश सह प्रभारी पूनम बजाज सम्बोधित करेंगी। समापन सत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष डा के लक्ष्मण कार्यकर्ताओं को निर्धारित विषय पर व्याख्यान देंगे। 19 सितम्बर को प्रदेश महामंत्री सुनील बंसल कार्यसमिति का शुभाम्भ करेंगे। समापन सत्र को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या पूर्व गृहराज्यमंत्री हंसराज प्रमुख रुप से सम्बोधित करेंगे। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को प्रदान किया जा रहा है। सरकार की योजनाओं गरीबों किसानों व मजदूरों के प्रति समर्पित है।

बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप ने कार्यसमिति की तैयारियों के विषय में जानकारी हासिल की। पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां इसको लेकर तय की गयी। मंचए साज सज्जाए पार्किंग आवास भोजन स्वागत की जिम्मेरियों के बाबत बैठक में चर्चा की गयी। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने तैयारियों के विषय में जानकारी दी। महानगर पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष बिजेन्द्र जायसवाल ने कार्यक्रम को लेकर अपनी टीम को सक्रिय कर दिया है। बैठक में प्रमुख रुप से पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रमेश निषाद, विनोद यादव, संजय पटेल, क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वासुदेव मौर्या, राकेश पटेल, दिनेश यादव, रामशंकर राजपूत, रामचन्दर गुप्ता, प्रवीण, राकेश यादव, तिलकराम मौर्या, सुरेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में पिछड़ा मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

**इलाहाबाद उच्च न्यायालय में हिंदी में बहस हुई, निर्णय सुनाए गए**

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में मंगलवार को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में मुकदमों को लेकर बहस हिंदी में की गई और निर्णय भी हिंदी में सुनाए गए।इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (प्रोटोकॉल) आशीष कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, हिंदी दिवस पर मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश की अदालत और अन्य अदालतों ने हिंदी में मुकदमों की सुनवाई की। इस दौरान दलीलें हिंदी में दी गईं और निर्णय भी हिंदी में पारित हुए।

# पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर शिक्षकों ने भरी हुंकार



संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर प्रदेश प्राथमिक** शिक्षक संघ का विशाल धरना प्रदर्शन जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार दीक्षित के नेतृत्व में आयोजित किया गया उन्होंने बताया 21 सूत्रीय मांग है। जिनमें उत्तर प्रदेश में 1 अप्रैल 2005 से पूर्व शिक्षकों एवं कर्मचारियों हेतु लागी लागी पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल की जाए प्रदेश की आकांक्षा दूरदराज के जनपदों में कार्यरत शिक्षकों को उनके गृह जनपद अंतर्जनपदीय स्थानांतरण किया जाए तथा जनपद के अंदर कार्यरत शिक्षकों के अनुरोध पर ऐच्छिक स्थानांतरण किए जाएं शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों की भाती कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपार्जित अवकाश व द्वितीय शनिवार अवकाश प्रदान किया जाए बेसिक शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों के बाद एसीपी का लाभ अथवा माध्यमिक शिक्षकों के वेतनमान 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान किया जाए प्रत्येक प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के रिक्त पद पर पदोन्नत की जाए तथा निरस्त किया जाए उत्तर प्रदेश शिक्षा परिषद के विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं तथा छात्रों के बैठने हेतु तिवारी एवं शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

# नीट परीक्षा

## केंद्र व राज्यों में मतभेद

**वर्तमान** स्वरूप में नीट परीक्षाओं से केन्द्र तथा अनेक राज्यों के बीच मतभेद पैदा हो रहे हैं। तमिलनाडु राष्ट्रीय योग्यता सह प्रवेश परीक्षा-नीट से स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश से मुक्ति चाहता है क्योंकि ये अमीर व विशिष्ट छात्रों के पक्ष में हैं। द्रमुक सरकार ने सोमवार को विधानसभा में नीट 'समाप्त' करने का एक विधेयक भी पेश किया। इसका कारण रविवार को नीट परीक्षा से पहले एक खेतिहर मजदूर के बेटे की आत्महत्या से राज्य में मचा राजनीतिक तूफान है। आत्महत्या का कारण यह था कि वह बच्चा अतीत में नीट में दो बार फेल हो चुका था और तीसरी बार फेल होने से डर रहा था। 2017 में भी यह कुछ राज्यों में आत्महत्या का कारण बनी थी जिसने पूरे राज्य को झकझोर दिया था, हालांकि इस विभीषिका से निपटने के लिए कुछ नहीं किया गया। अनुसूचित जाति के एक श्रमिक की लड़की ने भी आत्महत्या कर ली थी क्योंकि उसे सीबीएसई-आधारित नीट परीक्षा में 720 अंकों में केवल 86 नंबर मिले थे, जबकि वह राज्य बोर्ड की परीक्षा में 1200 नंबरों में से 1176 नंबर प्राप्त कर पास हुई थी। उस साल कटआफको देखते हुए उसे अपने कक्षा 12 के नंबरों के आधार पर प्रवेश मिल सकता था। उसने एक याचिकाकर्ता के रूप में नीट को चुनौती देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, पर इसका कोई नतीजा नहीं निकला। छात्रों के लिए आघात का कारण बनने वाली किसी परीक्षा का कोई अर्थ नहीं है। इस भेदभाव के कारण परीक्षा की समीक्षा की जानी चाहिए। मुद्दे समझना कठिन नहीं है। अन्य सभी राज्यों की तरह तमिलनाडु में भी राज्य बोर्ड तथा



सीबीएसई पाठ्यक्रम में संगति नहीं है। इसलिए सीबीएसई पाठ्यक्रम पर आधारित नीट परीक्षा राज्य बोर्ड छात्रों के लिए कठिन लगती है।

संयोग से इंजीनियरिंग सीटों के लिए जेईई मेन्स भी सीबीएसई आधारित है, लेकिन विवाद केवल नीट पर होता है। बहुसंख्य छात्र गैर-सीबीएसई धारा के होते हैं। निजी ट्यूशनों का लाभ न ले पाने वाले गरीब छात्रों को सबसे ज्यादा नुकसान होता है। तमिलनाडु की राजनीतिक पार्टियों ने जोर दिया है कि प्रवेश राज्यों पर छोड़े जाने चाहिए, लेकिन केन्द्र एक केन्द्रीकृत प्रक्रिया पर जोर दे रहा है। न्यायपालिका ने भी नीट का समर्थन किया है। केन्द्र या राज्यों द्वारा मध्यम मार्ग अपनाने से इनकार करने के कारण यह मुद्दा राजनीतिक हो गया है। इस प्रकार मूलतः पाठ्यक्रम से संबंधित मुद्दा गरीबों और अमीरों के बीच संघर्ष का विषय बन गया है। कुछ राजनेता बाहरी-भीतरी का मामला उठा कर तर्क दे रहे हैं कि नीट परीक्षा समाप्त होनी चाहिए क्योंकि यह स्थानीय छात्रों के बजाय सीबीएसई छात्रों के पक्ष में है जो तमिलनाडु से बाहर के हो सकते हैं। पाठ्यक्रम पर पुनर्विचार कर इन ध्रुवीकरण वाले तर्कों को समय रहते ही कुचल देना चाहिए। संशोधित नीट परीक्षा में किसी पृष्ठभूमि वाले छात्रों से भेदभाव नहीं होना चाहिए तथा सीबीएसई व राज्य बोर्डों के पाठ्यक्रम में संतुलन बना कर कक्षा 12 में मिले नंबरों को भी महत्व दिया जाना चाहिए। चिकित्सा शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है, अतः केन्द्र व राज्यों के साथ ही भारतीय चिकित्सा परिषद को भी एकसाथ आकर पाठ्यक्रम तय करना चाहिए। राज्य बोर्डों के छात्रों को समय रहते संशोधित पाठ्यक्रम के माध्यम से समायोजित करने का दूसरा कदम उठाया जाना चाहिए। इस प्रकार नीट को अस्वीकार करने की कोई आवश्यकता नहीं है। राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्रीकृत परीक्षा व्यवस्था के अभाव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का महत्व ही समाप्त हो जाता है।

# दूरसंचार क्षेत्र में परस्पर विरोधी नीतियां

असली समस्या उन नीतियों व विनियामक परिवेश के कारण है जिसमें एक उद्यम का पक्ष लेकर दूसरों पर निशाना लगाया जाता है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)

टेलीकाम आपरेटरों में एयरटेल, वोडाफोन आइडिया या वाई तथा रिलायंस जियो शामिल हैं जिन्होंने केंद्र के समक्ष अपनी मांगे रखी हैं। उनका संबंध मुख्यतः लाइसेंस फीस से है। उन्होंने लाइसेंस फीस एडजस्टेड ग्रास रेवेन्यू-एजीआर के तीन प्रतिशत से घटा कर एक प्रतिशत करने, युनिवर्सल सर्विस आब्लीगेशन फंड-यूएसओएफ में योगदान एजीआर के पांच प्रतिशत से घटा कर एक प्रतिशत करने तथा स्पेक्ट्रम यूज़र चार्जेज़-एसयूसी को 3-6 प्रतिशत के बजाय समान रूप से सभी आपरेटरों के लिए तीन प्रतिशत रखने की मांग की है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आपरेटर ने संबंधित बैंडों में कितना स्पेक्ट्रम प्राप्त किया है। आपरेटरों के लिए स्पेक्ट्रम पट्टे की अवधि 20 साल से बढ़ा कर 40 साल करने की मांग भी है। वे दो साल के बजाय भुगतान के लिए 7-10 साल की सीमा चाहते हैं। उनकी मांग है कि सभ्झी बकाया भुगतान दायित्वों पर ब्याज दरें घटाई जाएं, एजीआर बकाया को 9-10 प्रतिशत के बजाय चार प्रतिशत या उससे कम किया जाए, केवल टेलीकाम राजस्व का आंकलन लाइसेंस फीस व एसयूसी के लिए किया जाए तथा टैरिफ व फाइनेंसियल एंड पर्फामेंस बैंक गारंटियों-बीजी के आधार मूल्य पर भारतीय दूरसंचार नियामक अधिकरण-ट्राई से विचार विमर्श की प्रक्रिया जल्दी पूरी की जाए।



बताया जाता है कि सरकार ने भविष्य में एसयूसी प्रतिशत घटाने, भुगतान के लिए दो साल की अतिरिक्त सीमा देने, एजीआर गणना को केवल टेलीकाम राजस्व तक सीमित करने तथा एजीआर बकाये व डेफर्ड स्पेक्ट्रम भुगतानों-डीएसपी पर बीजी घटाने पर सहमति प्रकट की है। इसके साथ ही उसने 'चार साल बाद वीआई बकायों के एक हिस्से को शेयरों में बदलने' का विकल्प भी दिया है। इन रियायतों से आपरेटरों तक नकदी प्रवाह की स्थिति सुधर जाएगी, हालांकि लेवी के संबंध में ज्यादा मांगें मानने का मजबूत तर्क बना हुआ है। वर्तमान परिवेश में आपरेटर स्पेक्ट्रम खरीद रहे हैं, जबकि पहले यह लाइसेंस से बंधा होता था। ऐसे में लाइसेंस फीस व एसयूसी एकत्र करने का कोई औचित्य नहीं है। इसके साथ ही ग्रामीण ढांचागत संरचना निर्माण के लिए यूएसओफ्लेवी जारी रखने का उचित कारण नहीं है क्योंकि इस मद में प्राप्त पैसे का समुचित उपयोग नहीं हुआ है। हालांकि, लेवी में भारी कमी के बावजूद एक बड़े आपरेटर को वर्तमान समय में जारी वित्तीय विभीषिका से बचाना आसान नहीं होगा। इसके पीछे असली समस्या उन नीतियों व नियामक परिवेश के कारण है जिसने एक उद्यम का पक्ष लेकर दूसरों पर निशाना लगाया है। नीतियों के मोर्चे पर जहां दूसरे आपरेटरों को लाइसेंस व स्पेक्ट्रम प्राप्त करने के लिए बहुत अधिक भुगतान करना पड़ा, वहीं यह आरजियो को बहुत कम पैसे में मिल गया। उसने एक अनजान उद्यम इन्फोटेल ब्राडबैंड सर्विसेज़ प्रा. लि.-आईबीएसपीएल से 2010 में लाइसेंस प्राप्त कर इंटरनेट सेवा प्रदाता-आईएसपी का दर्जा प्राप्त कर लिया था। इस कारण उसे 12,837 करोड़ रुपये का भुगतान कर अखिल भारतीय ब्राडबैंड वायरलेस स्पेक्ट्रम-बीडब्लूए प्राप्त कर लिया था। इसे केवल 1,658 करोड़ रुपये का भुगतान कर वायस सेवायें प्रदान करने के लिए एक यूनीफाइड लाइसेंस-यूएल में बदल दिया गया, जबकि टेलीकाम कंपनियां यह भुगतान 2001 में करती थीं।

नियामक मोर्चे पर भी ट्राई ने लीक से हट कर आरजियो का पक्ष लिया। सितंबर, 2016 में आरजियो ने 'बहुत कम' कीमत पर बाजार में 'मुफ्त' व 'असीमित' वायस काल तथा कम कीमत पर डेटा देने का प्रस्ताव किया। इस कारण बाकी टेलीकाम आपरेटरों को आरजियो का मुकाबला करने के लिए अपनी दरों में भारी कमी के लिए मजबूर होना पड़ा। इस परिवर्तन के बाद भारत में डेटा एक डालर प्रति जीबी से भी कम हो गया, जबकि ग्राहकों को इसके लिए जापान में 30 डालर, कोरिया में 18 डालर, ब्रिटेन में 15 डालर तथा अमेरिका में 10 डालर देने पड़ते थे। फरवरी, 2018 में ट्राई ने टेलीकाम टैरिफ आर्डर-टीटीओ में परिवर्तन कर किसी फर्म को प्रीडेटर या हानिकारक घोषित कर दिया यदि वह औसत परिवर्तनीय लागत-एवीसी से कम पर सेवायें देती तथा उसके पास बाजार का 30 प्रतिशत या उससे अधिक हिस्सा होता। 2017-18 में जहां सभी दूसरी फर्में एवीसी के नीचे बिक्री कर रही थीं तथा आधिकारिक फर्मों के पास बाजार का हिस्सा 30 प्रतिशत से अधिक था, हालांकि आरजियो का हिस्सा 30 प्रतिशत से कम था। नियामक की नजर में बाद वाली के बजाय पहले वाली कंपनियां प्रीडेटर थीं। संशोधित आदेश के 'एकपक्षीय' व 'भेदभावपूर्ण' होने के कारण इसे टेलीकाम डिस्प्यूट्स सेटलमेंट अपीलेट ट्राइब्यूनल-टीडीसैट ने खारिज कर दिया। लेकिन 13 दिसंबर, 2018 को टीडीसैट का फैसला आने तक नुकसान हो चुका था। इसके कारण आरजियो के आने से पहले जो आधिकारिक फर्में मुनाफा कमा रही थीं, उनको नुकसान होने लगा। अनेक आपरेटरों ने अपनी कंपनियां बंद कर दीं, जबकि दूसरों को अन्य कंपनियों ने खरीद लिया। आज आरजियो को मिला कर केवल तीन निजी आपरेटर बचे हैं जिनमें वीआई व एयरटेल शामिल हैं, जबकि 2016 के पहले इनकी संख्या एक दर्जन से अधिक थी। सभी तीन आपरेटरों ने दिसंबर, 2019 में अपनी दरों में लगभग 50 प्रतिशत वृद्धि कर दी। हालांकि, इसके बावजूद डेटा की कीमत बहुत कम, केवल 2 डालर प्रति जीबी बनी हुई थी।

एयरटेल के साथ वीआई को हाशिये पर धकेलने में अक्टूबर, 2019 में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले ने भूमिका निभाई जिसने उनको 'बकाया' लाइसेंस फीस व एसयूसी भुगतान का आदेश दिया। 'बकाये' का कारण दूरसंचार विभाग-डीओटी का दृष्टिकोण था जिसके आधार पर लेवी, दूरसंचार सेवा राजस्व व एजीआर का निर्णय किया जाता था। इसे भी गैर-दूरसंचार सेवाओं, जैसे स्थाई संपत्तियों की बिक्री, डिविडेंट, ब्याज, आदि की तरह राजस्व माना जाता था। यह मांग एक दशक से अधिक समय से जारी बकाया की थी। इसका कारण दूरसंचार व गैर-दूरसंचार राजस्व के आधार पर निर्धारित धनराशि तथा आपरेटरों द्वारा भुगतान की गई धनराशि के बीच अंतर था। इसके साथ ही बकाया धनराशि पर ब्याज व जुर्माना तथा जुर्माने पर ब्याज की धनराशि वीआई पर 58,000 करोड़ तथा एयरटेल पर 36,000 करोड़ थी। इसके कारण वीआई व एयरटेल को भारी धक्का लगा, जबकि आरजियो पर इसका प्रभाव नगण्य, केवल 13 करोड़ था। हालांकि, एयरटेल किसी तरह इस मुसीबत से निकल सकी जिसमें दिसंबर, 2019 में दरें बढ़ाने का भी कुछ योगदान था, लेकिन वीआई एजीआर व डीएसपी दायित्वों के कुल 1,60,000 करोड़ होने के कारण संकट में घिरी है। सरकार द्वारा दी गई रियायतों के बावजूद वीआई इस संकट से उबरने में भारी कठिनाई का अनुभव कर रही है।

इस संकट के कारण कंपनी बंद हो जाएगी। इस प्रकार 1.35 बिलियन जनसंख्या के लिए केवल दो आपरेटर बचेंगे। वैश्विक अनुभव से स्पष्ट है कि कम आपरेटरों वाले बाजार में दरें ऊंची होती हैं। इस प्रकार केवल दो कंपनियां होने पर दरों में भारी वृद्धि का जोखिम बना हुआ है। इससे बचने का रास्ता वीआई को एक विशेष पैकेज देना है ताकि वह अपने बकाये का एक हिस्सा शेयरों में बदल सके। लेकिन यह कदम 'फौरन' उठाया जाना चाहिए और इसके लिए चार साल प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिए जिसका सुझाव दूरसंचार विभाग ने दिया है। लगभग 235 मिलियन ग्राहकों की विशाल संख्या, व्यापक नेटवर्क तथा परिसंपत्तियों की गुणवत्ता व दूरसंचार सेवाओं में प्रगति की संभावनाओं को देखते हुए केन्द्र सरकार को वीआई के ज्यादातर शेयर खरीद कर इस पर बकाये को देखते हुए नियंत्रण स्थापित करना चाहिए।

लेकिन इसे एकमात्र अवसर की तरह देखना चाहिए। सक्षम व मुनाफे वाली कंपनियों के लिए उनको नौकरशाही से सुरक्षित रखना होगा। इसके साथ ही ट्राई को दरों की 'आधारभूत कीमत' पर अपनी संस्तुतियां फौरन पेश करनी चाहिए तथा उनको लागू करने के लिए कठोर कदम उठाने चाहिए। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि प्रतिस्पर्धा के नाम पर कंपनियों को बरबाद करने की घटना दुहराई नहीं जाएगी।

# स्कोलियोसिस : एक महामारीजनित व्याधि

> लॉकडाउन के दौरान लंबे समय तक बैठे रहने से शरीर में मस्कुलोस्केलेटल परिवर्तन होने की संभावना पैदा हो जाती है।



**परिधि ओझा**
(लेखिका एक फिजियोथेरेपिस्ट हैं)

पीठ दर्द वयस्कों में परेशानी का एक प्रसिद्ध स्रोत है, लेकिन इसका निदान बच्चों और किशोरों में अधिक बार किया जा रहा है। अधिकांश माता-पिता यह उम्मीद नहीं करते हैं कि स्वस्थ बच्चे पीठ दर्द की शिकायत करेंगे-एक समस्या जो आमतौर पर मध्यम आयु या बाद में जुड़ी होती है। हालांकि, अध्ययनों से पता चला है कि पीठ दर्द 14 प्रतिशत से 24 प्रतिशत बच्चों और किशोरों में होता है।

महामारी के कारण ऑनलाइन सीखने के कारण कंप्यूटर के सामने लंबे समय तक बैठे रहने से तनाव और शरीर में मस्कुलोस्केलेटल परिवर्तन होने की संभावना है। बच्चों में पीठ दर्द के सामान्य होने के कुछ कारणों में शरीर का औसत वजन, मोटापा, तीव्र लेकिन कम खेल गतिविधियां, और महत्वपूर्ण रूप से, स्क्रीन के समय में वृद्धि शामिल है।

पीठ की समस्याओं की गंभीरता का निर्धारण करना एक चुनौती बनी हुई है, विशेष रूप से क्या दर्द के लिए चिकित्सा की आवश्यकता है या यह सिर्फ एक साधारण तनाव है, और यह जानना कि महंगे विशेष इमेजिंग परीक्षण कब मददगार हो सकते हैं। किशोरों में पीठ दर्द की समस्या अधिक गंभीर हो सकती है या नहीं, यह समझने में सहायता करने के लिए चेतावनी के संकेत हैं। जबकि खराब मुद्रा या मांसपेशियों में खिंचाव लंबे समय तक दर्द का कारण बन सकता है, सबसे सरल स्तर पर, यदि कोई दर्द कुछ दिनों से अधिक समय तक रहता है या उत्तरोत्तर खराब हो जाता है, तो चिकित्सकीय परामर्श लेना अनिवार्य है।



स्कोलियोसिस रीढ़ की हड्डी (रीढ़) की विकृति है। स्कोलियोसिस एक ऐसी स्थिति को संदर्भित करता है जहां रीढ़ की हड्डी में एक तरफ वक्र होता है, और रीढ़ की हड्डी का वक्र 10 डिग्री या उससे अधिक मापता है। पीछे से देखने पर एक सामान्य रीढ़ सीधी दिखाई देती है। लेकिन स्कोलियोसिस वाले बच्चे की रीढ़ की हड्डी स या ष्ट आकार की होती है। इस प्रकार बच्चा ऐसा लग सकता है कि वह एक तरफ झुक रहा है। वक्र रीढ़ की दाई या बाईं ओर हो सकता है। या यह दोनों तरफ अलग-अलग वर्गों में हो सकता है। मध्य (वक्ष) और निचली (काठ) रीढ़ दोनों प्रभावित हो सकते हैं। स्कोलियोसिस में आमतौर पर कोई दर्द नहीं होता है, इसलिए लक्षण अक्सर किसी का ध्यान नहीं जा सकते हैं। माता-पिता या देखभाल करने वालों को अपने बच्चे में निम्नलिखित लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए: असमान कंधे, एक तरफ लगातार झुकना, असमान पैर की लंबाई, प्रमुख कंधे के ब्लेड, एक असमान कमर, या ऊंचे कूल्हे। पीठ दर्द वाले अधिकांश बच्चों में ऐसे लक्षण होते हैं जो बिना किसी संरचनात्मक असामान्यता के मांसपेशियों या लिगामेंट की चोट के परिणामस्वरूप होते हैं। अधिक गंभीर समस्याओं पर ध्यान देने के लिए पीठ दर्द की चेतावनी के कुछ संकेतों में शामिल हैं: रात में दर्द (विशेषकर दर्द जो आपके बच्चे को नींद से जगाता है), सामान्य बीमारी के लक्षण (बुखार, ठंड लगना, अस्वस्थता, वजन कम होना), कई हफ्तों से अधिक समय तक बने रहने वाले लक्षण, बहुत छोटे बच्चों में लक्षण, पैर में दर्द, सुन्नता या कमजोरी। ये चेतावनी संकेत जरूरी नहीं कि एक गंभीर समस्या का संकेत देते हैं, हालांकि, यह निर्धारित करने के लिए कि क्या अधिक मूल्यांकन किया जाना चाहिए, वे एक अच्छा स्क्रीनिंग टेस्ट हैं। उदाहरण के लिए, मांसपेशियों में पीठ दर्द महीनों तक बना रह सकता है।

बच्चों और किशोरों में पीठ दर्द असामान्य नहीं है और समय के साथ यह आम होता जा रहा है। इसका एक हिस्सा बच्चों की गतिविधियों में बदलाव के कारण होता है, और एक हिस्सा बच्चों की कंडीशनिंग में बदलाव के कारण होता है। यदि आपका बच्चा पीठ दर्द का अनुभव कर रहा है, खासकर यदि यह उल्लिखित चेतावनी संकेतों से जुड़ा है, तो उसे भौतिक चिकित्सक द्वारा देखा जाना उचित है। उचित उपचार शुरू करना, और लक्षणों में सुधार सुनिश्चित करना, यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकता है कि समस्याएं पुरानी न हों।

यहां पर बच्चों और माता-पिता के लिए अच्छी खबर यह है कि पीठ दर्द की शिकायत वाले अधिकांश बच्चों को राहत मिलती है जो कि स्थायी प्रकृति की होती है। जबकि पीठ दर्द खेल और दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों में समस्या का कारण बन सकता है, उचित उपचार के साथ, ये बच्चे लगभग हमेशा पूर्ण गतिशीलता और बेचैनी की समाप्ति पर लौट आते हैं।

## आप की बात

### ऐसी पढ़ाई से क्या लाभ

**आखिर** विश्व जनमत के सामने झुकते हुए आंखें तालिबान ने लड़कियों को पाबंदियों के साथ पढ़ाई करने की इजाजत दे दी है मगर उसमें भी कई पाबंदियां भी लगाई हैं। लड़का एवं लड़की एक साथ बैठकर नहीं पढ़ सकेंगे। लड़कियों के लिए पूर्व की भांति इस्लामी पोशाक पहनना अनिवार्य होगा, अर्थात उनका पूरा शरीर ढका होना चाहिए। लड़कियों के लिए लड़की ही टीचर रहेगी। इस प्रकार तालिबान शासन ने इतने अधिक प्रतिबंध लगाए हैं कि लड़कियां स्वयं घबरा कर पढ़ना छोड़ दें। मान लो सब प्रतिबंध झेलते हुए लड़की पढ़ भी ले तो उसे नौकरी करने का अधिकार भी नहीं दिया गया है। आखिर इन परिस्थितियों में वह अपने परिवार का पालन पोषण किस तरह से करेगी। जहां लड़की बिना पुरुष की मदद के घर से बाहर नहीं निकल सकती वहां इस पढ़ाई करने से भी क्या फायदा होगा। दूसरी बात यह है कि महिलाओं एवं पुरुषों को शरीयत के कानून में बंध कर ही रहना होगा। ऐसे में किस तरह नारी जाति को सम्मान पूर्वक जीवन मिल सकेगा? हमें तो इस बात में संदेह है नौकरी करना तो बेचारी की किस्मत में लिखा ही नहीं है तब उसके दाल रोटी की चिंता कौन करेगा।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### भ्रष्टाचार क्यों?

**कभी-कभी** ओहदा अहंकार को और अहंकार मनमानी को जन्म देता है। सरकार द्वारा खोले गए दफ्तरों का काम लोगो की सहायता करना है, लेकिन जब कुछ कर्मचारी रिश्वतखोर बनके असहाय लोगो की मजबूरी का फायदा उठाते है तो यह मानवता का हनन होता है। देशभर में कई सरकारी दफ्तर है, जो विभिन्न छेत्रो में लोगों के लिए काम करती है, इन दफ्तरों में कर्मचारियों का धर्म और कर्म लोगो की सेवा करना होता है, फिर, क्यो कुछ कर्मचारी सहायक न बनके भ्रष्टाचार के मुरीद बन जाते हैं? भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक के अनुसार, भारत 180 देशों में 86वें स्थान पर है, जिसमें कुछ कार्यालय भ्रष्टाचार करने में उच्च दर साझा करते हैं। दरअसल, सरकार द्वारा स्थापित किए गए कुछ दफ्तारो में कहीं न कहीं, कोई न कोई भ्रष्टाचार की लपटो से ??अछूता नहीं होता है; दफ्तरों व विभिन्न कार्यालयो में कुछ कर्मचारी ऊपरी कमाई का इंतजार एतबार से करते है। अब अगर सरकार लोगो का हित समझती है तो उन्हें इस स्थिति से निपटने के लिए कारगर कदम उठाने होंगे क्योंकि अगर इस स्थिति पर अभी कुछ न करा गया, तो वह दिन दूर नहीं जब देश में भ्रष्टाचार की जडे मजबूत होंगी।

– **निखिल रस्तोगी,** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, हरियाणा

### शर्मनाक घटना

**यह** पत्र 'निर्भया कांड की पुनरावृत्ति' के संदर्भ मे है। क्या दिल्ली की निर्भया बलात्कार के बाद इस तरह के मामले बंद हो गये, बिल्कुल नहीं, यह तो मीडिया का शुक्र है कि समय समय पर वह ऐसे मामले उजागर करके लोगों को सच्चाई से अवगत करता रहता है। वरना समाज मे कोई भी बदलाव नहीं आया है और यह शर्मनाक ही है की मृत्युदंड की सजा भी अगर कड़ी चेतावनी का काम नहीं कर रही है और लोग अभी भी निर्भीक हो कर ऐसी वारदात को अंजाम दे रहे हैं तो भगवान ही कुछ कर सकता है। मुंबई जो की ऐसे शहर के रूप मे जाना जाता है जहां महिलाएं निडर होकर रात को भी घर से बाहर निकल सकती हैं वहां अगर ऐसी घटना होती है तो निश्चित रूप से शर्मनाक बात है। मुंबई उच्च न्यायालय के नागपुर पीठ के फैसले केवल एक गलत संदेश भेजते हैं की वह कैसे दंड से बच सकते हैं. महिलाओं से कोई भी अभद्रता बर्दाश्त नहीं होनी चाहिए, अगर हम समाज मे अपनी महिलाओं को आदर और सम्मान नही दे सकते तो हमें एक विकसित देश बनने का सपना देखने का कोई हक नहीं है।

– **बाल गोविंद,** सेक्टर 44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**जब** हम पंजाब, गोवा और उत्तराखंड में आगे बढ़ते हैं तो हमें ईडी की नोटिस मिलती है। भाजपा की यह कारगुजारियां सफल नहीं होंगी।

– **अरविंद केजरीवाल**
आम आदमी पार्टी प्रमुख



**अफगान** नेतृत्व तालिबानियों का मुकाबला करने तथा जो शांतिपूर्ण समाधान अफगानी चाहते थे उसे हासिल करने में विफल रहा।

– **जेन्स स्टोल्टेनबर्ग**
नाटो महासचिव



**मैं** मायूस नहीं हूं। मैं 18 साल की उम्र से भाजपा में काम कर रहा हूं, और चाहे मुझे कोई पद मिले या न मिले, मैं काम करता रहूंगा।

– **नितिन पटेल**
गुजरात भाजपा विधायक

# आजीवन कारावास को सश्रम उम्रकैद मानने से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

**भाषा।** नई दिल्ली



● पहले के फैसलों को देखते हुए इस पर फिर से विचार करने की जरूरत नही

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को इस बहस पर विचार करने से इंकार कर दिया कि आजीवन कारावास की सजा को सश्रम आजीवन कारावास माना जाए या नहीं। अदालत ने कहा कि इसने विभिन्न फैसलों में इस बारे में निर्णय किए हैं, जिसमें एक मामला महात्मा गांधी की हत्या के मामले में नाथूराम गोडसे के छोटे भाई की सजा से जुड़ा हुआ है। न्यायमूर्ति एल. एन. राव और न्यायमूर्ति बी. आर. गवई की पीठ ने हत्या के अलग-अलग मामलों में दोषी ठहराए गए दो लोगों की अलग अपील पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। याचिकाओं में सवाल उठाए गए थे कि क्या उन्हें मिली आजीवन कारावास की सजा को सश्रम आजीवन कारावास माना जाएगा। पीठ ने कहा, इन विशेष अनुमति याचिकाओं में उठाए गए मुद्दों पर इस अदालत के पहले के फैसलों को देखते हुए इस पर फिर से विचार करने की जरूरत नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि 1985 के नायब सिंह बनाम पंजाब के मामले में इस अदालत ने पहले के फैसलों पर भरोसा किया जिनमें 1945 का पंडित किशोरी लाल बनाम किंग इम्पेरर का प्रिवी काउंसिल मामला और 1961 का गोपाल विनायक गोडसे बनाम महाराष्ट्र का मामला भी शामिल है। 1985 के नायब सिंह बनाम पंजाब का मामला कानून के इसी सवाल से जुड़ा हुआ है। गोपाल विनायक गोडसे, नाथू राम गोडसे का छोटा भाई था और महात्मा गांधी की हत्या में भूमिका के लिए 1949 में उसे सजा सुनाई गई थी और उसे आजीवन कारावास की सजा दी गई थी। उच्चतम न्यायालय ने मोहम्मद अलफाज अली की अपील को खारिज कर दिया जिसे भादंसं की धारा 302 के तहत दोषी ठहराया गया और सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। दोषी ठहराने एवं सजा सुनाए जाने के खिलाफ उसकी अपील को 2016 में गौहाटी उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया, जिसके बाद उसने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। शीर्ष न्यायालय ने राकेश कुमार की तरफ से दायर एक अन्य अपील को खारिज कर दिया, जिसने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने भादंसं की धारा 302 के तहत उसे दोषी ठहराने एवं सजा दिए जाने को बरकरार रखा था।

## मुंबई पुलिस आयुक्त ने प्रत्येक थाने में निर्भया दस्ता गठित करने के आदेश दिए

**भाषा। मुंबई**

मुंबई के पुलिस आयुक्त हेमंत नगराले ने मंगलवार को जारी एक परिपत्र में कहा कि प्रत्एक थाने में एक विशेष दस्ता बनाया जाना चाहिए जिसमें महिला अधिकारी हों। साथ ही उन्होंने कहा कि उन इलाकों में खास कर पुलिस की गश्त बढ़ाई जानी चाहिए जहां महिलाओं के खिलाफ अपराध की आशंका हो। साकीनाका उपनगर में पिछले सप्ताह बलात्कार एवं हत्या की बर्बर घटना सामने आने के बाद यह आदेश जारी किया गया है। इस मामले ने वर्ष 2012 में दिल्ली में हुई निर्भया सामूहिक बलात्कार की घटना की कड़वी यादें ताजा कर दी हैं। आयुक्त ने कहा कि प्रत्एक थाने में एक निर्भया दस्ता या विशेष महिला सुरक्षा दस्ते का गठन होगा, जिसमें एक महिला सहायक निरीक्षक या उप निरीक्षक, एक महिला कांस्टेबल, एक पुरुष कांस्टेबल और एक वाहन चालक होंगे।



1989 में अलगाववादियों द्वारा पंडितों की गई हत्या को काला दिवस के रुप में मनाते हुए कश्मीरी प्रवासियों ने उनकों श्रद्धांजलि अर्पित की

### भारतीय नौसेना ने मॉरीशस को यात्री डोर्नियर विमान पट्टे पर दिया

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने मॉरीशस पुलिस बल को एक यात्री डोर्नियर विमान पट्टे पर दिया है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सोमवार को एक कार्यक्रम में अपने भाषण मे मॉरीशस मे भारत की उच्चायुक्त नंदिनी के सिंगला ने मॉरीशस और भारत के बीच मौजूदा मैत्रीपूर्ण संबंधों और नौसैनिक सहयोग पर जोर दिया।

### केरल में निलंबित कांग्रेस नेता ने इस्तीफा दिया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में हालिया विधानसभा चुनाव के बाद अपनी स्थिति को मजबूत करने में प्रयासरत कांग्रेस को मंगलवार को उस समय झटका लगा जब केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के पूर्व महासचिव के पी अनिल कुमार ने मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा देकर सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का दामन थाम लिया।

### सिनेमा टिकटों की ऑनलाइन बिक्री को लेकर कोई निर्णय नहीं : आंध्र प्रदेश सरकार

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश की वाई. एस. जगन मोहन रेड्डी सरकार ने सिनेमा टिकट ऑनलाइन बेचने के अपने कदम को लेकर अलग-अलग वर्गों की ओर से कड़ी आलोचना का सामना करने के बाद मंगलवार को कहा कि यह प्रस्ताव फिल्म उद्योग द्वारा ही रखा गया था। सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पर्नी वेंकटरमैया (नानी) ने कहा कि सरकार अभी प्रस्ताव का केवल अध्ययन कर रही है और फिल्म निर्माताओं, वितरकों, प्रदर्शकों व अभिनेताओं जैसे हितधारकों के साथ विचार-विमर्श करने के बाद ही अंतिम निर्णय लेगी।

### सज्जाद लोन शहीद हुए पुलिसकर्मी के परिजन से मिले

**श्रीनगर।** पीपुल्स कांफ्रेंस (पीसी) के अध्यक्ष सज्जाद गनी लोन ने दो दिन पहले श्रीनगर मे आतंकवादियों के हमले मे शहीद हुए जम्मू कश्मीर पुलिस के सब इंस्पेक्टर अर्शिद अहमद मीर के परिजनों से मंगलवार को मुलाकात की। उन्होने उत्तर कुपवाड़ा के कलमुना गांव मे मीर के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और हत्या को निर्दई और अमानवीय करार दिया।

### म्यामां से भागे सैकड़ों लोग मिजोरम के गांवों में पहुंचे : लालचामलियाना

**आइजोल।** संकटग्रस्त म्यामां से पिछले कुछ दिनों में 1,800 से ज्यादा लोगों के मिजोरम मे प्रवेश करने की सूचना है। इस आशय की जानकारी राज्य के गृह मंत्री लालचामलियाना ने मंगलवार को दी।

## स्वामित्व पूरा करने के लिए ड्रोन से रोज पांच गांव की मैपिंग कराई जाए : गिरिराज

**भाषा।** नई दिल्ली



**केन्द्रीय** पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को राज्यों से कहा कि वे ड्रोन टीमों को रोजाना पांच गांव का नक्शा बनाने का काम करने को कहें ताकि स्वामित्व योजना का काम समय पर पूरा किया जा सके। स्वामित्व योजना का लक्ष्य भूमि रिकॉर्ड को डिजिटल करके गांव में मकान मालिकों को अधिकार का दस्तावेज मुहैया कराना है। स्वामित्व (गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत तकनीक के साथ मानचित्रण) पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए सिंह ने राज्यों से कहा कि वे तय समय सीमा 2024 से पहले स्वामित्व योजना को लागू करने का काम पूरा कर लें। स्वामित्व में मानचित्रण और सर्वेक्षण की आधुनिक तकनीक साधनों के इस्तेमाल से ग्रामीण भारत में बदलाव लाया जा रहा है। इससे कर्ज और अन्य वित्तीय लाभ लेने के लिए ग्रामीणों द्वारा संपत्ति को एक वित्तीय संपदा के रूप में इस्तेमाल करने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस योजना में 2021-2025 के दौरान पूरे देश में लगभग 6.62 लाख गांव को शामिल किया जाएगा।

## ऋषिकेश और कर्णप्रयाग रेल परियोजना में तेजी लाएं : धामी

**भाषा। देहरादून**



**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके पूरा होने से पहाड़ी क्षेत्रों में रेल संपर्क के साथ ही वहां की आर्थिक स्थिति में भी बड़ा बदलाव होगा। ऋषिकेश रेलवे स्टेशन स्थित रेल विकास निगम के कार्यालय में परियोजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने इसके कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभी तक बेहतर समन्वय से काम किया जा रहा है और आगे भी इसे बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इसमें हर सम्भव सहयोग किया जाएगा।चारधाम सड़क परिएजना के साथ ही ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश को बड़ी देन बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह समय दूर नहीं जब पहाड़ में रेल संपर्क का सपना पूरा होगा और राज्य की आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

## क्विक न्यूज

### कृषि, जल संसाधनों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का अध्ययन करा रहा है जल जीवन मिशन

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन का कृषि एवं जल संसाधनों सहित विभिन्न क्षेत्रों पर पड़ने वाले प्रभावों के आकलन के उद्देश्य से राष्ट्रीय जल मिशन अध्ययन करा रहा है ताकि इसके प्रबंधन के लिए राज्य विशिष्ट कार्य योजना तैयार की जा सके। जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक पर्यावरण चुनौती है। कृषि, जल संसाधन सहित विभिन्न क्षेत्रों पर इसके प्रभावों का अध्ययन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के प्रबंधन के लिए मिशन जल क्षेत्र में राज्य विशिष्ट कार्य योजना तैयार कर रहा है। इस संबंध में राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के सहयोग के लिए जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय अनुकूलन कोष योजना पर अमल की दिशा में भी काम किया जा रहा है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय जल मिशन के तहत भारतीय राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन समिति (आईएनसीसीसी) के माध्यम से जल संसाधनों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को लेकर आठ शोध अध्ययन कराया जा रहा है। इसके तहत महानदी बेसिन में जल मौसम प्रक्रियाओं और जल संसाधनों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का आकलन आईआईएससी, बेंगलूर तथा आईआईटी, भुवनेश्वर कर रहे हैं।

### विश्वविद्यालय सुनिश्चित करें कि कोई कर्मचारी, शिक्षक छात्रों से जाति आधारित भेदभाव न करें : यूजीसी

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि कोई भी कर्मचारी और शिक्षक किसी समुदाय के या किसी श्रेणी के छात्र के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करे। आयोग ने विश्वविद्यालयों से वर्ष 2020-21 के दौरान जाति आधारित भेदभाव की शिकायतों एवं उनके संबंध में की गई कार्वाई की जानकारी मांगी है। विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को लिखे पत्र में यूजीसी के सचिव रजनीश जैन ने कहा, कर्मचारियों और शिक्षकों को सामाजिक पृष्ठभूमि के आधार पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों के खिलाफ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई कर्मचारी और शिक्षक किसी समुदाय के या किसी श्रेणी के छात्र के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करे।

### ब्लड कैंसर पर जागरुकता बढ़ाने की जरुरत

**बंगलुरू।** ब्लड कैंसर जागरुकता माह से पहले लोगों में जागरुकता फैलाने की जरुरत है। इसी के तहत एप्लास्टिक एनीमिया सर्वाईवर को पहली बार जर्मनी से अपने ब्लड स्टेम सेल डोनर से वर्चुअल मीटिंग में मिलने का अवसर मिला। इस मुलाकात का आयोजन डीकेएमएस बीएमएसटी फ फाउंडेशन इंडिया ने किया था, जो खून के कैंसर एवं खून की अन्य बीमारियों जैसे थैलेसेमिया और एप्लास्टिक एनीमिया के खिलाफ लड़ाई के लिए समर्पित है। 11 वर्षीय एप्लास्टिक एनीमिया सर्वाईवर त्वरित का बचपन मुश्किल में बीता, जब 9 वर्ष की उम्र में उसे एप्लास्टिक एनीमिया से पीड़ित होने का पता चला। प्लास्टिक एनीमिया की स्थिति में शरीर खून की नई सेल्स पर्याप्त संख्या में नहीं बना पाता है। त्वरित को जीवित रहने के लिए स्टेम सेल ट्रांसप्लांट की जरूरत थी। उसकी किस्मत अच्छी थी और उसे अपना जीवनरक्षक मिल गया। जर्मनी के 26 वर्षीय इकॉनॉमिक व्यवसायी डुक फाम न्गोक ने उसे ब्लड स्टेम सेल डोनेट की और इस छोटे से बच्चे को दूसरी जिंदगी प्रदान की। त्वरित का इलाज करने वाले डॉक्टर एवं वर्चुअल ईवेंट के एक पैनलिस्ट, डॉ.सुनील भट्ट, डायरेक्टर एवं क्लिनिकल लीड पीडियाट्रिक हीमेटोलॉजी, ऑन्कोलॉजी एवं ब्लड एंड मैरा ट्रांसप्लांटेशन, नारायणा ने कहा कि सफल स्टेम सेल ट्रांसप्लांट के लिए एक एचएलए ह्यूमन ल्यूकोसाईट एंटीजन मैच्ड डोनर की जरूरत होती है।

### बालिका बनी सहेलियों को सप्लीमेंट लेने की प्रेरणा

**मुंबई।** मार्च 2020 में जब कोविड-19 ने देश में दस्तक दिया तो इसके साथ कुपोषण और आर्थिक संकट भी आ गया। लाखों लोग बेरोजगार हो गए। देश के अन्य तमाम गांवों की तरह सोंगवान भी महामारी और इसके बाद लॉकडाउन की चपेट में आ गया। वहां की 16 वर्षीय खुशबू भी उससे प्रभावित हो गई जिससे वह आर्थिक तंगी के कारण कक्षा 10 से आगे नहीं पढ़ पाई। हालांकि स्कूल नहीं जाने के बावजूद अंदर से मजबूत खुशबू को जब भी अखबार हाथ लगता वह पढ़ती और नई-नई जानकारी प्राप्त करती। इस तरह वह खुद को अपडेट रखती। गांव की गतिविधियों में भी गहरी दिलचस्पी लेती और समय निकाल कर गांव के आंगनवाड़ी केंद्र पहुंच जाती जहां वह स्वेच्छा से गांव की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायक नर्स मिडवाइफ की मदद किया करती। गांव की एएनएम रेखा वर्मा ने जब जून 2020 के अंतिम सप्ताह में लॉकडाउन की वजह से लड़कियों को साप्ताहिक आयरन और फोलिक एसिड सप्लीमेंट नहीं मिल पाने का अंदेशा जताया तो खुशबू काफी परेशान हो गई। इसके दुष्परिणामों से वाकिफ खुशबू ने तुरंत रेखा से उसे मदद करने की बात की ताकि डब्ल्यूआईएफए सप्लीमेंटेशन प्रोग्राम में कोई रुकावट नहीं आए। खुशबू ने स्कूल में पढ़ने वाली सभी किशोरियों की पहचान करने के लिए जल्द से जल्द एक सर्वे करने में एएनएम की मदद की ।

### एशियन किड्स देगा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

**लखनऊ।** एशियन किड्स प्रीस्कूल ने गस्टो क्लब में अपनी तीसरी शाखा का उद्घाटन किया। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना प्राथमिक उद्देश्य है, जिसके कारण एशियन किड्स प्री.स्कूल की स्थापना हुई है। नई शाखा के सफल भव्य उद्घाटन पर निदेशक सुश्री नौरीन हैदर ने अभिभावकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। गस्टो क्लब में एशियनकिड्स की नई शाखा मॉडर्न इंफ्रास्ट्रक्चर और टीचिंग मेथडलाजी के साथ शुरू की गयी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ प्रज्ञान दंगल थीं जो एक शिक्षाविद और मनोवैज्ञानिक हैं और एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ बिहेवियरल एंड एलाइड साइंसेज की वाईस प्रेजिडेंट हैं। उन्होंने एशियन किड्स परिवार को बधाई दी और यह भी कहा कि माता-पिता को अपने बच्चों की शिक्षा में शामिल होना चाहिए।

### सत्ताधारी भाजपा ने त्रिपुरा मे कई बार मुझे मेरे निर्वाचन क्षेत्र का करने से रोका : सरकार

**भाषा। नई दिल्ली**

त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और माकपा नेता माणिक सरकार ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा ने उन्हें कई बार राज्य और उनके निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करने से रोका। उन्हों यह बात माकपा महासचिव सीताराम एचुरी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य में भाजपा द्वारा वामपंथी कार्यकर्ताओं के खिलाफ हिंसा का आरोप लगाए जाने के कुछ दिनों बाद कही है। सरकार 1998 से 2018 तक त्रिपुरा का मुख्यमंत्री रहे थे। एचुरी और सरकार ने त्रिपुरा में हिंसा को लेकर भाजपा पर निशाना साधा।

## सभी क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना चाहिए : शाह



राजभाषा गौरव पुरस्कार प्राप्त करने से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से आशीर्वाद लेते हुए पी.वासुदेवन

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि हिंदी भारत की क्षेत्रीय भाषाओं की सखी है तथा सभी भाषाओं का प्रचार करना और उन्हें बढ़ावा देना चाहिए। हिंदी दिवस पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने माता-पिता से अपील की कि बच्चे चाहे अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पढ़ते हों लेकिन वे घर पर उनसे मातृ भाषा में बात करें, वरना बच्चे अपनी जड़ों से दूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा, हिंदी किसी भी क्षेत्रीय भाषा से अलग नहीं है। हिंदी सभी भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं की सखी है। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय क्षेत्रीय भाषाएं हिंदी की पूरक हैं और उसे पूर्ण करती है तथा सभी क्षेत्रीय भाषाओं का प्रचार करना तथा उन्हें बढ़ावा देना चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि 2014 के बाद से ही संसद में और सांसद अपनी क्षेत्रीय भाषा में बोल रहे हैं और उनकी कही बातों का प्रति शब्द अंग्रेजी और हिंदी में अनुवाद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे जन प्रतिनिधियों को सर्वोच्च मंच पर अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं उठाने में मदद मिली है। शाह ने कहा कि लोगों को केवल उत्पादों के निर्माण में ही नहीं बल्कि भाषाओं के लिए भी आत्म निर्भर होना चाहिए।

### वैश्विक मंच पर हिंदी मजबूत पहचान बना रही है : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंदी दिवस के अवसर पर मंगलवार को देशवासियों को बधाई दी और कहा कि सभी के प्रयासों से यह भाषा वैश्विक मंच पर लगातार अपनी मजबूत पहचान बना रही है। हिंदी को एक सक्षम और समर्थ भाषा बनाने मे अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। यह आप सबके प्रयासों का ही परिणाम है कि वैश्विक मंच पर हिंदी लगातार अपनी मजबूत पहचान बना रही है।

## भारत-अमेरिका स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान के लिए रणनीतिक साझेदारी में कर रहे सुधार




**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत और अमेरिका जैव ईंधन और हाइड्रोजन जैसे स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपनी रणनीतिक साझेदारी में सुधार कर रहे हैं। अमेरिका के ऊर्जा उप मंत्री डेविड एम. टर्क के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान सिंह ने कहा कि अपने परमाणु और नाभिकीय कार्यक्रम को बढ़ावा देने की भारत की प्रतिबद्धता न केवल स्वच्छ ऊर्जा का एक प्रमुख स्रोत प्रदान करने के लिए है बल्कि स्वास्थ्य और कृषि जैसे क्षेत्रों में उपयोग का एक प्रमुख साधन भी है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा परमाणु ऊर्जा मंत्री सिंह ने कहा, अगले दस वर्षों मे भारत तीन गुना से अधिक परमाणु ऊर्जा का उत्पादन करेगा और वर्तमान में 6780 मेगावाट से वर्ष 2031 तक इसके 22,480 मेगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है क्योंकि भविष्य में और अधिक परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की भी योजना है।

### कन्नड़ संगठनों ने हिंदी थोपने का विरोध किया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कन्नड़ संगठनों ने मंगलवार को हिंदी दिवस के मौके पर, हिंदी थोपने के विरोध में ट्विटर अभियान चलाया और कई हिस्सों में बैंकों के सामने धरना दिया। कर्नाटक रक्षा वेदिक ने मंगलवार को सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक हैशटैग स्टॉप हिंदी इंपोजिशन के साथ ट्विटर अभियान चलाया जबकि इसके कार्यकर्ताओं ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में बैंकों के सामने धरना दिया। केआरवी ने सेदाम, चिंचोली, रॉन, हुंगुंड, हिरियुर, पांडवपुरा, बेंगलुरु, विजयपुरा, कलबुर्गी, चिकबल्लापुरा, तीर्थहल्ली, उडुपी, उत्तर कन्नड़, कोलार, मांड्या और धारवाड़ सहित कई अन्य स्थानों पर धरना दे रहे।



गुजरात के नवनियुक्त मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने जामनगर के बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा किया



एचआरटीसी कर्मचारियों अपनी मांगों के विरोध में शिमला के एक बस स्टैंड पर नारे लगाते हुए

## गुजरात प्रगति की राह पर था तो मुख्यमंत्री क्यों बदला

**भाषा। मुंबई**




● शिव सेना मुखपत्र सामना में प्रकाशित एक संपादकीय में की टिप्पणी

**शिवसेना** ने मंगलवार को कहा कि गुजरात में अचानक नेतृत्व परिवर्तन कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर पहली बार विधायक बने भूपेंद्र पटेल को नया मुख्यमंत्री बनाने के घटनाक्रम ने कामकाज की उस शैली को प्रतिबिंबित किया है जो आम तौर पर कांग्रेस से जुड़ी हुई है। पार्टी ने साथ ही दावा किया कि गुजरात के विकास मॉडल का गुब्बारा बुलबुले की तरह फूट गया है। शिवसेना के मुखपत्र सामना में प्रकाशित एक संपादकीय में कहा गया है कि गुजरात के लोग कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान स्वास्थ्य प्रणाली के ध्वस्त होने पर बेहद गुस्से में थे जब विजय रूपाणी मुख्यमंत्री थे।

इसमें कहा गया है कि भाजपा को भी यह एहसास हुआ कि पटेल प्रभावशाली पाटीदार समुदाय से ताल्लुक रखते हैं, यह समुदाय पार्टी से नाराज है जिसके चलते इस पड़ोसी राज्य में शीर्ष स्तर पर यह बदलाव किया गया। भाजपा की पूर्व सहयोगी एवं अब महाराष्ट्र में कांग्रेस और राकांपा के साथ सत्ता साझा कर रही शिवसेना ने चुटकी लेते हुए कहा, यही चीज कांग्रेस में भी होती है और हमें इसे लोकतंत्र कहना होगा। संपादकीय में दावा किया गया है कि अचानक नेतृत्व परिवर्तन के साथ ही लोकतंत्र का, राज-काज व विकास के गुजरात मॉडल का गुब्बारा किसी बुलबुले की तरह अचानक फट गया है। सवाल किया गया है, पटेल पिछले चार साल में मंत्री भी नहीं रहे हैं, लेकिन उन्हें सीधे मुख्यमंत्री बना दिया गया। गुजरात राज्य यदि विकास, प्रगति के मार्ग पर आगे जा रहा था तो इस तरह से रातों-रात मुख्यमंत्री बदलने की नौबत क्यों आई?

# शिमला के राष्ट्रपति निवास के कर्मचारी कोरोना से संक्रमित

भाषा। शिमला

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद बृहस्पतिवार से हिमाचल प्रदेश के चार दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वह राष्ट्रपति निवास के बदले एक निजी होटल में ठहरेंगे। अपनी इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति हिमाचल प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करेंगे। कोविंद रिट्रीट (शिमला के छराबड़ा में स्थित राष्ट्रपति निवास) के बदले सेसिल होटल में रुकेंगे। रिट्रीट के चार कर्मचारियों के शनिवार को कोविड-19 से पीडि़त होने की पुष्टि हुई थी। राष्ट्रपति कोविंद विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करेंगे तथा शिमला में राष्ट्रीय लेखा परीक्षा और लेखा अकादमी में भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। राष्ट्रपति के निकट संपर्क में आने वाले लोगों को कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं होने की रिपोर्ट देनी होगी, भले ही उन्होंने कोविड टीकों की दोनों खुराक ले ली हो। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने मंगलवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि राष्ट्रपति हिमाचल प्रदेश को राज्य का दर्जा दिए जाने की स्वर्ण जयंती के मौके पर शुक्रवार सुबह 11 बजे विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करेंगे।

## कल से हिमाचल के दौरे पर जायेंगे राष्ट्रपति, निजी होटल में ठहरेंगे

कोविंद राज्य विधानसभा को संबोधित करने वाले तीसरे राष्ट्रपति होंगे। तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम और प्रणब मुखर्जी ने क्रमश: 2003 तथा 2013 में राज्य विधानसभा को संबोधित किया था। अधिकारी ने बताया कि मौजूदा विधायकों के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार और प्रेम कुमार धूमल समेत पूर्व मुख्यमंत्रियों तथा सभी पूर्व विधायकों को विशेष सत्र के लिए आमंत्रित किया गया है। कुमार और धूमल सहित 93 पूर्व विधायकों ने विशेष सत्र में भाग लेने के लिए अपनी सहमति दी है। राज्य के पांच सांसद और सात पूर्व सांसद भी सत्र में शामिल होंगे। राज्य सरकार के अधिकारी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति 16 सितंबर को दिल्ली के पालम हवाईअड्डे से चंडीगढ़ के रास्ते अन्नाडेल हेलीपैड पहुंचेंगे। इसके बाद वह दोपहर करीब 12.25 बजे यहां स्थित सेसिल होटल पहुंचेंगे। राष्ट्रपति शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि वह शुक्रवार की शाम साढ़े सात बजे एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होंगे और रात आठ बजे राज्यपाल द्वारा आयोजित भोज में शामिल होंगे।

## अदालत ने केंद्र को पीएमएलए अपीलीय न्यायाधिकरण को कार्यशील बनाने की समय सीमा बताने को कहा

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र को निर्देश दिया कि वह राष्ट्रीय राजधानी में धन शोधन निवारण अधिनियम के अपीलीय न्यायाधिकरण के कामकाज शुरू करने और अध्यक्ष तथा सदस्यों के पदों को भरने की समय सीमा स्पष्ट रूप से बताए। न्यायमूर्ति रेखा पल्ली ने केंद्र द्वारा दाखिल एक स्थिति रिपोर्ट पर गौर करने के बाद कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि न्यायाधिकरण को जल्द से जल्द कार्यशील बनाने के लिए कोई समय सीमा नहीं बताई गई है। न्याय के हित में, प्रतिवादियों को स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया जाता है, जिसमें स्पष्ट रूप से उस समय सीमा का उल्लेख किया जाना चाहिए कि न्यायाधिकरण को कब से कार्यशील बनाया जाएगा और अध्यक्ष तथा सदस्यों के पदों को कब तक भरा जाएगा। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि सात अक्टूबर तय की। अदालत फुलर्टन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। धन शोधन सहित आर्थिक अपराध के मामलों से निपटने के लिए पीएमएलए के तहत गठित अपीलीय न्यायाधिकरण में अध्यक्ष को पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। केंद्र ने स्थाई वकील के माध्यम से अपनी स्थिति रिपोर्ट में कहा कि संसद ने हाल में न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 बनाया है, जिसमे अन्य बातों के साथ-साथ न्यायाधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा की शर्तों का प्रावधान भी है।



मुंबई में भगवान गणेश की प्रतिमा को समुद्र में विसर्जित करते हुए श्रद्धालु

# गुजरात: भाजपा ने कहा, मंत्री दो दिन में लेंगे शपथ

अहमदाबाद। भूपेंद्र पटेल के गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में पदभार संभालने के एक दिन बाद, भाजपा के एक नेता ने कहा कि अगले दो दिनों में और मंत्रियों के शपथ ग्रहण किए जाने की संभावना है। मुख्यमंत्री पद से विजय रूपाणी के शनिवार को अचानक इस्तीफा देने के बाद सोमवार को केवल भूपेंद्र पटेल (59) ने शपथ ली थी। भाजपा की गुजरात इकाई के प्रवक्ता यमल व्यास ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा से कहा, चर्चा चल रही है और शपथ ग्रहण बुधवार या बृहस्पतिवार को होगा। प्रक्रिया के तहत मंत्रियों के शपथ ग्रहण के समय उनके नामों की घोषणा की जाएगी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि मंत्री पद की इच्छा रखने वाले कुछ नेताओं ने मंगलवार को प्रदेश भाजपा प्रमुख सी आर पाटिल से मुलाकात की।

नितिन पटेल को नए मंत्रिमंडल में बनाए रखा जाएगा या नहीं, इसको लेकर पार्टी में अटकलें लगाई जा रही हैं। नितिन पटेल विजय रूपाणी के नेतृत्व वाले कैबिनेट में उप मुख्यमंत्री थे। साथ ही रूपाणी मंत्रिमंडल में वरिष्ठ मंत्री भूपेंद्र सिंह चूडास्मा, आर सी फालदू और कौशिक पटेल को नए मंत्रिमंडल में बनाए रखने को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही हैं।

पार्टी सूत्रों ने कहा कि जहां तक संभव होगा, वरिष्ठ नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा। पार्टी सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली रवाना होने से पहले सोमवार रात पटेल और पाटिल से मुलाकात की। इस दौरान मंत्रिमंडल गठन पर संभावित चर्चा हुई। पटेल को रविवार को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था और सोमवार को गांधीनगर में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने उन्हें राज्य के 17वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में शाह मौजूद थे।

## ओडिशा में एक करोड़ रुपए की ब्राउन शुगर जब्त, दो गिरफ्तार

भाषा। भुवनेश्वर

ओडिशा की राजधानी में एक करोड़ रुपए की ब्राउन शुगर जब्त की गई है और दो कथित अंतरराज्ईय मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए, ओडिशा पुलिस की अपराध शाखा के विशेष कार्य बल ने सोमवार रात भुवनेश्वर के रसूलगढ़ इलाके में पड़ोसी पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के रहने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 1.025 किलोग्राम ब्राउन शुगर जब्त की। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों पर एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले में आगे की जांच जारी है। एसटीएफ ने पिछले साल से अब तक 40 किलोग्राम से अधिक ब्राउन शुगर और हेरोइन और 86.81 क्विंटल गांजा जब्त किया है और मादक द्रव्यों के 100 से अधिक तस्करों को गिरफ्तार किया है।

# नारकोटिक जिहाद टिप्पणी : विवाद खत्म करने के लिए कांग्रेस ने की सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग

भाषा। तिरुवनंतपुरम

विपक्षी दल कांग्रेस ने मंगलवार को केरल सरकार से अनुरोध किया कि वह पाला बिशप जोसेफ काल्लारांगट की नारकोटिक जिहाद टिप्पणी से उत्पन्न विवाद का स्थाई समाधान निकालने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि ईसाई और मुस्लिम समुदाय टकराव की ओर बढ़ रहे हैं लेकिन राज्य सरकार मूक दर्शक बनी हुई है।

हालांकि, इस विवादित टिप्पणी पर बिशप का समर्थन करने वाली भाजपा ने एरात्तुपेट्टा नगर निगम में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट) और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया की हालिया राजनीतिक साझेदारी की ओर ईसाई समुदाय का ध्यान आकर्षित किया। साथ ही उसने यह बताने का प्रयास किया कि एलडीएफ और माकपा चरमपंथी समूहों को अपना समर्थन देंगे।

एसडीपीआई, पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का राजनीतिक मोर्चा है। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी. डी. सतीसन ने कहा कि इस मामले से कहीं से भी नहीं जुड़े लोगों का एक समूह सोशल मीडिया पर घृणा अभियान चला कर आग में घी डालने का काम कर रहा है और यह दक्षिण भारत के राज्य में सौहार्द को भंग करना चाह रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वाम मोर्चा नीत सरकार इस विवाद को समाप्त करने के लिए कुछ नहीं कर रही है, सिर्फ मूक दर्शक बनी हुई है।

उन्होंने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन से कैथोलिक बिशप की नारकोटिक जिहाद वाली टिप्पणी को लेकर सोशल मीडिया पर किए जा रहे पोस्ट देखने का अनुरोध किया और पूछा कि अपने हितों के लिए कुछ तत्व साम्प्रदायिक दंगे भड़काने की कोशिश कर रहे हैं, ऐसे में उनकी सरकार, खुफिया विभाग और पुलिस का साइबर प्रकोष्ठ क्या कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर दो समुदायों के बीच टकराव रोकने के लिए कांग्रेस ठोस रुख अपनाएगी, और तनाव खत्म करने के सरकार के किसी भी प्रयास का पार्टी समर्थन करेगी। उन्होंने कहा, सरकार को सर्वदलीय बैठक बुलाने के लिए तैयार रहना चाहिए, जिसमें दोनों समुदायों के सभी नेता भाग लें। सरकार को यह तनाव समाप्त करना चाहिए। ऐसे भी लोग हैं जो इस अवसर के इंतजार में हैं ताकि केरल को तबाह कर सकें। हम सभी से बार-बार अनुरोध करते हैं कि उनके जाल में ना फंसें।

## क्विक न्यूज

### धन शोधन मामले में ईडी के समन के खिलाफ देशमुख की याचिका पर खंडपीठ करेगी सुनवाई

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि धन शोधन के मामले मे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी समन के खिलाफ महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख की याचिका पर एकल न्यायाधीश की पीठ नही बल्कि दो न्यायाधीश की खंडपीठ सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति ए के शिंदे की एकल पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय के रजिस्ट्री विभाग की ओर से आपत्ति जताई गई है जो सही है। इसमे रजिस्ट्री विभाग ने कहा है कि याचिका मे जो मुद्दे उठाए गए है उनकी सुनवाई खंडपीठ द्वारा की जानी चाहिए। न्यायमूर्ति शिंदे ने रजिस्ट्री विभाग को निर्देश दिया कि वह देशमुख की याचिका को सुनवाई के लिए उपयुक्त खंडपीठ के समक्ष रखे। देशमुख ने इस महीने की शुरुआत मे याचिका दायर करके ईडी द्वारा उनके खिलाफ जारी पांच समन रद्द करने की मांग की थी। पिछले हफ्ते जब याचिका न्यायमूर्ति शिंदे के समक्ष सुनवाई के लिए आई तो ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत का ध्यान रजिस्ट्री विभाग के उस नोट की ओर आकर्षित किया जिसमे कहा गया था कि याचिका पर सुनवाई खंडपीठ को करनी चाहिए। तब अदालत ने कहा था कि वह इस मुद्दे पर विचार करने के बाद आदेश देगी। 21 अप्रैल को देशमुख के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद ईडी ने पूर्व मंत्री और उनके साथियों के खिलाफ जांच शुरू की थी।

### भाजपा सांसद अर्जुन सिंह के आवास के बाहर बम विस्फोट

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना स्थित भाजपा सांसद अर्जुन सिंह के आवास पर बदमाशो द्वारा बम फेंकने की घटना के एक हफ्ते से भी कम समय बाद मंगलवार सुबह उनके घर के बाहर इसी तरह के विस्फोट होने की जानकारी मिली है। भाजपा नेता सिंह ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ टीएमसी के सदस्य उनकी जान लेने की कोशिश कर रहे है। सुबह करीब 9.10 बजे, सिंह के भाटपाड़ा आवास से करीब 200 मीटर की दूरी पर खाली पड़ी जमीन पर बम विस्फोट हुए। हम मामले की जांच कर रहे है। हमारे अधिकारी वहां है। एनआईए ने 8 सितंबर की घटना की जांच सोमवार को अपने हाथ में ली थी जिसमे भाजपा सांसद के आवास का गेट आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था। सिंह ने आरोप लगाया कि इस हमले की योजना तृणमूल कांग्रेस द्वारा उन्हे, उनके परिवार के सदस्यो और उनके करीबी लोगो को मारने के लिए बनाई गई थी। यह एक सुनियोजित हमले के अलावा और कुछ नही है। इसके पीछे तृणमूल कांग्रेस है... वे मुझे और मेरे लोगो को मारने की कोशिश कर रहे है। यह बंगाल मे गुंडाराज है। टीएमसी के उत्तर 24 परगना के अध्यक्ष पार्थ भौमिक ने आरोपो को खारिज किया और कहा कि भाजपा सांसद अपने घर के बाहर विस्फोटों के लिए किसी न किसी तरह से जिम्मेदार है।

### केरल में निलंबित कांग्रेस नेता ने की इस्तीफे की घोषणा

तिरुवनंतपुरम। अनुशासनहीनता के आरोप मे निलंबित कांग्रेस नेता और केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव केपी अनिल कुमार ने मंगलवार को कहा कि वह पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे है। कुमार ने कहा कि उन्होने पिछले महीने उनके खिलाफ पार्टी की कार्वाई के बाद ही अपना स्पष्टीकरण दे दिया था लेकिन निलंबन अभी तक वापस नही लिया गया है। मै कांग्रेस पार्टी के साथ अपने 43 साल पुराने रिश्ते को खत्म कर रहा हूं। कुमार द्वारा इस्तीफे की घोषणा किए जाने के तुरंत बाद केपीसीसी प्रमुख के सुधाकरण ने एक बयान जारी कर कहा कि कुमार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है। केरल मे कांग्रेस ने एआईसीसी द्वारा राज्य मे पार्टी के जिला प्रमुखो के चयन पर सार्वजनिक रूप से नाराजगी व्यक्त करने के लिए अनिल कुमार को पूर्व विधायक के शिवदासन नायर के साथ 29 अगस्त को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया था।

### जम्मू कश्मीर के पुलवामा में ग्रेनेड हमला, चार घायल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले मे मंगलवार को सुरक्षा बलो को निशाना बनाकर आतंकवादियो द्वारा किए गए एक ग्रेनेड हमले मे कम से कम चार नागरिक घायल हो गए। आतंकवादियो ने आज दोपहर मे पुलवामा चौक पर सुरक्षा बलो के एक वाहन की ओर ग्रेनेड फेंका, लेकिन ग्रेनेड सड़क किनारे फट गया। घायलो को अस्पताल ले जाया गया है, जबकि सुरक्षा बलो ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। कश्मीर मे हाल के दिनो मे आतंकियो के ग्रेनेड हमले बढ़ गए है। पिछले सप्ताह शहर के चनापोरा इलाके मे एक ग्रेनेड हमले मे दो महिलाओ सहित तीन लोग घायल हो गए थे। सुरक्षा बलो ने सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के व्यस्त परिम्पिरा-पंथाचौक मार्ग पर आतंकवादियो द्वारा लगाए गए छह ग्रेनेड का पता लगाया था और उन्हे निष्क्रिय किया था।

### मुझे फंसाने की कोशिश की जा रही है: सोलंकी

जयपुर। राजस्थान की चाकसू विधानसभा से कांग्रेस विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि उन्हे फंसाने का षड्यंत्र किया जा रहा है और ब्लैकमेल करने वाले वीडियो भेजे जा रहे है जिसकी शिकायत उन्होने पुलिस से की है। उन्हे फंसाने के लिए महिलाएं ब्लैकमेल करने वाले वीडियो भेज रही है और उन्होने इसकी शिकायत पुलिस को की है। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा, ऐसे षड्यंत्र तो पिछले कई महीने से चल रहे है। कई महीने से आरोप लग रहे है।



अंगुल में भारी बारिश के बाद तालचर-अंगुल रेलवे खण्ड पर पुल गिरने से दुर्घटनाग्रस्त मालगाड़ी के डिब्बे

## मछुआरे की मां की केरल हाईकोर्ट से मुआवजा दिलाने की गुहार

कोच्चि। केरल उच्च न्यायालय ने उस मछुआरे की मां द्वारा मुआवजे की मांग की याचिका पर मंगलवार को केंद्र से जवाब मांगा जो मछली पकड़ने के काम आने वाली नौका सेंट एंटोनी पर सवार था और जिस पर दो इतालवी नौसैनिकों ने 2012 में गोलीबारी की थी। इस घटना से सदमे में आए युवक ने बाद में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार के वकील को याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इस मामल में अब दो सप्ताह बाद सुनवाई होगी।

महिला ने याचिका में कहा है कि नौका के मालिक ने नौका पर सवार लोगों की सूची में उनके बेटे का नाम नहीं भेजा था और इस वजह से सदमे से उबारने के लिए उसकी न तो काउंसलिंग हुई और न ही उन्हें मुआवजा मिला। उनके वकील ने अदालत को बताया कि घटना के बाद सदमे में आए याचिकाकर्ता महिला के बेटे ने बाद में आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने कहा कि महिला के बेटे का नाम उचित मुआवजे पर विचार करने के लिए इतालवी अधिकारियों को भेजा जाना चाहिए था।

उस नौका पर सवार रहे और उस घटना का सामना करने वाले दस मछुआरों ने पिछले महीने उच्चतम न्यायालय से मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई थी। इसके बाद शीर्ष अदालत ने केरल उच्च न्यायालय से कहा था कि नौका के मालिक के लिए दिए गए दो करोड़ रूपए के मुआवजे में से वह कोई राशि जारी नहीं करें। उच्चतम न्यायालय ने केरल के दो मछुआरों को केरल तट के निकट फरवरी 2012 में मार डालने के मामले में आरोपी दो इतालवी नौसैनिकों मासिमिलानो लातोरे और सल्वातोरे गिरोने के खिलाफ भारत में चल रहे आपराधिक मामले को बंद करने का 15 जून को निर्देश दिया था क्योंकि मारे गए मछुआरों और नौका मालिक के लिए इटली गणराज्य की ओर से दस करोड़ रूपए की क्षतिपूर्ति दी गई थी।

## एनआईए के मामले में वांछित माओवादी केरल में गिरफ्तार

मलप्पुरम (केरल)। केरल पुलिस की आतंक रोधी शाखा (एटीएस) ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के कार्यकर्ता सी पी उस्मान को गिरफ्तार किया है जो राज्य में प्रतिबंधित संगठन की गतिविधियां चलाने के आरोप में 2019 में दर्ज एक मामले में वांछित था। सूत्र ने अधिक विवरण न देते हुए पीटीआई-भाषा से कहा, उसे जिले से एटीएस ने गिरफ्तार किया है। उस्मान पिछले कई वर्षों से फरार था। केरल में सीपीआई (माओवादी) की गतिविधियां चलाने के आरोप में अल्लान शोएब, थ्वहा फैसल और सी पी उस्मान के विरुद्ध कोझीकोड के पंथीरनकवु पुलिस थाने में नवंबर 2019 में मामला दर्ज किया गया था। इस मामले की जांच एनआईए कर रहा है। अल्लान और थ्वहा के अलावा एनआईए ने विजित विजयन को भी गिरफ्तार किया था जो माओवादी समूह के एक अन्य सदस्य था। उन पर भादंसं और गैर कानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज है।

# तालिबान से मुझे क्या करना है मुझ पर शक क्यों : ओवैसी

पटना। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने तालिबान को लेकर उनके नजरिए के बारे में पूछे जाने पर मंगलवार को नाराजगी जताई और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को चुनौती दी कि वह उसे आतंकवादी संगठन घोषित करे। पटना में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए हैदराबाद के सांसद ने यह भी मांग की कि सरकार, इस तथ्य को देखते हुए कि भारत वर्तमान में प्रतिबंधों पर संयुक्त राष्ट्र की समिति का नेतृत्व कर रहा है, क्या यह आश्वासन देती है कि तालिबान नेताओं में से किसी को भी आतंकवादियों की सूची से नहीं हटाया जाएगा।

उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, तालिबान से असदुद्दीन ओवैसी को क्या करना है ? आपके दिमाग में ऐसी बात आती क्यों है? आप क्यों मुझ पर शक करते हैं? ओवैसी ने कुछ भाजपा नेताओं द्वारा उन्हें तालिबानी सोच (मानसिकता) वाला व्यक्ति करार दिए जाने की ओर इशारा करते हुए कहा कि क्या यह असदुद्दीन ओवैसी था जिसने कंधार में अपहृत विमान के यात्रियों की रिहाई के लिए जेल में बंद आतंकवादियों को सौंप दिया था?

एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा कि उन्होंने संसद के पटल पर तालिबान के संबंध में अपना रुख स्पष्ट कर दिया है लेकिन उनकी चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा, नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर बहस के दौरान, मैंने सरकार से अनुरोध किया था कि वह तालिबान द्वारा संभावित नियंत्रण की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए अधिनियम को धर्म-तटस्थ बनाने पर विचार करे क्योंकि क्या आप ताजिक, उज्बेक सहित वहां की अन्य अल्पसंख्यक जनजातियों को शरण दे पाएंगे। ओवैसी ने यह भी कहा कि अफगानिस्तान पर तालिबान का कब्जा "पाकिस्तान और चीन को मजबूत करेगा" जो कि भारत के लिए बहुत चिंता का विषय है क्योंकि भारत ने अफगानिस्तान में बहुत निवेश किया है।

# जद(यू) को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने की कवायद उप्र, मणिपुर में अपने बूते चुनाव लड़ने की तैयारी

नई दिल्ली। जनता दल (यूनाइटेड) का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने बिहार के इस सत्तारूढ़ दल को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने की कवायद आरंभ कर दी है। इस सिलसिले में पार्टी ने मंगलवार को झारखंड में संगठन को मजबूत करने के लिए जहां कुछ नियुक्तियां कीं, वहीं स्पष्ट किया कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से उसका गठबंधन नहीं हुआ तो आगामी उत्तर प्रदेश और मणिपुर विधानसभा चुनाव में अपने बूते मजबूती से चुनाव लड़ेगी।

राजधानी दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में ललन सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी की पहली कोशिश राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के तहत उतरने की होगी लेकिन यदि ऐसा नहीं होता है तो वह उत्तर प्रदेश सहित सभी चुनावी राज्यों में अपने बूते चुनाव लड़ेगी। ज्ञात हो कि जनता दल (यूनाइटेड) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सबसे पुराने सहयोगियों में एक है। बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) और भाजपा गठबंधन की सरकार है और नीतीश कुमार उसके मुखिया हैं। वहीं, केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में जनता दल (यूनाइटेड) शामिल है।

ललन सिंह ने कहा कि आगामी चुनावी राज्यों में राजग के साथ लड़ने को लेकर भाजपा से अभी कोई बात नहीं बनी है और बातचीत प्रारंभिक दौर में ही है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया, राजग के अंदर बात बनती है तो तालमेल के साथ चुनाव लड़ेंगे, नहीं तो हमारी तैयारी चल रही है। हम अपने बूते मजबूती के साथ, खासकर उत्तर प्रदेश और मणिपुर में चुनाव लड़ेंगे। इस बीच, सूत्रों से जानकारी मिली है कि जनता दल (यूनाइटेड) नवंबर महीने में लखनऊ में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित करेगा, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल होंगे। पार्टी ने चुनाव से पहले मणिपुर में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित करने का भी फैसला किया है। उत्तर प्रदेश व मणिपुर में होने वाले विधानसभा चुनाव में मजबूती से चुनाव लड़ जनता दल (यूनाइटेड) राष्ट्रीय स्तर की पार्टी का दर्जा हासिल करने का प्रयास करेगा।

ज्ञात हो कि गत अगस्त महीने में जनता दल (यूनाइटेड) की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में नीतीश कुमार ने पार्टी के सभी नेताओं से जद(यू) को राष्ट्रीय दल बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया था। वर्तमान में बिहार और अरुणाचल प्रदेश में उसे राज्य स्तरीय पार्टी की मान्यता प्राप्त है। अगर दो अन्य राज्यों में मान्यता मिल जाती है तो वह राष्ट्रीय पार्टी बन जाएगा। इसी को केंद्र में रख ललन सिंह पार्टी को मजबूत करने की कवायद कर रहे हैं।



जयपुर में राजस्थान लोकसेवा आयोग एसआई परीक्षा 2021 के उम्मीदवार सिंधी कैंप बस स्टैण्ड पर खड़े हुए

# आईटी, बैंक शेयरों को समर्थन से बाजार में हल्की तेजी

● निफ्टी नए रिकार्ड स्तर पर

भाषा। मुंबई

**शेयर बाजारों** में एक दिन की गिरावट के बाद मंगलवार को फिर तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 69 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच आईटी, बैंक और इंजीनियरिंग शेयरों में तेजी से बाजार को मजबूती मिली। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 69.33 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 58,247.09 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 24.70 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,380 अंक की रिकार्ड ऊंचाई पर बंद हुआ।




| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| इंडसइंड | 4.07 | एचडीएफसी | -1.07 |
| एचसीएल टेक | 2.54 | नेस्ले | -0.97 |
| कोटक महिन्द्रा | 1.67 | अल्ट्रा टेक सीमेंट | 0.87 |
| बजाज ऑटो | 1.62 | हिन्द. यूनी. | -0.78 |
| टेक महिन्द्रा | 1.55 | टाटा स्टील | -0.74 |




| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| इंडसइंड | 3.93 | अल्ट्रा टेक सीमेंट | 1.13 |
| एचसीएल टेक | 2.37 | एचडीएफसी | -1.04 |
| हीरो मोटोकॉर्प | 2.01 | बीपीसीएल | -1.03 |
| अदानी पोर्ट्स | 1.53 | नेस्ले | -1.03 |
| टाटा मोटर्स | 1.51 | टाटा स्टील | -0.82 |

पीटीआई ग्राफिक

सेंसेक्स के शेयरों में 4.07 प्रतिशत की तेजी के साथ इंडसइंड बैंक सर्वाधिक लाभ में रहा। इसके अलावा एचसीएल टेक, बजाज ऑटो, टेक महिंद्रा, एल एंड टी, कोटक बैंक, टाइटन और टीसीएस में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ गिरावट वाले शेयरों में नेस्ले इंडिया, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचयूएल, एचडीएफसी, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस शामिल हैं। इनमें 1.07 प्रतिशत की गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच अच्छी शुरूआत के बावजूद घरेलू शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त महीने में 5.3 प्रतिशत रही जो भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजक स्तर के दायरे में है। खाद्य महंगाई दर कम होने से मुद्रास्फीति घटी है। उन्होंने कहा, हालांकि, गैर-खाद्य वस्तुओं के दाम में तेजी से थोक मुद्रास्फीति अगस्त महीने में बढ़कर 11.39 प्रतिशत रही।

## वित्त मंत्रालय ने 11 राज्यों को 15,721 करोड़ रु का अतिरिक्त कर्ज लेने की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने जून तिमाही के लिए निर्धारित पूंजीगत व्यय लक्ष्य हासिल करने के बाद 11 राज्यों को 15,721 करोड़ रुपए का अतिरिक्त कर्ज लेने की मंजूरी दे दी है। इन राज्यों में आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, केरल, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, राजस्थान और उत्तराखंड शामिल हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 11 राज्यों ने 2021-22 की पहली तिमाही में पूंजीगत व्यय के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। प्रोत्साहन के रूप में, इन राज्यों को व्यय विभाग ने 15,721 करोड़ रुपए का अतिरिक्त कर्ज लेने की मंजूरी दी है। राज्यों को उनके सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के 0.25 प्रतिशत के बराबर खुले बाजार से अतिरिक्त कर्ज लेने की मंजूरी मिली है। इस प्रकार उपलब्ध कराए गए अतिरिक्त वित्तीय संसाधन राज्यों को अपने पूंजीगत व्यय को और आगे बढ़ाने में मदद करेंगे।

## मप्र सरकार ने 17 महीने में 384 औद्योगिक इकाइयों को 840 एकड़ जमीन आवंटित की: सीएम शिवराज

भाषा। भोपाल

**मध्य प्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पिछले 17 महीने में प्रदेश में 384 औद्योगिक इकाइयों को 840 एकड़ भूमि आवंटित की गई। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश में अनुमानित 11,000 करोड़ रुपए का निवेश होगा। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक चौहान ने कहा, कोरोना वायरस की महामारी के बावजूद पिछले 17 महीनों में प्रदेश में 384 इकाइयों को 840 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। इससे 11 हजार करोड़ रुपए का पूंजी निवेश होगा और 22 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

मुख्यमंत्री एक दिन पहले भोपाल के पास अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र के टेक्सटाइल पार्क में 110 करोड़ रुपए के निवेश वाली रेडीमेड गारमेंट इकाई गोकुलदास एक्सपोर्ट्स लिमिटेड की



आधारशिला रखने के बाद एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। चौहान ने यह भी कहा, प्रदेश में कोरोना वायरस संकट की परिस्थितियों के बावजूद औद्योगिक इकाइयों में 48 प्रतिशत, भूमि आवंटन में 32 प्रतिशत, पूंजी निवेश में 33 प्रतिशत और रोजगार सृजन में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि गोकुलदास एक्सपोर्ट्स द्वारा प्रस्तावित इकाई 10 एकड़ भूमि पर बनाई जाएगी तथा कंपनी द्वारा यहां 110 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। जिससे चार हजार से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही इस संयंत्र में तीन चौथाई से अधिक कर्मचारी महिलाएं होगीं। इस इकाई से कुल मिलाकर लगभग दस हजार लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र 146 हेक्टेयर भूमि पर विकसित किया गया है। यहां टेक्सटाइल पार्क में 154 भूखंड है जिनमें उद्योग स्थापित करने के लिए 800 करोड़ रुपए के पूंजी निवेश की संभावना है। कार्यक्रम में चौहान के अलावा प्रदेश के औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, भाजपा विधायक (बैरसिया) विष्णु खत्री, गोकुलदास एक्सपोर्ट्स के प्रबंध निदेशक शिवराम कृष्ण गणपति सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मामले में एक लंबी छलांग लगाई है।

## जोमैटो के सह संस्थापक गौरव गुप्ता ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी सेवा प्रदाता जोमैटो के सह संस्थापक गौरव गुप्ता ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। गुप्ता ने जोमैटो के कर्मचारियों को भेजे गए एक ईमेल में कहा कि वह कंपनी में छह साल बिताने के बाद एक नया अध्याय शुरू करेंगे। गुप्ता कंपनी में आपूर्ति से जुड़े कामकाज का नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने कहा, मैं अपने जीवन में एक नया सफर शुरू कर रहा हूं। अपने जीवन के इस महत्वपूर्ण अध्याय यानी जोमैटो में बिताए पिछले छह वर्षों से बहुत कुछ सीखते हुए एक नया अध्याय शुरू करूंगा। हमारे पास जोमैटो को आगे ले जाने के लिए एक शानदार टीम है और यह मेरे लिए अपने सफर में एक अलग रास्ते पर बढ़ने का समय है। सह-संस्थापक ने कहा कि वह इससे बेहतर किसी और चीज की ख्वाहिश नहीं कर सकते थे और सभी अनुभवों के लिए बहुत आभारी हैं तथा अपने आस-पास के सभी लोगों के भी आभारी हैं कि उन्होंने एक बेहतर इंसान बनने में उनकी मदद की।

## महंगे विनिर्मित उत्पादों की वजह से अगस्त में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति बढ़कर 11.39 फीसद

**नई दिल्ली।** थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति अगस्त में मामूली रूप से बढ़कर 11.39 प्रतिशत हो गई जिसका मुख्य कारण विनिर्मित उत्पादों की ऊंची कीमतें थीं, जबकि खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी आई। दो महीने की सहजता की प्रवृत्ति को तोड़ते हुए, थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति अगस्त में बढ़ी और लगातार पांचवें महीने दोहरे अंकों में रही। जुलाई 2021 में यह 11.16 प्रतिशत और अगस्त 2020 में 0.41 प्रतिशत थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अगस्त 2021 में मुद्रास्फीति के बढ़ने की वजह मुख्य रूप से पिछले साल के इसी महीने के मुकाबले गैर-खाद्य वस्तुओं, खनिज तेलोंअ कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैसअ मूल धातुओं जैसे विनिर्मित उत्पादोंअ खाद्य उत्पादोंअ वस्त्रोंअ रसायनों और रासायनिक उत्पादों आदि की कीमतों में हुई वृद्धि है। खाद्य पदार्थों की महंगाई लगातार चौथे महीने कम हुई। जुलाई में शून्य प्रतिशत के मुकाबले अगस्त में यह (−) 1.29 प्रतिशत थी, जबकि प्याज और दालों की कीमतों में वृद्धि हुई। प्याज की महंगाई 62.78 प्रतिशत, जबकि दालों की महंगाई 9.41 प्रतिशत बढ़ी।



राजकोट के पाल गांव में भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुई मूंगफली की फसल को दिखाते हुए किसान

## जीएसटी परिषद की 17 सितंबर की बैठक में पेट्रोल, डीजल को जीएसटी में लाने पर हो सकता है विचार

भाषा। नई दिल्ली

**माल एवं** सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 17 सितंबर को होने वाली बैठक में संभवत: पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के तहत लाने पर विचार हो सकता है। यह एक ऐसा कदम होगा जिसके लिए केंद्र और राज्य सरकारों को राजस्व के मोर्चे पर जबर्दस्त समझौता करना होगा। केंद्र और राज्य दोनों को इन उत्पादों पर कर के जरिए भारी राजस्व मिलता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अगुवाई वाली जीएसटी परिषद में राज्यों के वित्त मंत्री भी शामिल हैं। परिषद की बैठक शुक्रवार को लखनऊमें हो रही हैं।

सूत्रों ने कहा कि इस बैठक में कोविड-19 से जुड़ी आवश्यक सामग्री पर शुल्क राहत की समयसीमा को भी आगे बढ़ाया जा सकता है। देश में इस समय वाहन ईंधन के दाम रिकॉर्ड ऊंचाई पर हैं। ऐसे में पेट्रोल और डीजल ईंधनों के मामले में कर पर लगने वाले कर के प्रभाव को खत्म करने के लिए यह कदम उठाया जा सकता है। वर्तमान में राज्यों द्वारा पेट्रोल, डीजल की उत्पादन लागत पर वैट नहीं लगता बल्कि इससे पहले केंद्र द्वारा इनके उत्पादन पर उत्पाद शुल्क लगाया जाता है, उसके बाद राज्य उस पर वैट वसूलते हैं। केरल उच्च न्यायालय ने जून में एक रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान जीएसटी परिषद से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के तहत लाने पर फैसला करने को कहा था। सूत्रों ने कहा कि न्यायालय ने परिषद को ऐसा करने को कहा है। ऐसे में इसपर परिषद की बैठक में विचार हो सकता है। देश में जीएसटी व्यवस्था एक जुलाई, 2017 से लागू हुई थी। जीएसटी में केंद्रीय कर मसलन उत्पाद शुल्क और राज्यों के शुल्क मसलन वैट को समाहित किया गया था। लेकिन पेट्रोल, डीजल, एटीएफ, प्राकृतिक गैस तथा कच्चे तेल को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया। इसकी वजह यह है कि केंद्र और राज्य सरकारों दोनों को इन उत्पादों पर कर से भारी राजस्व मिलता है। जीएसटी उपभोग आधारित कर है।

## क्विक न्यूज

### द. कोरिया की गूगल पर 17.7 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाने की तैयारी

**सियोल (दक्षिण कोरिया)।** दक्षिण कोरिया का प्रतिस्पर्धा नियामक गूगल पर कम से कम 207.4 अरब वॉन (17.7 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाने की तैयारी कर रही है। गूगल पर यह जुर्माना सैमसंग जैसी स्मार्टफोन कंपनियों को अन्य के ऑपरेटिंग सिस्टम का इस्तेमाल करने से रोकने के लिए लगाया जा रहा है। यह देश में सबसे ऊंचा प्रतिस्पर्धा रोधी जुर्माना होगा। गूगल ने कहा कि वह इस जुर्माने को चुनौती देगी। गूगल का आरोप है कि दक्षिण कोरिया ने इस बात को नजरअंदाज किया है कि कैसे उसकी सॉफ्टवेयर नीति हार्डवेयर भागीदारों और उपभोक्ताओं को फायदा पहुंचा रही है। इस बीच, दक्षिण कोरिया ने संशोधित दूरसंचार कानून का प्रवर्तन शुरू कर दिया है। यह कानून ऐप बाजार परिचालकों मसलन गूगल और एपल को इन-ऐप खरीद प्रणाली के लिए प्रयोगकर्ताओं से भुगतान लेने को रोकता है। दक्षिण कोरिया इस तरह के नियमनों को अपनाने वाला पहला देश है।

### वाहन क्षेत्र के लिए संशोधित पीएलआई योजना को आज मिल सकती है मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल संभवतः बुधवार को वाहन क्षेत्र के लिए संशोधित उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी दे सकता है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देना और रोजगार सृजन है। सूत्रों ने कहा कि समझा जाता है कि सरकार ने वाहन क्षेत्र की पीएलआई योजना के लिए खर्च को घटाकर 26,000 करोड़ रुपए कर दिया है। पिछले साल सरकार ने वाहन तथा वाहन कलपुर्जा क्षेत्र के लिए पीएलआई योजना की घोषणा की थी। इस योजना के तहत पांच साल में 57,043 करोड़ रुपए की राशि रखी गई थी। एक सूत्र ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल संभवतः बुधवार को होने वाली बैठक में इस प्रस्ताव पर विचार कर सकता है। सूत्रों ने हालांकि योजना आवंटन को संशोधित कर 25,938 करोड़ रुपए करने की कोई वजह नही बताई। सूत्रों ने कहा कि सरकार अब बैटरी इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन ईंधन सेल वाहनों पर ध्यान केंद्रित करना चाहती है। इस योजना के तहत कलपुर्जों में ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन असेंबली, इलेक्ट्रॉनिक पावर स्टीयरिंग सिस्टम, सेंसर, सुपरकैपिसेटर, सनरूफ, एडाप्टिक फ्रंट लाइटिंग, ऑटोमैटिक ब्रेकिंग, टायर दबाव निगरानी प्रणाली तथा टक्कर चेतावनी प्रणाली को शामिल किया जाएगा।

### भारत, सिंगापुर ने यूपीआई और पेनाऊ को जोड़ने की परियोजना शुरू की

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि भारत और सिंगापुर अपनी तेज भुगतान प्रणालियों क्रमशः यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और पेनाऊ को आपस में जोड़ेंगे ताकि उपयोगकर्ता पारस्परिक आधार पर तत्काल एवं कम लागत के साथ पैसों का हस्तांतरण कर सकें। रिजर्व बैंक और सिंगापुर मौद्रिक प्राधिकरण (एमएएस) ने तेज भुगतान प्रणालियों को जोड़ने के लिए परियोजना की घोषणा की है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि जुलाई 2022 तक इसे चालू करने का लक्ष्य रखा गया है। उसने कहा, यूपीआई-पेनाऊको जोड़ने से दोनों तेज भुगतान प्रणालियों में से प्रत्एक के उपयोगकर्ताओं को दूसरी भुगतान प्रणाली का इस्तेमाल किए बिना पारस्परिक आधार पर तत्काल, कम लागत के साथ पैसों का हस्तातंरण करने की सुविधा मिलेगी। रिजर्व बैंक ने कहा कि यह परियोजना भारत और सिंगापुर के बीच सीमा पार भुगतान के लिए बुनियादी ढांचे के विकास में एक अहम पड़ाव है, और यह जी-20 (विकासशील देशों का संगठन) की ज्यादा तेज, सस्ती और अधिक पारदर्शी सीमा पार भुगतानों को बढ़ावा देने संबंधी वित्तीय समावेशन प्राथमिकताओं के साथ करीब से जुड़ा हुआ है।

### स्विफ्ट ने 25 लाख की बिक्री का आकंड़ा पार किया

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने मंगलवार को कहा कि 16 साल पहले घरेलू बाजार में उतारी गई उसकी प्रीमियम हैचबैक कार स्विफ्ट ने 25 लाख की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। एमएसआई ने एक बयान में कहा कि कार ने 25 लाख इकाइयों की कुल बिक्री के साथ एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। स्विफ्ट कार 2005 में पेश की गई थी और इसके साथ इसने देश में एक नए प्रीमियम हैचबैक वर्ग की शुरुआत की थी। एमएसआई के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (विपणन और बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा, 2005 में बाजार में उतारे जाने के साथ, स्विफ्ट ने भारत में प्रीमियम हैचबैक सेगमेंट की शुरुआत की थी। आज इसके लाखों प्रशंसक है। वित्त वर्ष 2020-21 में सबसे ज्यादा बिकने वाली कार स्विफ्ट ने अपने शानदार लुक और ताकतवर प्रदर्शन के साथ एक गौरवशाली विरासत का निर्माण किया है। उन्होंने कहा, यह सफलता ब्रांड स्विफ्ट के लिए ग्राहकों और आलोचकों के प्यार का प्रमाण है।

## भारत, आसियान के बीच हवाई संपर्क पर और ध्यान देने की जरूरत: सोनोवाल

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्री** सर्बानंद सोनोवाल ने मंगलवार को कहा कि भारत और आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन) के बीच क्षेत्र के अनछुए इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हवाई संपर्क पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री ने द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने के लिए आसियान देशों के साथ क्षेत्रीय संपर्क परियोजना में तेजी लाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा, हमें भारत और आसियान के बीच क्षेत्र के अनछुए इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हवाई संपर्क पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

मंत्री ने भविष्य की भारत-आसियान संपर्क भागीदारी विषय पर उद्योग मंडल फिक्की के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। सोनोवाल ने कहा, इसके अलावा हम समझौते की जल्द समीक्षा करने पर भी विचार कर रहे हैं जिससे दोनों पक्षों के बीच वास्तविक व्यापार क्षमता हासिल



करने में मदद मिलेगी। समीक्षा में सीमा शुल्क प्रक्रिया तथा व्यापार को और उदार बनाने जैसे मुद्दों को शामिल किए जाने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि 10 आसियान देशों में से केवल पांच देशों - मलेशिया, म्यांमा, सिंगापुर, वियतनाम और थाईलैंड - के साथ भारत की सीधी उड़ान सेवाएं है। जबकि कंबोडिया, इंडोनेशिया और फिलीपीन सहित अन्य पांच देशों के साथ कोई सीधी उड़ान नहीं है। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया और फिलीपीन दो प्रमुख देश हैं जिनके साथ भारत का पर्याप्त व्यापार और पर्यटन हित है। सोनोवाल ने कहा, हमारा मानना है कि स्थिति में रूपांतरण केवल चीजों में बदलाव के माध्यम से संभव है और अगर इसे हासिल करना है तो संपर्क और संचार जरूरी है।

## श्रीलंका के पूंजी बाजार राज्य मंत्री को देश के सेंट्रल बैंक का नया गवर्नर नियुक्त किया गया

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने मंगलवार को पूंजी बाजार की देखरेख करने वाले मौजूदा राज्य मंत्री अजित निवार्ड कबराल को देश के केन्द्रीय बैंक का प्रमुख नियुक्त कर दिया। यह नियुक्ति देश में गंभीर विदेशी मुद्रा संकट के बीच की गई है। सेंट्रल बैंक के गवर्नर के रूप में यह कबराल का दूसरा कार्यकाल होगा। वह इससे पहले एक जुलाई, 2006 से नौ जनवरी, 2015 तक संस्था के प्रमुख के रूप में काम कर चुके हैं। पिछले साल अगस्त से वह मुद्रा और पूंजी बाजार राज्य मंत्री के रूप में काम कर रहे थे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने 15 सितंबर से अजित निवार्ड कबराल को देश के केन्द्रीय बैंक का प्रमुख नियुक्त किया है। कोलंबो पेज अखबार के अनुसार, कबराल ने सोमवार को अपने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

## निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना हुआ है भारत: सर्वेक्षण

भाषा। नई दिल्ली

**डेलॉयट के** एक सर्वेक्षण के अनुसार, आर्थिक वृद्धि की अच्छी संभावनाओं और कुशल कार्यबल के कारण भारत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना हुआ है। मंगलवार को जारी सर्वेक्षण के नतीजे से पता चलता है कि बहुत सारे अंतरराष्ट्रीय उद्योगपति भारत की अल्प एवं दीर्घकालीन संभावनाओं में विश्वास रखते हैं और देश में अतिरिक्त निवेश और पहली बार निवेश करने की योजना बना रहे हैं।

इंडियाज एफडीआई ऑपर्चूनिटी सर्वेक्षण के अनुसार, सर्वेक्षण में अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और सिंगापुर की बहुराष्ट्रीय कंपनियों के ।,200 शीर्ष अधिकारियों से सवाल किए गए। इसमें पाया गया कि भारत अपने कुशल कार्यबल और आर्थिक वृद्धि की अच्छी संभावनाओं के लिए ऊंचे अंक पाते हुए निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना हुआ है। इसमें कहा गया कि भारत सात पूंजी-गहन क्षेत्रों - कपड़ा और परिधान, खाद्य प्रसंस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, औषधि, वाहन एवं कलपुर्जे, रसायन तथा पूंजीगत उत्पादों में अधिक से अधिक एफडीआई आकर्षित करने का लक्ष्य बना सकता है। इन क्षेत्रों ने 2020-21 में देश के व्यापार निर्यात में 181 अरब डॉलर का योगदान दिया था। सर्वेक्षण के अनुसार इन सात क्षेत्रों में त्वरित परिणाम दिखाने और वैश्विक मिसाल कायम करने की जरूरी संभावना, अवसर और क्षमता है। इसमें पाया गया कि अमेरिका में चीन, ब्राजील, मेक्सिको और वियतनाम जैसे बाजारों की तुलना में भारत को लेकर सबसे मजबूत सकारात्मक धारणा है। अमेरिका और ब्रिटेन के उद्योगपतियों ने भारत की स्थिरता में अधिक विश्वास व्यक्त किया। सर्वेक्षण में पाया गया कि भारत में व्यापार करने में आसानी में सुधार के लिए हाल के सुधारों के बावजूद निवेशकों के बीच इन सुधारों के लेकर कम जागरुकता बनी हुई है। सर्वेक्षण में पाया गया, तदनुसार, भारत को चीन और वियतनाम की तुलना में व्यापार करने के लिए एक अधिक चुनौतीपूर्ण वातावरण माना गया। इसमें कहा गया कि जहां भारत को राजनीतिक और आर्थिक दोनों रूप से स्थिर माना जाता है, देश ने संस्थागत स्थिरता, यानी नियामक स्पष्टता और कुशल न्यायिक निवारण एवं तंत्र के वर्ग में कम अंक हासिल किए। इसमें यह भी कहा गया कि अपर्याप्त बुनियादी ढांचा मौजूदा और संभावित निवेशकों द्वारा बताया गया एक और नकारात्मक कारक था। डेलॉयट ग्लोबल के सीईओ पुनीत रंजन ने कहा, हमारा मानना है कि भारत में व्यापार करने में आसानी में सुधार के कारण ही दृष्टिकोण बेहतर हो सकता है, जिसमें वित्तीय लाभ और अन्य सुधार शामिल हैं।

## पेज एक का शेष

### राजा महेंद्र...

भाषाओं में शिक्षण कार्यों पर जोर दिया जा रहा है, ऐसे में इस विश्वविद्यालय के छात्रों को काफी लाभ होगा। इस अवसर पर उन्होंने कहाकि आज मैं इस मिट्टी के महान सपूत कल्याण सिंह की कमी महसूस कर रहा हूं। अगर वह आज जीवित होते तो उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय के तौर पर अलीगढ़ की नई पहचान को देखकर बहुत खुश होते। वह जहां भी होंगे हमें आशीर्वाद दे रहे होंगे।

### सीमाओं की...

से यूपी में निवेश बढ़ा है। ये यूपी डिफेंस कॉरिडोर देश, दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान बनने जा रहा है। ये तब होता है जब निवेश के लिए माहौल बने। ऐसा उत्तर प्रदेश में योगी जी की पूरी टीम बहुत बेहतर तरीके से कर रही है। उत्तर प्रदेश देश और दुनिया के हर छोटे बड़े निवेशक के लिए बहुत आकर्षक स्थान बनता जा रहा है। ये तब होता है जब निवेश के लिए ज़रूरी माहौल बनता है, जरूरी सुविधाएं मिलती हैं। उत्तर प्रदेश आज डबल इंजन सरकार के डबल लाभ का एक बहुत बड़ा उदाहरण बन रहा है। अलीगढ़ समेत पूरा पश्चिमी उत्तर प्रदेश आगे बढ़े, उसके लिए केंद्र सरकार और योगी सरकार मिलकर लगातार कार्य कर रही है। विकास विरोधियों से खुद को बचाना है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं वह दिन भूल नहीं सकता जब 2017 से पहले योजनाओं को लागू करने में रोड़े लगाए जाते थे। यूपी के लोगों को याद होगा कि किस तरह यहां घोटाले हुआ करते थे। प्रदेश को विकास से दूर रखा गया था। आज योगी जी की सरकार पूरी तरह विकास के किये जुटी हुई है। एक समय यहां गुंडा माफिया किस तरह गुंडागर्दी करते थे लेकिन आज वह सलाखों के पीछे हैं। इसी अलीगढ़ के क्षेत्र मे 4-5 वर्ष पहले लोग घरों से निकलने में डरते थे। बहन-बेटियां जब तक घर न लौटे तब तक सांसें अटकी रहती थी, यहां से लोग डर कर पलायन कर जाते थे। यूपी की पहचान भ्रष्टाचार, अपराध और पिछड़ेपन से होती थी। वहीं, आज यूपी की चर्चा बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए और बड़े फैसलों के लिए होती है। यूपी देश और दुनिया के हर छोटे बड़े निवेशक के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। पीएम ने कहा मुझे आज देख कर खुशी होती है कि जिस यूपी को देश के विकास में रुकावट के रूप में देखा जाता था, वही यूपी देश के बड़े अभियानों का नेतृत्व कर रहा है। योगी राज में अपराधी पनाह मांग रहे है। अपराध पर लगाम से यूपी में निवेश बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यूपी पहले भ्रष्टाचार, गुंडों और माफियाओं की वजह से जाना जाता था। लड़कियां घरों में सुरक्षित नहीं थीं। आज माफिया अपराध करने से पहले 100 बार सोचते हैं। योगी सरकार में गरीबों की सुनवाई व सम्मान दोनों हो रहा है।

### प्रदेश में...

और ब्रज क्षेत्र में इसका महत्वपूर्ण स्थान भी है। कार्यक्रम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा समेत प्रदेश सरकार के बड़े नेता और अफसर मौजूद रहे।

### पाक आतंकी...

और कारतूस सप्लाई किए जा चुके थे। इसे छिपाने के लिए यूपी भेजा गया था। एटीएस ने प्रयागराज से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए हैं। इस विस्फोटक को अनीस इब्राहिम ने अपने नजदीकी जॉन शेख मोहम्मद व मूल चंद्र के माध्यम से दिल्ली पहुंचाने का काम सौंपा था। दिल्ली से मुंबई और देश के अन्य हिस्सों में अन्य आतंकी गुर्गों को यह विस्फोटक सौंपे जाने थे। इसके बदले इन लोगों को हवाला के जरिए पैसे दिए जाने थे। इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। आरोपी ओसामा इसी साल 22 अप्रैल 2021 को लखनऊ से सलाम एयर लाइन की फ्लाइट से मस्कट, ओमान पहुंचा था। मस्कट में ओसामा की मुलाकात प्रयागराज निवासी जीशान से हुई। मस्कट में ही कुछ बांग्लादेशी भी मिले जो प्रशिक्षण के लिए आए हुए थे। मस्कट से ओसामा और जीशान को समुंद्र के रास्ते जियोनी नाम की जगह पर ले जाया गया जो ग्वादर बंदरगाह पाकिस्तान के नजदीक ले जाया गया। बंदरगाह से यह दोनों पाकिस्तानी युवक की मदद से पाकिस्तान स्थित थट्टा फार्म हाउस पहुंचे। फार्म हाउस में तीन पाकिस्तानी नागरिक थे। इनमें से दो जब्बार और हमजा ने उन्हें प्रशिक्षण दिया। ये दोनों पाकिस्तानी सेना से थे क्योंकि उन्होंने सैन्य वर्दी पहनी हुई थी। इन दोनों को दैनिक उपयोग की वस्तुओं की मदद से बम और आईईडी बनाने और आगजनी करने का प्रशिक्षण दिया गया। इन दोनों को छोटे हथियार चलाने और एके 47 चलाने का भी प्रशिक्षण दिया गया। 15 दिनों के प्रशिक्षण के बाद उसी रास्ते से दोनों को मस्कट भेज दिया गया और फिर दोनों भारत आ गए। ऊंचाहार के अकोढ़िया गांव में एटीएस ने छापा मारा। अचानक गांव में एटीएस के छापे से हड़कंप मच गया। एटीएस ने गांव से दो लोगों को हिरासत में लिया है। दोनों युवकों के किसी संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त होने की बात बताई जा रही है। मामले में स्थानीय पुलिस कुछ भी बता पाने से इंकार कर रही है। मंगलवार तड़के कोतवाली क्षेत्र के अकोढ़िया गांव में एटीएस के सीओ व इंस्पेक्टर के नेतृत्व में टीम ने छापा मारा। स्थानीय पुलिस के साथ एटीएस के पहुंचने की खबर से हड़कंप मच गया। लोग अपने घरों में दुबक गए। एटीएस ने गांव के दो युवकों को हिरासत में लेकर उनके घरों में तलाशी ली। घर के अंदर छानबीन की। हालांकि घर के अंदर कोई अवैध सामान नहीं मिला। बाद में एटीएस दोनों युवकों को साथ लेकर लखनऊ लौट गई। सूत्रों की मानें तो कुछ दिन पहले आतंकी गतिविधियों में लिप्त कुंडा के एक युवक को एटीएस ने पकड़ा था। पूछताछ में युवक ने दोनों युवकों पर उसकी मदद करने की बात सामने आई है। इसके बाद एटीएस ने दोनों को हिरासत में लिया है। दोनों पर आतंकियों को आरडीएक्स सप्लाई करने का आरोप है। उधर पकड़े गए दो लोगों में से अकौढ़िया निवासी मूलचंद्र उर्फ लाला के तार आतंकियों से जुड़े होने की खबर से क्षेत्र में दहशत है। घरवाले व परिवार के लोगों की मानें तो लाला अक्सर घर से लापता रहता था। बताया जा रहा है कि वह आतंकियों को आरडीएक्स सप्लाई करने का काम करता था। वैसे तो एटीएस गांव के दो लोगों को उठाकर अपने साथ ले गई थी लेकिन इसमें से लाला के ही संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त होने के सुबूत अब तक मिले हैं। रायबरेली जिले के ऊंचाहार क्षेत्र के लोगों के संबंध आतंकियों से होने की बात सामने आने से हड़कंप मच गया है। क्षेत्र के लोगों की मानें तो मूलचंद्र उर्फलाला लाला इंटर तक पढ़ा है। घर में पत्नी के अलावा एक बेटी व एक बेटा है। पत्नी ही घर का खर्च चलाती है। लाला अक्सर घर से लापता रहता था। बताया जा रहा है कि प्रयागराज जिले का रहने वाला उसका एक साथी भी पकड़ा गया है। एटीएस की मानें तो पड़ताल में यह पता चला है कि यह लोग आतंकियों को आरडीएक्स पहुंचाने का काम करते थे। अकौढ़िया निवासी लाला के संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त होने की जानकारी से लोग दहशत में हैं।

### वैक्सीन बेहद...

यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) के वैज्ञानिकों द्वारा समीक्षा में पाया गया कि पीयर-रिव्यू जर्नल में प्रकाशित रैंडम परीक्षणों और वर्तमान उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर जर्नल और प्री-प्रिंट सर्वर में दावा किया गया कि वैक्सीन के पहले डोज से ही लाभ मिला है। इसमें कहा गया है कि टीकाकरण डेल्टा वैरिएंट और अल्फा वैरिएंट दोनों खिलाफ 95 फीसदी प्रभावकारिता पाई गई और इसी प्रकार किसी भी संक्रमण से बचाने में 80 फीसदी से अधिक प्रभावी पाया गया है।

### कोविड-19...

जा सकें। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल यह भरोसा जगा है कि प्रगति संभव है, लेकिन अपरिहार्य नहीं है। पिछले 18 महीनों में जो हमने देखा है, यदि उसे देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है कि हम अंतत: महामारी को पीछे छोड़कर एक बार फिर स्वास्थ्य, भूख और जलवायु परिवर्तन जैसे मूलभूत मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। गोलकीपर्स रिपोर्ट अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के इसी तरह के एक अध्ययन का अनुसरण करती है। उसमें भी भारत पर लॉकडाउन के प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया गया है। उसमें कहा गया कि पिछले एक साल के दौरान लगभग 23 करोड़ भारतीयों को गरीबी में धकेल दिया गया है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि भारत में ग्रामीण गरीबी दर में 15 प्रतिशत और शहरी गरीबी दर में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बिल गेट्स और मेलिंडा फ्रेंच गेट्स द्वारा तैयार रिपोर्ट में भी वैश्विक स्तर पर महिलाओं पर महामारी के आर्थिक प्रभाव पर प्रकाश डाला गया है।

# आईपीएल की नई टीमों के लिए ई-बोली 17 अक्टूबर को

- पांच अक्टूबर तक जमा कर सकेंगें निविदा
- अहमदाबाद और लखनऊ फ्रेंचाइजी की पसंद हो सकते हैं




**भाषा** । मुंबई

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड 17 अक्टूबर को इंडियन प्रीमियर लीग की दो नई टीमों के लिए सीलबंद लिफाफों में बोली पर फैसला करने की योजना बना रहा है और टीमों को खरीदने के लिए पांच अक्टूबर तक यह बोली जमा की जा सकती है। इस योजना से जुड़े सूत्र ने कहा कि बोर्ड 17 अक्टूबर को बोली लगाने की योजना बना रहा है और यह बोली सीलबंद लिफाफों में होगी। बीसीसीआई ने आईपीएल फ्रेंचाइजी की बोली लगाने के लिए 31 अगस्त को निविदा जारी की थी। निविदा पांच अक्टूबर तक जमा की जा सकती है। बोर्ड ने बयान में कहा था, आईपीएल की संचालन परिषद आईपीएल 2022 सत्र से इंडियन प्रीमियर लीग में हिस्सा लेने के लिए प्रस्तावित दो नई टीमों में से एक का स्वामित्व और संचालन का अधिकार हासिल करने के लिए निविदा प्रक्रिया के जरिए बोली आमंत्रित करती है। इसमें कहा गया था, कोई भी इच्छुक पक्ष जो बोली जमा कराना चाहता है उसे निविदा आमंत्रण खरीदना होगा। हालांकि निविदा आमंत्रण में लिखित पात्रता को पूरा करने वाले और अन्य नियमों और शर्तों को पूरा करने वाले बोली के पात्र होंगे। स्पष्ट किया जाता है कि सिर्फ निविदा आमंत्रण को खरीदने से कोई व्यक्ति बोली लगाने का पात्र नहीं होगा। नई टीमों जो आधार स्थल होंगे उनमें अहमदाबाद, लखनऊ और पुणे भी शामिल हैं। अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम और लखनऊ का इकाना स्टेडियम फ्रेंचाइजी की पसंद हो सकते हैं क्योंकि इन स्टेडियमों की क्षमता अधिक है।

## कोरोना काल में हम सब डरे थे: मैकुलम

**भाषा** । दुबई



**कोलकाता** नाइट राइडर्स के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा है कि आईपीएल के पहले चरण में भारत में जब कोरोना महामारी फैली तब डर के मारे उन सभी की बुरी हालत थी। केकेआर के स्पिनर वरूण चक्रवर्ती और तेज गेंदबाज संदीप वारियर सबसे पहले मई में कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे जब आईपीएल चल रहा था जिसे बाद में स्थगित कर दिया गया।

केकेआर का प्रदर्शन पहले हाफ में अच्छा नहीं रहा और टीम सातवें स्थान पर है लेकिन मैकुलम को उम्मीद है कि 19 सितंबर से यूएई में लीग फिर शुरू होने पर टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने केकेआर की वेबसाइट पर लिखा कि हम दूसरे चरण में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हम एक दूसरे का मनोबल बढाना होगा और अगले चार से पांच सप्ताह शानदार प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा कि पिछली बार सत्र के पहले चरण के दौरान मुझे लगता है कि हम बहुत ज्यादा डरे हुए थे। उस समय भारत में कोरोना की दूसरी लहर का प्रकोप था जिसमें कई जानें गई। केकेआर के साथ एक खिलाड़ी के तौर पर आईपीएल के सफल का आगाज करने वाले 39 वर्ष के मैकुलम अब कोच हैं और उन्हें उम्मीद है कि उनकी टीम खराब प्रदर्शन को पीछे छोड़कर आगे आएगी। अपनी कोचिंग शैली के बारे में उन्होंने कहा कि जब मैने भारत छोड़ा तो हर किसी ने कोच के रूप में मुझे जान लिया था और अब उन्हें यह भी पता है कि मैं टीम से कैसा प्रदर्शन चाहता हूं।

## लगातार तीन टूर्नामेंट खेलना काफी कठिन होता: क्रिस वोक्स



**एपी** । लंदन

**इंग्लैंड** के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने कहा है कि उनके लिए लगातार तीन टूर्नामेंट खेलना काफी कठिन होता लिहाजा उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग पर टी-20 विश्व कप और एशेज श्रृंखला को तरजीह दी। दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलने वाले वोक्स के अलावा जॉनी बेयरस्टॉ (सनराइजर्स हैदराबाद) और डेविड मलान (पंजाब किंग्स) ने भी आईपीएल से नाम वापिस ले लिया। वोक्स ने कहा कि मुझे पता नहीं था कि विश्व कप टीम में मेरा चयन होगा। आईपीएल का कार्यक्रम नए सिरे से बना और अब यह इस समय हो रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व कप और एशेज को देखते हुए समय बहुत कम है। मुझे आईपीएल खेलकर खुशी होती लेकिन अब छोड़ना होगा।

# टी-20 विश्व कप में हार के बाद टीम के प्रदर्शन में काफी सुधार: मंधाना

- खिलाड़ियों ने अपनी कमजोरियों को दुरूस्त कर मजबूत वापसी की

**भाषा** । ब्रिसबेन



**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने कहा है कि पिछले साल टी-20 विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद टीम के प्रदर्शन में काफी सुधार आया है और यहां आगामी श्रृंखला के दौरान वे काफी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलेंगे।

भारत और आस्ट्रेलिया के बीच तीन वनडे, एक दिन रात का टेस्ट और तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला 21 सितंबर से खेली जाएगी। टेस्ट 30 सितंबर से तीन अक्टूबर तक कैनबरा में होगा। आखिरी बार दोनों टीमों का सामना पिछले साल एमसीजी पर महिला टी-20 विश्व कप फाइनल में हुआ था जिसमें आस्ट्रेलिया ने 85 रन से जीत दर्ज की थी। मंधाना ने कहा कि उसके बाद से टीम के प्रदर्शन में काफी सुधार आया है। भारतीय टीम ने सोमवार को अपना 14 दिन का कड़ा पृथकवास पूरा कर लिया। मंधाना ने कहा कि कोरोना के कारण टी-20 विश्व कप के बाद बड़ा ब्रेक हो गया। लड़कियों ने अपने खेल के बारे में और जाना और कमियों को दुरूस्त करके मजबूती से वापसी की है। उन्होंने कहा कि पूरी टीम ने अपनी फिटनेस और कौशल पर काम किया है। हम लगातार मैच खेलने की लय में लौट रहे हैं। उम्मीद है कि यह श्रृंखला अच्छी होगी। मंधाना ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला हमेशा प्रतिस्पर्धी होती है और भारतीय टीम को यहां की पिचों पर बल्लेबाजी करने में मजा आता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना पसंद है।

## मिताली के साथ शीर्ष पर पहुंची लिजेल ली

**दुबई** । वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच में बड़ी अर्धशतकीय पारी खेलने वाली दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज लिजेल ली मंगलवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महिला रैंकिंग में भारतीय कप्तान मिताली राज के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गई। ली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में नाबाद 91 रन बनाए। मिताली ने अपना नंबर एक स्थान बरकरार रखा है और अब वह ली के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। दोनों बल्लेबाजों के 762 रेटिंग अंक हैं। आस्ट्रेलिया की एलिसा हीली तीसरे स्थान पर हैं। भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना नौवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। जून 2018 में पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने के बाद इस साल मार्च में भी नंबर एक बल्लेबाज बनी ली ने दूसरे मैच में 18 रन बनाए थे।

## महिला पेशेवर गोल्फ टूर में नजरें स्नेहा, ज्हान्वी और अवनि पर

**नोएडा** । महिला पेशेवर गोल्फ टूर पर पिछले दो टूर्नामेंट जीतने वाली एमेच्योर खिलाड़ी स्नेहा सिंह और ज्हान्वी बख्शी पर बुधवार से यहां शुरू हो रहे नौवें चरण में एक बार फिर सभी की नजरें टिकी होंगी। पिछले हफ्ते आठवें चरण का खिताब स्नेहा ने जीता जबकि सातवें चरण का खिताब जीतने वाली ज्हान्वी संयुक्त चौथे स्थान पर रही। टूर्नामेंट एक पखवाड़ा पहले बहाल हुआ और एमेच्योर खिलाड़ियों ने दिखा दिया है कि वे पेशेवर खिलाड़ियों को चुनौती देने के लिए तैयार हैं।

ज्हान्वी ने जब सातवें चरण का खिताब जीता तो एमेच्योर अवनि प्रशांत दूसरे स्थान पर रही जबकि पिछले हफ्ते उन्होंने संयुक्त चौथा स्थान हासिल किया। पिछले हफ्ते संयुक्त सातवें स्थान पर रही एमेच्योर खिलाड़ी विधात्री उर्स ने भी सभी का ध्यान खींचा।

# राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स आज से

- चैंपियनशिप में युवाओं को मिलेगा छाप छोड़ने का मौका

**भाषा** । वरंगल (तेलंगाना)


वी. रेवती

**देश** के शीर्ष खिलाड़ियों के बाहर रहने के फैसले के कारण बुधवार से यहां शुरू हो रही राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में युवा खिलाड़ियों को अपनी छाप छोड़ने का मौका मिलेगा। यह इस साल होने वाली राष्ट्रीय स्तर की 11वीं ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिता है। टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले एथलीटों में से केवल पैदल चाल की एथलीट भावना जाट और 400 मीटर की धाविका वी रेवती ही इसमें हिस्सा ले रही हैं।

रेलवे ने इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में सबसे बड़ा दल उतारा है। उसके दल में 43 महिलाओं के साथ 87 एथलीट शामिल हैं। सेना की टीम में 57 एथलीट हैं। सभी पुरुष खिलाड़ी हैं। अखिल भारतीय पुलिस ने 24 महिलाओं समेत 50 एथलीटों को उतारा है।

वरंगल में पिछले दो वर्षों में होने वाली यह दूसरी राष्ट्रीय प्रतियोगिता है। उसने जनवरी 2020 में राष्ट्रीय क्रास कंट्री चैंपियनशिप की भी मेजबानी की थी। ओलंपिक में भाग लेने वाले अधिकतर खिलाड़ियों के बाहर रहने के कारण युवा एथलीटों के पास यह स्वयं को साबित करने का अच्छा अवसर होगा।

पुरुष वर्ग में सबसे अनुभवी एथलीट एशियाई खेल 2018 में त्रिकूद का स्वर्ण पदक जीतने वाले अरपिंदर सिंह है, लेकिन वीके एलाकियादासन और षणमुगा श्रीनिवास नालुबोथु के बीच 200 मीटर में मुकाबला रोचक होने की संभावना है। लंबी कूद में मोहम्मद अनीस याहिया और युगांत शेखर सिंह के बीच मुकाबला भी देखने लायक होगा। युवा सनसनी और विश्व अंडर-20 की रजत पदक विजेता शैली सिंह की अनुपस्थिति में महिलाओं की लंबी कूद में प्रियंका केरकेटा, शेरिन अब्दुल गफूर और नंदिनी अगसारा के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है।

# थापा व बिधूड़ी होंगे आकर्षण का केन्द्र

- राष्ट्रीय पुरुष मुक्केबाजी आज से

**भाषा** । बेल्लारी ( **कर्नाटक** )



**विश्व** चैंपियनशिप टीम में जगह बनाने के लक्ष्य के साथ लगभग 400 मुक्केबाज बुधवार से यहां शुरू हो रही राष्ट्रीय पुरुष चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे जिसमें पांच बार के एशियाई चैंपियनशिप के पदक विजेता शिव थापा और विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता गौरव बिधूड़ी भी शामिल हैं।

इस प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता को स्वत: ही विश्व चैंपियनशिप की टीम में जगह मिलेगी जबकि रजत पदक विजेताओं को राष्ट्रीय शिविर में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने बयान में कहा, (राष्ट्रीय शिविर में) अंतिम दो स्थानों पर फैसला कांस्य पदक विजेताओं और पिछली राष्ट्रीय चैंपियनशिप की सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली तीन इकाइयों एसएससीबी (सेना), आरएसपीबी (रेलवे) और हरियाणा की दूसरी टीमों के बीच चयन ट्रायल के आधार पर होगा।

फ्लाइवेट स्टार अमित पंघाल सहित ओलंपिक में हिस्सा लेकर लौटे भारत के पांचों मुक्केबाजों ने अभ्यास की कमी और चोटों के कारण इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया। थापा 63.5 किग्रा वर्ग में असम का प्रतिनिधित्व करेंगे जबकि बिधूड़ी 57 किग्रा वर्ग में रेलवे की ओर से चुनौती पेश करेंगे। इस प्रतियोगिता में हेडगार्ड का इस्तेमाल किया जाएगा।

विश्व चैंपियनशिप का आयोजन 26 अक्टूबर से किया जाएगा और टोक्यो ओलंपिक के बाद यह मुक्केबाजों के लिए पहली बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता होगी। थापा के अलावा राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता सेना के मोहम्मद हुसामुद्दीन और सेना के ही एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक कुमार भी प्रतियोगिता में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे।

पुरुष मुक्केबाजी में भार वर्ग 10 से बढ़ाकर 13 किए गए हैं जिससे अब संशोधित भार वर्ग 48 किग्रा, 51किग्रा, 54किग्रा, 57 किग्रा, 60 किग्रा, 63.5 किग्रा, 67 किग्रा, 71 किग्रा, 75 किग्रा, 80 किग्रा, 86 किग्रा, 92 किग्रा और 92 किग्रा होंगे।

# खेलकूद की भावना बढ़ाती है आपसी एकजुटता: पाठक

- न्याय मंत्री ने यूपी प्रेस क्लब में बैडमिंटन कोर्ट का किया शुभारम्भ



**लखनऊ** । प्रदेश के न्याय मंत्री ब्रजेश पाठक ने यूपी प्रेस क्लब परिसर में बैडमिंटन कोर्ट का पुन: शुभारंभ करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण के कारण विगत डेढ़ वर्ष से यहां सामाजिक और अन्य गतिविधियां काफी सीमित हो गयी थीं। लेकिन जैसे.जैसे कोरोना संक्रमण का संकट कम हो रहा है प्रेस क्लब में सामाजिक और अन्य रचनात्मक गतिविधियों ने रफ्तार पकड़ी है।

उन्होंने कहा कि पत्रकारों की दिनचर्या काफी व्यस्त रहती है । इसके बीच स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद बहुत आवश्यक है। प्रेस क्लब में बैडमिंटन कोर्ट बहुत अच्छा है। खेलकूद से जहां स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनता है वहीं आपसी एकजुटता भी बढ़ती है।

# फिनलैंड में कम उछाल वाले कोर्ट होने से भारतीय खेमे खुशी का माहौल

**डेविस कप**

**भाषा** । एस्पू (फिनलैंड)

**भारतीय** टेनिस टीम को उस समय सुखद आश्चर्य हुआ जब उसने देखा कि फिनलैंड के खिलाफ होने वाले डेविस कप मुकाबले के लिए इंडोर हार्ड कोर्ट उनकी उम्मीदों के अनुरूप तेज नहीं हैं और उसमें कम उछाल है। भारतीय खिलाड़ियों को मंगलवार को मैच कोर्ट पर अभ्यास करने का मौका मिला। यह कोर्ट आइस हॉकी स्टेडियम में अस्थाई तौर पर तैयार किया गया है और पहली हिट के बाद पता चला कि इससे भारतीय टीम को फायदा मिल सकता है। भारत के गैर खिलाड़ी कप्तान रोहित राजपाल ने फिनलैंड रवाना होने से पहले कहा कि वे तेज हार्ड कोर्ट की उम्मीद कर रहे हैं लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। राजपाल ने कहा कि उन्होंने बर्फ को बाहर निकालकर लकड़ी के तख्त लगाए और उनके ऊपर कोर्ट बिछा दिया। इसलिए इसमें कम उछाल है जो हमारे अनुकूल है लेकिन कोर्ट धीमा भी है जो हमारे लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय अधिकतर क्ले कोर्ट पर खेलते हैं जो धीमे होते हैं, इसलिए उन्हें रैलियां पसंद हैं और यह उनका मजबूत पक्ष है। हमारे भारतीय खिलाड़ी ऐसा नहीं करते हैं लेकिन कम उछाल से निश्चित तौर पर हमें फायदा मिलेगा।

## पाकिस्तान पांच साल बाद बांग्लादेश का दौरा करेगा

**भाषा** । करांची


**पाकिस्तान** टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए नवंबर में पांच साल में पहली बार बांग्लादेश का दौरा करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को पुष्टि की कि पाकिस्तान इस वर्ष नवंबर-दिसंबर में होने वाले इस दौरे में दो टेस्ट और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। मैच ढाका और चटगांव में खेले जाएंगे।

पाकिस्तानी टीम यूएई में टी20 विश्व कप के समाप्त होने के तुरंत बाद बांग्लादेश रवाना हो जाएगी। टी-20 मैच 19, 20 और 22 नवंबर को ढाका में खेले जाएंगे।

पहला टेस्ट मैच 25 से 30 नवंबर को चटगांव और दूसरा टेस्ट चार से आठ दिसंबर के बीच ढाका में खेला जाएगा।

# मलिंगा का क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास

**भाषा** । कोलंबो




**श्रीलंका** के अनुभवी तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने मंगलवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। अपनी सटीक यॉर्कर के लिए मशहूर 38 साल के मलिंगा 2014 में टी-20 विश्व कप जीतने वाली श्रीलंका की टीम के कप्तान रहे। उन्होंने सोशल मीडिया पर संन्यास लेने के फैसले की घोषणा की। मलिंगा ने ट्वीट किया कि टी-20 को अलविदा कह रहा रहूं और क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले रहा हूं। उन सभी लोगों का आभारी हूं जिन्होंने मेरी यात्रा के दौरान मेरा समर्थन किया और आगामी वर्षों में युवा क्रिकेटरों के साथ अपने अनुभव साझा करने को लेकर उत्सुक हूं।

मलिंगा ने इस साल जनवरी में टेस्ट और एक दिवसीय क्रिकेट को अलविदा कहा था लेकिन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए खुद को उपलब्ध रखा था। पिछले साल मलिंगा ने टी-20 विश्व कप में श्रीलंका की अगुआई करने की इच्छा जताई थी जिसका आयोजन अक्तूबर-नवंबर 2020 में आस्ट्रेलिया में होना था लेकिन कोविड-19 के कारण टूर्नामेंट स्थगित हो गया और अब टी-20 विश्व कप अगले महीने होगा। राष्ट्रीय टीम और इंडियन प्रीमियर लीग टीम मुंबई इंडियन्स सहित जिन फ्रेंचाइजियों के लिए खेले उन्हें धन्यवाद देते हुए मलिंगा ने कहा कि मैं आगामी वर्षों में युवाओं की मदद करने और उनका मार्गदर्शन करने को लेकर उत्सुक हूं।

उन्होंने कहा कि मैं टी-20 से पूरी तरह आराम चाहता हूं। मैं क्रिकेट नहीं खेलूंगा लेकिन खेल के प्रति मेरा प्यार कभी खत्म नहीं होगा। मलिंगा ने 122 आईपीएल मैचों में 170 विकेट चटकाए जो इस लुभावनी टी-20 लीग में किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 13 रन देकर पांच विकेट रहा। मलिंगा ने 84 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 107 विकेट, 226 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 338 विकेट और 30 टेस्ट मैचों में 101 विकेट चटकाए।

## तार गोला फेंक के विश्व रिकार्डधारक सेडिक का निधन

**मास्को** । तार गोला फेंक (हैमर थ्रो) में दो बार के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकार्डधारक यूरी सेडिक का मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे। रूसी ट्रैक एवं फील्ड महासंघ ने यह जानकारी दी।

विश्व एथलेटिक्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और बांस कूद (पोल वॉल्ट) के दिग्गज सर्गेई बुबका ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा कि यूरी सेडिक के निधन से बेहद दुखी हूं। मेरे लिए यूरी एक दोस्त और मार्गदर्शक था। सेडिक ने 1976 और 1980 ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। सोवियत संघ के बहिष्कार के कारण उन्होंने लास एंजिलिस ओलंपिक 1984 में हिस्सा नहीं लिया। सेडिक ने सियोल ओलंपिक 1988 में रजत पदक और 1991 में विश्व खिताब जीता था।

# हम दुनिया की नंबर एक टीम बनना चाहते है: शमशेर सिंह

**भाषा** । नई दिल्ली



**फॉरवर्ड** शमशेर सिंह ने सोमवार को कहा कि ओलंपिक कांस्य पदक भारतीय हॉकी टीम के लिए शुरूआत मात्र है और उसे दुनिया की नंबर एक टीम बनना है। पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो में शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मनी को 5-4 से हराकर कांस्य पदक जीता जो 41 साल बाद ओलंपिक में उसका पहला पदक था।

शमशेर ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा कि अभी एक टीम के रूप में हमें बहुत कुछ हासिल करना है। हमने ओलंपिक पदक जीतकर लक्ष्य की ओर कदम रख दिए हैं लेकिन हम पिछले कुछ साल से दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम भविष्य में हर मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश करेंगे। खासकर बड़े टूर्नामेंटों जैसे एफआईएच हॉकी प्रो लीग में। हमें यकीन है कि मैच दर मैच अच्छा प्रदर्शन करने पर एक दिन दुनिया की नंबर एक टीम बनेंगे। शमशेर ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक हमेशा उनके लिए खास रहेंगे। उन्होंने कहा कि मैं खुशकिस्मत हूं कि कैरियर के इतने शुरूआती चरण में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीम की हिस्सा बना। मुझे यह भी पता है कि हमारे लिए एक टीम के तौर पर यह शुरूआत है। उन्होंने कहा कि हमें यकीन है कि भविष्य में इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं और हम आने वाले वर्षों में करेंगे। यह पूछने पर कि टोक्यो में इतिहास रचने में भारतीय टीम की किस बात ने मदद की, शमशेर ने कहा कि मैदान पर हार नहीं मानने का जज्बा।

# नरेन्द्र मोदी और बाइडन संरा वार्षिक सभा में लेंगे भाग

भाषा। संयुक्त राष्ट्र





**संयुक्त** राष्ट्र महासभा की विश्व नेताओं की अगले हफ्ते होने वाली वार्षिक सभा में 100 से अधिक देशों और सरकार के प्रमुख व्यक्तिगत रूप से भाग लेंगे, और उनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन भी शामिल होंगे। वक्ताओं की ताजा सूची के अनुसार यह जानकारी मिली है। कोविड-19 महामारी के कारण 2020 में यह बैठक ऑनलाइन हुई थी। मोदी 25 सितंबर की सुबह संयुक्त राष्ट्र महासभा के सभागार से विश्व नेताओं को संबोधित करेंगे। इससे एक दिन पहले 24 सितंबर को वह बाइडन की मेजबानी में वाशिंगटन डीसी में क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि मोदी, बाइडन, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन और उनके जापानी समकक्ष योशिहिदे सुगा वाशिंगटन में क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और 12 मार्च 2021 को हुए पहले वर्चुअल शिखर सम्मेलन के बाद से हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे और साझा हितों के क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

बयान में कहा गया है कि मोदी 25 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 76वें सत्र को संबोधित करेंगे। इस साल की महासभा की चर्चा का विषय कोविड-19 से उबरने की उम्मीद के जरिए लचीलेपन का निर्माण, स्थायित्व का पुनर्निमाण, धरती की आवश्यकताओं को पूरा करना, लोगों के अधिकारों का सम्मान और संयुक्त राष्ट्र को पुनर्जीवित करना है। बाइडन अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर महासभा में पहला संबोधन देने न्यूयॉर्क जाएंगे। आम चर्चा में ब्राजील के बाद अमेरिका पारंपरिक रूप से दूसरा वक्ता है। यह चर्चा इस साल 21 सितंबर से 27 सितंबर तक चलेगी। चर्चा के आखिरी दिन अफगानिस्तान के राजनयिक संबोधित करेंगे। अभी संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान के दूत गुलाम इसाकजई हैं जिन्हें जून 2021 में पूर्व राष्ट्रपति अशरफ गनी ने संयुक्त राष्ट्र में काबुल का दूत नियुक्त किया। अंतरिम तालिबान सरकार ने इसाकजई की जगह किसी और को नियुक्त करने का अभी कोई फैसला नहीं किया है। जापान और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री भी 193 सदस्यीय महासभा में अपने देश की ओर से भाषण देने के लिए संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय आएंगे। इजराइल के नए प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट और फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास भी इसमें भाग लेंगे।

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की मां का निधन

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की मां शार्लोट जॉनसन वहल का यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। पेशे से पेंटर शार्लोट 79 साल की थीं। वह पार्किंसंस बीमारी से जूझ रही थीं। द टाइम्स अखबार ने कहा कि लंदन के सेंट मेरी अस्पताल में सोमवार को उनका निधन हो गया। प्रधानमंत्री जॉनसन ने कहा कि उनके परिवार में सभी फैसले मां ही करती थीं। शार्लोट और स्टेनली जॉनसन की चार संतान हैं-बोरिस, पत्रकार रचेल, पूर्व सांसद जो जॉनसन और पर्यावरणविद लीओ।

शार्लोट और स्टेनली का 1979 में तलाक हो गया। वर्ष 1988 में शार्लोट ने अमेरिकी प्रोफेसर निकोलस वहल से शादी की। वह न्यूयॉर्क में रहती थीं और निकोलस के निधन के बाद 1996 में लंदन लौट आईं। शार्लोट 40 साल की उम्र में पार्किंसंस से पीड़ित हो गईं लेकिन उन्होंने पेंटिंग का काम जारी रखा। वर्ष 2008 में एक साक्षात्कार में शार्लोट ने पार्किंसंस बीमारी का जिक्र करते हुए कहा था कि मैं हर दिन पेंटिंग करने की कोशिश करती हूं।

# करीबी अधिकारियों के संक्रमित होने के बाद पृथकवास में गए पुतिन

एपी। मॉस्को



**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन करीबी अधिकारियों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कारण खुद पृथक-वास में चले गए हैं। राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेसकोव ने कहा कि पुतिन ने कोविड-19 की जांच कराई, लेकिन संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई।

पुतिन कोविड-19 रोधी टीके स्पूतनिक-वी की दोनों खुराक ले चुके हैं। उन्होंने दूसरी खुराक अप्रैल में ली थी। प्रवक्ता ने कहा कि राष्ट्रपति बिल्कुल स्वस्थ हैं, लेकिन संक्रमितों के संपर्क में आने के कारण पृथक-वास में रहेंगे। प्रवक्ता ने यह नहीं बताया कि पुतिन कब तक पृथक-वास में रहेंगे लेकिन कहा कि वह अपना कार्य जारी रखेंगे। पुतिन किसके संपर्क में आए, इस बारे में पेसकोव ने कोई टिप्पणी नहीं की। रूस में संक्रमण के कारण पिछले कुछ दिनों से हर दिन मौत के औसतन 800 तक मामले आ रहे हैं लेकिन देश में संक्रमण रोकने के लिए किसी तरह की पाबंदी नहीं है।

इससे पहले क्रेमलिन ने बताया कि पुतिन और ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमोमली रहमान के बीच फोन पर बातचीत हुई। रूस के राष्ट्रपति ने सोमवार को कई कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने रूस के पैरालंपिक खिलाड़ियों से मुलाकात की, बेलारूस के साथ समन्वित सैन्य अभियान में शामिल हुए और सीरिया के राष्ट्रपति बशर असद से भेंट की। पैरालंपिक खिलाड़ियों से मुलाकात के दौरान पुतिन ने कहा था कि जल्द ही उन्हें पृथक-वास में जाना पड़ सकता है। सीरिया के राष्ट्रपति मार्च में कोरोना वायरस से संक्रमित हुए थे। यह स्पष्ट नहीं है कि उन्होंने कोविड-19 रोधी टीके की खुराक ली है या नहीं। जब राष्ट्रपति पुतिन को पता था कि उनके करीबी घेरे में कोविड-19 के मामले आ चुके हैं तो उन्होंने सोमवार को कई कार्यक्रमों में शिरकत क्यों की, यह पूछे जाने पर पेसकोव ने कहा कि डॉक्टरों की राय के बाद राष्ट्रपति ने पृथक-वास में जाने का फैसला किया और सोमवार को कार्यक्रमों में किसी को कोई खतरा नहीं हुआ। रूस में अब तक कोविड-19 के 71 लाख मामले आ चुके हैं और1,94,249 लोगों की मौत हुई है। संक्रमण के ज्यादा मामलों के बावजूद रूस टीकाकरण अभियान बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रहा है और यह कई देशों से पीछे है।

# क्वाड शिखर सम्मेलन को लेकर भड़का चीन

भाषा। बीजिंग

**चीन** ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में आयोजित होने वाले आगामी क्वाड शिखर सम्मेलन को लेकर निशाना साधते हुए कहा है कि दूसरे देशों को निशाना बनाने के लिए गुटबाजी काम नहीं आएगी और इसका कोई भविष्य नहीं है। राष्ट्रपति बाइडन वाशिंगटन में 24 सितंबर को प्रत्यक्ष तरीके से आयोजित पहले क्वाड शिखर सम्मेलन का आयोजन करेंगे, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन, जापान के निवर्तमान प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा हिस्सा लेंगे। क्वाड के आगामी शिखर सम्मेलन को लेकर टिप्पणी के लिए, पूछे जाने पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देशों के बीच सहयोग के जरिए तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि चीन का मानना है कि किसी भी क्षेत्रीय सहयोग ढांचे को समय की प्रवृत्ति के साथ होना चाहिए और क्षेत्र के देशों के बीच आपसी विश्वास तथा सहयोग के अनुकूल होना चाहिए। इसके जरिए किसी तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाया चाहिए या उनके हितों को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। लिजियान ने कहा कि दूसरे देशों को निशाना बनाने के लिए, गुटबाजी नहीं होनी चाहिए और ए तरीके काम नहीं करेंगे तथा इनका कोई भविष्य नहीं है। उन्होंने कहा, मैं इस बात का उल्लेख करना चाहता हूं कि चीन न केवल एशिया प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक विकास का इंजन है, बल्कि यह शांति की रक्षा करने वाली मुख्य शक्ति भी है। साथ ही कहा कि चीन की उन्नति दुनिया में शांति के लिए अच्छी खबर है।

लिजियान ने कहा, संबंधित देशों को शीत युद्ध वाली मानसिकता और संकीर्ण सोच वाली भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की अवधारणा को त्याग देना चाहिए।

## ब्रिटेन में 12 से 15 साल के स्कूली बच्चों को कोविड टीके की पहली खुराक दी जाएगी

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने घोषणा की है कि 12 से 15 साल के स्कूली बच्चों को अगले सप्ताह से फाइजर/बायोएनटेक के कोविड-19 टीके की पहली खुराक दी जाएगी। देश के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों ने बच्चों के लिए टीके को मंजूरी दे दी है। स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल विभाग (डीएचएससी) ने सोमवार शाम को कहा कि मंत्रियों ने ब्रिटेन के चार मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के परामर्श को स्वीकार कर लिया है और राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) अब स्कूलों के आधार पर टीकाकरण कार्यक्रम की तैयारी कर रही है। एनएचएस ने कहा कि यह टीकाकरण भी एचपीवी और डिप्थीरिया, टिटनेस तथा पोलियो समेत अन्य टीकों के सफल मॉडल को अपना कर किया जाएगा।

# सीपीईसी पर अहम बैठक अगले हफ्ते इस्लामाबाद में होने की संभावना

भाषा। इस्लामाबाद

**अरबों** डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के संबंध में पाकिस्तानी और चीनी अधिकारियों के बीच अगले सप्ताह यहां एक महत्वपूर्ण बैठक होने की उम्मीद है। सीपीईसी के लिए संयुक्त समन्वय समिति (जेसीसी) का 10वां सत्र 2020 में होना था, लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। बाद में यह इस साल जुलाई में होने वाला था, लेकिन 14 जुलाई को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक बस में विस्फोट के बाद बीजिंग ने इसे रद्द कर दिया था। इस विस्फोट में नौ चीनी नागरिकों सहित 13 लोग मारे गए थे। चीनी नागरिक पाकिस्तान को एक बांध बनाने में मदद कर रहे थे, जो 60 अरब डॉलर की लागत वाली सीपीईसी परियोजना का हिस्सा है। सीपीईसी के संबंध में प्रधानमंत्री के विशेष सहायक खालिद मंसूर ने कहा कि जेसीसी की बैठक 23 या 24 सितंबर को होने की संभावना है। मंसूर ने सीपीईसी प्राधिकरण का कार्यभार संभालने के बाद अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा कि योजना मंत्री असद उमर और चीन के राष्ट्रीय विकास एवं सुधार आयोग (एनडीआरसी) के उपाध्यक्ष निंग जिझे बैठक में अपने-अपने पक्षों का नेतृत्व करेंगे।

# नाइजीरिया में हैजा से 2300 से अधिक लोगों की मौत

एपी। लागोस

**नाइजीरिया** पिछले कुछ वर्षों में सबसे भीषण हैजा प्रकोपों में से एक का सामना कर रहा है, जिसमें 2,300 से अधिक लोगों की संदिग्ध मामलों से मौत हो गई है। अफ्रीका का सबसे अधिक आबादी वाला यह देश कई बीमारियों के प्रकोप से निपटने के लिए संघर्ष कर रहा है।

नाइजीरिया में इस साल हैजा का प्रकोप है और इस बार इससे होने वाली मृत्यु दर पिछले चार वर्षों के मुकाबले अधिक है। हैजा से निपटने को प्रांतीय सरकारों के लिए कोविड-19 महामारी से बड़ी प्राथमिकता माना जा रहा है। नाइजीरिया में कोविड-19 के डेल्टा स्वरूप के चलते मामलों में एक बार फिर से वृद्धि देखी जा रही है। वहीं, कुल जनसंख्या में से एक प्रतिशत से कम आबादी को कोविड-19 रोधी टीके की दोनों खुराक दी गई है। नाइजीरिया सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार, नाइजीरिया के 36 प्रांतों में से 25 में और राजधानी अबुजा में 5 सितंबर तक हैजा के कम से कम 69,925 संदिग्ध मामले सामने आए। पांच और 14 वर्ष के बीच के बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हैं और कुल मामले में मृत्यु दर 3.3 प्रतिशत है, जो नाइजीरिया में कोविड-19 के 1.3 प्रतिशत मृत्यु दर से दोगुने से अधिक है। इस साल संदिग्ध हैजा से कम से कम 2323 लोगों की मौत हुई है, लेकिन ऐसी चिंताएं हैं कि यह कम बताई गई संख्या हो सकती है क्योंकि कई प्रभावित समुदायों तक पहुंचना मुश्किल है।

## पाकिस्तान में कोविड रोधी टीका नहीं लगवाने वालों को चेतावनी मिली

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के योजना मंत्री असद उमर ने चेतावनी दी है कि जिन लोगों ने कोविड-19 रोधी टीका नहीं लगवाया है उन्हें इस महीने के बाद से कार्यालय से काम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मंगलवार को टेलीविजन पर दिए एक संदेश में असद उमर ने कहा कि जिन्होंने टीका नहीं लगवाया है वे 30 सितंबर के बाद शॉपिंग मॉल में प्रवेश नहीं कर पाएंगे या सार्वजनिक परिवहन से यात्रा नहीं कर पाएंगे और उन्हें हवाई यात्रा करने की भी अनुमति नहीं होगी।

उमर ने लोगों से सामाजिक दूरी का पालन करने का भी आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में वयस्क जनसंख्या में से 52 प्रतिशत लोगों को टीका लग चुका है और अन्य शहरों में भी पात्र जनसंख्या में से कम से कम 40 फीसदी लोगों को जल्द से जल्द टीका लगाना चाहिए ताकि कोविड संबंधी प्रतिबंधों और लॉकडाउन से बचा जा सके।

# संयुक्त राष्ट्र दानदाता अफगानियों को 1.2 अरब डॉलर की मदद देंगे

एपी। जिनेवा

**संयुक्त** राष्ट्र ने अफगानिस्तान और क्षेत्र में अन्य जगहों पर मानवीय संकटों का सामना कर रहे 1.1 करोड़ अफगान लोगों की मदद के लिए सोमवार को 1.2 अरब डॉलर की मदद का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार मामलों के प्रमुख के संकटग्रस्त एवं गरीब देश में सत्ता स्थापित करने के तालिबान शुरुआती कदमों को लेकर चिंता व्यक्त करने के बाद यह आह्वान किया गया।

तालिबान के अफगानिस्तान को पिछले महीने अपने नियंत्रण में लेने के बाद पश्चिमी देशों की सरकारों, बड़े दाताओं और अन्य ने पहली बार एक उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन किया। इसमें इन्होंने 60.6 करोड़ डॉलर से अधिक धनराशि की मदद का संकल्प किया, जिसका इस्तेमाल संयुक्त राष्ट्र इस साल के अंत तक मानवीय संकट का सामना कर रहे अफगान के लोगों की मदद के लिए करेगा। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार मामलों के प्रमुख मार्टिन ग्रिफिथ्स ने घोषणा की कि मंत्रिस्तरीय बैठक में मानवीय एवं विकास सहायता में 1.2 अरब डॉलर की मदद करने का संकल्प किया गया।

उन्होंने कहा कि इसमें तत्काल मांगे गए 60.6 करोड़ डॉलर शामिल हैं, साथ ही अफगान संकट के लिए एक क्षेत्रीय प्रतिक्रिया भी शामिल है, जिसके बारे में संयुक्त राष्ट्र के शरणार्थी मामलों के प्रमुख फिलिपो ग्रांडी ने अघोषित यात्रा पर काबुल पहुंचने के बाद बात की थी। उन्होंने ट्वीट किया कि वह मानवीय जरूरतों और 35 लाख विस्थापित अफगान लोगों की स्थिति का आकलन करेंगे, जिसमें केवल इस साल विस्थापित हुए 5,00,000 से अधिक लोग शामिल हैं। शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त कार्यालय (यूएनएचसीआर) के अधिकारियों ने इस बात को लेकर चिंता व्यक्त की है कि अधिक अफगान पड़ोसी पाकिस्तान और ईरान में शरण ले सकते हैं, जहां पहले से ही बड़ी संख्या में अफगान लोग हैं, जो पिछले दशकों के युद्ध के दौरान अपने देश से भाग गए थे।

ग्रिफिथ्स ने दानदाताओं से सोमवार को लिए संकल्पों को जल्द से जल्द नकद योगदान में बदलने का आग्रह करते हुए कहा, वित्त पोषण अफगान के लोगों को एक नया जीवन देगा जिनके पास भोजन, स्वास्थ्य देखभाल और सुरक्षा की कमी है। उन्होंने कहा कि बैठक में अफगान के लोगों के साथ एकजुटता दिखाई गई, लेकिन अफगानिस्तान को आगे एक लंबा और कठिन रास्ता तय करना है और इस सफर का अंत बहुत दूर है।

# दक्षिण कोरिया के सबसे बड़े चर्च के संस्थापक का निधन

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में सबसे बड़े चर्च के संस्थापक रेवरेंड चो योंग गी का 85 वर्ष की आयु में मंगलवार को निधन हो गया।

उनके द्वारा स्थापित चर्च को देश के युद्ध के बाद ईसाइयत के उत्थान के प्रतीक के रूप में देखा जाता था लेकिन बाद में भ्रष्टाचार और घोटालों के चलते चर्च की छवि धूमिल हो गई। चर्च की ओर से जारी एक बयान के अनुसार चो सियोल के योइदो फुल गॉस्पेल चर्च में एमेरिटस पादरी थे। जुलाई 2020 में मस्तिष्क हेमरेज होने के बाद से उनका इलाज चल रहा था। चर्च ने कहा कि कोरियाई युद्ध के बाद निराश कोरियाई लोगों को उन्होंने उम्मीद प्रदान की थी।




चेवी चेज में गर्भपात अधिकार को लेकर सुप्रीम कोर्ट के जज के घर के बाहर जुटे प्रदर्शनकारी

## 20 वर्षों में पाकिस्तान की क्या भूमिका रही है देखेंगे: ब्लिंकन

**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन ने अमेरिकी सांसदों से कहा है कि अमेरिका यह देखेगा कि बीते बीस वर्षों में पाकिस्तान की भूमिका क्या रही है। दरअसल सांसदों ने 9/11 हमले के बाद अफगानिस्तान में पाकिस्तान की दोहरी नीति वाली भूमिका पर नाराजगी जताई और मांग की कि वाशिंगटन इस्लामाबाद से रिश्तों पर पुन: विचार करे। अमेरिकी सांसदों ने बाइडन प्रशासन से अनुरोध किया कि वह पाकिस्तान के मुख्य गैर नाटो सहयोगी के दर्जे के बारे पर भी फिर से विचार करे। ब्लिंकन को नाराज सांसदों का सामना करना पड़ा जिन्होंने अफगान सरकार के त्वरित पतन को लेकर प्रशासन की प्रतिक्रिया पर और अमेरिकियों तथा अन्य लोगों को निकालने के लिए विदेश विभाग के कार्यों पर सवाल उठाया। टेक्सास से डेमोक्रेट सांसद जोकिन कास्त्रो ने ब्लिंकन से कहा कि तालिबान को पाकिस्तान द्वारा लंबे समय से समर्थन देने को देखने की जरूरत है।

# उत्तर कोरिया से वार्ता की मेज पर लौटने का किया आहवान

● जापान, अमेरिका व दक्षिण कोरिया ने की बैठक

एपी। टोक्यो

जापान, अमेरिका और दक्षिण कोरिया के वरिष्ठ राजनयिकों ने उत्तर कोरिया से मिसाइल और परमाणु कार्यक्रमों को लेकर वार्ता की मेज पर लौटने का आह्वान किया है। जापान, अमेरिका और दक्षिण कोरिया के अधिकारियों की बैठक ऐसे वक्त हुई है जब एक दिन पहले ही उत्तर कोरिया ने लंबी दूरी की नई क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण करने का दावा किया। इस बैठक में उत्तर कोरिया पर नीति के लिए अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि सुंग किम, कोरियाई प्रायद्वीप शांति एवं सुरक्षा मामलों के लिए दक्षिण कोरिया के विशेष प्रतिनिधि नोह क्यू-डुक और एशियाई एवं महासागर मामलों के लिए जापान के महानिदेशक ताकेहिरो फुनाकोशी शामिल हुए।

अमेरिकी दूत किम ने कहा कि तीनों देश उत्तर कोरिया के साथ कूटनीतिक वार्ता के लिए तैयार हैं। किम ने उत्तर कोरिया से बिना किसी शर्त के वार्ता के कई प्रस्तावों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी देश उत्तर कोरिया के मिसाइल कार्यक्रम को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को पूरी तरह लागू करने के लिए काम करेंगे। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने सोमवार को कहा था कि क्रूज मिसाइल विकसित करने का काम बीते दो साल से जारी था और शनिवार तथा रविवार को परीक्षण के दौरान उसने 1,500 किलोमीटर दूर स्थित लक्ष्य भेदने की क्षमता का प्रदर्शन किया।

उत्तर कोरिया ने नई मिसाइलों को बेहद महत्वपूर्ण सामरिक हथियार बताया जो सेना को मजबूत करने के देश के नेता किम जोंग-उन के आह्वान के अनुरूप है। उत्तर कोरिया का कहना है कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया का सामना करने के लिए उसे परमाणु हथियारों की जरूरत है।

## अमेरिका में अवैध तरीके से घुसने के आरोप में दो पाकिस्तानी गिरफ्तार

**न्यूयार्क।** अमेरिका में अवैध तरीके से घुसने के आरोप में सीमा गश्ती एजेंटों ने यहां दो पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। सीमा अधिकारियों को एक सितंबर को किसी व्यक्ति ने सूचना दी थी कि अमेरिका और कनाडा की सीमा के पास दो संदिग्ध व्यक्ति सड़क पर घूम रहे हैं। गश्ती एजेंटों ने दोनों व्यक्तियों को पकड़ा जिसके बाद पता चला कि वे पाकिस्तान के नागरिक हैं और उनके पास अमेरिका में रहने का कोई वैध दस्तावेज नहीं है। अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि आफताब अकबर हुसैन (41) को आव्रजन न्यायाधीश द्वारा 2013 में अमेरिका से निकाल दिया गया था। उसे कैलिफोर्निया में मादक पदार्थ (एक्सटेसी) रखने का दोषी ठहराया गया था।

# अमेरिका ने कई चीनी छात्रों के वीजा के अनुरोध ठुकराए

एपी। वाशिंगटन

**एक** सेमेस्टर ऑनलाइन पढ़ाई के बाद वांग जिवेई सेंट लुइस में वाशिंगटन विश्वविद्यालय परिसर में आ रहे अपने सहपाठियों से मिलने के लिए उत्साहित था लेकिन 23 साल के वित्तीय शिक्षा के छात्र ने कहा कि अमेरिका ने सुरक्षा आधार पर उसका छात्र वीजा निरस्त कर दिया है।

चीन सरकार का कहना है कि वांग कम से कम उन 500 छात्रों में एक से हैं जिनके वीजा संभावित सैन्य इस्तेमाल के लिए अमेरिकी प्रौद्योगिकी हासिल करने से बीजिंग को रोकने के लिए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जारी नीति के अनुसार निरस्त कर दिए गए हैं। वांग ने कहा कि सारी चीजें बकवास हैं। हम वित्तीय शिक्षा के छात्रों का सेना से क्या लेना देना? दरअसल, प्रौद्योगिकी और शिक्षा, बीजिंग की सैन्य बढ़त, कोरोना वायरस की उत्पत्ति, मानवाधिकार और दक्षिण चीन सागर तथा अन्य क्षेत्र के विवादित दावों को लेकर अमेरिका और चीन के बीच संबंध तनावपूर्ण चल रहे हैं।

इस नीति के तहत उन लोगों को वीजा देने पर रोक लगाई गई है जो सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की सैन्य शाखा जनमुक्ति सेना या उन विश्वविद्यालयों से जुड़े हैं जिन्हें वाशिंगटन ने सेना के आधुनिकीकरण के प्रयासों का हिस्सा बताया है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि उनका मानना है कि हजारों चीनी छात्र और शोधकर्ता ऐसे कार्यक्रमों में शामिल हैं जिससे वह चीन को चिकित्सा, कम्प्यूटर और अन्य संवेदनशील जानकारी दे सकते हैं। वाशिंगटन ने बीजिंग की नागरिक-सैन्य संयोजन की नीति का हवाला दिया जिसके बारे में उसका कहना है कि यह निजी कंपनियों और विश्वविद्यालयों को चीनी सैन्य प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए एक संपत्ति मानता है। विदेश विभाग ने 2020 में एक रिपोर्ट में कहा था, संयुक्त शोध संस्थान, शिक्षा जगत और निजी कंपनियों का पीएलए की भविष्य की सैन्य प्रणालियां बनाने के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है और वो भी अक्सर उनकी जानकारी या सहमति के बिना। राष्ट्रपति जो बाइडन ने अभी कोई संकेत नहीं दिया है कि वह क्या कर सकते हैं। शंघाई के ऑनलाइन समाचार संगठन द पेपर ने बताया कि चीनी अधिकारियों ने अमेरिका की उप विदेश मंत्री वेंडी शर्मन से वीजा पाबंदियों को हटाने की अपील की थी। बीजिंग में अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में कहा था कि अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा करना है।




## आपके घर को टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के पांच तरीके बता रहे हैं

**आदित्य रुइया**

जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और वनों की कटाई से ऐसी वास्तविकताएं सामने आ रही हैं, कि लोग ग्रह के भविष्य को लेकर अधिक चिंतित हो रहे हैं। वनों की कटाई, प्लास्टिक प्रदूषण, हमारे कार्बन पदचिन्ह और भावी पीढ़ियों के लिए जीवन की गुणवत्ता पर लगातार होने वाली वार्ताओं को कैसे नजरंदाज किया गया, जिसके कारण पर्यावरणीय क्षति हो रही है, नतीजा यह कि अब पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली की अवधारणा सर्वोपरि होती जा रही है।

हर कोई अब इस ग्रह को हमारे समुदायों और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर जगह बनाने की दिशा में कदम उठाने को तैयार है। परोपकार की शुरूआत घर से होती है। चूंकि हमारा घर वो जगह है जहां हम अपना अधिकांश समय बिताते हैं, यह शुरुआत करने की सबसे अच्छी जगह है।

क्या हम अपने शहरी घरों को बिना किसी आर्किटेक्ट को बुलाए या बगैर जीवनशैली में बड़े बदलाव किए पर्यावरण के अनुकूल बना सकते हैं? इसका जवाब है, हाँ। यह हर दिन छोटे कदम उठाने, मामूली बदलाव करने और कुछ आदतों को बदलने से संबंधित है जिनसे किसी भी घर को पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ बना सकते हैं।

यहां कुछ छोटे लेकिन व्यावहारिक तरीके बताए गए हैं जिनसे आप अपने घर को टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल बना सकते हैं :





**प्लास्टिक कचरे को कम करें**

प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन लगभग 500-800 ग्राम ठोस कचरा उत्पन्न करता है। इतनी बड़ी मात्रा में कचरे, खासकर प्लास्टिक का प्रबंधन, देश के लिए एक गंभीर मुद्दा बन गया है।

जबकि एक बार में प्लास्टिक मुक्त हो जाना संभव नहीं हो सकता है, मगर हम छोटे कदम उठाकर शुरू कर सकते हैं मसलन, संरक्षित या खाना पकाने के लिए धीरे-धीरे प्लास्टिक के कंटेनरों का इस्तेमाल करने के बजाय सिरेमिक, स्टील या ग्लास का इस्तेमाल करें। जब आप इस राह पर हों, तो घर के कचरे के प्लास्टिक थैलों की जगह कंपोस्टेबल कचरा बैग का उपयोग करें और सब्जियां, फल या स्नैक्स लेने जाते समय पर्यावरण के अनुकूल कपड़े का बैग ले जाएं।

प्लास्टिक को कम करना अपने घर को पर्यावरण अनुकूल बनाने का एक तरीका है जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है।

**घरेलू सामानों का पुन: उपयोग करें**

जब आप प्लास्टिक -कंटेनरों को कांच के कंटेनरों से बदल रहे हों, तो यह देखने के लिए चारों ओर देखें कि क्या कोई डिब्बा या वस्तुएं हैं जिसे आप स्टोर पर जाने से पहले पुन: उपयोग कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, खाली कॉफी जार मसालों व पाऊडर के लिए उत्कृष्ट कंटेनर बनते हैं। इसी तरह, नया फर्नीचर खरीदते समय, घर को सजाने हेतु पर्यावरण के अनुकूल तरीकों के बारे में सोचें।

दैनिक वस्तुएं जैसे डिस्पोजेबल कॉफी कप और टिश्यू हमारे लिए उपयोग में आसान होते हैं लेकिन पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं। लेकिन, इससे निपटने का एक आसान तरीका है, पुन: प्रयोज्य कॉफी कप और बांस के टिशूज या कपड़े के नैपकिन का इस्तेमाल आरंभ करें जिन्हें आप बार-बार उपयोग कर सकते हैं।

**पुनर्चक्रित उत्पादों का विकल्प चुनें**

आपके द्वारा अपने घर हेतु चुने गए उत्पाद धरती पर आपके कार्बन पदचिह्न को कम करने की दिशा में दूरगामी कारगर होते हैं। छोटे से शुरुआत करने के लिए, प्लास्टिक कटलरी और दैनिक आवश्यक चीजों जैसे टूथब्रश को पुनर्चक्रित किए गए बांस के टूथब्रश और कटलरी से बदलें, इनका प्रकृति पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है।

पुनर्नवीनीकृत लकड़ी या अन्य सामग्रियों से बना फर्नीचर अपनाएं जो अन्यथा गड्ढे भरने में जा सकते हैं या फेंक दिए जा सकते हैं। अपने घर को एक सौंदर्यपूर्ण मगर टिकाऊ उन्नयन देने के लिए, प्लास्टिक या धातु से बने शोपीस के बजाय पुरानी प्राचीन वस्तुओं को उपयोग में लाएं।

**हरित शक्ति को अपनाएं**

हरित ऊर्जा प्राकृतिक संसाधनों जैसे हवा, सूरज, बायोमास और पानी से उत्पन्न ऊर्जा को संदर्भित करती है जिसे जीवाश्म ईंधन के विपरीत प्राकृतिक रूप से पुन: भरा जा सकता है। ऊर्जा के पारंपरिक स्रोतों से दूर हटना जलवायु परिवर्तन से निपटने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

अब, ग्रीन पावर या हरित शक्ति को चुनने का मतलब यह नहीं है कि आपको अपना बिजली प्रदाता बदलना होगा। यह छोटे बदलाव करने के लिए संदर्भित है जैसे कि एलईडी या सीएफएल बल्बों के साथ नियमित रोशनी की जगह जितना संभव हो सके और पानी को गर्म करने के लिए अपनी छत पर सौर फोटोवोल्टिक पैनल स्थापित करना।


**हरित उपकरणों को उपयोग में लाएं**

उपकरण आमतौर पर बड़ी मात्रा में ऊर्जा की खपत करते हैं, इसलिए यह आदर्श है अगर हम तकनीकी नवाचारों का लाभ उठा सकें और अधिक ऊर्जा कुशल उपकरणों में बदलाव कर सकें। वे पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ ऊर्जा और धन बचाने में भी हमारी मदद कर सकते हैं।

इसलिए, जब एक नया रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन या कोई नया उपकरण लेने का समय हो, तो ऐसे उत्पादों की तलाश करें जो उच्च स्तर की ऊर्जा दक्षता की पूर्ति करते हों। विभिन्न अन्य विवरणों के साथ उत्पाद की दक्षता का विवरण प्राप्त करने के लिए उपकरण पर 'स्टार लेबल' की जाँच करें। यह आपको मॉडल की तुलना करने और ऊर्जा दक्षता के मामले में सर्वोत्तम चुनने की अनुमति देगा।

पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को अपनाना अब पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। हालांकि कुछ लोगों को लगता है कि पर्यावरण के प्रति अधिक जागरुक होने के लिए अपने घरों में बदलाव करने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिर अगर हम इस पर एक साथ प्रयास करते हैं तो इससे फर्क पड़ेगा।

**( लेखक भारतीय इको फ्रेंडली होम, किचन और पर्सनल केयर ब्रांड बीको के सह-संस्थापक हैं )**



## स्वराज नामक स्वप्न

### हमें स्वतंत्रता मिली है या नहीं, इस पर विचार कर रहे हैं राजयोगी ब्रह्म कुमार निकुंज जी

पिछले हफ्ते, भारत और भारतीयों ने देश की स्वतंत्रता की प्लेटिनम जयंती (75 वर्ष) को विभिन्न तरीकों से और विभिन्न भावनाओं के साथ मनाया। नेताओं, विचारकों व लेखकों ने पिछले साढ़े सात दशकों के दौरान देश की उपलब्धियों व विफलताओं का अपना विविध मूल्यांकन और विश्लेषण प्रस्तुत किया। हालांकि कुछ के पास भोजन के संबंध में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने और महत्वपूर्ण आर्थिक व तकनीकी शक्ति बनने के लिए प्रशंसा के शब्द थे, जबकि अन्य ने जनसंख्या वृद्धि की दर को कम करने, जन-साक्षरता लक्ष्य को प्राप्त करने व गरीबों को कुछ आर्थिक लाभ पहुंचाने में विफलता की बात कही।

महान राष्ट्रीय महत्व के इस दिन पर, कुछ वरिष्ठतम राजनेताओं व स्वतंत्रता सेनानियों ने उस ऐतिहासिक रात को क्या हुआ था, जब डॉ राजेंद्र प्रसाद और डॉ राधा कृष्णन जैसे दिग्गज आधी रात को बोले थे और पंडित जवाहर लाल नेहरू ने अपना प्रसिद्ध भाषण ''ट्रिस्ट विद डेस्टिनी'' भाषण दिया था कि जब पूरी दुनिया सो रही थी और भारत स्वतंत्रता के लिए जाग गया था, ''अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करने के लिए, पूरी तरह से या पूर्ण रूप से नहीं, बल्कि बहुत हद तक''। उन्होंने उस समय मौजूद संविधान सभा के सभी सदस्यों द्वारा ली गई प्रतिज्ञा की भी बात की, ''जो इतिहास में शायद ही कभी आती है'' एक स्वर में जोर से कहा गया कि उन्होंने भारत और उसके लोगों की सेवा के लिए पूरी विनम्रता से खुद को समर्पित कर दिया है। अंत तक, ताकि देश ''दुनिया में अपना सही स्थान प्राप्त कर सके और विश्व शांति और मानव जाति के कल्याण को बढ़ावा देने में अपना योगदान दे सके। '' लोग दुख से बोझिल थे और स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए असंख्य व्यक्तियों द्वारा किए गए अतुलनीय बलिदानों की बात करते थे, आजादी, जिसके साथ सीमा के दोनों किनारों पर हजारों लोगों द्वारा और विभाजन की बड़ी त्रासदी तथा भयावहता और बर्बरता व रक्तपात हुआ था। एक बात जो सभी नेताओं और आम लोगों ने स्वीकार की थी, वो यह थी कि देश अभी तक ''हर आंख से एक आंसू पोंछने'' में सक्षम नहीं हुआ है- जैसा कि बापू गांधी की गहरी आकांक्षा थी और न ही उन्हें वह ''स्वराज'' मिल पाया जिसकी उन्होंने कल्पना की थी। सभी ने एक स्वर में कहा कि देश पिछड़े और गरीब वर्गों को प्रभावी सामाजिक और आर्थिक न्याय प्रदान करने में विफल रहा है, कि लगभग आधी आबादी स्वतंत्रता का कोई सार्थक लाभ महसूस नहीं करती है। हम यह भूल जाते हैं कि स्वतंत्रता न केवल स्वतंत्र रूप से जीना है बल्कि दूसरों को भी स्वतंत्र रूप से जीने देना है।

हम में से अधिकांश इस तथ्य को नहीं समझते हैं कि हमारी सभी की समस्याएं एक पहचान के संकट से उत्पन्न हुई हैं, यानी अपनी वास्तविक पहचान की गहरी अज्ञानता जो कि आत्मा की है, न कि शरीर की। इसलिए जन्म के आधार पर भेदभाव समेत सांप्रदायिकता, जातिवाद, हिंसा और आदिवासियों व पिछड़े वर्गों के प्रति अपमानजनक रवैये संबंधी समस्याएं दूर हो जाएंगी यदि हम यह महसूस करते हैं कि हम में से प्रत्येक एक आत्मा है। 1947 में कोई नरसंहार नहीं होता या उपमहाद्वीप का विभाजन भी नहीं होता अगर लोगों में यह जागरूकता होती कि वे आत्मा हैं। साथ ही लोगों के आत्म-जागरुक होने पर किसी भी प्रकार का अन्याय या किसी ब्रांड का भ्रष्टाचार या लैंगिक पूर्वाग्रह नहीं होगा। इस प्रकार हमें यह याद रखना चाहिए कि हमारी आध्यात्मिकता और आध्यात्मिक प्रतिक्रिया हमारी आत्म-चेतना से उत्पन्न होगी और उसी से वास्तविक स्व-राज अर्थात स्वयं या आत्मा का शासन आएगा।

वह दिन दूर नहीं जब हम चरित्र व मूल्यों की पवित्रता के इर्द-गिर्द केंद्रित एक ऐसी दुनिया देखेंगे, जहां हर प्राणी दैवीय होगा और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व में होगा। हिंसा का कोई भी रूप नहीं होगा, चाहे वह शारीरिक, मानसिक या भावनात्मक हो। प्रत्येक व्यक्ति सत्य और दैवीय गुणों का अवतार होगा। शुद्ध प्रेम और सम्मान संबंधों का आधार बनेगा। वे बुराई, दोष और पीड़ा से पूरी तरह अनभिज्ञ होंगे। भौतिक रूप से, वे ऐश्वर्य और बहुतायत में रह रहे होंगे। विज्ञान का उपयोग सही तकनीक व आराम की आवश्यकता के निर्माण करने के लिए किया जाएगा। लोग पूर्ण स्वास्थ्य, प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेंगे और बीमारी व असामयिक मृत्यु से मुक्त लंबी उम्र का आनंद लेंगे। सभी खुश और संतुष्ट रहेंगे। हर कार्य में सहजता, मासूमियत, पवित्रता और आनंद होगा। यह कभी न सोचें कि यह सब एक मिथ है। नहीं! यह वास्तव में एक वास्तविकता है जो उतनी ही करीब है, जितना कि कल।

## विविधताओं से परिपूर्ण

### रैंप स्क्रीन पर शिफ्ट हो गया है क्योंकि इंडियन कॉउचर वीक (आईसीडब्लू) में सबसे नए कलेक्शन का खुलासा हुआ है। टीम वाइवा ने कुछ डिजाइनरों पर ध्यान केंद्रित किया जिन्होंने पहले तीन दिनों में धूम मचा दी थी।

**पहला दिन :**

**मनीष मल्होत्रा**

क्या आप मल्होत्रा के बिना कॉउचर वीक की कल्पना कर सकते हैं? उनके संग्रह ने दुल्हनों को उनकी मूल भावना और भावनाओं के साथ मनाया जो भीतर से निकलती हैं। नूरनियत का ब्राइडल एडिट मल्होत्रा के ब्राइडल कॉउचर का नवीनतम संग्रह है।



बेहतरीन शिल्प कौशल और उत्कृष्ट जटिल तत्वों का एक संयोजन, इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है, यह संग्रह दुल्हन की महिमा का एक आकर्षक मिश्रण है, जो हड़ताली रंग की रचनाओं में फैला हुआ है, जहां प्रत्येक पहनावा अपनी खुद की भावनात्मक कहानी बताता है।

''मेरा ब्राइडल एडिट दुल्हनों के मूड और भावनाओं का एक मिश्रण है और वर्षों से उनके सपनों के कपड़े बनाने और उनके साथ बातचीत करने के बाद, मैं अनजाने में उन दिलचस्प यादों में आ गया और उन सभी को पकड़ने का फैसला किया - उनके उत्साह और खुशी से लेकर हार्दिक और दयालु, भावनाओं और भावनाओं का एक असंख्य है जो अपने नए अध्याय पर पृष्ठ को चालू करने से पहले इतने दिल को छू लेने वाले लेकिन परेशान करने वाले क्षण हैं। उनकी भावनाओं के हर अंश को सुशोभित करने वाला कुछ असली जादू है, जो आपको एक ऐसी दुनिया में ले जाता है जिसे केवल एक दुल्हन जानती है। आप नए जमाने के हों या न हों, भावनाएं वही रहती हैं, खुशियों के आंसू फिर भी बहते हैं, और इस सब के माध्यम से, हमारा संग्रह जो वह सजाती है, उसके सपनों को हकीकत में बदल देती है, मल्होत्रा कहते हैं।''

रुझानों से अलग, यह संग्रह पवित्र लाल, आलीशान आड़ू, जगमगाते सोने की विरासत पर गर्व करता है, जबकि इसका दिल आधुनिक गतिविधियों के अनुरूप अपने समकालीन लेकिन ग्लैमरस सिल्हूट पर धड़कता है।

यह रेंज उनके सिग्नेचर ट्रेल्स, शीयर वील्स और लेयरिंग ड्रेप्स के साथ विस्तृत थी, क्योंकि वे सबसे पसंदीदा हैं, और ब्राइडल आउटफिट्स में एक्सटेंडेड सिल्हूट्स के परफेक्ट फॉर्म हैं, जो पीछे की ओर स्वीप करने के लिए काफी लंबे हैं, जबकि दुल्हनें अद्वितीय लालित्य में गलियारे से नीचे चलती हैं। कढ़ाई में सदियों पुरानी जरदोजी, बदला, और निश्चित रूप से, आधुनिक सिल्हूट पर सिग्नेचर सेक्विन का दावा किया गया है।

**दूसरा दिन :**

**सिद्धार्थ टाइटलर**

न्यूयॉर्क के फैशन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में प्रशिक्षित दिल्ली के डिजाइनर सिद्धार्थ टाइटलर ने इंडिया कॉउचर वीक में अपने बेहतरीन एम्ब्रोसिया कॉउचर 2022 कलेक्शन के लॉन्च के साथ शुरुआत की।



इस प्रेरणादायक संग्रह ने एक डिजाइनर की चालाकी और उत्कृष्ट शिल्प के साथ एक आकर्षक जुड़ाव की पहचान की, जो हर नई पेशकश के साथ लहरें बनाना जारी रखता है।

ग्रीक पौराणिक कथाओं में एम्ब्रोसिया, देवताओं का अमृत है। कॉउचर 2022 संग्रह ने शुद्धता, रंग और ईथर महत्व से इसकी प्रेरणा मांगी।

इसके रंग पैलेट में हाथीदांत और सोने के रंगों का प्रभुत्व था, जबकि सतह के अलंकरण सेक्विन, क्रिस्टल स्पलैश, बीडवर्क और थ्रेडवर्क, रफल्स और प्लीटिंग, लेजर कटिंग और क्विल्टिंग में रहस्योद्घाटन हुआ। कपड़े, पहली बार जैविक की ओर झुके। इस संग्रह में कॉटन सिल्क चंदेरी, सिल्क तफ्ताता, सिल्क ऑर्गेनाजा, सिल्क टिश्यू और जॉर्जेट का राज था।

**सुनीत वर्मा**

सुनीत ने हमें एक ऐसे रास्ते पर ले जाया जिसने हमें युवा प्रेमियों की रोमांचक यात्रा की याद दिला दी - गुप्त प्रेम नोट्स, चोरी की झलकियां और जीवन में उत्सव का महत्व। वास्तविक जीवन के परिदृश्यों को चित्रित करते हुए और अपने वस्त्र संग्रह 2021 को बुनते हुए, सुनीत कहते हैं, ''मैं एक भारतीय शादी में फाइनरी और वस्त्र के महत्व को समझता हूं, और मैं आधुनिक युवा दूल्हे और दुल्हन की जरूरतों को भी समझता हूं - चाहे शादी एक भव्य हो या एक अंतरंग पलायन।''



संग्रह में मिंट, आइस-ब्लू, ब्लश और येलो में सुंदर पेस्टल शामिल हैं, नाजुक कांच के मोतियों, क्रिस्टल में टोन-ऑन-टोन कढ़ाई के साथ, और अल्ट्रा-फेमिनिन, सॉफ्ट, फ्लोई सिल्हूट में एक दिन के समारोह के लिए थ्रेडवर्क। सुनीत नई कढ़ाई तकनीक बनाने के अपने जुनून के प्रति सच्चे हैं और पुरानी पारंपरिक कलाओं को आकार और सिल्हूट के लिए आधुनिक आंखों के साथ मिलाते हैं। सरासर आस्तीन, ऑफ-शोल्डर नेकलाइन्स, और गहरी, स्कैलप्ड बैक एक कामुक लेकिन विनम्र युवा दुल्हन के लिए बनाई गई है। दूल्हे ने धागे की कढ़ाई और आधुनिक हेमलाइन के साथ आसान, हल्के रंग की शेरवानी पहनी थी।

**गौरव गुप्ता**

गुप्ता कहते हैं, ''प्यार हमें सभी ब्रह्मांडों की यात्रा कराता है, प्यार ब्रह्मांड को घूमता है, प्यार ही सब कुछ है।''



एक महामारी के बीच में रहते हुए, एकमात्र भावना जो हमें प्रेरित करती है वह है प्रेम। गौरव गुप्ता कॉउचर 2021/22 में यूनिवर्सल लव नामक एक फिल्म प्रस्तुति शामिल थी, जहां से पिछले कॉउचर शो का समापन हुआ था।

इस वस्त्र प्रस्तुति के साथ, गुप्ता ने साझा किया कि, उन्होंने कामुकता, लिंग की तरलता, सीमाओं और पहचान के आसपास के संवाद में धारणा लाने का प्रयास किया है क्योंकि हमेशा प्यार को उसके सभी रूपों, उम्र, आकार, आकार और रंगों में मनाते रहने का एक कारण होता है।

ब्रह्मांड से प्रेरित, ब्रह्मांड का विस्तार, लाखों तारे, अक्ष और सभी ग्रहों की गति; समय के अनंत छोरों में छिड़काव और सर्पिलिंग, उल्कापिंड की बौछारें और रेसिंग धूमकेतु अमूर्त गांगेय कढ़ाई और सिल्हूट को प्रेरित करते हैं। वस्त्र ब्रह्मांड के विस्तार और भव्यता की भावना को उजागर करते हैं। सब कुछ पूर्ण सद्भाव और प्रेम के लिए प्रयास करने के लिए किया गया। संग्रह बेशर्मी से शानदार और ग्लैमरस रूप से स्टार जैसा है।

**तीसरा दिन :**

**पंकज और निधि**

नई उम्मीद और ऊर्जा के साथ, पंकज और निधि ने 2021 के लिए एकदम नया वस्त्र संग्रह - आफ्टरग्लो प्रदर्शित किया।

आफ्टरग्लो एक उज्ज्वल भविष्य की लालसा के साथ एक नई सुबह का प्रतीक है और तारकीय शिल्प कौशल के साथ, ऐसे टुकड़े बनाने के लिए जो कालातीत हैं और एक शानदार सुंदरता को विकीर्ण करते हैं।

संग्रह में इंद्रधनुषी चमक के साथ नए युग की सामग्री में ओरिगेमी फोल्डिंग, दस्तकारी तालियां और जालीदार जैसी असाधारण तकनीकें थीं। स्थिरता की दिशा में एक रास्ता अपनाते हुए, कई कढ़ाई सामग्री घर में बनाई गई थी, सृजन की प्रक्रिया में उत्पन्न अतिरिक्त से बाहर।



आकर्षक सिल्हूट और अद्वितीय हस्तनिर्मित अलंकरणों की चमक के साथ, आफ्टरग्लो ने एक दुल्हन का दिल जीतने की खोज के साथ शिल्प की सीमाओं को आगे बढ़ाया, जो प्रतीकात्मक और सांस्कृतिक पहचान की सराहना करती है, और प्रामाणिकता को महत्व देती है।

एफडीसीआई के इंडिया कॉउचर वीक 2021 के साथ अपने जुड़ाव के बारे में बोलते हुए, पंकज और निधि ने कहा, ''हम इंडिया कॉउचर वीक में अपने कलेक्शन, आफ्टरग्लो को लॉन्च करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। हमने प्रत्येक पीस को बनाने के लिए बहुत मेहनत की है और सभी की प्रतिक्रिया देखने के लिए तत्पर हैं। संग्रह में हमारी सिग्नेचर तकनीकों को नए सिल्हूट और रंगों में शामिल किया गया है।''

**डॉली जे**

डिजाइनर ने खुलासा किया कि संग्रह, आह-लाम, उन लोगों से प्रेरित था, जो एक निर्धारित पैटर्न



को टालने और अपनी यात्रा खुद करने की ताकत रखते हैं। उनका कहना है, ''अब हमारे पास एक अधिक समावेशी दुनिया है जहां विशिष्टता और विविधता दोनों मनाई जाती हैं। हमारा काम एक ऐसी दुनिया में व्यक्तित्व का जश्न मनाने का एक प्रयास रहा है जो खूबसूरती से क्षणिक है।''

संग्रह फ्रेंच ब्लूज़ का एक ओम्ब्रे है जो नीलम मौवे में विलय कर रहा है, सोने और चांदी के क्रिस्टल की बूंदों में स्नान कर रहा है। जबकि जले हुए मूंगा ओम्ब्रे हरी राख को एक चंचल गेंदे के सोने में बदल देते हैं, ऑर्गेना चपरासी और क्रिस्टल कोर्सेज इसे एक पुरानी दुनिया का आकर्षण देते हैं।

इस कलेक्शन के लिए लिक्विड सिल्वर फैब्रिक को विशेष रूप से सिंपल सिल्हूट्स और क्रिस्टल एनक्रस्टेड बेल्ट्स के साथ बुना गया था। लंबे घूंघट के साथ लाल दुल्हन का लहंगा इस सीजन का फ्लेवर लगता है।



**अमित अग्रवाल**

खुद डिजाइनर के शब्दों में, उनका संग्रह, मेटानोइया, उनके अपने पुनरुत्थान की कहानी है। अग्रवाल कहते हैं, ''तीन तत्वों के लिए एक श्रद्धांजलि जो हमारे अस्तित्व का केंद्र बनाते हैं और हमें पोषित करने में मदद करते हैं, हमें खुद को प्रामाणिक रूप से ढालने की आजादी देते हैं और हमें आगे ले जाते हैं, पृथ्वी, पानी और हवा ने मेटानोइया की उत्पत्ति को प्रेरित किया।''

मॉस, सेज, फ़ॉरेस्ट ग्रीन, रोज़ेट, अज़ेलिया, लिशियनथस, टाफ़ी, शहतूत, फ्यूशिया से लेकर बैंगन और इंडिगो तक के रंगों में 35 अनूठी शैलियों और सिल्हूटों की विशेषता, इस विस्तृत संग्रह ने ग्लास फाइबर, रैफिया पाम और जैसी जटिल सामग्री का उपयोग करके कपड़ों को भावना दी। स्थापत्य संरचनाओं को द्रव समूह में बदलने के लिए ऑप्टिक फाइबर।

तकनीक के साथ नवोन्मेष, मेटानोइया, बेकार पीवीसी और हाथ से बुने हुए बहुलक पर मार्बलिंग पैटर्न के माध्यम से हाथ की पेंटिंग का प्रदर्शन किया। हाथ से पेंटिंग की प्रक्रिया को ट्यूल और रेशम के ऊपर ढाल में लागू किया गया था। इस कलेक्शन में ब्रांड सिग्नेचर मेटैलिक पॉलिमर्स के उपयोग पर प्रकाश डाला गया है, जिनका उपयोग जटिल प्लीटिंग, 3डी हैंड एम्ब्रॉएडर्ड थ्रेड वर्क और मैटेलिक कॉर्डिंग के लिए विस्तृत सिल्हूट में किया गया है, जो संरचित अभी तक तरल हैं, आशा, स्वीकृति और नए रास्तों को व्यक्त करते हैं।

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 320
लखनऊ, बुधवार, 15 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



मलिंगा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

स्पोर्ट्स-11

# राजा महेंद्र प्रताप सिंह के योगदान को नहीं मिला उचित सम्मान: मोदी

● प्रधानमंत्री ने जाट राजा और महान स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर अलीगढ़ में रखी विश्वविद्यालय की आधारशिला

**भाषा।** अलीगढ़

**प्रधानमंत्री** ने मंगलवार को कहाकि महान स्वतंत्रता सेनानी राजा महेंद्र प्रताप सिंह के योगदान को उचित सम्मान नहीं मिला। उन्होंने अलीगढ़ में राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय की आधारशिला रखने के बाद अपने संबोधन में कहाकि देश की अनेक पीढ़ियां अपनी शौर्य गाथाओं के बारे में जानकारी से वंचित हैं। इक्कीसवीं सदी में भारत बीसवीं शताब्दी की गलतियों को सुधार रहा है। आज नई पीढ़ियों को महाराजा सुहेलदेव, दीनबंधु चौधरी, छोटू राम और राजा महेंद्र प्रताप सिंह के बारे में बताने की ईमानदारी पूर्ण कोशिश की जा रही है। मोदी ने महान हस्तियों द्वारा स्वतंत्रता के आंदोलन में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि आजादी के बाद आई पीढ़ियों को ऐसे राष्ट्र नायकों और राष्ट्र नायिकाओं के बलिदान के बारे में जानकारी नहीं दी गई। प्रधानमंत्री ने कहाकि जब युवा बड़े सपने देखते हैं तो उन्हें राजा महेंद्र प्रताप सिंह के बारे में स्मरण और अध्ययन करना चाहिए क्योंकि इससे उन्हें दृढ़ इच्छाशक्ति के सबक मिलते हैं। हर किसी को राजा महेंद्र प्रताप सिंह के बारे में याद रखना चाहिए। वह भारत की आजादी के लिए अफगानिस्तान, पोलैंड, जापान तथा साउथ अफ्रीका समेत दुनिया के विभिन्न हिस्सों में गए। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान वह लाला हरदयाल जी और खासकर श्यामजी कृष्ण वर्मा जी से मुलाकात करने के लिए यूरोप गए। उसके परिणाम स्वरूप अफगानिस्तान में भारत की पहली निर्वासित सरकार का गठन हुआ। मोदी ने कहाकि इस सरकार की अगुवाई राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने की थी। आज प्रधानमंत्री के तौर पर मैं उनके जैसे महान स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर बनने जा रहे विश्वविद्यालय की आधारशिला रख कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने वृंदावन में अपने संसाधनों से एक अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी कॉलेज की स्थापना की और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के लिए जमीन का एक बड़ा हिस्सा दान किया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आज आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान जब 21वीं सदी का भारत शिक्षा के एक नए युग की तरफ बढ़ रहा है, मिट्टी के महान सपूत के नाम पर एक नए विश्वविद्यालय का निर्माण कराया जाना उन्हें सच्ची कार्यांजलि है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय आधुनिक शिक्षा का केंद्र बनेगा। आज जिस तरह से शिक्षा, कार्यकुशलता और स्थानीय भाषाओं में शिक्षण कार्यों पर जोर दिया जा रहा है।



अलीगढ़ में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## सीमाओं की रक्षा करेंगे यूपी में बने हथियार: प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, अलीगढ़

● कहा, योगी राज में पनाह मांग रहे हैं अपराधी

**पहले** अलीगढ़ के बने ताले घरों और दुकानों की रक्षा करते थे लेकिन अब डिफेंस कॉरिडोर के अलीगढ़ नोड में बने हथियार देश की सीमाओं की रक्षा करेंगे। डिफेंस कॉरिडोर के निर्माण से यूपी आत्मनिर्भरता की तरफ एक और बड़ा कदम बढ़ाने जा रहा है। यह कारीडोर यहां के युवाओं के लिए रोजगार के ढेरों अवसर लेकर आयेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह बात मंगलवार को डिफेंस कॉरिडोर के अलीगढ़ नोड का शिलान्यास के दौरान कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिफेंस कॉरिडोर के अलीगढ़ नोड में छोटे हथियार, आयुध, एयरोस्पेस, डिफेंस पैकेजिंग निर्माण के लिए नए उद्योग लगाए जा रहे हैं। इससे अलीगढ़ को नई पहचान मिलेगी। लखनऊ नोड में दुनिया की बेहतरीन मिसाइल ब्रह्मोस और झांसी नोड में मिसाइल निर्माण की बड़ी यूनिट लगेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहाकि उत्तर प्रदेश देश और दुनिया के हर छोटे बड़े निवेशक के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। उन्होंने कहा मुझे आज देख कर खुशी होती है कि जिस यूपी को देश के विकास में रुकावट के रूप में देखा जाता था, वही यूपी देश के बड़े अभियानों का नेतृत्व कर रहा है। योगी राज में अपराधी पनाह मांग रहे है। अपराध पर लगाम से यूपी में निवेश बढ़ा है।

## प्रदेश में शिक्षा के स्तर में बड़े पैमाने पर हो रहा है सुधार: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि यूपी में शिक्षा के स्तर में बड़े पैमाने पर सुधार हो रहा है। प्रदेश में 8 नए विश्वविद्यालयों का निर्माण हो रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को भी सबसे पहले यूपी में लागू किया गया। उन्होंने कहाकि कोरोना से जब पूरी दुनिया त्रस्त है, उस वक्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकारी योजनाओं व आत्मनिर्भर पैकेज के जरिए लोगों का जीवन और जीविका दोनों को बचाने का काम किया गया। जब दुनिया वैक्सीन पर काम कर रही थी तब उन्होंने देश को वैक्सीन उपलब्ध करा कर लोगों का जीवन बचाने का काम किया। आज देश के 75 करोड़ लोगों को वैक्सीन दी जा चुकी है। योगी ने कहा कि यूपी अब निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। इससे यूपी में रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। युवाओं को अपने ही शहरों में नौकरी मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजा महेन्द्र प्रताप ने आजादी की लड़ाई और शिक्षा के विकास में अहम योगदान दिया है। उनको कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इसलिए आज अलीगढ़ को प्रधानमंत्री राजा महेन्द्र प्रताप राज्य विश्वविद्यालय का तोहफा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में किसानों को तकनीक से जोड़ कर उनकी आय दोगुनी करने का काम किया जा रहा है।2017 से अब तक गन्ना किसानों को 1 लाख 43 हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। कोरोना काल में चीनी मिलों का संचालन कर किसानों को बड़ी राहत दी गई। मुख्यमंत्री ने राधा अष्टमी पर लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज राधाष्टमी है और ब्रज क्षेत्र में इसका महत्वपूर्ण स्थान भी है।

# पदोन्नति में एससी-एसटी को आरक्षण के फैसले पर फिर सुनवाई नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह पदोन्नति में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) को आरक्षण की अनुमति देने वाले अपने फैसले पर दोबारा सुनवाई नहीं करेगा क्योंकि राज्यों को यह निर्णय करना है कि वे कैसे इसे लागू करेंगे। विभिन्न राज्यों में पदोन्नति में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों को आरक्षण देने में कथित तौर पर आ रही दिक्कतों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बीआर गवई की तीन सदस्ईय पीठ ने राज्य सरकारों के एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड को निर्देश दिया कि वे उन मुद्दे की पहचान करें जो उनके लिए अनूठे हैं और दो सप्ताह के भीतर उन्हें दाखिल करें। पीठ ने कहा, हम स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि हम नागराज या जरनैल सिंह (मामले) दोबारा खोलने नहीं जा रहे हैं क्योंकि इन मामलों पर न्यायालय द्वारा प्रतिपादित व्यवस्था के अनुसार ही निर्णय करने का विचार था। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सरकारी नौकरियों में एससी और एसटी की पदोन्नति में आरक्षण देने का रास्ता साफ कर दिया था। न्यायालय ने कहा था कि राज्यों को इन समुदायों के पिछड़ा होने वाले मात्रात्मक आंकड़े एकत्र करने की जरूरत नहीं है।

अदालत ने कहा था कि वर्ष 2006 में एम नागराज मामले में दिए फैसले पर पुनर्विचार की भी जरूरत नहीं है। शीर्ष अदालत ने अपने पूर्व के आदेश को रेखांकित किया जिसमें राज्य सरकारों को निर्देश दिया गया था कि वे उन मामलों को तय करे जो उनके लिए अनूठे हैं ताकि न्यायालय इनमें आगे बढ़ सके। न्यायालय ने कहा कि अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल द्वारा तैयार किए गए मुद्दे और दूसरों द्वारा उपलब्ध कराए गए मुद्दे मामले का दायरा बढ़ा रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा, हम ऐसा करने के



इच्छुक नहीं है। ऐसे कई मुद्दे हैं जिनका फैसला नागराज प्रकरण में हो चुका है और उन्हें भी हम लेने नहीं जा रहे हैं। हम बुहत स्पष्ट हैं कि हम मामले को दोबारा खोलने के किसी तर्क या इस तर्क को मंजूरी नहीं देंगे कि इंदिरा साहनी मामले में प्रतिपादित व्यवस्था गलत हैं क्योंकि इन मामलों का दायरा इस अदालत द्वारा तय कानून को लागू करना है। वेणुगोपाल ने शीर्ष अदालत के समक्ष कहा कि इनमें से लगभग सभी मुद्दों पर शीर्ष अदालत के फैसले में व्यवस्था दी जा चुकी है और वह आरक्षण के मामले पर इंदिरा साहनी मामले से लेकर अबतक के मामलों की पृष्ठभूमि देंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने तर्क दिया कि राज्य कैसे फैसला करें कि कौन सा समूह पिछड़ा हैं और इसमे पैमाने की उपयुक्तता का मुद्दा खुला है। उन्होंने कहा, अब यह विवादित तथ्यों का सवाल नहीं रहा।

कुछ मामलों में उच्च न्यायालयों ने इस आधार पर इन्हें खारिज कर दिया कि इसमें पिछड़ेपन का आधार नहीं दिखाया गया है। कैसे कोई राज्य यह कैसे स्थापित करेगा कि प्रतिनिधित्व पर्याप्त है और इस संदर्भ में पर्याप्तता का पैमाना होना चाहिए जिसके लिए विस्तृत विमर्श की जरूरत है। उनके तर्क पर पीठ ने कहा, हम यहां पर सरकार को यह सलाह देने के लिए नहीं है कि उन्हें क्या करना चाहिए। यह हमारा काम नहीं है कि सरकार को बताएं कि वह नीति कैसे लागू करे। यह स्पष्ट व्यवस्था दी गई है कि राज्यों को इसे किस तरह लागू करना है और कैसे पिछड़ेपन तथा प्रतिनिधित्व पर विचार करना है। न्यायिक समीक्षा के अधीन राज्यों को तय करना है कि उन्हें क्या करना है।

## नरेंद्र मोदी 24 सितंबर को वाशिंगटन में क्वाड शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे जहां वह 24 सितंबर को वाशिंगटन में क्वाड समूह के नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। क्वाड नेताओं की उपस्थिति में होने वाली इस बैठक में मुक्त तथा समावेशी हिन्द प्रशांत, अफगानिस्तान संकट सहित विश्व की समसामयिक चुनौतियों पर चर्चा किए जाने की संभावना है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 76वें सत्र के एक उच्च स्तरीय खंड को भी संबोधित करने का कार्यक्रम है। जो बाइडन के अमेरिका के राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद मोदी की यह पहली अमेरिका यात्रा होगी। मंत्रालय ने बयान में कहा, प्रधानमंत्री 24 सितंबर को अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन, जापान के प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस दौरान अफगानिस्तान के मुद्दे पर भी चर्चा होने की संभावना है। वाशिंगटन में मोदी की राष्ट्रपति बाइडन और आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन की अलग द्विपक्षीय वार्ता होने की उम्मीद है। मोदी और बाइडन की द्विपक्षीय बैठक व्हाइट हाउस में 23 सितंबर को होने की उम्मीद है। जनवरी में बाइडन के राष्ट्रपति बनने के बाद दोनों नेता डिजिटल माध्यम से कई बार संवाद कर चुके हैं।

## ममता ने आपराधिक मामलों का जिक्र नहीं किया: भाजपा



● भवानीपुर सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री पर तथ्य छुपाने का आरोप

**भाषा।** कोलकाता

**भारतीय** जनता पार्टी ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग में एक शिकायत दर्ज कराकर आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भवानीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए अपने नामांकन पत्र में लंबित आपराधिक मामलों का जिक्र नहीं किया है। इस निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार प्रियंका टिबरीवाल के मुख्य चुनाव एजेंट सजल घोष ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर बनर्जी के नामांकन पत्र पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, मैं ममता बनर्जी द्वारा दाखिल नामांकनाघोषणा पत्र पर इस आधार पर आपत्ति जताता हूं कि उम्मीदवार अपने खिलाफ लंबित आपराधिक कार्यवाही के विवरण का खुलासा करने में विफल रही हैं। घोष ने अपने पत्र में बनर्जी के खिलाफ असम के विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज मामलों की संख्या का भी जिक्र किया। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 121 (सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने या युद्ध छेड़ने का प्रयास, या युद्ध छेड़ने के लिए उकसाना), 120 बी (आपराधिक साजिश की सजा), 153 ए (धर्म, नस्ल के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और 506 (आपराधिक धमकी के लिए सजा) आदि के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। भाजपा नेता घोष ने पीटीआई-भाषा से कहा, निर्वाचन आयोग को उनका नामांकन खारिज करना चाहिए। उन्होंने तथ्यों को दबा दिया है। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस के नेता तथा पश्चिम बंगाल के परिवहन मंत्री फिरहाद हाकिम ने बनर्जी के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाने के लिए भाजपा की निंदा करते हुए कहा कि इस कदम का उद्देश्य इस निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं में भ्रम पैदा करना है। उन्होंने दावा किया, यह एक झूठी शिकायत है। नंदीग्राम में चुनाव के वक्त भी उन्होंने यही किया था। भाजपा नेताओं के बीच कोई आंतरिक संवाद नहीं है। उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि निर्वाचन आयोग ने मामले की जांच की थी और घोषित किया था कि जिस महिला के खिलाफ मामले लंबित हैं, वह वही ममता बनर्जी नहीं हैं। मार्च में विधानसभा चुनाव के दौरान, नंदीग्राम विधानसभा क्षेत्र के लिए भाजपा उम्मीदवार शुभेंदु अधिकारी ने निर्वाचन आयोग से सीट के लिए बनर्जी के नामांकन को खारिज करने की अपील की थी।

## लोजपा के सांसद प्रिंस राज पर दुराचार के आरोप में मामला दर्ज

**नई दिल्ली( भाषा )।** लोक जनशक्ति पार्टी के सांसद प्रिंस राज के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है जिसके बाद उन्होंने मंगलवार को अग्रिम जमानत के लिए यहां की अदालत का रुख किया। उन्होंने अग्रिम जमानत याचिका में शिकायतकर्ता पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि तीन महीने पहले कथित पीड़िता ने एक शिकायत दर्ज कराई थी जो कि पार्टी की एक सदस्य है। उन्होंने बताया कि अदालत के निर्देश पर बलात्कार, आपराधिक साजिश और साक्ष्य मिटाने के अपराध की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। लोजपा के प्रवक्ता श्रवण कुमार ने प्रिंस राज का बचाव किया और दावा किया कि उनके विरुद्ध आरोप, राजनीतिक साजिश के तहत उनकी छवि खराब करने के उद्देश्य से लगाए गए हैं और यह मामला हनी ट्रैप (महिला के जरिए फंसाने) का हो सकता है। कुमार ने कहा कि समस्तीपुर से सांसद प्रिंस राज ने उस महिला के विरुद्ध 10 फरवरी को दिल्ली पुलिस में उगाही और ब्लैकमेल की शिकायत दर्ज कराई थी जिसने उन पर बलात्कार का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार, बलात्कार की कथित घटना 2020 में हुई थी। प्रिंस राज ने जून में ट्वीट कर महिला द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों का खंडन किया था। महिला की शिकायत के मुताबिक दुष्कर्म की घटना वर्ष 2020 में हुई थी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, अदालत का निर्देश नौ सितंबर को आया और कनॉट प्लेस पुलिस थाने में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,247 | ↑ | 69 | |
| निफ्टी | 17,380 | ↑ | 24 | |
| सोना | 45,888 | ↓ | 36 | /10g |
| चांदी | 61,911 | ↑ | 73 | /kg |

### क्विक न्यूज

**चित्रकूट में चार बच्चियों की तालाब में डूबने से मौत**

**चित्रकूट।** प्रदेश के चित्रकूट जिले के मऊ थाना क्षेत्र के ग्राम पटोरी के मजरा भौसडा में भैंस चराने गई दो सगी बहनों समेत चार बच्चियों की नहाते समय तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना की खबर से पूरे इलाके में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच राहत कार्य में जुटा हुआ है। मरने वाली सभी बच्चियां केवट परिवार से है तथा कक्षा छह की छात्राएं है। मिली जानकारी के मुताबिक चित्रकूट जिले के मऊ थाना अंतर्गत बौसडा गांव निवासी प्रकाश केवट की पुत्रियां पार्वती (15), और बुधरानी (13) अपने सहेलियों सविता (14), पुत्री ब्रजलाल और किरण (13), पुत्री अमन केवट निवासी महेवा घाट कौशाम्बी के साथ मंगलवार को भैंस चराने के लिए बाईसा तालाब के पास गईं थी।

## विंध्यवासिनी मंदिर परिसर में छोटे मंदिरों को गिराने के खिलाफ याचिका खारिज

**प्रयागराज( भाषा )।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मिर्जापुर जिले के विंध्याचल पर्वतमाला में स्थित मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर परिसर के भीतर बने छोटे मंदिरों को गिराने के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध वाली जनहित याचिका खारिज कर दी है। ये छोटे मंदिर निर्माणाधीन मंदिर कॉरिडोर की जगह में आते हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मुनीश्वर नाथ भंडारी और न्यायमूर्ति ए. के. ओझा की खंडपीठ ने मिर्जापुर के अरुण पाठक नाम के व्यक्ति द्वारा दायर इस याचिका को खारिज कर दिया। याचिका दायर कर अदालत से अनुरोध किया था कि वह राज्य सरकार और संबद्ध अधिकारियों को मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर परिसर के भीतर बने कुछ छोटे मंदिरों को ध्वस्त नहीं करने का निर्देश दे। पीठ ने कहा कि इससे पहले भी इस अदालत द्वारा 30 मार्च, 2007 को एक जनहित याचिका खारिज की जा चुकी है।

# किसानों के प्रदर्शन पर चार राज्य सरकारों को नोटिस

**भाषा।** नई दिल्ली

● राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने आंदोलन के प्रतिकूल प्रभाव के आरोप पर दिल्ली, उप्र, हरियाणा और राजस्थान से मांगा जवाब

**राष्ट्रीय** मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान की सरकारों और उनके पुलिस प्रमुखों को इस आरोप पर नोटिस भेजे हैं कि किसानों के जारी विरोध प्रदर्शनों से औद्योगिक इकाइयों और परिवहन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और आंदोलन स्थलों पर कोविड-19 सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन किया गया है। एनएचआरसी ने एक बयान में कहा कि उसने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, केंद्रीय गृह मंत्रालय और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से विभिन्न पहलुओं पर किसानों के आंदोलन के प्रतिकूल प्रभाव और विरोध स्थलों पर कोविड प्रोटोकॉल के पालन के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। इसने कहा, एनएचआरसी को किसानों के विरोध प्रदर्शन के संबंध में कई शिकायतें मिली हैं। औद्योगिक इकाइयों पर प्रतिकूल प्रभाव के आरोप हैं और 9,000 से अधिक सूक्ष्म, मध्यम और बड़ी कंपनियों पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। आयोग ने कहा कि परिवहन पर भी कथित तौर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जिससे यात्रियों, मरीजों, दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों को विरोध प्रदर्शन करने वाले किसानों द्वारा कब्जा की गई सड़कों पर भारी भीड़ के कारण प्रभावित होना पड़ रहा है। आयोग ने कहा कि आरोप है कि प्रदर्शन स्थलों पर आंदोलनकारी किसानों द्वारा कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया जा रहा है। आयोग ने कहा कि यह भी आरोप है कि मार्ग की नाकेबंदी के कारण निवासी अपने घरों से बाहर नहीं निकल पाते। आयोग ने कहा कि ऐसी खबरें हैं कि आंदोलन के कारण लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है और राज्य की सीमाओं पर बैरिकेड लगा दिए गए हैं। बयान में कहा गया है कि तदनुसार आयोग ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के मुख्य सचिवों, तीनों राज्यों के पुलिस महानिदेशकों और दिल्ली पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी करके उनसे संबंधित कार्वाई रिपोर्ट देने को कहा है।

## कोरोना से अनाथ बच्चों को चार हजार रुपये तक की मासिक मदद देने की तैयारी

**नई दिल्ली( भाषा )।** केंद्र सरकार कोविड-19 की वजह से अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों को दी जाने वाली मासिक वित्तीय सहायता को 2,000 रुपए से बढ़ाकर 4,000 रुपए करने की योजना बना रही है। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में एक प्रस्ताव अगले कुछ सप्ताह में मंजूरी के लिए कैबिनेट के पास जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि महिला और बाल विकास मंत्रालय ने प्रस्ताव दिया है कि महामारी से अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों को दिया जाने वाला मासिक सहायता 2,000 रुपए से बढ़ाकर 4,000 रुपए किया जाए। सरकार ने मई में घोषणा की थी कि जिन बच्चों के माता-पिता या कानूनी अभिभावकागोद लेने वाले माता-पिता कोविड-19 के कारण खो दिया है, उन्हें पीएम-केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत सहायता दिया जाएगा।

# उत्तर प्रदेश में आईएसआई प्रायोजित मॉड्यूल ध्वस्त

● आतंकवाद रोधी दस्ते ने तीन लोगों को हिरासत में लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने मंगलवार को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा प्रायोजित मॉड्यूल को ध्वस्त करते हुए तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया, उप्र एटीएस द्वारा एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए आईएसआई प्रायोजित मॉड्यूल को नष्ट किया गया है तथा तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया, यह सफलता उस समय हासिल हुई है जब लखनऊ रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज जिलों में एक साथ छापामार कार्रवाई की गई। प्रयागराज से एक सक्रिय आईईडी भी बरामद हुई है, जिसे मौके पर बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय किया है।

### दिल्ली में पाक प्रशिक्षित दो आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने पाकिस्तान से संचालित एक आतंकवादी गिरोह का पर्दाफाश कर दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त प्रमोद सिंह कुशवाह ने कहा, पाकिस्तान से संचालित आतंकी गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। पाक में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले दो आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि कई राज्यों के सहयोग से अभियान चलाया गया।

# कोरोना के योगी मॉडल की आस्ट्रेलियाई मंत्री ने की सराहना

## कोविड प्रबंधन पर आस्ट्रेलिया उत्तर प्रदेश सरकार के साथ काम करने के लिए उत्सुक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कोरोना** संक्रमण की दूसरी लहर के बेहतर प्रबंधन पर सीएम योगी का डंका अभी भी देश दुनिया में बज रहा है। पहले पीएम मोदी और फिर आस्ट्रेलियाई सांसद के बाद वहां की सरकार में मंत्री भी सीएम योगी के कायल हो गए हैं। उन्होंने कोरोना प्रबंधन पर योगी सरकार की तारीफ की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर में मिशन मोड में आने का व्यापक प्रभाव पड़ा। प्रदेश से इस महामारी का संक्रमण बेहद कम होने पर मुख्यमंत्री की भारत के साथ ही विदेश में भी जमकर सराहना हो रही है। आस्ट्रेलिया सरकार में मंत्री जेसन वुड ने कोविड प्रबंधन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारिफ की है। मंत्री जेसन वुड कोविड प्रबंधन पर उत्तर प्रदेश सरकार के साथ काम करने को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर ट्वीट कर लिखा कि हम उत्तर प्रदेश के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। संस्कृति और विकास के संवर्धन के लिए हम लोग उत्तर प्रदेश सरकार के साथ काम करेंगे। कोविड 19 प्रबंधन के लिए योगी के यूपी मॉडल से प्रेरित होकर उन्होंने आगे लिखा कि सीएम योगी को धन्यवाद। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मुझे अपना संदेश दिया। इस कठिन समय में उत्तर प्रदेश सरकार के कोविड नियंत्रण प्रयासों की तो सभी लोग सराहना की है। विदित हो कि योगी माडल की पीएम मोदी डब्लूएचओ तथा आस्ट्रेलियाई सांसद भी सराहना कर चुके हैं।

## सीएम के थ्री टी अभियान से सूबे में कोराना नियंत्रित

● टीकाकरण के बाद भी कोविड प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें: सहगल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल ने बताया कि मुख्यमंत्री के 3टी- ट्रेस, टेस्ट और ट्रीट अभियान के अभिनव प्रयास से प्रदेश में कोरोना संक्रमण नियंत्रित है। अन्य प्रदेशों में कोविड के केस बढ़ रहे है। उन्होंने बताया कि 3टी के कारण ही 30 अप्रैल 2021 के एक्टिव मामले 3,10,783 से घटकर मात्र 181 हो गये है तथा 30 अप्रैल के प्रतिदिन कोविड केस 38 हजार से घटकर 33 हो गये है। सर्विलांस के माध्यम से सरकारी मशीनरी द्वारा उत्तर प्रदेश की 24 करोड़ की जनसंख्या में से अब तक लगभग 17.24 करोड़ से अधिक लोगों से उनका हालचाल जाना गया है। लक्षणयुक्त व्यक्तियों का टेस्ट कराकर संक्रमण होने पर लगभग 16 लाख से अधिक निशुल्क मेडिकल किट भी बांटी गयी है। श्री सहगल ने बताया कि प्रदेश में सक्रिय मामले कम होने पर भी कोविड.19 के टेस्ट करने की संख्या घटाई नहीं जा रही हैं। कल एक दिन में 1,91,446 कोविड टेस्ट किये गये है, अब तक 7,53,18,532 कोविड टेस्ट किये गये है जो कि देश में सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सर्विलांसए टेस्टिंग एवं टीकाकरण का कार्य वृहद स्तर पर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 17,19,279 कोविड 19 की डोज दी गयी है। पहली डोज 7,36,69,266 तथा दूसरी डोज 1,49,69,809 तथा कुल 8,86,39,075 डोजें लगायी गयी हैं, जोकि देश में सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही कोविड 19 डोज का आकड़ा 9 करोड़ से अधिक पार कर लिया जायेगा। उत्तर प्रदेश देश में 9 करोड़ से अधिक कोविड 19 की डोज देने वाला पहला प्रदेश होगा।

श्री सहगल ने बताया कि कोविड.19 से बचाव हेतु प्रदेश में 6500 से अधिक पीकू-नीकू बेड तैयार कर लिये गये है तथा 17 हजार से अधिक डॉक्टरों-नर्सों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि प्रदेश मे 555 ऑक्सीजन प्लांट स्वीकृत किये गये है जिसमें से लगभग 400 से अधिक ऑक्सीजन प्लांट संचालित हो गये है। उन्होंने बताया कि कोविड संक्रमण अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है।

## पिछले साढ़े चार साल में कृषि उत्पादन बढ़ा: शाही

● कृषि यंत्रों पर सरकार दे रही 50 से 80 प्रतिशत अनुदान : कृषि मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में किसान कल्याण मिशन के अंतर्गत 14 एवं 15 सितम्बर 2021 को आयोजित होने वाले दो दिवसीय किसान पाठशाला का उद्घाटन मंगलवार को योजना भवन में एनआईसी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कृषकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर कृषकों के साथ संवाद बनाये हुए है, जिसके क्रम में ये किसान पाठशाला आयोजित की जा रही है। कोविड काल में जहां अन्य गतिविधियों प्रभावित हुई वहीं कृषि के विकास का पहिया नहीं रुका। केंद्र व राज्य की सरकार कृषकों के बदहाली को दूर करने के लिए कटिबद्ध है। प्रदेश सरकार किसानों की कठिनाईयों के समाधान एवं उनकी उपज का उचित मूल्य प्रदान करने की दिशा में निरन्तर कार्य कर रही है जिसका परिणाम है कि पिछले साढ़े चार सालों में प्रदेश में कृषि उत्पादन बढ़ा है। प्रदेश के अधिकांश कृषक लघु एवं सीमांत श्रेणी के हैं। प्रदेश के लगभग 93 प्रतिशत कृषक छोटी जोत के हैं।

कृषि मंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान योजना के माध्यम से प्रदेश के 2.50 करोड़ से अधिक कृषकों को लाभान्वित करते हुए 32,572 करोड़ रूपये उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी गई है। सरकार द्वारा कृषि उत्पादों का विगत साढ़े चार सालों में रिकार्ड ख़रीद किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा कृषि क्षेत्रों में तकनीकी की दिशा में दिये जा रहे बढ़ावा का परिणाम रहा है कि कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता दोनों में ही बढ़ोत्तरी हुई है। प्रदेश सरकार द्वारा कृषि यंत्रों पर 50 से 80 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषकों की आय में बढ़ोत्तरी एवं उत्पादन को बढ़ाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को बीज उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे कृषकों की आय में वृद्धि के साथ साथ लागत में घटोत्तरी हो रही है। कृषकों को कृषि मशीनरी उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना की गयी है, जिसके माध्यम से कृषकों को बड़े अनुदान के साथ कृषि यंत्र उपलब्ध कराये जा रहे हैं। कृषि राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु आवश्यक है कि किसान भाइयों को अपने खेतों में कम से कम पांच पांच पौधों का रोपण भी करना चाहिए। अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी ने भी किसानो को सम्बोधित किया।

## समाज कल्याण मंत्री ने किया लाइव सेंटर का शुभारंभ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के छात्रों तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्व परीक्षा केन्द्रों के छात्रों को ऑनलाइन प्रशिक्षित किये जाने के लिए भागीदारी भवन लखनऊ में प्रसारण कक्ष स्थापित किया गया। प्रसारण कक्ष का शुभारम्भ समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने किया। प्रसारण कक्ष के प्रारम्भ होने के फलस्वरूप मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के छात्रों एवं समाज कल्याण विभाग के पूर्व परीक्षा केन्द्रों के छात्रों को विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण की सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

## वन मंत्री ने ई-ग्रीन वॉच सेल का किया शुभारंभ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मंत्री** वन पर्यावरण एवं जन्तु उद्यान दारा सिंह चौहान ने मंगलवार को वन मुख्यालय में ई-ग्रीन वॉच सेल का शुभारम्भ किया। यह सेल कैम्पा योजना के अधीन कराये गये वानिकी सम्बन्धी कार्यों की प्रभावी आनलाइन अनुश्रवण एवं मूल्यांकन किये जाने के लिए विकसित की गई है। इस अवसर पर मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि यह पोर्टल से कैम्पा के कार्यों में और अधिक पारदर्शिता आएगी तथा कार्यों की गुणवत्ता में और अधिक वृद्धि होगी। अपर मुख्य सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग श्री मनोज सिंह द्वारा इस बात पर बल दिया गया कि कैम्पा के अतिरिक्त अन्य योजनाओं से किये जाने वाले वृक्षारोपणों का अनुश्रवण एवं मूल्यांकन भी ई-ग्रीन वॉच पोर्टल की व्यवस्था के अनुरूप किया जाये।

## ईमानदारीपूर्वक आयकर जमा करने वालों को सम्मानित करेगा विभाग

● अमृत महोत्सव के तहत आयकर विभाग ने किए विविध कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रधान** मुख्य आयकर आयुक्त पूर्वी उप्र आशीष वर्मा ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रमों के बारे में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कार्यक्रमों की श्रृंखला मे विभाग द्वारा वॉकाथॉन, साइक्लोथॉन, वृक्षारोपण तथा स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया गया। विभाग द्वारा कला, साहित्य तथा सार्वजनिक क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा विगत वर्षों मे ईमानदारीपूर्वक सर्वाधिक आयकर का भुगतान करने वाले करदाताओं को आयकर विभाग द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। भविष्य में भी ईमानदारीपूर्वक कर जमा करने वाले करदाताओं को सम्मानित करने की योजना है।

उन्होंने सभी करदताओं से अनुरोध किया कि वह वित्तीय वर्ष 2021-22 की कर देनदारी का आकलन कर अग्रिम-कर की दूसरी किस्त को 15 सितंबर तक अवश्य जमा कर दें अन्यथा विलम्ब से अग्रिम कर जमा करने पर ब्याज भी देय होगा। अग्रिम कर के प्रथम किस्त 15 प्रतिशत के भुगतान की अंतिम तिथि 15 जून 2021 तक थी तथा दूसरी किस्त 30 प्रतिशत अर्थात कुल करदेयता का 45 प्रतिशत के भुगतान की अंतिम तिथि 15 सितम्बर है।

## बजट का शत-प्रतिशत उपयोग कर योजना से पात्र लोगों को जोड़ें: स्वाती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की महिला कल्याण तथा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्वाती सिंह ने कहा कि महिलाओं के कल्याण के लिए महिला कल्याण तथा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु जारी किए गये बजट का शत प्रतिशत उपयोग करते हुए योजनाओं से पात्र लोगो को जोड़ा जाए। योजना भवन में महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग के बजट एवं योजनाओं के क्रियान्वयन के सम्बंध में समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण तेजी से किया जाय। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन कार्यदायी संस्थाओं को आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण का कार्यादेश जारी हो गया, वो प्रत्येक दशा में तीन महीने में निर्माण करना सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग में चल रहे लम्बित जांच प्रकरणों को एक निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग में लंबित जांच प्रकरणों को उनके समक्ष प्रस्तुत किया जाय और किस कारण से प्रकरण लंबित है उसका विवरण भी दर्ज किया जाय। महिला कल्याण मंत्री ने कहा कि योजनाओं को समाज के पात्र व्यक्ति तक पहुचाने के कार्य मे महिला कल्याण एवं बाल विकास के अधिकारी आपस मे मिलकर कर कार्य करे।

## भाजपा सरकार का सफाया होना तय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि सरकार मनमानी कर रही है, कानून नहीं मान रही है और मर्यादा का पालन भी नहीं कर रही है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का सफाया होना तय है इसीलिए मुख्यमंत्री जी की भाषा अमर्यादित हो गई है। राज्य में खुशहाली के लिए जनता बदलाव चाहती है। समाजवादी सरकार जैसा विकास और काम चाहती है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार अभी तक समाजवादी पार्टी के कार्यों का नाम बदलकर अपना बता रही थी अब वह दूसरे प्रदेशों और देशों के कार्यों को भी चोरी कर उसकी तस्वीरें छाप कर अपना बता रही है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री ने अभी तक कोई ऐसा काम नहीं किया है, जिसका शिलान्यास और उद्घाटन दोनों उन्होंने किया हो। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने किसानों को धोखा दिया है। भाजपा में कोई किसान नहीं है। वह बड़े व्यापारियों और उद्योगपतियों की पार्टी है। सरकार ने छोटे व्यापारियों को बर्बाद कर दिया। जीएसटी और नोटबंदी करके देश की अर्थव्यवस्था को डुबो दिया। कोविड दौर में लोग इलाज और आक्सीजन के अभाव में तड़पकर मर गए। इनके आंकड़े छुपाने का काम किया गया है। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। नेशनल क्राइम ब्यूरों के आंकड़ों में उत्तर प्रदेश अपराध में सबसे ऊपर है।

## कई मायनों में महत्वपूर्ण होगी जीएसटी काउंसिल की बैठक

**लखनऊ।** यूपी में पहली बार रहो रही जीएसटी कांउसिंल की बैठक कई मायनों में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। चुनावी साल होने के कारण भी यह बैठक महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार इस बैठक के जरिए जीएसटी में कई राहत की घोषणा भी कर सकती है। दो दिन की इस बैठक में सभी राज्यों के वित्त मंत्री हिस्सा लेंगे और अपने-अपने राज्य की जीएसटी से आए राजस्व पर चर्चा करेंगे। जानकारी के अनुसार इस बैठक में हर राज्य का अपना अलग-अलग एजेंडा होगा। जीएसटी को लेकर सभी राज्य अपनी मांग रखेंगे। मसलन सिक्किम की तरफ से फार्मा सेक्टर पर अतिरिक्त एक प्रतिशत सेस लगाने की मांग पर निर्णय केंद्र सरकार को लेना है। इससे राज्य को 2023 तक 300 करोड़ रूपए की अतिरिक्त मदद मिल जाएगी। इसके अलावा कोविड की तीसरी लहर को देखते हुए महामारी के इलाज से जुड़ी दवाओं और मेडिकल उपकरणों पर भी मिलने वाली छूट को 30 सितंबर से आगे बढ़ाने की मांग पर निर्णय किया जाएगा। इसके अलावा पांच सालों तक जीएसटी लागू होने के बाद राज्यों को हो रहे घाटे की भरपाई की मांग चल रही है। केंद्र सरकार इस पर राजी है लेकिन इसकी सालाना बढ़त को कम रखना चाहती है। राज्यों कंपन्सेशन अवधि को पांच साल तक बढ़ाने को लेकर केंद्र की तरफ से निर्णय तभी लिया जा सकेगा जब राज्य इस मद में सालाना बढ़त को घटाने पर तैयार हो जाएं। मौजूदा समय में राज्यों को मिलने वाले कंपन्सेशन में प्रतिवर्ष 14 प्रतिशत का इजाफा किया जाता है। अगले वित्तीय वर्षो में यह प्रतिशत केंद्र सरकार 7 से 10 फीसदी के बीच रखना चाहती है। कोविड में जिन राज्यों में औद्योगिक इकाईयां मंद पड़ गई थी वह राज्य इस छूट को और बढ़ाने की मांग कर रहे हैं ताकि उनके खर्चे के लिए धन का इंतजाम हो जाए। चुनावी साल होने से केंद्र सरकार लखनऊ से बड़ा संदेश देना चाहेगी।

## प्रसपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित

**लखनऊ।** प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने मंगलवार को ही पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति घोषित कर दी। शिवपाल सिंह यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष, सैय्यदा शादाब फातिमा एवं चौधरी रिछपाल सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किए गए। इसके साथ ही वीरपाल सिंह को राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव बनाया गया। इसके अलावा आदित्य यादव, राम नरेश यादव , शारदा प्रताप शुक्ला , राम सिंह यादव, चौधरी जगवीर सिंह गुर्जर व चक्रपाणि यादव राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किए गए।

## शिवपाल सर्वसम्मति से पुन: निर्वाचित हुए प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) के राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों द्वारा मंगलवार को शिवपाल सिंह यादव को सर्वसम्मति से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष पुन: निर्वाचित किया गया। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक मॉल एवेन्यू स्थित प्रदेश कार्यालय पर हुई। इस दौरान समिति सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से शिवपाल यादव को प्रसपा का पुन: राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना है। प्रसपा के प्रवक्ता दीपक मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजधानी में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति में शिवपाल यादव फिर से अध्यक्ष बनाए गए और अब उनके द्वारा आगे कार्यसमिति के सदस्यों की घोषणा होगी। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय कार्यसमिति में उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों से भी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान सभी प्रदेशों के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा अपनी अपनी बातों को रखते हुए कार्यसमिति संपन्न कराई है।

## देशी नस्ल की शाहीवाल का फिर बढ़ा क्रेज

### अच्छी क्वालिटी का दूध मिलने की वजह से उत्पादन में भी लगातार हो रही बढ़ोत्तरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**देशी** नस्ल की शाहीवाल गाय फिर यूपी में पशुपालकों की पहली पसंद बनती जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देशी गायों के प्रति रुचि और उनके संरक्षण की पहल से लोगों में गायों के प्रति लगाव बढ़ा है। गौ पालक विदेशी नस्लों को छोड़कर गाय की इस देशी नस्ल पसंद कर रहे हैं। पौष्टिक दूध मिलने के कारण दूध के उत्पादन में भी लगातार वृद्धि हो रही है। शाहीवाल नस्ल 2 से 3 हजार लीटर तक सालाना दूध देती है। जिसकी वजह से दुग्ध व्यवसायी इन्हें काफी पसंद करते हैं। इतना ही नहीं यह गाय एक बार मां बनने पर करीब 10 महीने तक दूध देती है।

दुग्ध संघ लखनऊ इसमें बड़ी भूमिका निभा रहा है। उसने किसानों को दुग्ध समितियों से जोड़कर दूध विक्रय बाजार उपलब्ध कराए हैं। करीब 3000 से अधिक देशी गायों से प्रतिदिन 4500 औसत दूध का उत्पादन किया जा रहा है। इनमें शाहीवाल नस्ल की गायों की संख्या 70 प्रतिशत से अधिक है। इतना ही नहीं सरकार की ओर से किसानों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी दिये जा रहे हैं। अकेले लखनऊ मण्डल में 02 साल में 31 किसानों को नन्दबाबा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। दुग्ध संघ लखनऊ ने मण्डल स्तर पर हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर, उन्नाव, रायबरेली और लखनऊ में देशी गाय का पालन पोषण करने वाले किसानों में इजाफा हुआ है। दो सालों में देशी गाय के सर्वाधिक दूध देने वाले उत्पादक सदस्यों को नन्दबाबा पुरस्कार योजना का लाभ दिलाया है। वर्ष 2018-19 में 6 जनपद में 6 किसानों को जनपद स्तरीय पुरस्कार और 7 किसानों को विकास खंड स्तरीय पुरस्कार दिये हैं। जबकि वर्ष 2019-20 के 6 जनपदों में 6 किसानों को और विकास खंड स्तर पर 12 लाभार्थियों को पुरस्कृत करने का कार्य चल रहा है। नन्दबाबा पुरस्कार योजना से देशी गाय के सर्वाधिक दूध देने वाले उत्पादक सदस्य को जिला स्तर पर 21000 रुपये, विकास खंड स्तर पर प्रथम आने पर 5100 रुपये व पीतल धातु की नन्द बाबा एवं गाय की प्रतिमा प्रदान करती है। सरकार की मंशा के अनुसार दुग्ध संघ लखनऊ स्तर पर समिति कल्याण कोष का गठन किया गया है जो दुग्ध उत्पादक सदस्यों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। वर्ष 2019 से आज तक इस कोष से 15 लाभार्थियों को लाभ दिया गया है। इस योजना से गाय पालकों की आकस्मिक दुर्घटना मृत्यु होने की दशा में 35000 रुपये वित्तीय सहायता दी जा रही है। स्थायी अपंगता की दशा में 17500 रुपये, आंशिक अपंगता की दशा में 15000 रुपये, सामान्य मृत्यु पर 7500 रुपये, हाथ पैर टूटने पर उपचार के लिए 7000 रुपये, कैंसर आदि गंभीर बीमारी पर 30000 रुपये, रीढ़ की हड्डी टूटने पर 15000 रुपये, दुर्घटना में उपचार के लिए 5000 रुपये और किसी प्रकार का आपरेशन कराये जाने पर 5000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जा रही है। इतना ही नहीं आकस्मिक दुर्घटना की दशा में यदि सदस्य कोमा की स्थिति में है तो 20000 रुपये और यदि मृत्यु हो जाती है तो अतिरिक्त 15000 रुपये दिये जा रहे हैं। इस प्रकार कुल 35000 रुपये की सहायता धनराशि दुग्ध संघ द्वारा दुग्ध समिति के दुग्ध उत्पादक सदस्य को भुगतान किया जाता है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैने अपना नाम निहाल से बदलकर निहाल आलम कर लिया है। निहाल आलम पुत्र आफताब आलम निवासी 223/203 – 4 ए दरगाह शरीफ मकदूम नगर जाजमऊ कानपुर

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अबरार व पुत्र वधू श्रीमती बबली को गलत चाल-चलन के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के जिम्मेदार वह स्वयं होंगे। श्रीमती जरीना पत्नी इसरार निवासिनी-म0नं0-433/175, रामनगर यासीनगंज, थाना सआदतगंज, लखनऊ

प्रवेश सूचना

PM DAKSH Apollo

नि:शुल्क शिक्षा

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम द्वारा प्रायोजित एवं अपोलो मेडस्किल्स लि. सरोजिनी नगर, लखनऊ द्वारा संचालित, पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति के बेरोजगार छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क "जेरिएट्रिक ऐड" में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित करते है।
9554153301/9936500444

सार्वजनिक सूचना

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रतन कुमार उर्फ रतन लाल पुत्र स्वर्गीय मेवा लाल, निवासी: 11/663, गायत्री मार्केट के पास, इंदिरा नगर, लखनऊ। वर्तमान स्वामी के पास पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 30.08.2003 के माध्यम से संबंधित संपत्ति का स्वामित्व है। बुक सं0- I, खंड 4315, पृष्ठ 169/180, क्रमांक 10206, उप पंजीयक III, की मूलप्रति का आखरी पृष्ठ जिसमें दफा 60 वर्णित है कहीं गिर गयी है। यदि कोई उपरोक्त पृष्ठ का दुरुपयोग करता है तो वह अमान्य है।
रतन कुमार उर्फ रतन लाल
पुत्र स्वर्गीय मेवा लाल, निवासी: 11/663, गायत्री मार्केट के पास, इंदिरा नगर, लखनऊ

सूचना

एक विक्रय विलेख दिनांकित 28/12/2011 जो खेमचन्द मोटवानी पुत्र श्री बांसदेव मोटवानी निवासी सी. 19/15-ए-2-1, हबीबपुरा, बादशाह बाग, वार्ड-चेतगंज, वाराणसी द्वारा विनोद शर्मा पुत्र स्व. त्रिलोकी नाथ शर्मा निवासी बी. 37/33 ए-के-पी, विरदोपुर, महमूरगंज, वाराणसी के पक्ष में निष्पादित है जो आराजी नं. 56, रकबा 1260 वर्ग फीट, मौजा-लखनपुर, परगना-देहात अमानत, तहसील व जिला-वाराणसी के विक्रय से सम्बन्धित है। इस विक्रय विलेख का पंजीयन उपनिबन्धक कार्यालय वाराणसी में पु.सं. 1, खण्ड सं. 4657, के पृष्ठ सं. 329/346 के द.न. 9613 के रुप में पंजीकृत है जो खो गया है। इस विक्रय विलेख के संदर्भ में किसी व्यक्ति /संस्था को कोई सूचना अथवा आपत्ति हो तो 15 दिन के अन्दर हरिश्चन्द्र राय, एड., कमरा नं. 110, बनारस बार बिल्डिंग, दीवानी कचहरी, वाराणसी को सूचित करें। 9451525826

सार्वजनिक सूचना

अधोहस्ताक्षरी अपने मुवक्किल एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड, लखनऊ के निर्देशानुसार एल.आई.सी. एच.एफ.एल. एरिया आफिस आलमबाग लखनऊ की ओर से सर्कुलर नं0 422/एनेक्जर-ई एल.आई.सी.एच.एफ.एल. के अन्तर्गत सूचित करता है कि सलीम बेग पुत्र श्री रज्जन बेग के पक्ष में दि ग्रेटर अवध सहकारी आवास समिति लि0 लखनऊ द्वारा निष्पादित विक्रय विलेख दिनांक-29.07.1989 जो कार्यालय उपनिबन्धक लखनऊ मे बही सं0-1, जिल्द सं0-3527, पृष्ठ सं0-304/306, क्रमांक-17717 पर पंजीकृत है जो भवन सं0-544/534 निर्मित भूखण्ड सं0-78-ए खसरा सं0-561 रकबा 65.055 वर्गमीटर स्थित-बरौरा हुसैनबाड़ी, लखनऊ के सम्बन्ध मे है वर्तमान स्वामिनी नीलम निगम से बैनामा खो गया है उनके अधिपत्य में नहीं है। चूंकि संतोष कुमार गौतम व बॉबी संतोष द्वारा एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लि0 में गृह ऋण के लिये आवेदन किया है तथा उक्त ऋण हेतु उक्त भूखण्ड/भवन के सम्बन्ध मे उक्त मूल विक्रय विलेख दिनांक-29.07.1989 को बन्धक किया जाना है।
अत: जिस किसी व्यक्ति को उक्त मूल विक्रय विलेख दिनांक-29.07.1989 उससे सम्बन्धित सम्पत्ति हेतु कोई दावा करना हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनो की अवधि के अन्दर अपना दावा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा उक्त अवधि पूर्ण हो जाने पर यह मान लिया जायेगा कि उपरोक्त सम्पत्ति समस्त भारों विवादों व दायित्वों से मुक्त है तथा बन्धकर्ता तथा सम्पत्ति बन्धकदार के विरूद्ध कोई भी दावा व आपत्ति शून्य व अप्रभावी होगी।
महेन्द्र मोहन मिश्रा(एडवोकेट)
चेम्बर: शॉप नं. 4 व 5, भूतल, कृष्णा टॉवर
निकट सीएमओ ऑफिस, कैसरबाग, लखनऊ, मो. 9415426914.

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

"विश्व आजोन दिवस के अवसर पर 16 सितम्बर, 2021 को क्षेत्रीय कार्यालय, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ द्वारा पर्यावरणीय जन-जागरूकता कार्यक्रम विषय "Keeping us, our food and vaccines cool" के अन्तर्गत क्षेत्रीय कार्यालय, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ द्वारा पूर्व की भाँति विश्व आजोन दिवस मनाया जाना है। कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए "विश्व ओजोन दिवस" 16 सितम्बर, 2021 से संबंधित आयोजन कार्य ऑनलाईन कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया है, साथ ही सोशल डिस्टेन्सिंग का भी पूर्ण ध्यान रखना है।

अत: "विश्व आजोन दिवस" 16 सितम्बर, 2021 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक उक्त विषय से संबंधित चित्रकला प्रतियोगिता कार्यक्रम का ऑनलाइन आयोजन किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। चित्रकला प्रतियोगिता निम्नलिखित विषयों पर आयोजित की जा रही है, ऑनलाईन चित्रकला हेतु प्रतिभागियों द्वारा ड्राईंगशीट पर इंगित विषय "Keeping us, our food and vaccines cool" पर चित्र बनाकर ड्राईंगशीट के दाहिने कोने पर नाम, पिता का नाम, पता व कक्षा का विवरण अनिवार्य रूप से अंकित करते हुए ई-मेल/व्हाट्सअप द्वारा भेज सकते हैं। कार्यालय के ई-मेल rolucknow@uppcb.in एवं व्हाट्सअप नं0-7839891845, 7839891836 पर ही निर्धारित अवधि में चित्रकला की हुई ड्राईंगशीट प्रेषित करें। दिनॉक 16-09-2021 के सांयकाल 04:00 बजे के पश्चात प्राप्त होने वाली चित्रकारी को प्रतियोगिता में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। चित्रकला प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को किसी भी कार्यालय दिवस में आमंत्रित कर पुरस्कृत किया जायेगा।
सन्दर्भ सं0 566/G.F.-205 दिनांक 14-09-2021
क्षेत्रीय अधिकारी

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
(भारत सरकार का उपक्रम)
आंचलिक कार्यालय सीतापुर :
निकट राजा कॉलेज मैदान,
सिविल लाइन्स सीतापुर
उ0प्र0 261001 दूरभाष : 272720-05862

शाखा परिसर के पट्टे के लिए निविदा आमंत्रित करने हेतु नोटिस

इंडियन बैंक देश का एक सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक अपनी महमूदाबाद शाखा खोलने हेतु न्यूनतम 15 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे पर भूतल में पार्किंग स्थल सहित 1600 वर्ग फीट (100 वर्ग फीट एटीएम के लिए) की निर्मित / निर्माणाधीन दो बोली प्रणाली पर आधारित (तकनीकी और वित्तीय ) के आधार पर निविदा आमंत्रित करता है।

निविदा प्रपत्र रूपए 250 के भुगतान पर जो कि अप्रतिदेय होगा निम्न पते पर दिनांक 16.09.2021 प्रात: 10:00 बजे से 30.09.2021 शाम 5:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। प्रस्तावित प्रपत्र पर पूर्णरूपेण भरे हुए निविदा प्रपत्र को उसी पते पर विलंबतम 30.09.2021 को शाम 5:30 बजे तक जमा किया जा सकता है।

निविदा को तकनीकी एवं वित्तीय बोली पद्धति के अनुसार अलग-अलग लिफाफे में सील बंद कर ऊपर तकनीकी एवं वित्तीय बोली अंकित कर एक लिफाफे में रखकर जमा किया जाना है।

तकनीकी बोली 01.10.2021 को प्रातः 11:00 बजे या उसके उपरान्त खोली जाएगी।

अपूर्ण/प्रस्तावित प्रपत्र पर ना भरे हुए/बयाना राशि ना लगे हुए/विलंब से जमा किए हुए निविदाओं को निरस्त किया जा सकता है।

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या सरकारी इकाइयों द्वारा भरी गई निविदाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

बैंक को किसी भी समय कोई भी कारण बताए बिना किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

एजेंटों/दलालों से निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी।

डीजीएम
इंडियन बैंक, अँचल कार्यालय, सिविल लाइन, सीतापुर

# हीनभावना न रखें, गौरवान्वित करने वाली है हिंदी: डॉ. सिंह

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी




**आजादी का** अमृत महोत्सव सह-हिन्दी दिवस समारोह मंगलवार को हरिश्चंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय वाराणसी के हिन्दी विभाग के तत्वाधान में हिन्दी दिवस सह-सम्मान दिवस समारोह का आयोजन, महाविद्यालय के समिति कक्ष में सम्पन्न हुआ।

इस समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल प्रताप सिंह ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में हिन्दी भोजपुरी के प्रख्यात विद्वान डॉ. राम सुधार सिंह ने अपने व्याख्यान में हिन्दी के ग्राहा क्षमता मातृभाषाओं के उन्नयन में हिन्दी भोजपुरी की समृध्द परम्परा का उल्लेख किया। स्वागत वक्तव्य में अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, डॉ. ऋचा सिंह जी ने अतिथियों के स्वागत में मुख्य वक्ता एवं प्राचार्य का अभिवादन करते हुये हिन्दी के विविध रूपों का दृष्टांत दिया, विषय प्रवर्तन हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. राम आशीष ने किया और भूमण्डलीय करण के दौर में हिन्दी को रूप परिप्रेक्ष्य में देखने का प्रस्ताव दिया। अध्यक्षीय उदबोधन में प्राचार्य डॉ. अनिल प्रताप सिंह ने हिन्दी के प्रति हीन भावना ना रखते हुये गौरवान्वित होने की बात कही। इस समारोह में अन्य विभाग से भी प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभाग की प्रवक्ता सुश्री पूजा सिंह ने किया। शोधार्थी रवि यादव, अमित कुमार भी मुख्य विषय पर अपना वक्तव्य दिया। धन्यवाद ज्ञापन शोधार्थी सुजाता यादव ने किया।

## बनारस में सराफा व्यापारी से झुन्ना के नाम पर 50 लाख गुंडा टैक्स की मांग

**वाराणसी।** चेतगंज थाना क्षेत्र तेलियाबाग निवासी एक सराफ व्यापारी से 50 लाख रुपए गुंडा टैक्स की मांग करने का मामला सामने आया है। रूपए नहीं देने पर व्यापारी को अंजाम भुगतने की धमकी दी गई है। गुंडा टैक्स की मांग विधायक मुख्तार अंसारी के गुर्गे व चित्रकूट जेल में बंद श्री प्रकाश मिश्र उर्फ झुन्ना पंडित का आदमी बताकर गोकुल यादव ने की है। धमकी से भयभीत व्यापारी की तहरीर पर चेतगंज पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने व्यापारी को सुरक्षा प्रदान करने के लिए आश्वस्त किया है। कारोबारी के मुताबिक उनका क्षेत्र में एक सराफ की दुकान है। गत 11 सितम्बर की रात उनके परिवार का एक सदस्य दुकान बंद कर घर लौट रहा था। इस बीच एक अज्ञात नम्बर से उसके मोबाइल पर काल आई। फोन उठाने पर काल करने वाले ने कहा कि वह झुन्ना पंडित का आदमी गोकुल यादव बोल रहा है।

## खाता बुक डिजिटल से प्रदेश में लघु कारोबारों को देगा सहयोग

**वाराणसी।** एमएसएमई समुदाय को समर्थन देते हुए भारत के सबसे तेज़ी से बढ़ते फ़िनटेक स्टार्टअप, खाता बुक ने उत?तर प्रदेश में एमएसएमई के व्यापक नेटवर्क तक पहुंच बनाने के लिए अपनी विस्तार योजना की घोषणा की है। डिजिटल तरीके से अपने खाते और कारोबारी लेन-देन का प्रबंधन करने के लिए राज?य में 32 लाख से अधिक कारोबारी खाता बुक का इस्तेमाल करते हैं। देश में खाताबुक के शीर्ष 3 यूज़र बेस शहरों में से है। अपनी विभिन्न डिजिटल पेशकशों जैसे कि खाताबुक, बिज़ ऐनालिस्ट, पगार खाता और कैश बुक के साथ कंपनी, एमएसएमई को अपनी कारोबार मूल्य-श्रृंखलाको और भी मज़बूत बनाकर उन्हें अपनी कुशलता बढ़ाने का मौका देती है।

## क्विक न्यूज

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ चोर गिरफ्तार

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय पुलिस को मंगलवार की सुबह वाहन चेकिंग के दौरान उस वक्त भारी सफलता हाथ लग गई जब चोरी के मोटरसाइकिल के साथ चोर स्वयं पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीजपुर थाना के उप निरीक्षक बृजेश कुमार पाण्डेय मंगलवार की सुबह 10 बजे के आसपास ग्राम सभा सिरसोती में थाना के मध्य प्रदेश के बॉर्डर पर आरक्षी विवेक राय व धीरज पटेल एवं सरकारी वाहन चालक सुधाकर यादव के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान बैढ़न से बीजपुर की तरफ आ रहा एक मोटरसाइकिल चालक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने प्रयास करके जब उसे हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की तो उसकी मोटरसाइकिल चोरी की निकली। पुलिस की पूछताछ में चोर ने अपना नाम अख्तर पुत्र कासिम शेख निवासी मध्य प्रदेश प्रान्त जनपद सिंगरौली, थाना बैढन, ग्राम चरगोड़ा बताया। उसने पुलिस के समक्ष यह भी स्वीकार किया कि यह मोटरसाइकिल उसने एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के परियोजना परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर खड़े मोटरसाइकिलो में से चुराई है। ज्ञातव्य हैं कि मोटरसाइकिल स्वामी ने अपने मोटरसाइकिल चोरी का मुकदमा बीजपुर थाना में 2 अगस्त 2021 को दर्ज कराया था। जिस पर पुलिस ने मु0 अप0 संख्या 76/2021 के तहत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चोर व मोटरसाइकिल की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने मंगलवार को ही आरोपी का चालान करके अग्रीम कार्रवाई हेतु सम्बंधित न्यायालय में पेश किया। जहाँ न्यायाधीश ने उसके ऊपर लगे आरोप को संगीन देखते हुए उसे अग्रीम जमानत तक जनपद कारागार गुरमा में रखने हेतु निर्देशित किया।

### हिंदी दुनिया की सबसे शक्तिशाली भाषा: डीआरएम



**मुग़लसराय/चंदौली।** हिंदी दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित हिंदी सप्ताह समारोह-21 के दूसरे दिन मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक मंडल सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल रेल प्रबंधक राजेश कुमार पांडेय ने हिंदी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि ष् दुनिया मे भारत की पहचान हिंदी से है। हिंदी मात्र एक भाषा भर ही नही है बल्कि हमारे एकता की सूत्रधार भी है। भाषा वही सशक्त है जो दूसरी भाषा के भी शब्दो को अपने मे समाहित कर ले। इस मामले में हिंदी सबसे शक्तिशाली भाषा है।ष् उन्होंने ने इसके आगे हिंदी के राजभाषा होने और सरकारी कार्यालयों में हिंदी की महत्ता और उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के सरकारी कामकाज और सार्वजनिक प्रतिष्ठानों को आम जनता तक पहुँचना है ए अपना व्यापार करना है तो उसे हिंदी की ही शरण में आना होगा । बैठक में सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक राकेश कुमार रौशन ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी में कामकाज करना हमारे लिए गौरव की बात है । मंडल के हिंदीभाषी क्षेत्र में स्थित होने के कारण हिंदी में काम करना आसान है।

### ब्लाक संसाधन केन्द्र पर हुआ जोरदार प्रदर्शन

**चकिया/चन्दौली।** ब्लाक संसाधन केंद्र पर 21 सूत्रीय मांगो को लेकर शिक्षक संघएशिक्षा मित्रएअनुदेशक संघ एवं रसोईया संघ के लोगों ब्लाक संसाधन केन्द्र पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों को पूर्ण करने की मांग उठाई है।बता दें कि शिक्षकों का यह कार्यक्रम ब्लाक संसाधन केन्द्र पर मंगलवार दोपहर किया गया।इस मौके पर विभिन्न संघों के बहुत से लोग मौजूद रहे।

### तीन थाना प्रभारी समेत नौ पुलिसकर्मियों का हुआ तबादला

**मऊ।** आगामी विधान सभा चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन में काफी ल बा फेर.बदल हो रहा है। पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र अखिलेश कुमार ने जिले में तैनात तीन थाना प्रभारियों समेत नौ पुलिस कर्मियों के गैर जनपद स्थानान्तरण को लेकर आदेश जारी कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस अधीक्षक सुशील घुले ने भी जिले में तैनात 29 ऐसे दरोगाओं की लिस्ट डीआईजी को सौंपा है जो पिछले तीन वर्ष से अधिक समय से जिले में तैनात हैं। इस तरह से जिले के 29 दरोगा भी जल्द ही सर्किल क्षेत्र से बाहर हो जाएगें। पुलिस विभाग में भारी फेरबल से पूरे दिन पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों में अफरा.तफरी मचा रहा। पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र अखिलेश कुमार ने सोमवार की देर शाम को मऊ जिले में तैनात तीन थाना प्रभारियों समेत नौ पुलिस कर्मियों के गैर जनपद स्थानान्तरण का आदेश जारी किया। डीआईजी के आदेश के अनुसार तीन साल से अधिक समय तक जिले में तैनात रहने वालों में शहर कोतवाल धीरेन्द्र सिंह को मऊ से आजमगढ़ के लिए स्थानान्तरित किया गया है।

# हिंदी भाषा में है स्वदेश की महक: प्रभात कुमार

● हिंदी दिवस पर एनसीएल में राजभाषा पखवाड़े का हुआ शुभारंभ

संवाददाता। सोनभद्र

**भारत सरकार** की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड व महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक प्रभात कुमार सिन्हा ने मंगलवार को एनसीएल मुख्यालय में हिन्दी दिवस के अवसर पर राजभाषा पखवाड़े का शुभारंभ किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में सीएमडी प्रभात कुमार सिन्हा ने हिन्दी दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि हिन्दी कर्णप्रिय है तथा इसमें स्वदेश की महक है। परदेस में भी हिन्दी में संवाद कानों को सुकून देता है व मन में भारतीयता के भाव को पुष्ट करता है। उन्होंने कहा कि हिन्दी की विश्व पटल पर बढ़ती स्वीकारोक्ति के चलते वर्तमान में सोशल मीडिया व अनेक अंतर्राष्ट्रीय वेब पोर्टल पर हिन्दी भाषा का समावेश हुआ है।श्री सिन्हा ने राजभाषा हिन्दी के प्रचार व प्रसार के लिए एनसीएल के प्रयासों का उल्लेख किया और टीम एनसीएल को विशेष रूप से तकनीकी शब्दों का हिंदी अनुवाद कर एक तकनीकी कोष बनाए जाने की प्रेरणा भी दी कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के निदेशक तकनीकी संचालन डॉ? अनिंद्य सिन्हा निदेशक वित्त एवं कार्मिक राम नारायण दुबे निदेशक तकनीकी परियोजना एवं योजना एस? एस? सिन्हा, एनसीएल जेसीसी सदस्य बीएमएस से पीके सिंह, आरसीएसएस से बीएस बिष्ट अधिकारी संघ के प्रतिनिधि सर्वेश सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। साथ ही मुख्यालय के विभागाध्यक्ष एवं समस्त परियोजनाओं से महाप्रबंधक तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़े इस अवसर पर एनसीएल के निदेशक तकनीकी संचालन डॉ अनिंद्य सिन्हा ने कहा कि हिन्दी एक सहज सरल व देश के सबसे बड़े भूभाग में बोली जाने वाली भाषा है। इसकी इन्हीं विशेषताओं के चलते भारतीय संविधान में इसे देश की राजभाषा के रूप में चुना गया है। इस अवसर पर निदेशक वित्त आरएन दुबे ने कहा कि हिन्दी सिर्फ संचार का माध्यम नहीं है बल्कि पूरे देश को एक कड़ी के रूप में जोड़ती है और इससे स्वदेशी के विचार को बढ़ावा मिलता है। श्री दुबे ने कहा कि हिन्दी भाषा हमारी राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है और क क्षेत्र में होने के कारण हमारी संवैधानिक ज़िम्मेदारी है कि अधिकतम कार्यालयीन कार्यों को हिन्दी में ही करने का प्रयास करें।इस दौरान निदेशक तकनीकी परियोजना एवं योजनाएस एस सिन्हा ने कहा कि हिन्दी एक सरल व समृद्ध भाषा है जिसमें दूसरी भाषाओं के गुणों व शब्दों को आत्मसात करने का गुण है। कार्यक्रम के दौरान जेसीसी सदस्यों व अधिकारी संघ के प्रतिनिधि ने सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दीं। समारोह में बिपिन कुमार महाप्रबंधक कॉर्पोरेट प्लानिंग एनसीएल ने गृह मंत्री अमित शाह के राजीव सिंह महाप्रबंधक खनन सीएमसी एनसीएल ने कोयला खान एवं संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी के तथा एस के राय महाप्रबंधक विक्रय एवं विपणन ने कोल इंडिया के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक प्रमोद अग्रवाल के हिंदी दिवस संदेशों का वाचन किया। एनसीएल मुख्यालय के सीएमडी सभागार में संपन्न इस समारोह में एनसीएल के महाप्रबंधक राजभाषा रमेश सिंह ने अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन किया। कंपनी के समस्त कोयला क्षेत्रों एवं इकाइयों में भी हिंदी दिवस पर राजभाषा पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। गौरतलब है कि आगामी 28 सितंबर तक चलने वाले पखवाड़े के दौरान कंपनी में राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार एवं प्रयोग को बढ़ावा दिए जाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## गंभीर रोग का इलाज आयुर्वेद और योग से संभव: डॉ. रजनीश

**सकलडीहा/चंदौली।** पपौरा गांव में राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय रामगढ़ और पपौरा चिकित्सालय द्वारा चतुर्थ राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया। इस दौरान योग और आयुर्वेद के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. रजनीश यादव न कहा कि विभिन्न कारकों के माध्यम से वातावरण लगातार प्रदूषित होता जा रहा है। आबादी का एक बड़ा हिस्सा दवाओं पर आश्रित है। मधुमेह, कैंसर व अन्य व्याधियों का उपचार आयुर्वेद व योग के द्वारा किया जा सकता है। ज़रूरत लोगों में जागरूकता फैलाने की है। डॉ. सुनील चौधरी ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को दिन के कुछ क्षण योग के लिये समय देना चाहिए। योग व प्राणायाम से शरीर निरोगी व ऊर्जावान रहता है। इस दौरान लोहासव, अश्वगंधा व दशमूलारिष्ट सहित तमाम आयुर्वेदिक दवाओं के लाभ की जानकारी दी गई। योग विशेषज्ञों ने योग की विभिन्न मुद्राओं सूक्ष्माभ्यास, कटिचक्रासन, ताड़ासन व गर्भासन की विस्तृत जानकारी व उपयोग बताया गया।

# समाजवादी व्यापार सभा व्यापारियों के हित में 19 को करेगी मंडलीय सम्मेलन का आयोजन

● व्यापारी सम्मेलन में मंडल के हजारों प्रतिनिधि लेंगे भाग

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी




**समाजवादी व्यापार** सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्वांचल प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने मंगलवार को पराड़कर भवन स्थित पत्रकार-वार्ता कक्ष में मीडिया के पत्र-प्रतिनिधियों को बताया कि रविवार 19 सितम्बर, 2021 को सुबह 10 बजे से पिपलानी रोड स्थित एक पैलेश के बैंक्वेट हॉल में समाजवादी व्यापार सभा, वाराणसी मण्डल (वाराणसी, चन्दौली, जौनपुर एवं गाजीपुर) के तत्वावधान में 1500 व्यापारियों की एक भव्य 'व्यापारी मंडलीय सम्मेलन' आयोजित की गई है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सहारनपुर के विधायक संजय गर्ग एवं कार्यक्रम उद्घाटनकर्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में वाराणसी स्नातक खण्ड क्षेत्र के एमएलसी आशुतोष सिन्हा होंगे।' श्री जायसवाल ने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश के 18 मंडलों में समाजवादी व्यापार सभा के तत्वाधान में प्रदेश के प्रत्येक जिले, विधान सभा एवं कस्बों तक जाकर व्यापारियों को समाजवादी पार्टी से जोड़ने के लिए संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष द्वारा कार्य पिछले एक साल से चल रहा है और 01 सितम्बर, 21 से प्रत्येक मंडलों में 'व्यापारी मंडलीय सम्मेलन' भी आयोजित की जा रही है, इसी क्रम में 'वाराणसी मंडल (वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर एवं जौनपुर) की व्यापारी मंडलीय सम्मेलन वाराणसी' वाराणसी में आगामी 19 सितम्बर, 21 रविवार को पिपलानी रोड स्थित सरोजा पैलेश में आहूत है, जिसमें मण्डल के प्रत्येक जिलों से प्रतिनिधि एवं व्यापारी भाग लेंगे। सम्मेलन में मुख्य अतिथि द्वारा 11 व्यापारियों का सम्मान किया जाएगा। व्यापार एवं व्यापारी हित में सबसे ज्यादा और ऐतिहासिक निर्णय समाजवादी पार्टी की सरकार में हुए हैं और 2022 में व्यापारियों के सहयोग एवं आशीर्वाद से समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर, और भी निर्णय जैसे व्यापारी आयोग का गठन, जटिल जीएसटी का सरलीकरण, व्यापारी दुर्घटना बीमा की राशि 10 से 20 लाख रुपए तथा ऑनलाइन मार्केटिंग से बर्बाद हो रहे रेहड़ी, पटरी, छोटे एवं मझौले दुकानदारों के बेहतरी के लिए प्रभावी अंकुश लगाया जाएगा। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश सचिव हृदय एवं महानगर महासचिव रवि जायसवाल मौजूद थे।

# चुनाव की तैयारी में जुट जाएं कार्यकर्ता: अविनाश

● सपा के संवाद समीक्षा व प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोले पूर्व विधायक

संवाददाता। सोनभद्र



**समाजवादी पार्टी** की सरकार में खुब विकास कार्य हुये जनहित की योजनाओं का लाभ हकदारों को मिला लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार में जनहित की योजनाएं प्रभावित हुई है उक्त बातें पूर्व सदर विधायक अविनाश कुशवाहा ने मंगलवार बिजौली में आयोजित संवाद एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रीय जनता को संबोधित करते हुए कही उन्होंने सपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि सिंचाई व्यवस्था के लिए में जो कुछ किया सपा सरकार ने ही किया है मगर वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियों के चलते सिचाई परियोजनाए प्रभावित है यही नहीं सपा सरकार ने इस क्षेत्र के विकास के लिए सार्वजनिक स्थानों पर हाई मास्क लाइट सड़के एवं बिजली सुधार के लिए विद्युत सब स्टेशन जर्जर तारों के बदलने के साथ ही अन्य कार्य भी युद्ध स्तर पर किए। उन्होंने आगे यह भी कहा कि सपा सरकार द्वारा जारी समाजवादी पेंशन को वर्तमान भाजपा सरकार ने बंद कर महिलाओं के साथ अन्याय किया है किंतु सपा सरकार बनते ही यह पेंशन फिर चालू हो जाएगी और पात्र महिलाओं को प्रतिमाह दो हजार रूपये उनके खाते में भेजा जाएगा।पूर्व सदर विधायक ने यह भी वादा किया कि सपा सरकार बनी तो तीन सौ यूनिट मुफ्त में बिजली दी जाएगी कन्या विद्याधन हाई स्कूल एवं इण्टर पास विद्यार्थियों को पहले जैसी ही सुविधाएं मिलेगी उन्होंने कहा कि जितना काम सपा सरकार ने किया है उतना काम भाजपा सरकार नहीं किया। यह सभी मुद्दे पर फेल है इसकी घोषणा हवा हवाई साबित हो रही है। पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ होते हैं, इनके बल पर ही संगठन मजबूत होता है और हर काम सफल होता है, ऐसे में सभी कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से लग जाएं।


## कार्यालय :- मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संतकबीरनगर

पत्रांक: कोविड–19/अस्थायी/2021–22/5845 दिनांक 10.9.2021

**विज्ञप्ति**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 के पत्र सं0 – 144/एस0पी0एम0यू0/एच0आर0/कोविड/2021–22/2913 दिनांक 25.08.2021 के क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 के अन्तर्गत कोविड 19 के दृष्टिगत प्रस्तावित बी0एस0एल0–02 लैब में मानव संसाधन की तैनाती के सम्बन्ध में तीन माह की अल्पकालिक अवधि हेतु तैनाती की जानी है । पदों का विवरण निम्नवत् है–

| S. No | Prog-ramme Name | Name of Post | Qualific-ation | Desirable Qualification | Exper-ience | Desirable Qualification | No of Post | Honorar-ium |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Covid-19 (BSL-02 Lab) | Nan Medical Scientist | M.Sc in (Medical Microbiol ogy /MD Microbiol ogy | Ph. D in Microbiology from recog-nized University. knowledge of computer Applications. Preference will be given those who have qualifica-tion of MD Microbiology | At least 02 Years Exp. In Pathology related works | 2 year experi-ence in Medical College/Instituti ons/Corporate Laboratory/Hos pitals. Preference will be given to those who have work experi-ence on PCR,rt-PCR,RT-PCR. | 02 | 55000/- +Agency Charge as applicable and GST@18.8 %120000+2 5% Additional Covid Allowance |

**सामान्य निर्देश –**

1. उपरोक्त पदों पर चयन जिला जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा गठित चयन समिति के माध्यम से साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा ।
1. शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमानुसार अनुमन्य होगा ।
2. नियुक्ति 03 माह तक के लिये की जायेगी ।
3. तैनाती की अवधि शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत आदेशों के अधीन की जायेगी ।
4. आवेदित अभ्यर्थी की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये ।
5. इस नियुक्ति के आधार पर राज्य सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति पाने का कोई दावा मान्य नहीं होगा ।
6. नियुक्त व्यक्तियों पर राज्य सरकार के कर्मचारियों पर प्रभावी गवर्नमेंट कण्डक्ट रूल लागू होंगे एवं राज्य स्तर से प्राप्त दिशा–निर्देशों का पालन करना होगा।
7. नियुक्ति से सम्बधित समस्त विधिक विवादों का निस्तारण स्थानीय जिला न्यायालय के जुरिडेक्शन के अधीन होगा।
8. उपरोक्त विज्ञप्ति में किसी भी प्रकार का संशोधन एवं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा । साक्षात्कार के समय समस्त मूल प्रमाण–पत्र लाना आवश्यक है ।
9. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम, योजना का नाम स्पष्ट उल्लेख किया जाय ।
10. आवेदन पत्र पूरी सावधानी पूर्वक भरी जाय, किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा ओवर राइटिंग होने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा ।

**नोट :– आवेदन–पत्र के साथ निम्न वांछित प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक है :–**

1. शैक्षिक अर्हता अंक पत्रों/प्रमाण–पत्रों की प्रमाणित छाया प्रति । 2. प्रशिक्षण सम्बन्धी प्रमाण–पत्रों की प्रमाणित प्रति। 3. जाति प्रमाण–पत्र/आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण–पत्रों की प्रमाणित छाया प्रति । 4. अनुभव सम्बन्धी प्रमाण–पत्रों की प्रमाणित छाया प्रति । 5. आवेदन–पत्र अपूर्ण पाये जाने की स्थिति में अभ्यर्थन निरस्त समझा जायेगा । 6. पंजीकृत डाक टिकट लगे हुए दो लिफाफे जिस पर पत्र व्यवहार का पता लिखा हुआ हो । 7. लिफाफे के ऊपर आवेदित–पद का उल्लेख स्पष्ट रूप से किया जाय ।
2. आवेदन कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतकबीरनगर के पते पर दिनांक 25.09.2021 के सायं 05:00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा स्वीकार किये जायेंगे ।

**आवेदन–पत्र का प्रारूप**

1. आवेदित पद का नाम –
2. मो0 नं0–
3. अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का नाम –
4. पिता/पति का नाम –
5. स्थायी पता –
6. पत्र व्यवहार का पता –
7. जन्म तिथि – शब्दों में –
8. राष्ट्रीयता –
9. आरक्षण श्रेणी –
10. शैक्षिक योग्यता –

| क्र0सं0 | विवरण | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | उत्तीर्ण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |

11. तकनीकी योग्यता –
12. प्रशिक्षण एवं अनुभव सम्बन्धी विवरण –
13. रजिस्ट्रेशन नं0 –

**घोषणा–पत्र**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा आवेदन–पत्र पर सभी वांछित सूचनाओं को यथा स्थान सही एवं स्पष्ट रूप से दिये गये सम्पूर्ण विवरण एवं सूचनायें सही हैं और इन विवरण/सूचनाओं में कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है । यदि कोई विवरण/सूचना असत्य अथवा गलत पायी जाय या कोई तथ्य मेरे द्वारा छिपाया जाना पाया जाता है तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाये । यदि नियुक्ति हो जाने के उपरान्त ऐसी स्थिति प्रकाश में आये तो मेरी सेवायें समाप्त कर दी जायं।

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**संतकबीरनगर**


# हिंदी भाषा को बढ़ाने का हो प्रयास

संवाददाता। धानापुर/चंदौली




**धानापुर** साहित्यिक मंच द्वारा मंगलवार को कस्बा स्थित कैम्प कार्यालय पर हिन्दी दिवस के मौके पर हिन्दी संवाद विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने हिन्दी को राष्ट्रीय भाषा मिलने के ऐतिहासिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी मिलने के बाद सबसे बड़ा सवाल था कि किस भाषा को राष्ट्रीय भाषा बनाया जाए। काफी विचार.विमर्श करने के बाद 14 सितंबर सन् 1949 को हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया। इसका उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 343 (1) में किया गया हैए जिसके अनुसार भारत की राजभाषा हिंदी और लिपि 'देवनागरी' है। सन् 1953 से 14 सितंबर के दिन हिंदी दिवस मनाने की शुरुआत हुई।

धानापुर साहित्यिक मंच के संयोजक एम अफसर खान ने कहा कि गांधी जी ने हिंदी को जनमानस की भाषा कहा था। सन् 1918 में हिंदी साहित्य सम्मेलन में गांधी जी ने हिंदी को राष्ट्रीय भाषा बनाने की वकालत की थी। जब हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गयाए तब देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने हिंदी के प्रति गांधी जी के प्रयासों को याद किया। भारत देश के नागरिक होने के नाते हम सबका कर्तव्य बनता है कि हम हिंदी को आगे बढ़ाने का प्रयास करें। अपने काम.काज की भाषा के रूप में हिंदी का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें। अगर आज भी हमने भाषा को लेकर सतर्कता नहीं बरती तो वो दिन दूर नहीं जब हिंदी भाषा हमारे बीच से बिल्कुल गायब हो जाएगी। यदि हमें हिंदी भाषा के महत्व को जिंदा रखना है तो इसके प्रचार.प्रसार को बढ़ाना होगा। साथ ही सरकारी और प्राइवेट ऑफिस के कामकाज में हिंदी को प्राथमिकता देनी होगी। इस दौरान तबरेज खान, उपेंद्र कन्नौजिया, आक़िफ़ खान, नसीरुल होदा खान, नदीम खान, आमिर सुहेल, रकीम खान, एहतशम आदि मौजूद रहे।

# हिंदी पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में जोड़ती है: मंडलायुक्त

● आचार्य रामचंद्र शुक्ल के बरौंधा कचार स्थित मूर्ति पर डीएम सहित किया माल्यार्पण

**मिर्जापुर।** हिंदी दिवस पर बरौंधा कचार स्थित हिंदी के पुरोधा आचार्य रामचंद्र शुक्ल पार्क में मुख्य अतिथि मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने आचार्य शुक्ल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि हिंदी पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में जोड़ती है वह सबके लिए सरल और सुबोध है। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने कहा कि आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिंदी को समृद्ध किया और अपने विपुल साहित्य के माध्यम से नई ऊंचाई दी। हिंदी दिवस के इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने कहा कि हिंदी भारतीय परम्पराओं में रची बसी है। हमें इसे समृद्ध करने का हमेशा प्रयास करना चाहिए।

संस्था के प्रबंधक आचार्य रामचंद्र शुक्ल के पौत्र राकेश शुक्ल ने कहा कि 14 सितंबर 1949 को भारतीय संविधान में सर्व सम्मति से हिंदी को सर्वोच्च स्थान दिया गया। आज 72 वर्षों के बाद भी हिंदी अपेक्षित है जबकि हिंदी देश की आत्मा है। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा ने कहा है कि हिंदी अपने अनेक रूपों से होती हुई भारतीय संस्कृति की संवाहिका के रूप में आज हमारे सामने हैं। हम भारतीय अपनी पूरी छवि उसमें देखते हैं। संस्था के प्राचार्य आशीष चंद्र शुक्ल ने कहा कि हिंदी भारत की पुरातन भाषाओं में एक है। यह सूरदास, कबीरदास, तुलसीदास आदि भक्त कवियों की भाषा रही है। हौसिला प्रसाद मिश्र ने कहा कि हिंदी साहित्य के विकास में आचार्य रामचंद्र शुक्ल का विशेष योगदान रहा।

# प्राथमिक शिक्षकों ने बीईओ को दिया ज्ञापन



संवाददाता पुखरायां, कानपुरदेहात।

**उत्तर प्र**देश प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई अमरौधा की ओर से मंगलवार को अमरौधा के ब्लाक संसाधन केंद्र भोगनीपुर में एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया। जिसमें 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन खंड शिक्षाधिकारी को सौंपा गया।

प्राथमिक शिक्षक ब्लाक इकाई के अध्यक्ष राजेंद्रबाबू यादव ने बताया कि पुरानी पेंशन की बहाली, कैशलेस चिकित्सा, उपार्जित एवं द्वितीय शनिवार अवकाश, छात्रों को बैठने हेतु फर्नीचर, शिक्षकों के अंतर जनपदीय स्थानांतरण, पदोन्नति, संविलियन निरस्त किये जाने, सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण संबंधित 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार त्रिपाठी को सौंपा गया है। धरने में शिक्षामित्र, आंगनवाड़ी, रसोइया एवं अनुदेशक भी शामिल रहे। मंत्री सुनीत सचान, शिक्षामित्र संघ के श्याम सिंह भदौरिया, नरेंद्र सिंह, जगरूप सिंह, लल्ला सिंह, कपिल कुमार, दीपका, इंदिरा देवी, मधुकर, अमिता निरंजन, आलोक कुमार, बृजेश कुमार सैनी आदि मौजूद रहे। राजेंद्र बाबू यादव ने अध्यक्षता की और सुनीत सचान ने संचालन किया।

# नशेड़ी युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**नशेड़ी** युवक अंकित ने गोली मारकर जान दे दी। अंकित कोतवाली फर्रुखाबाद के ग्राम चांदपुर निवासी ओम प्रकाश कोरी का 22 वर्षीय पुत्र था। अंकित शराब के नशे में तमंचा लेकर मौसा रामसेवक के लड़के सनी के घर गया। अंकित ने शाम करीब 5.40 बजे 315 बोर के तमंचे से दाहिने सीने में गोली मार ली। गंभीर घायल अंकित को परिजन लोहिया अस्पताल ले गए।

डॉक्टर ने अंकित को मृत घोषित कर दिया और उसके शव को मोर्चरी में रखवा दिया। ओमप्रकाश ने बेटे की आत्महत्या की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी है। हादसे की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों की घटनास्थल के निकट भीड़ लग गई।

अंकित शंखवार के गोली मारते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे लोगो ने प्रयास कर अंकित को मकान के बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बताया गया कि ओमप्रकाश के 2 पुत्र व दो पुत्रियां हैं जिनमें बड़ी पुत्री का फिरोजाबाद में व्याही है छोटी बेटी लखनऊ में सीएम हेल्पलाइन में जॉब करती है अंकित सबसे छोटा था।

मौसेरे भाई सनी सक्सेना गांव मे ही करीब 10 वर्षो से रहकर टेंपो चलाता है। बताया कि अंकित अपराधी प्रवृत्ति का था उसके गांव के ही गिलहरी राजपूतए क्षेत्र पंचायत सदस्य के पति गौरव दिवाकर से अच्छे संबंध थे। यह सभी युवक कई घटनाओं को अंजाम दे चुके है इनको एसओजी और पुलिस करीब एक माह से ढूंढ रही है ग्रामीणों ने बताया कि करीबन 3 दिन पूर्व ही शहर कोतवाली पुलिस पूछताछ करने गई थी ।तभी से घर वाले युवको से घर न आने के लिए कह रहे थे और सुधर जाने के लिए दबाव डाल रहे थे। जिसके कारण अंकित का मां बाप से विवाद चल रहा था आज जब अंकित मौसेरे भाई के घर गया तो मौसेरे भाई की पत्नी रेखा सक्सेना ने अपने घर भी आने के लिए मना किया था। लेकिन अंकित जबरदस्ती में घर में लेट गया और थोडी देर बाद खुद को गोली से उड़ा लिया ।रेखा ने बताया कि अंकित बता रहा था कि वह घर से बेहद परेशान है और अब किसी भी हाल में सुकून की जिंदगी नहीं जी पा रहा है यह बात सुनकर रेखा कमरे से चली गई तभी मौका पाकर अंकित खुद ने गोली मार ली। घटना की सूचना पर पांचाल घाट चौकी इंचार्ज हरिओम प्रकाश त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। तब तक अंकित की मौत हो चुकी थी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया फॉरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल की।

## क्विक न्यूज

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के रमवां व फैजुल्लापुर स्टेशन के बीच रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ जाने से 31 वर्षीय युवक की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम तुरीपुर मजरे चितीसापुर निवासी स्व0 रामेश्वर यादव का पुत्र लवकुश यादव सोमवार की शाम घर से निकल पड़ा और थरियांव थाने के रमवा व फैजुल्लापुर स्टेशन के बीच रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

### अज्ञात महिला का शव बरामद

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सुकुरूपुर घाट से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने 70 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद किया है। शव की खबर सुन सैकड़ो लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गयी। पुलिस ने मौजूद लोगों से मृतका की पहचान कराने का प्रयास किया। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नही हो सकी है। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया है।

### बीमारी के चलते महिला समेत एक युवक मौत,हड़कंप

**पुखरायां कानपुर देहात।**विकास खंड मलासा के जलालपुर गांव में बुखार से पीड़ित एक महिला समेत युवक की मौत हो गई है। विकास खंड मलासा के जलालपुर निवासी शिव कुमार सचान ने बताया कि उसका छोटा भाई शिवदयाल सचान उर्फ बल्लू कई दिनों से बुखार के कारण बीमार चल रहा था। वह कई अन्य बीमारियों से ग्रसित था। देर शाम उसकी मौत हो गई है। वहीं जलालपुर निवासी मुबीन खान ने बताया कि उनकी मां हूरबानो को कई दिन से बुखार आ रहा था। पुखरायां एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। रात करीब नौ बजे हूरबानो की मौत हो गई है। सीएचसी देवीपुर के चिकित्साधीक्षक विकास ने बताया कि जानकारी नहीं हुई है। जानकारी करके गांव में कीटनाशक का छिड़काव कराया जाएगा। वहीं शिविर लगाकर दवा भी वितरित की जाएगी।

### डंपर से कुचलकर छात्रा की मौत

**पुखरायां कानपुर देहात।** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के छतेनी गांव के पास स्कूल से पढ़कर आ रही छात्रा को कालपी रोड पर डंपर ने कुचल दिया। जिससे छात्रा की मौके पर मौत हो गई है। भोगनीपुर थाना क्षेत्र के छतेनी गांव निवासी आमिर ने बताया कि उसकी बहन तौसिम (15) सरदार पटेल इंटर कॉलेज डोभा में पढ़ती है। सोमवार को पढ़कर घर वापस जा रही थी। तभी डोभा संपर्क मार्ग से जैसे ही कालपी रोड में चढ़ी कि झांसी के तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। भोगनीपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत एसडीएम से

**फतेहपुर।** शहर क्षेत्र से जुडे सथरियांव के निवासियों ने आज उप जिलाधिकारी सदर से मिलकर आरोप लगाया कि नगर पालिका परिषद की जमीन पर (नं. 418) रेनू मौर्या पत्नी ललऊ निवासी भैरवां द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की कालोनी की आड़ में निर्माण कराकर अवैध कब्जा किया जा रहा है। एसडीएम ने तत्काल हल्का लेखपाल धनराज यादव को मौके की पैमाइश करके रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं। शिकायतकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल उचित कार्यवाही न हुई तो कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। उधर लेखपाल का कहना है कि वह मौके पर गया जरूर था किंतु पैमाईश कल हो पायेगी।

### अवैध तंमचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक धरपकड़ अभियान को सफल बनाते हुए राजेपुर पुलिस ने आज एक अभियुक्त को अवैध तंमचा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।विवरण के अनुसार राजेपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के चाचुपुर निवासी भोलापुर उर्फबृजेश पुत्र नानक को जमापुर मोड़ से बदनपुर जाने वाले रास्ते पर गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस को एक अवैध तंमचा व दो जिंदा कारतूस 315 बोर का बरामद हुआ है। पुलिस ने अवैध तंमचा को बरामद कर अभियुक्त को जेल भेज दिया।

### हसवा एवं तेलियानी में पोषण पंचायत कार्यक्रम आज

**फतेहपुर।** मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश ने बताया कि जनपद के विकास खंड हसवा एवं तेलियानी में पोषण पंचायत कार्यक्रम का आयोजन महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अनीता सचान की अध्यक्षता में आयोजित किया जायेगा। बताया कि उनके कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। वे यहां मौजूदगी के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा उपलब्ध स्थानीय खाद्य सामग्री से तैयार की गयी रेसीपी का अवलोकन भी करेंगी।

### डीएम ने किया औचक निरीक्षण किया

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने डा0 राममनोहर लोहिया अस्पताल-पीआईसीयू वार्ड-डायलेसिस यूनिट,जन औषधि केन्द्र, होम्योपेथिक चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इमरजेन्सी-जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य की जानकारी ली। इमरजेन्सी वार्ड में छरू बच्चे भर्ती थे परिजनों द्वारा बताया गया कि उपचार अच्छा हो रहा स्वास्थ्य भी ठीक है, कुछ दवाईयां बाहर से लिख दी जाती है ।पर्चा काउन्टर पर बताया गया कि आज 140 मरीजों के पर्चे बनाए गए है । निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था भी ठीक पाई गई। जिलाधिकारी ने पीआईसीयू वार्ड में नॉन कोविड बच्चों को भर्ती कर बेहतर उपचार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को 07 में डायलेसिस यूनिट शुरू करने के निर्देश दिए। होम्योपेथिक चिकित्सालय में डा0 एम0पी0 सिंह अनुपस्थित पाए गएए स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संज्ञान में आया कि रेडियोलॉजिस्ट न होने के कारण अल्ट्रासाउण्ड नहीं हो पा रहे है। हर 15 दिन में इन्टरव्यू कराकर रेडियोलॉजिस्ट की भर्ती करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से आवासों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। लोहिया अस्पताल में बने आवासों में अवैध रूप से रह रहे लोगों को 15 दिन में बाहर निकालने के निर्देश दिए।

### बीओबी क्षेत्रीय कार्यालय में हिन्दी दिवस का आयोजन

**फतेहपुर।** बैंक ऑफबड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कवि, व्यंगकार डॉ राम लखन सिंह प्रांजल ने अपने भाषण में व्यावहारिक हिन्दी के प्रयोग पर बल दिया। इस अवसर पर गृहमंत्री के संदेश का वाचन, बैंक के कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी के संदेश का वाचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रमुख डीके श्रीवास्तव ने की। उन्होंने कहा कि हिन्दी हमारी राजभाषा है। हिन्दी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य विश्व में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है। हमारा यह उत्तरदायित्व बनता है कि हमारे अधिकांश कार्यालयी कार्य राजभाषा हिन्दी में ही करें। इस अवसर पर राम बिनय कुमार सिंह, उप क्षेत्रीय प्रमुख एवं क्षेत्रीय कार्यालय के सभी स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे। रामू तिवारी प्रबन्धक राजभाषा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### भव्य व दिव्य झांकी दर्शन

**फर्रुखाबाद।** नगर के मध्य भाग में श्री बड़े बूढ़े हनुमान जी महाराज का प्राचीन मंदिर अडतियान स्ट्रीट मे 3 दिन दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ ।महाभारत के शांत पर्व में हनुमान जी महाराज भगवान श्रीकृष्ण हुबली उन्होंने अजर अमर का वरदान दिया भाद्र शुक्ल पक्ष माह का अंतिम मंगलवार खूब जो लोग श्री हनुमान जी महाराज की उपासना सकते हैं।

# मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** क्षेत्र के ग्राम गडरियन पुरवा निवासी शिवरतन उर्फ जोगराज पुत्र संग्राम सिंह द्वारा न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 27 मई की सुबह बटाई के खेत में कृषि कार्य कर रहा था। उसी समय गांव के ही सनोज कुमार, अजय पाल अपने दो अज्ञात साथियों के साथ आया और लात घुसा से मारपीट करते हुए जान से मारने की नियत से तमंचा के बढ़ से प्रहार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मेडिकल रिपोर्ट में सिर की बाई तरफ गंभीर चोट आने की पुष्टि हुई है। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## मारपीट की घटनाएं मुकदमे में तरमीम हुई

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विगत दिनों पूर्व नगर के मोहल्ला सीमांत नगर निवासी मोह मद रईस पुत्र मंगू अहमद को जलालाबाद निवासी गुलाम जिलानी महताब आलम महराज आलम ने ग्राम जलालाबाद में मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसमें मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर गंभीर चोटें आई। जबकि दूसरी घटना क्षेत्र के ग्राम कचनापुर निवासी कुड्डूसा बेगम पत्नी इरफान के साथ गांव के ही मेराज, नवी शेर, नासिम, ईदउल ने उसे व बचाव में आए उसके पुत्र शनिवार को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसमें मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर सर में गंभीर चोट आने पर कोतवाली पुलिस द्वारा मारपीट की घटनाओं को मुकदमे में दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## दबंग युवक ने पीटा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** दबंग युवक ने घर में घुसकर युवक के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम नदसिया निवासी राम शिव पुत्र रामसनेही द्वारा कोतवाली को दी गई तहरीर में कहा गया है कि सोमवार को वह अपने घर में था। उसी समय गांव के ही सलमान पुत्र अली जान ने उसके घर पर घुसकर उसके साथ अभद्रता करते हुए उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# हिंदी दिवस पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया भाग



संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**स्थानीय** सरस्वती शिशु मंदिर में हिंदी दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा चार से लेकर दस तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर हिन्दी भाषा पर कई प्रकार के निबंध लिखकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मंगलवार को नगर के मोहल्ला सूबेदार नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में हिंदी दिवस पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा अनुष्का पाठक, रौनक, तेजस, रूद्र सोलंकी, सोनाक्षी, खुशी, आयुष, अर्पित, वैष्णवी, लक्ष्मी, नित्या, अंकित, साक्षी, विश्वप्रिया, देवानी, मांडवी, वंशिका आदि छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग कर निबंध लिखकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके पश्चात प्रधानाचार्य नवनीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय प्रशासन द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर आचार्य शैलेष गुप्ता, गिरीश भान, अमित अवस्थी, आशीष सिंह, प्रीती पाठक, स्वास्तिका त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ ने की जिला पोषण समिति की समीक्षा

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने विकास भवन माती सभागार में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि पोषण माह एवं पोषण पखवाड़े तथा सम्भव अभियान में विभिन्न प्रचार-प्रसार गतिविधियों का स्थानीय आवश्यकता के अनुसार पोषण अभियान के विस्तृत दिवसवार गतिविधियों के आयोजन किया जाना है। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को मनरेगा ग्राम निधि से तथा ए0डी0ओ0 पंचायत से सहयोग प्राप्त कर पोषण वाटिका तैयार कराने तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को कार्ययोजनान्तर्गत स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन कर किशोरी बालिकओ, गर्भवती महिलाओ तथा धात्री माताओं की स्वास्थ्य जॉच तथा आयरन सीरप का वितरण व कोविड-19 सम्बन्धी टीकाकरण किये जाने द्वारा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किये जाने के निर्देश दिये।

# पंचायत प्रशासन ने नगर के वार्डों में कराया कीटनाशकों का छिड़काव



संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**समधन** कस्वे में तेजी से फैल रहे डेंगू व वायरल फीवर की रोकथाम के लिए पंचायत प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर बार्डों में साफ-सफाई व कीटनाशकों के छिडकाव के कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। वही अधिशासी अधिकारी व चेयरमैन द्वारा कर्मियों को साफ-सफाई सतत बनाये रखनें के निर्देश दिये गये हैं। विगत दिन पूर्व से मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए चेयरमैन रुबीना बेगम व अधिशाषी अधिकारी दीपिका शुक्ला के निर्देश पर पंचायत कर्मियों द्वारा कस्वे के प्रमुख मार्गो सहित मोहल्लों में साफ-सफाई अभियान एवं कीटनाशक दबाओं का छिड़काव करवाया जा रहा है। वही मंगलवार को अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला के निर्देश पर सफाई नायक नरेश कुमार ने कर्मियों के साथ कई मोहल्लों में पहुंचकर साफ सफाई एवं कीटनाशक दबाओं के दिडकाव के उपरांत नागरिकों को मच्छर जनित रोगों से बचाव के उपाय बताए।

# भाजयुमो ने जिले की तीनों विस क्षेत्र की मंडल कमेटी का किया गठन

संवाददाता। औरैया

**भारतीय** जनता पार्टी युवा मोर्चा औरैया जनपद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मोनू सेंगर ने अपनी जिला कार्यकारिणी का गठन करने उपरांत मंडल स्तर पर विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन विस्तार में पूरे जनपद का ध्यान रखते हुए सभी वर्गों को मंडल टीम में समाहित करने का प्रयास किया। जिसमें विधानसभा वार निम्नांकित मंडल पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। जिसमें 204 औरैया विधानसभा के अंतर्गत सभी चारों मंडलों मे औरैया नगर मंडल में राम जी मिश्रा नगर अध्यक्ष, औरैया देहात मे सोमू पाठक मंडल अध्यक्ष, अजीतमल मे विशाल सोनी मंडल अध्यक्ष, मुरादगंज मे पंकज सिंह मंडल अध्यक्ष व मंडल महामंत्री हरिओम दुबे, 203 दिबियापुर विधानसभा मे सभी चार मंडलों मे दिबियापुर मंडल में कन्हैया पांडेय मंडल अध्यक्ष, फफूंद मे आलोक दिवाकर मंडल अध्यक्ष व मंडल महामंत्री अमित तिवारी, बल्लापुर में अंकित शुक्ला, अछल्दा मे सम्राट श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष व मंडल महामंत्री अनुरुद्ध चौहान उर्फ सानू, 202 बिधूना विधानसभा में सभी पाँचों मंडलों मे बिधूना नगर मंडल में भानू ठाकुर नगर अध्यक्ष, बिधूना देहात मे कुलदीप दुबे मंडल अध्यक्ष, एरवाकटरा मे राहुल नायक मंडल अध्यक्ष, सहार मे अक्कू ठाकुर मंडल अध्यक्ष, सहायल मे लकी पाल मंडल अध्यक्ष व मंडल महामंत्री अभिषेक मिश्रा को नियुक्त किया गया है। संगठन की दृष्टि से पूरे जनपद में 13 मंडलों की संरचना हैं। जिसमें औरैया विधानसभा में चार मंडल दिबियापुर विधानसभा में चार मंडल बिधूना विधानसभा में पाँच मंडल हैं। संगठन की व्यवस्था अनुसार सभी मंडलों मे मंडल अध्यक्ष नियुक्त कर दिए गए हैं।

# धूमधाम से मनाया गया बुढ़वा मंगल का पर्व हनुमान मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

संवाददाता। फफूंद/औरैया



**बुढ़वा** मंगल पर्व पर हनुमान जी के मन्दिर को मंगलवार को विशेष रूप से सजाया गया। हनुमान मन्दिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगनी शुरु हो गयी। मन्दिर में हनुमान जी के जयकारों के साथ भक्त भगवान राम के भी जयकारे लगा रहे हैं। बुढ़वा मंगल पर मंदिरों पर होने वाली भीड़ को देखते हुए विशेष इंतजाम किये गये ताकि दर्शनार्थियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही सुरक्षा को देखते हुये मंदिरों सीसीटीवी कैमरे भी लगाये गये। जिससे संदिग्धों पर नजर रखी जा सके। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी बुढ़वा मंगल पर्व को लेकर उत्साह से तैयारियां की गयी थी मंदिरों की साफ-सफाई की गयी साथ ही मन्दिरों को लाईट व झूमर से सजाया गया। इस पर्व पर मंदिरों में भीड़ अत्यधिक होती है। जिसके चलते महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए अलग व्यवस्थाएं की गयी हैं। नगर के प्राचीन महावीर धाम मंदिर के साथ साथ क्षेत्र के भी प्राचीन मंदिर में भक्तों की भीड़ सुबह से ही उमड़ने लगी। बुढ़वा मंगल को लेकर धार्मिक आयोजन भी किये गए। साथ ही अखंड रामायण, सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। इसके साथ ही कई स्थानों पर हनुमान चालीसा और हनुमान बाहुक का पाठ किया गया।और भक्तों को प्रसाद के रूप मे लंगर भी बांटा गया। श्री महावीर धाम मंदिर के महंत ने बताया कि आज के दिन जब भगवान राम के समक्ष बैठक हो रही थी तभी हनुमान जी का पूरे शरीर पर सफेद बाल दिखाई दिया सभी लोग उन्हे बूढ़े दिखने लगे।

# पूर्व प्रधान सहित अवैध कब्जेदारों को नोटिस तामील करा कर 23 को गिराए जाएंगे मकान

संवाददाता। फतेहपुर

**प्रदेश** की योगी सरकार भले ही भू-माफिआओं के हौसले पस्त कर रही हो लेकिन रामपुर थरियांव में भू-माफिआओं के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्रीय लेखपाल भू-माफिआओं पर अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम है। कहीं तलाबी नंबर में कब्जा हैं तो कहीं पशुचर मे भू-माफिआओं ने अवैध कब्जा करते हुए धान की रोपाई कर डाली है। कार्यवाही के नाम पर सिर्फ दिखावा है। गाटा संख्या- 1298 रकबा 3.0620 जो कि तालाब भूमि है। जिस पर कंधई, मैकू, चंद्र किशोर आदि लोगों ने धान की रोपाई कर रखी थी। जिस पर क्षेत्रीय लेखपाल ने ट्रैक्टर चलवा कर अवैध कब्जेदारो से कब्जा मुक्त कराया। लोगों मे सवालिया निशान उठने लगे। क्या इतनी ही रामपुर थरियांव में तालाबी भूमि है। जबकि खतौनी के आधार पर लगभग 100 बीघे जमीन तालाब में दर्ज है। बाकी भूमि को कब कब्जा मुक्त कराया जायेगा। गाटा संख्या- 4790ग रकबा-0.6000 वर्ग मीटर, गाटा संख्या-2913 रकबा-0.2200 वर्ग मीटर, गाटा संख्या- 2882 रकबा- 0.3030 वर्ग मीटर, गाटा संख्या -2878 रकबा-0.1400 वर्ग मीटर, गाटा संख्या-2873 रकबा- 0.0810 वर्ग मीटर, गाटा संख्या- 2584 रकबा-0.620 वर्ग मीटर, गाटा संख्या- 1707 रकबा-0.2026 वर्ग मीटर, गाटा संख्या- 749 रकबा- 0.4930वर्ग मीटर, गाटा संख्या- 5932, रकबा- 1740 वर्ग मीटर, गाटा संख्या- 5937 रकबा-0. 1130 वर्ग मीटर उपरोक्त भूमि वृक्षारोपण की है। लोगों का कहना है कि क्या क्षेत्रीय लेखपाल या कानूनगो को ऐसे गाटा संख्या नहीं दिखाई पडते जिस पर भू-माफिआओं ने कब्जा कर रखा है। गिने चुने गाटा संख्या पर ही कार्यवाही कर वाह-वाही लूट रहे है। क्या उन लोगों ने अवैध रूप से कब्जा नहीं कर रखा है। भारतपुर मजरे रामपुर थरियाँव में दो पक्षों के मध्य अरविंद कुमार पुत्र जसवंत सिंह व रामसेवक पुत्र सुक्खा प्रसाद दोनों पक्षो ने ही अपने-अपने कब्जे को लेकर लगभग एक माह से विवादों को लेकर सुर्खियों में हैं। मामला डीएम के संज्ञान में आते ही उपरोक्त दोनों को थरियाँव पुलिस ने पाँच-पाँच लाख में पाबंद करते हुए 151 की कार्यवाही की थी। मामले को तूल पकड़ता देख राजस्व टीम ने मौके पर पैमाइश किया। जिस पर 13 आलीशान मकान वृक्षारोपण की जमीन पर निर्मित पाए गए। क्षेत्रीय कानूनगो रामरूप पाल ने बताया कि पैमाइश कर 23 तारीख नियत की गई है। जांच आख्या रिपोर्ट एसडीएम प्रमोद झा सदर को भेज दी गई है। आदेशानुसार सभी अवैध कब्जेदारो को सम्मन तामील करा कर घर खाली कराए जाएंगे।

# डीएम ने धान खरीद के लिए पंजीयन कराने के दिए निर्देश

संवाददाता। कानपुर देहात

**आयुक्त,** खाद्य तथा रसद विभाग के द्वारा दिये गये निर्देशां की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दिनांक 01अक्टूबर 2021 से तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में दिनांक 01 नवम्बर 2021 से न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत सीधे किसानों से धान क्रय प्रारंभ होना है। इस वर्ष कृषक पंजीकरण प्रक्रिया ऑथेंटिकेशन के माध्यम से होनी है, जिसमें पंजीकरण के समय कृषकों के आधार में दर्ज मोबाइल नम्बर पर एक ओटीपी प्राप्त होगी जिसका प्रयोग कर पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण होगी। इस सन्दर्भ में ऐसे कृषकों जिनके आधार में मोबाइल नम्बर दर्ज नही है या उनका मोबाइल नम्बर बदल चुका है, उनकी पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण न होने की दशा में उन्हें क्रय केन्द्रों पर धान विक्रय करने में कठिनाई हो सकती है। इसी क्रम में कृषकों के आधार में मोबाइल नम्बर दर्ज करवाने या दर्ज मोबाइल नम्बर में सुधार हेतु उपनिदेशक, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के निर्दिष्ट आधार सेवा केन्द्रों की सूची का लिंक तथा इण्डियन पोस्ट पेमेंट बैंक के ब्रान्च अधिकारियों की जनपदवार सूची उपलब्ध करायी गयी है। जिसमें जनपद कानपुर देहात हेतु सचिन शर्मा 9044060208 इण्डियन पोस्ट पेमेन्ट बैंक, कानपुर देहात ब्रान्च, अकबरपुर पोस्ट आफिस को नामित किया है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियां को आदेशित किया है कि इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाये जनपद में धान विक्रय हेतु पंजीकृत किसानों की सूची विभाग की वेबसाइट प में देखी जा सकती है।

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक
निर्माण एवं परिकल्प सेवायें
(वि0/यां0) नलकूप विंग, उ0प्र0 जल निगम, 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)

पत्रांक : 955/विविध-3/(21)/81 दिनांक 10.09.2021

अल्पकालीन निविदा सूचना

उ0प्र0 जल निगम, की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्राइमरी स्कूल सिपाही ठाकुर जनपद कन्नौज में 1 नग मिनी नलकूप के निर्माण कार्य हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 17.09.2021 से 23.09.2021 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि0/याँ0 नलकूप विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं वि0/याँ0, नलकूप विंग-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00+18% जी.एस.टी. (1000.00+180.00 = 1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट WWW.UPJN.ORG से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 15 सितम्बर, 2021



# योगी-स्वतंत्रदेव आएंगे अयोध्या

## ● भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 18 को

संवाददाता। अयोध्या



**भाजपा पिछड़ा मोर्चा** की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 18 व 19 सितम्बर को अयोध्या स्थित मानस भवन में आयोजित की जायेगी। जिसमें पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश, क्षेत्र व सभी जिलों के पदाधिकारी मौजूद रहेगें। पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद नरेन्द्र कश्यप ने क्षेत्रीय व महानगर पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष बिजेन्द्र जायसवाल व अन्य पदाधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की।

पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार गरीबोंए पिछड़ो के विकास के लिए कटिबद्ध है। सरकार की योजनाओं के सफ्ल क्रियान्वयन के कारण लोगो में उत्साह का माहौल है। पिछड़ो की सहभागिता से इस चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करेगी। क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवनायक वर्मा ने बताया कि कार्यसमिति में उद्घाटन सत्र को प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, पिछड़ा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री संगम लाल गुप्ता, केन्द्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा, प्रदेश प्रभारी दयाशंकर सिंह, प्रदेश सह प्रभारी पूनम बजाज सम्बोधित करेंगी। समापन सत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष डा के लक्ष्मण कार्यकर्ताओं को निर्धारित विषय पर व्याख्यान देंगे। 19 सितम्बर को प्रदेश महामंत्री सुनील बंसल कार्यसमिति का शुभाम्भ करेंगे। समापन सत्र को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या पूर्व गृहराज्यमंत्री हंसराज प्रमुख रुप से सम्बोधित करेंगे। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को प्रदान किया जा रहा है। सरकार की योजनाओं गरीबों किसानों व मजदूरों के प्रति समर्पित है।

बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप ने कार्यसमिति की तैयारियों के विषय में जानकारी हासिल की। पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां इसको लेकर तय की गयी। मंचए साज सज्जाए पार्किंग आवास भोजन स्वागत की जिम्मेरियों के बाबत बैठक में चर्चा की गयी। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने तैयारियों के विषय में जानकारी दी। महानगर पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष बिजेन्द्र जायसवाल ने कार्यक्रम को लेकर अपनी टीम को सक्रिय कर दिया है। बैठक में प्रमुख रुप से पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रमेश निषाद, विनोद यादव, संजय पटेल, क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वासुदेव मौर्या, राकेश पटेल, दिनेश यादव, रामशंकर राजपूत, रामचन्दर गुप्ता, प्रवीण, राकेश यादव, तिलकराम मौर्या, सुरेन्द्र यादव सहित बड़ी

## कृषि विवि में 101 श्रमिकों का हुआ विनियमितीकरण

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि कुमारगंज के कुलपति के प्रयास एवं परिश्रम के परिणाम स्वरूप कई वर्षों से कार्यरत् 101 श्रमिकों को उनकी योग्यता एवं अब तक किए गए कार्य के अनुरूप तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी में नियुक्ति प्रदान की। 14.9.2021 को शासन के पत्र 15.12.2013 द्वारा अनुमोदित विनियमितीकरण नियमावली में निहित निर्देशों के अंतर्गत एवं विशेष सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग के पत्र द्वारा कटऑफडेट 13.12.2001 तक नियोजित नियमानुसार शर्ते पूर्ण करने वाले श्रमिकों का विनियमितीकरण कर दिया। मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि विवि के कुलपति डॉ बिजेंद्र ने निदेशक प्रसार, अधिष्ठाता उद्यान, कुलसचिव, निदेशक प्रशासन, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, संपत्ति अधिकारी, सचिव कुलपति, सुरक्षा अधिकारी की उपस्थिति में नियुक्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए निष्ठा से कार्य किए जाने का आह्वान किया।

# चुनाव के पहले सभी को याद आ रहे प्रभु श्री रामः पाठक

## अयोध्या की रामलीला का हुआ भूमिपूजन, संत-महंत बॉलीवुड कलाकार और जनप्रतिनिधि हुए शामिल

**अयोध्या।** श्री राम की नगरी के पावन मां सरयू के तट स्थित लक्ष्मण किला के मैदान में बॉलीवुड सितारों के द्वारा भगवान के चरित्र पर आधारित अयोध्या की रामलीला का भूमि पूजन उत्तर प्रदेश के कानून मंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। 12 से अधिक बॉलीवुड अभिनेता अलग-अलग भूमिका में शामिल हो रहे हैं। 6 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक रामलीला का आयोजन को वर्चुअल माध्यम से देश.विदेश के लोग देखेंगे। अयोध्या की रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मलिक के मुताबिक इस बार वर्ल्ड के रिकॉर्ड तोड़ेगी जिसके लिए 50 करोड़ से अधिक दर्शको को एक साथ जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। पिछली बार 16 करोड़ से अधिक लोगों ने अयोध्या के रामलीला वर्चुवल के माध्यम से जुड़े रहे।



वर्चुअल रामलीला का भूमि पूजन करते ब्रजेश पाठक एवं संत महंत

अयोध्या की रामलीला के भूमि पूजन में लक्ष्मण किला के महंत मैथिली रमण शरण, जगतगुरु राम दिनेशाचार्य, जानकी घाट बड़ा स्थान के महंत जन्मेजय शरण, संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास, महंत राम भूषण दास कृपालु ज महाराज पुजारी राजू दास सहित कई संतों ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया। भूमि पूजन के उपरांत ब्रजेश पाठक ने कहा की प्रभु श्रीराम के चरित्र का वर्चुअल माध्यम से पूरे विश्व में करोड़ों लोग देखेंगे इससे सनातन धर्म का प्रचार प्रसार होगा। प्रभु श्रीराम सबके है लेकिन फैसला आने के पहले कोई अयोध्या आने को तैयार नहीं था प्रधानमंत्री के प्रयासों से भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है और राष्ट्रवादी लोग इकट्ठा हुए हैं इसलिए 2022 के पहले सभी को प्रभु श्री राम की याद आ रही है। बॉलीवुड कलाकार राजा मुराद ने कहा की रामलीला में तीसरी बार हमें किसी न किसी पात्र करने का अवसर प्राप्त हुआ पिछली बार की रामलीला में हमने अहिरावण का रोल किया था इस बार हम कुंभकरण का रोल करेंगे और प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से इस बार सारे रिकॉर्ड तोड़ देगी रामलीला।

# मानिकपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय पर कैंप लगाकर किया वैक्सीनेशन का कार्य

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** 14 सितंबर दिन मंगलवार को महरुआ थाना अंतर्गत ग्राम सभा मानिकपुर गांव की प्राथमिक विद्यालय मानिकपुर पर ग्राम प्रधान सीमा सिंह के अनुरोध पर कैंप लगाकर वैक्सीनेशन का कार्य बहुत ही शांतिपूर्ण ढंग से कराया गया किसी को किसी प्रकार की दिक्कत ना उठानी पड़े इसलिए ग्राम प्रधान सीमा सिंह और महरुआ स्टॉप केशव प्रसाद सिपाही अमन सिपाही की देखरेख में महिलाओं के दो लाइन और पुरुषों की दो लाइन लगवा कर वैक्सीन लगवाई गई वही ग्राम वासियों ने महिलाएं बुजुर्ग और नौजवान साथियों ने वैक्सीन लगवाने के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और वहां पर आई हुई स्वास्थ्य टीम डॉ राम सहाय प्रभारी डॉ अजय सरोज एनम कौशल्या पाल सरिता भारतीय सरोज सिंह आशा संध्या आगनबाड़ी अन्य पुणा सिंह जितेंद्र सिंह डाक्टर अजय त्रिपाठी संतोष सिंह कृष्ण कुमार तिवारी प्रधानाध्यापक की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से वैक्सीनेशन का कार्य कराया गया। वही आए हुए बुजुर्ग महिलाएं व असहाय लोगों ने ग्राम प्रधान की बहुत ही प्रशंसा की कि उन्होंने बहुत ही सराहनीय कार्य कराया।

## एनटीपीसी गेट के स्टैण्ड परिसर से मोटर साइकिल गायब

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** मामला थाना क्षेत्र अलीगज के अन्तर्गत एनटीपीसी प्रथम गेट के स्टेण्ड परिसर का है। जहा अपनी स्पलेण्डर मोटर साइकिल से डियूटी पर गये पीडित सुरेश कुमार गुप्ता पुत्र बसन्त लाल निवासी ग्राम मुण्डेरा थाना हसवर ने बताया कि बीते 2 सितम्बर को सुबह 9 बजे अपनी मोटर साइकिल यूपीके 9547 जिसको उमेश तिवारी पुत्र कृष्णमन निवासी छितन पट्टी मिझौडा से खरीदा था। परन्तु अभी तक गाडी टान्सफ्र नही कराया हैं। सब कागजात टूल बाक्स मे रखा था। गाडी को एनटीपीसी के प्रथम गेट के स्टेण्ड परिसर मे खडी कर के अन्दर डियूटी करने चला गया। शाम को 6 बजे जब डियूटी से वापस आया तो देखा कि मोटर साइकिल वहा नही थी।

# राष्ट्र की उन्नति के लिए हिंदी के विकास के हों प्रयासः प्रो योगेंद्र

## ● विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया हिंदी दिवस प्रतियोगिताएं आयोजित ईश्वर शरण पीजी कॉलेज में भी कार्यक्रम आयोजित

**प्रयागराज।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज सिविल लाइन्स प्रयागराज में हिन्दी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि डा योगेन्द्र प्रताप विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग इलाहाबाद विवि रहे। कार्यक्रम की प्रस्ताविकी रखते हुए हिन्दी विषय के आचार्य सरोज कुमार द्विवेदी ने हिन्दी भाषा की उपयोगिता एवं महत्ता पर प्रकाश डाला। आचार्य सरोज कुमार द्विवेदी ने कहा कि हिन्दी अपने राष्ट्र की अभिव्यक्ति का सरलतम स्रोत है। राष्ट्र एवं समाज की उन्नति के लिए हिन्दी भाषा के विकास के लिये निरन्तर प्रयास करना चाहिए। हर वर्ष 14 सितंबर हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस सप्ताह को हिंदी पखवाड़ा कहा जाता है। पूरे विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से हिंदी चौथी भाषा है। आजादी मिलने के बाद देश में अंग्रेजी के बढ़ते उपयोग और हिंदी के बहिष्कार को देखते हुए हिंदी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही उन्होंने विभिन्न आयामों एवं प्रतियोगिताओं के माध्यम से हिन्दी की उपयोगिता एवं वर्तमान समय में हिन्दी भाषा की उपादेयता पर प्रकाश डाला। डा योगेंद्र ने कहा कि हिंदी भाषा को देवनागरी लिपि में भारत की कार्यकारी और राजभाषा का दर्जा आधिकारिक रूप में दिया गया। महात्मा गांधी ने हिन्दी भाषा को जनमानस की भाषा भी कहा है। हिंदी पूरी दुनिया में सबसे अधिक बोली जाने वाली मूल भाषा है। हिंदी हिंदुस्तान की राष्ट्रभाषा ही नहीं बल्कि हिंदुस्तानियों की पहचान भी है। आज के आधुनिक युग में हमें अंग्रेजी भाषा भी सीखना जरूरी है लेकिन हमें अपनी मातृभाषा हिंदी को कभी नहीं भूलना चाहिए। हरेकृष्ण



बोलते हुए हिंदी के प्रवक्ता सरोज कुमार द्विवेदी।

त्रिपाठी ने कहा कि जिन महापुरुषों ने हिन्दी भाषा के विकास एवं प्रचार प्रसार में सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। ऐसे महापुरुष पंडित मदन मोहन मालवीय भारतेन्दु हरिश्चन्द्र राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त महावीर प्रसाद द्विवेदी आदि महापुरुषों को कभी नहीं भूलना चाहिए। संचालन विद्यालय के हिन्दी विषय के आचार्य अभय त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में तीन चरणों में हिन्दी सुलेख एवं निबन्ध प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया। सुलेख में अनमोल मिश्र प्रथम आशीष कुमार द्वितीय नवनीत त्रिपाठी तृतीय रहे। मृदुल बाजपेयी प्रथम अनुभव सिंह द्वितीय श्रेयांश तिवारी तृतीय रहे।

इलाहाबाद विवि प्रयागराज के संघटक महाविद्यालय ईश्वर शरण पीजी कॉलेज में मंगलवार को महाविद्यालय के हिन्दी विभाग एवं भाषा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य पर हिन्दी पखवाड़ा का उद्घाटन हुआ। हिन्दी विभाग काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी के आचार्य आशीष त्रिपाठी ने भाषा का स्वराज वैश्वीकरण और हिन्दी विषयक विशिष्ट वेब व्याख्यान दिया।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो आनन्द शंकर सिंह ने कहा भारतीय मनीषा ने प्रारम्भ से ही लोकराष्ट्र की अवधारणा स्वीकृत की। यह सार्वभौम बहुलवादी बहुभाषी समावेशी

समाज की निर्मिति का प्रयास था। भारत इसका लब्धरूप था। कालान्तर में स्वाधीनता संघर्ष के अन्तर्गत गाँधी ने हिन्दू की वकालत कर संवाद सम्पर्क की समावेशी जनभाषा के रूप में इसे प्रतिष्ठित करना चाहा। परंतु वर्तमान में हिन्दी संघर्ष की भाषा से समर्पण की भाषा कैसे बनी।

## क्विक न्यूज

### उच्च गुणवत्ता के साथ हों सभी कार्य

**प्रयागराज।** मौजूदा स्थिति में व्यापार को लेकर लोगों में सक्रियता बहुत अधिक बढ़ गयी है। ग्लैमरस और बहुत उपयोगी उत्पादों के प्रसिद्ध इतालवी ब्रांड कार्पिसा का रिटेल स्टोर लखनऊ के फ्नििक्स पलासियो मॉल में खोला है। इसने वर्ष दो हजार एक में कारोबार शुरू किया। आज पूरी दुनिया में इसके छह सौ से अधिक स्टोर हैं। प्रोपराइटर अनुराग आहूजा ने कहा संवेदनशीलता और उत्कृष्ट गुणवत्ता है। लखनऊ शानदार मंजिल होगी। इसका विश्वास है। सीईओ जी सिमिनो ने कहा खास रणनीति के साथ भारतीय बाजार में कदम रखा है। उच्च गुणवत्ता के उत्पाद और ग्राहक सेवा में उत्कृष्टता प्रदान करेंगे। तमाम मामलों को लेकर अब लोगों में अनुभव को देखा जा रहा है। कई कार्यक्रमों को लेकर तमाम तरह के कयास भी लगाए जा रहे हैं। विभिन्न प्रकार के अवसरों पर अनुभव की आवश्यकता होती है।

### नई विधायी नीति को स्थापित करने में करेगा प्रोत्साहित

**प्रयागराज।** महत्वाकांक्षी नीति के माध्यम से व्यापारिक नेतृत्व कर रहे लोगों को प्रोत्साहित करने और एक लचीली और दूरदेशी अर्थव्यवस्था बनाने की इच्छा अबू धाबी अमीरात रखता है।यह दुनिया भर के स्टार्टअप्स और इनोवेटर्स के लिए एक सुनहरा अवसर है। अबू धाबी विदेशियों का स्वागत करने और कंपनियों को सौ प्रतिशत स्वामित्व स्थापित करने की अनुमति देने वाले पहले अमीरात में से एक बन गया है। नई विधायी नीति के संयुक्त अरब अमीरात यूएई के कार्यान्वयन के अनुरूप यह कदम निश्चित रूप से दुनिया भर में उभरते स्टार्टअप और कंपनियों को व्यवसाय स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं और व्यवसायों को आकर्षित करने के उद्देश्य से संशोधित नीति ने एक तटवर्ती कंपनी में कम से कम इक्यावन प्र्रितिशद शेयरों के मालिक होने के लिए एक अमीराती नागरिक होने की आवश्यकता को भी समाप्त कर दिया है। औद्योगिक सेवाओं की एक सूची तैयार की गयी है। जो नवोदित उद्यमियों को परामर्श सॉफ्टवेयर और इंटरनेट सेवाओं व्यवसाय लेखांकन सौंदर्य केंद्रों और कई अन्य क्षेत्रों में व्यवसायों को पूरी तरह से चलाने और संचालित करने में सक्षम बनाएगी। बदली हुई व्यापार नीति स्टार्ट अप पारिस्थितिकी तंत्र को अत्यधिक प्रभावित करती है। शहर में नए व्यवसाय को आसानी से स्थापित करने की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त भी है। शहर की अर्थव्यवस्था में सकारात्मक योगदान देते हैं।

### प्रतियोगिता का जायजा लिया व कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में हिन्दी दिवस के अवसर पर राष्ट्र निर्माण में हिन्दी का योगदान विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई। परिसर के महात्मा गांधी परीक्षा भवन में प्रतियोगिता हुई जिसमें गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने प्रतियोगिता स्थल पर पहुँच कर प्रतियोगिता का जायजा लिया एवं कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। कुलसचिव उमानाथ, सहायक कुलसचिव मो. साहिल एवं कुलपति के विशेष कार्याधिकारी डॉ0 शैलेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। आयोजन अधिष्ठाता छात्र.कल्याण प्रो. नीलम पाठक एवं हिन्दी भाषा एवं साहित्य विभाग के समन्वयक डॉ. सुरेन्द्र मिश्र ने किया। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में हिन्दी भाषा एवं साहित्य विभाग के डॉ. चन्द्रशेखर सिंहए सुमन लालए भोजपुरी एवं अवधी विभाग की स्वाति सिंह एवं प्रत्याशा मिश्रा का विशेष योगदान रहा है। निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथमए द्वितीयए तृतीय एवं 4 सांत्वना पुरस्कार सहित सभी प्रतिभगियों को प्रमाण.पत्र दिया जायेगा। प्रथम पुरस्कार पांच हजार, द्वितीय पुरस्कार तीन हजार, तृतीय पुरस्कार दो हजार एवं चार सांत्वना पुरस्कार क्रमशः एक.एक हजार रुपये दिए जाएंगे।

### किसान पाठशाला का हुआ आयोजन

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** जनपद के विकासखण्ड कटेहरी अन्तर्गत ग्राम सभा नरसिंह दास पुर में किसान कल्याण मिशन अंतर्गत आज ष्द मिलियन फ्र्मर्स स्कूल किसान पाठशाला - 5.0 खरीफ 2021 का आयोजन किया गया। शुभारंभ ग्राम प्रधान दीपक सिंह के हाथों से किया गया । संचालन डॉ. प्रदीप कुमार वैज्ञानिक के.बी.के.पांती ने किया और कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिषेक रघुवंशी एटीएम कटेहरी ने किया। कृषि विविधीकरण जैविक खेती मूल्य संवर्द्धन एवं पराली प्रबंधन हेतु उक्त कार्यक्रम का आयोजन विभाग द्वारा प्रत्येक विकासखण्ड में द्विदिवसीय किया जा रहा है।

### प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को सफल बनाने में जुटे विस संयोजक

**मालीपुर, अम्बेडकरनगर।** आगामी 20 सितंबर को जलालपुर के मंगलम मैरिज हॉल में बीजेपी का प्रबुद्ध वर्ग स मेलन आयोजित होगा। 2022 के विधान सभा चुनाव से पूर्व पार्टी पूरे प्रदेश में पार्टी ऐसे आयोजन कर रही है। ताकि आम जनता से सीधे संवाद किया जा सके और उनकी राय को भी जाना सके। प्रबुद्ध वर्ग स मेलन को सफ्ल बनाने के लिए वरिष्ठ नेता राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय कार्य परिषद सदस्य के के मिश्र जलालपुर विधान सभा क्षेत्र में गांव गांव सघन जन संपर्क अभियान चला रहे हैं।

# डीएम ने शिवकुटी का भ्रमण कर लिया सफाई का जायजा

## ● जल जनित बीमारियों की रोकथाम को साफ सफाई फागिंग और एण्टी लार्वा व चूने के छिड़काव के दिए निर्देश

**प्रयागराज।** डीएम संजय कुमार खत्री ने मंगलवार को शिवकुटी के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर साफ सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। लोगों को साफ सफाई के बारे में जागरूक किया। उन्होंने वहां पर डेंगू प्रभावित लोगों से बातचीत की तथा उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उनके प्लेटलेट के बारे भी जानकारी प्राप्त की। डीएम ने कहा कि जिन क्षेत्रों में डेंगू से प्रभावित मरीज मिले वहां पर नियमित रूप से निरंतर अनुश्रवण करते रहने का निर्देश जिला मलेरिया अधिकारी को दिया है। उन्होंने नगर निगम स्वास्थ्य विभाग तथा मलेरिया विभाग के अधिकारियों को जल जनित बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए साफ सफाई फागिंग एण्टी लार्वा तथा चूना छिड़काव निरंतर कराते रहने के निर्देश दिये। डीएम ने भ्रमण के दौरान लोगो से बातचीत करते हुए अपने घरों में कूलर तथा अन्य स्थानों पर पानी इकट्ठा न होने देने के लिए कहा है साथ ही साथ लोगो को अपने घरों की निरंतर साफ सफाई करते रहने के लिए भी कहा है। उन्होंने नालों इत्यादि की निरंतर सफाई कराते रहने तथा सड़कों एवं गलियों की भी निरंतर सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए कहा है। डेंगू मलेरिया जैसी जलजनित बीमारियां जल जमाव से ही होती है। इसलिए यह जरूरी है कि कहीं पर भी जल का जमाव न होने पाये। उन्होंने वहां पर रह रहे छात्रों एवं निवासियों से भी कहा कि घरों में भी कहीं पर भी पानी इकट्ठा न होने पाये। इसका विशेष ध्यान रखें। डीएम ने जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु निरंतर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाते रहने के भी निर्देश दिये हैं। उन्होंने मलेरिया विभाग को प्रचार वाहनों के माध्यम से भी डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर लोगो को जागरूक करते रहने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर सीएमओ डा नानक सरन मलेरिया अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



निरीक्षण करते डीएम।

### जिलाधिकारी ने ब्लड बैंक का किया निरीक्षण

**प्रयागराज।** डीएम संजय कुमार खत्री ने मंगलवार को बेली रोड पर स्थित ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। प्लेटलेट ब्लड सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने ब्लड बैंक के चिकित्सकों से जानकारी ली कि कितने प्लेटलेट की प्रतिदिन डिमांड है तथा किन अस्पतालों में कितने प्लेटलेट की मांग है। डीएम ने जानकारी ली कि जब कोई डोनर ब्लड डोनेट करता है तो ब्लड में किन.किन तथ्यों की जांच की जाती है। उन्होंने प्लेटलेट कैसे बनती है। कहां संरक्षित रखी जाती है के बारे में जानकारी ली। ब्लड बैंक के सभी कक्षों का अवलोकन किया तथा वहां पर रखे गये उपकरणों तथा मशीनों के कार्यों के बारे में जानकारी ली। सीएमओ डा नानक सरन ब्लड बैंक के डॉक्टर डा राजेश मौर्या डा अनिल अग्रवाल डा अर्चना शर्मा डा अशोक अग्रवाल उपस्थित रहे।

# गणिनाथ पूजन उत्सव सामाजिक जनजागृत व राजनैतिक चेतना रथयात्रा का हुआ स्वागत


**बसखारी, अम्बेडकरनगर।** बीते 4 सितंबर को संत गणिनाथ जन्मस्थली पलवैया धाम वैशाली बिहार से शुभारंभ होकर संपूर्ण उप्र में भ्रमण करते हुए 13 सितम्बर को संत गणिनाथ पूजन उत्सव सामाजिक जन जागृत एवं राजनैतिक चेतना रथयात्रा जिले के पवित्र धर्मस्थल शिव बाबा के स्थान पर पहुंचने पर यात्रा के जिला प्रभारी अकबरपुर चेयरमैन प्रतिनिधि मनोज कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू एवं अखिल भारतीय मधेशिया वैश्य युवा महासभा के जिला अध्यक्ष ओमकार गुप्ता के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया।

टांडा विधानसभा की सीमा में पहुंचने पर टांडा विधायक संजू देवी व उनके प्रतिनिधि श्याम बाबू ने भी संत गणिनाथ की आरती उतारी एवं रथ यात्रा का स्वागत किया समाज के लोगों के द्वारा संत गणिनाथ जी एवं वैश्य समाज के जयकारों के बीच संत गणिनाथ जी की आरती एवं रथ का नेतृत्व कर रहे प्रदेश अध्यक्ष मनीष गुप्ता एव पदाधिकारियों का पुष्प वर्षा एवं माला पहनाकर स्वागत करने का क्रम जनपद के विभिन्न बाजारों में जारी है। बसखारी में रथ यात्रा के पहुंचने पर यात्रा रथ का नेतृत्व कर रहे संगठन के युवा सभा के प्रदेश अध्यक्ष मनीष मद्धेशिया ने बताया कि यह रथ यात्रा बिहार प्रांत के संत गणिनाथ की जन्म स्थली से उनकी जयंती के अवसर पर पलवईलया धाम शुरू की गई है। जिसका उद्देश्य उप्र के सभी जनपदों में पहुंच कर समाज के लोगों में सामाजिक एवं राजनीतिक जागरूकता लाना एवं समाज एवं राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित करना है।

जिले में रथयात्रा के भव्य स्वागत से अभिभूत प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश के अन्य पदाधिकारियों ने यात्रा प्रभारी चेयरमैन प्रतिनिधि मनोज कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू युवा संगठन के जिला अध्यक्ष ओमकार गुप्ता, कोषाध्यक्ष जनार्दन, नवनीत मद्धेशिया विनोद गुप्ता, आदि संगठन से जुड़े तमाम लोगों की तारीफ की।

# वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें तो सड़क दुर्घटना में आएगी कमीः सांसद

**अम्बेडकरनगर।** सांसद रितेश पांडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय याना परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक किया गया उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने एवं सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य जन सामान्य को यातायात नियमों का अधिक से अधिक पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है सभी वाहन चालक अपने अपने वाहन चलाते हुए शत प्रतिशत रुप से यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे तो निश्चित रूप से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के साथ साथ सड़क दुर्घटना में मृत्यु दर में कमी आ सकेगी। सड़क सुरक्षा गतिविधियों की निगरानी सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों के निगरानी एवं सार्वजनिक सेवा यान से वाहनों से कोई दुर्घटना में घायल मृत व्यक्तियों को अहेतुक रास दिलाए जाने के संबंध में चर्चा सड़क दुर्घटनाओं के



कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा एवं परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

कारणों की पहचान और अध्ययन एवं सड़क सुरक्षा मानकों का कार्य वन सुनिश्चित करना दुर्घटना/घातक कमी के लिए विशिष्ट लक्ष्यों के साथ जिले के लिए सड़क सुरक्षा कार्य योजना तैयार करना पर भी चर्चा किया गया एआरटीओ द्वारा अवगत कराया जाए कि जनपद में संचालित सभी पेट्रोल पंप दो पहिया वाहन में हेलमेट के अनिवार्यता की दृष्टि से जनपद के समस्त पेट्रोल पंप संचालकों को आदेशित किया गया था कि वह अपने पेट्रोल पंप से दोपहिया वाहनों में ईंधन आपूर्ति करते समय मात्र ऐसे वाहनों में ही ईंधन की आपूर्ति करें जिनके चालक तथा पीछे बैठे सवारी हेलमेट धारण किए हो बिना हेलमेट धारण किए चालकों को दोपहिया वाहनों में कदापि ईंधन की आपूर्ति ना की जाए उन्होंने कहा कि अवैध पार्किंग ओवर स्पीड करने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## फर्राटा पंखे में उतरे करंट ने युवक की ले ली जान

**मिल्कीपुर अयोध्या।** मंगलवार को कुमारगंज थाना क्षेत्र के ग्रामसभा बिरौलीझाम में दर्दनाक हादसा हो गया विजली के करंट से करीब 36 बर्षीय युवक की मौत हो गयी। ग्रामसभा निवासी रामनरेश पुत्र खदेरू प्रसाद सुबह सोकर उठे थे 7-8 बजे के करीब घर वाले कमरे में गए तो देखा कि जमीन पर बेहोश पड़े हुए थे और पंखा ऊपर पड़ा था । आनन फ्नन में स्वीच बंद करके पंखा अलग किया और ग्रामीणों की मदद से कुमारगंज प्राइवेट अस्पताल पहुचे ही थे कि सूचना पर एम्बुलेंस भी पहुच गयी और युवक को लेकर बीब मिल्कीपुर;इनायतनगरद्ध ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने इलाज किया लेकिन उनकी मृत्यु हो गयी। जहां से शव पोस्टमार्टम के लिए जनपद भेजा गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि पंखा की केविल पलक से निकाले बिना ही युवक पंखा हटाने के चक्कर मे छुआ होगा एपंखे में उतर रहा करंट अपनी आगोश में ले लिए। परिजनों को जबतक जानकारी हुई तबतक काफ्ी देर हो चुकी थी।

# अभियान चलाकर राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश

## ● कमिश्नर ने की मण्डलीय समीक्षा बैठक कहा-कार्यों में लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं

**प्रयागराज।** कमिश्नर संजय गोयल ने मंगलवार को आयुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली और विकास कार्यों की मण्डलीय समीक्षा की। कमिश्नर ने कर करेत्तर से सम्बंधित विभागों के राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर तथा प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही करते हुए वसूली में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने वाणिज्य कर विभाग आबकारी स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन परिवहन विद्युत विभाग खनन विभाग वन विभाग मण्डी समिति सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाते हुए लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। विद्युत





समीक्षा बैठक करते प्रयागराज के कमिश्नर संजय गोयल।

विभाग की समीक्षा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में वसूली की प्रगति खराब पाये जाने पर कमिश्नर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को वसूली बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। आबकारी विभाग की राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए आबकारी विभाग के अधिकारियों को अभियान चलाकर अवैध बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए। राजस्व में वृद्धि लाने के लिए भी कहा। बाट माप विभाग को सक्रियता के साथ घटतौली पर रोक लगाने व छापे के दौरान घटतौली करते पकड़े जाने पर जुर्माना वसूलने के लिए कहा। राजस्व वसूली में वृद्धि के लिए विशेष अभियान चलाये जाने के निर्देश सभी सम्बंधित विभागों को दिए हैं। कमिश्नर ने पचास लाख रूपये से अधिक लागत वाली योजनाओं परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रयागराज में बन रहे पॉलिटेक्निक कालेज कोरांव में अग्निशमन केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज देवघाट राजकीय डिग्री कालेज मेजा कौशाम्बी में बन रहे अग्निशमन केन्द्र थाना सिराथू का निर्माण कार्यों की प्रगति जानी और कार्य को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा कराने के लिए कहा है। उन्होंने आवंटित धन के सापेक्ष कार्य की प्रगति कम पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की व कार्यदायी संस्थाओं को आवंटित धन के सापेक्ष कार्य को तेजी के साथ पूरा कराये जाने के निर्देश दिये है। पीएम किसान सम्मान निधि के प्रगति की समीक्षा करते हुए संजय गोयल ने इसका शत प्रतिशत सत्यापन कराये जाने का निर्देश दिया है। सत्यापन में अपात्र पाये जाने वाले लोगो के विरूद्ध वसूली की कार्यवाही में तेजी लाने के लिए कहा है। पीएम आवास योजना शहरी एवं पीएम आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने जनपद कौशाम्बी में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की प्रगति को और बढ़ाने के लिए कहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन के तहत स्वीकृत ग्रामीण पाइप्ड पेयजल योजनाओं के बारे में जानकारी ली। लक्षित परियोजनाओं को समय से पूरा कराये जाने के लिए कहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के घरों में पाइप लाइन के द्वारा पानी के कनेक्शन जल्द से जल्द उपलब्ध हो सके। वृद्धावस्था पेंशन, किसान पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्यांगजन पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने वृद्धावस्था पेंशन किसान पेंशन एवं विधवा पेंशन के सत्यापन के कार्य को जल्द से जल्द निस्तारित कराकर पात्रों को पेंशन योजना से लाभान्वित कराये जाने के लिए कहा है।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 15 सितम्बर, 2021



# नीट परीक्षा

## केंद्र व राज्यों में मतभेद

**वर्तमान** स्वरूप में नीट परीक्षाओं से केन्द्र तथा अनेक राज्यों के बीच मतभेद पैदा हो रहे हैं। तमिलनाडु राष्ट्रीय योग्यता सह प्रवेश परीक्षा-नीट से स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश से मुक्ति चाहता है क्योंकि ये अमीर व विशिष्ट छात्रों के पक्ष में हैं। द्रमुक सरकार ने सोमवार को विधानसभा में नीट 'समाप्त' करने का एक विधेयक भी पेश किया। इसका कारण रविवार को नीट परीक्षा से पहले एक खेतिहर मजदूर के बेटे की आत्महत्या से राज्य में मचा राजनीतिक तूफान है। आत्महत्या का कारण यह था कि वह बच्चा अतीत में नीट में दो बार फेल हो चुका था और तीसरी बार फेल होने से डर रहा था। 2017 में भी यह कुछ राज्यों में आत्महत्या का कारण बनी थी जिसने पूरे राज्य को झकझोर दिया था, हालांकि इस विभीषिका से निपटने के लिए कुछ नहीं किया गया। अनुसूचित जाति के एक श्रमिक की लड़की ने भी आत्महत्या कर ली थी क्योंकि उसे सीबीएसई-आधारित नीट परीक्षा में 720 अंकों में केवल 86 नंबर मिले थे, जबकि वह राज्य बोर्ड की परीक्षा में 1200 नंबरों में से 1176 नंबर प्राप्त कर पास हुई थी। उस साल कटआफको देखते हुए उसे अपने कक्षा 12 के नंबरों के आधार पर प्रवेश मिल सकता था। उसने एक याचिकाकर्ता के रूप में नीट को चुनौती देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, पर इसका कोई नतीजा नहीं निकला। छात्रों के लिए आघात का कारण बनने वाली किसी परीक्षा का कोई अर्थ नहीं है। इस भेदभाव के कारण परीक्षा की समीक्षा की जानी चाहिए। मुद्दे समझना कठिन नहीं है। अन्य सभी राज्यों की तरह तमिलनाडु में भी राज्य बोर्ड तथा



सीबीएसई पाठ्यक्रम में संगति नहीं है। इसलिए सीबीएसई पाठ्यक्रम पर आधारित नीट परीक्षा राज्य बोर्ड छात्रों के लिए कठिन लगती है।

संयोग से इंजीनियरिंग सीटों के लिए जेईई मेन्स भी सीबीएसई आधारित है, लेकिन विवाद केवल नीट पर होता है। बहुसंख्य छात्र गैर-सीबीएसई धारा के होते हैं। निजी ट्यूशनों का लाभ न ले पाने वाले गरीब छात्रों को सबसे ज्यादा नुकसान होता है। तमिलनाडु की राजनीतिक पार्टियों ने जोर दिया है कि प्रवेश राज्यों पर छोड़े जाने चाहिए, लेकिन केन्द्र एक केन्द्रीकृत प्रक्रिया पर जोर दे रहा है। न्यायपालिका ने भी नीट का समर्थन किया है। केन्द्र या राज्यों द्वारा मध्यम मार्ग अपनाने से इनकार करने के कारण यह मुद्दा राजनीतिक हो गया है। इस प्रकार मूलतः पाठ्यक्रम से संबंधित मुद्दा गरीबों और अमीरों के बीच संघर्ष का विषय बन गया है। कुछ राजनेता बाहरी-भीतरी का मामला उठा कर तर्क दे रहे हैं कि नीट परीक्षा समाप्त होनी चाहिए क्योंकि यह स्थानीय छात्रों के बजाय सीबीएसई छात्रों के पक्ष में है जो तमिलनाडु से बाहर के हो सकते हैं। पाठ्यक्रम पर पुनर्विचार कर इन ध्रुवीकरण वाले तर्कों को समय रहते ही कुचल देना चाहिए। संशोधित नीट परीक्षा में किसी पृष्ठभूमि वाले छात्रों से भेदभाव नहीं होना चाहिए तथा सीबीएसई व राज्य बोर्डों के पाठ्यक्रम में संतुलन बना कर कक्षा 12 में मिले नंबरों को भी महत्व दिया जाना चाहिए। चिकित्सा शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है, अतः केन्द्र व राज्यों के साथ ही भारतीय चिकित्सा परिषद को भी एकसाथ आकर पाठ्यक्रम तय करना चाहिए। राज्य बोर्डों के छात्रों को समय रहते संशोधित पाठ्यक्रम के माध्यम से समायोजित करने का दूसरा कदम उठाया जाना चाहिए। इस प्रकार नीट को अस्वीकार करने की कोई आवश्यकता नहीं है। राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्रीकृत परीक्षा व्यवस्था के अभाव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का महत्व ही समाप्त हो जाता है।

# दूरसंचार क्षेत्र में परस्पर विरोधी नीतियां

असली समस्या उन नीतियों व विनियामक परिवेश के कारण है जिसमें एक उद्यम का पक्ष लेकर दूसरों पर निशाना लगाया जाता है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



टेलीकाम आपरेटरों में एयरटेल, वोडाफोन आइडिया या वाई तथा रिलायंस जियो शामिल हैं जिन्होंने केंद्र के समक्ष अपनी मांगे रखी हैं। उनका संबंध मुख्यतः लाइसेंस फीस से है। उन्होंने लाइसेंस फीस एडजस्टेड ग्रास रेवेन्यू-एजीआर के तीन प्रतिशत से घटा कर एक प्रतिशत करने, युनिवर्सल सर्विस आब्लीगेशन फंड-यूएसओएफ में योगदान एजीआर के पांच प्रतिशत से घटा कर एक प्रतिशत करने तथा स्पेक्ट्रम यूज़र चार्जेज़-एसयूसी को 3-6 प्रतिशत के बजाय समान रूप से सभी आपरेटरों के लिए तीन प्रतिशत रखने की मांग की है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आपरेटर ने संबंधित बैंडों में कितना स्पेक्ट्रम प्राप्त किया है। आपरेटरों के लिए स्पेक्ट्रम पट्टे की अवधि 20 साल से बढ़ा कर 40 साल करने की मांग भी है। वे दो साल के बजाय भुगतान के लिए 7-10 साल की सीमा चाहते हैं। उनकी मांग है कि सभ्भी बकाया भुगतान दायित्वों पर ब्याज दरें घटाई जाएं, एजीआर बकाया को 9-10 प्रतिशत के बजाय चार प्रतिशत या उससे कम किया जाए, केवल टेलीकाम राजस्व का आंकलन लाइसेंस फीस व एसयूसी के लिए किया जाए तथा टैरिफ व फाइनेंसियल एंड पर्फार्मेंस बैंक गारंटियों-बीजी के आधार मूल्य पर भारतीय दूरसंचार नियामक अधिकरण-ट्राई से विचार विमर्श की प्रक्रिया जल्दी पूरी की जाए।

बताया जाता है कि सरकार ने भविष्य में एसयूसी प्रतिशत घटाने, भुगतान के लिए दो साल की अतिरिक्त सीमा देने, एजीआर गणना को केवल टेलीकाम राजस्व तक सीमित करने तथा एजीआर बकाये व डेफर्ड स्पेक्ट्रम भुगतानों-डीएसपी पर बीजी घटाने पर सहमति प्रकट की है। इसके साथ ही उसने 'चार साल बाद वीआई बकायों के एक हिस्से को शेयरों में बदलने' का विकल्प भी दिया है। इन रियायतों से आपरेटरों तक नकदी प्रवाह की स्थिति सुधर जाएगी, हालांकि लेवी के संबंध में ज्यादा मांगें मानने का मजबूत तर्क बना हुआ है। वर्तमान परिवेश में आपरेटर स्पेक्ट्रम खरीद रहे हैं, जबकि पहले यह लाइसेंस से बंधा होता था। ऐसे में लाइसेंस फीस व एसयूसी एकत्र करने का कोई औचित्य नहीं है। इसके साथ ही ग्रामीण ढांचागत संरचना निर्माण के लिए यूएसओफ्लेवी जारी रखने का उचित कारण नहीं है क्योंकि इस मद में प्राप्त पैसे का समुचित उपयोग नहीं हुआ है। हालांकि, लेवी में भारी कमी के बावजूद एक बड़े आपरेटर को वर्तमान समय में जारी वित्तीय विभीषिका से बचाना आसान नहीं होगा। इसके पीछे असली समस्या उन नीतियों व नियामक परिवेश के कारण है जिसने एक उद्यम का पक्ष लेकर दूसरों पर निशाना लगाया है। नीतियों के मोर्चे पर जहां दूसरे आपरेटरों को लाइसेंस व स्पेक्ट्रम प्राप्त करने के लिए बहुत अधिक भुगतान करना पड़ा, वहीं यह आरजियो को बहुत कम पैसे में मिल गया। उसने एक अनजान उद्यम इन्फोटेल ब्राडबैंड सर्विसेज़ प्रा. लि.-आईबीएसपीएल से 2010 में लाइसेंस प्राप्त कर इंटरनेट सेवा प्रदाता-आईएसपी का दर्जा प्राप्त कर लिया था। इस कारण उसे 12,837 करोड़ रुपये का भुगतान कर अखिल भारतीय ब्राडबैंड वायरलेस स्पेक्ट्रम-बीडब्लूए प्राप्त कर लिया था। इसे केवल 1,658 करोड़ रुपये का भुगतान कर वायस सेवायें प्रदान करने के लिए एक यूनीफाइड लाइसेंस-यूएल में बदल दिया गया, जबकि टेलीकाम कंपनियां यह भुगतान 2001 में करती थीं।

नियामक मोर्चे पर भी ट्राई ने लीक से हट कर आरजियो का पक्ष लिया। सितंबर, 2016 में आरजियो ने 'बहुत कम' कीमत पर बाजार में 'मुफ्त' व 'असीमित' वायस काल तथा कम कीमत पर डेटा देने का प्रस्ताव किया। इस कारण बाकी टेलीकाम आपरेटरों को आरजियो का मुकाबला करने के लिए अपनी दरों में भारी कमी के लिए मजबूर होना पड़ा। इस परिवर्तन के बाद भारत में डेटा एक डालर प्रति जीबी से भी कम हो गया, जबकि ग्राहकों को इसके लिए जापान में 30 डालर, कोरिया में 18 डालर, ब्रिटेन में 15 डालर तथा अमेरिका में 10 डालर देने पड़ते थे। फरवरी, 2018 में ट्राई ने टेलीकाम टैरिफ आर्डर-टीटीओ में परिवर्तन कर किसी फर्म को प्रीडेटर या हानिकारक घोषित कर दिया यदि वह औसत परिवर्तनीय लागत-एवीसी से कम पर सेवायें देती तथा उसके पास बाजार का 30 प्रतिशत या उससे अधिक हिस्सा होता। 2017-18 में जहां सभी दूसरी फर्में एवीसी के नीचे बिक्री कर रही थीं तथा आधिकारिक फर्मों के पास बाजार का हिस्सा 30 प्रतिशत से अधिक था, हालांकि आरजियो का हिस्सा 30 प्रतिशत से कम था। नियामक की नजर में बाद वाली के बजाय पहले वाली कंपनियां प्रीडेटर थीं। संशोधित आदेश के 'एकपक्षीय' व 'भेदभावपूर्ण' होने के कारण इसे टेलीकाम डिस्प्यूट्स सेटलमेंट अपीलेट ट्राइब्यूनल-टीडीसैट ने खारिज कर दिया। लेकिन 13 दिसंबर, 2018 को टीडीसैट का फैसला आने तक नुकसान हो चुका था। इसके कारण आरजियो के आने से पहले जो आधिकारिक फर्में मुनाफा कमा रही थीं, उनको नुकसान होने लगा। अनेक आपरेटरों ने अपनी कंपनियां बंद कर दीं, जबकि दूसरों को अन्य कंपनियों ने खरीद लिया। आज आरजियो को मिला कर केवल तीन निजी आपरेटर बचे हैं जिनमें वीआई व एयरटेल शामिल हैं, जबकि 2016 के पहले इनकी संख्या एक दर्जन से अधिक थी। सभी तीन आपरेटरों ने दिसंबर, 2019 में अपनी दरों में लगभग 50 प्रतिशत वृद्धि कर दी। हालांकि, इसके बावजूद डेटा की कीमत बहुत कम, केवल 2 डालर प्रति जीबी बनी हुई थी।

एयरटेल के साथ वीआई को हाशिये पर धकेलने में अक्टूबर, 2019 में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले ने भूमिका निभाई जिसने उनको 'बकाया' लाइसेंस फीस व एसयूसी भुगतान का आदेश दिया। 'बकाये' का कारण दूरसंचार विभाग-डीओटी का दृष्टिकोण था जिसके आधार पर लेवी, दूरसंचार सेवा राजस्व व एजीआर का निर्णय किया जाता था। इसे भी गैर-दूरसंचार सेवाओं, जैसे स्थाई संपत्तियों की बिक्री, डिविडेंट, ब्याज, आदि की तरह राजस्व माना जाता था। यह मांग एक दशक से अधिक समय से जारी बकाया की थी। इसका कारण दूरसंचार व गैर-दूरसंचार राजस्व के आधार पर निर्धारित धनराशि तथा आपरेटरों द्वारा भुगतान की गई धनराशि के बीच अंतर था। इसके साथ ही बकाया धनराशि पर ब्याज व जुर्माना तथा जुर्माने पर ब्याज की धनराशि वीआई पर 58,000 करोड़ तथा एयरटेल पर 36,000 करोड़ थी। इसके कारण वीआई व एयरटेल को भारी धक्का लगा, जबकि आरजियो पर इसका प्रभाव नगण्य, केवल 13 करोड़ था। हालांकि, एयरटेल किसी तरह इस मुसीबत से निकल सकी जिसमें दिसंबर, 2019 में दरें बढ़ाने का भी कुछ योगदान था, लेकिन वीआई एजीआर व डीएसपी दायित्वों के कुल 1,60,000 करोड़ होने के कारण संकट में घिरी है। सरकार द्वारा दी गई रियायतों के बावजूद वीआई इस संकट से उबरने में भारी कठिनाई का अनुभव कर रही है।

इस संकट के कारण कंपनी बंद हो जाएगी। इस प्रकार 1.35 बिलियन जनसंख्या के लिए केवल दो आपरेटर बचेंगे। वैश्विक अनुभव से स्पष्ट है कि कम आपरेटरों वाले बाजार में दरें ऊंची होती हैं। इस प्रकार केवल दो कंपनियां होने पर दरों में भारी वृद्धि का जोखिम बना हुआ है। इससे बचने का रास्ता वीआई को एक विशेष पैकेज देना है ताकि वह अपने बकाये का एक हिस्सा शेयरों में बदल सके। लेकिन यह कदम 'फौरन' उठाया जाना चाहिए और इसके लिए चार साल प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिए जिसका सुझाव दूरसंचार विभाग ने दिया है। लगभग 235 मिलियन ग्राहकों की विशाल संख्या, व्यापक नेटवर्क तथा परिसंपत्तियों की गुणवत्ता व दूरसंचार सेवाओं में प्रगति की संभावनाओं को देखते हुए केन्द्र सरकार को वीआई के ज्यादातर शेयर खरीद कर इस पर बकाये को देखते हुए नियंत्रण स्थापित करना चाहिए।

लेकिन इसे एकमात्र अवसर की तरह देखना चाहिए। सक्षम व मुनाफे वाली कंपनियों के लिए उनको नौकरशाही से सुरक्षित रखना होगा। इसके साथ ही ट्राई को दरों की 'आधारभूत कीमत' पर अपनी संस्तुतियां फौरन पेश करनी चाहिए तथा उनको लागू करने के लिए कठोर कदम उठाने चाहिए। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि प्रतिस्पर्धा के नाम पर कंपनियों को बरबाद करने की घटना दुहराई नहीं जाएगी।

# स्कोलियोसिस : एक महामारीजनित व्याधि

> **लॉकडाउन के दौरान लंबे समय तक बैठे रहने से शरीर में मस्कुलोस्केलेटल परिवर्तन होने की संभावना पैदा हो जाती है।**

**परिधि ओझा**
(लेखिका एक फिजियोथेरेपिस्ट हैं)




पीठ दर्द वयस्कों में परेशानी का एक प्रसिद्ध स्रोत है, लेकिन इसका निदान बच्चों और किशोरों में अधिक बार किया जा रहा है। अधिकांश माता-पिता यह उम्मीद नहीं करते हैं कि स्वस्थ बच्चे पीठ दर्द की शिकायत करेंगे-एक समस्या जो आमतौर पर मध्यम आयु या बाद में जुड़ी होती है। हालांकि, अध्ययनों से पता चला है कि पीठ दर्द 14 प्रतिशत से 24 प्रतिशत बच्चों और किशोरों में होता है।

महामारी के कारण ऑनलाइन सीखने के कारण कंप्यूटर के सामने लंबे समय तक बैठे रहने से तनाव और शरीर में मस्कुलोस्केलेटल परिवर्तन होने की संभावना है। बच्चों में पीठ दर्द के सामान्य होने के कुछ कारणों में शरीर का औसत वजन, मोटापा, तीव्र लेकिन कम खेल गतिविधियां, और महत्वपूर्ण रूप से, स्क्रीन के समय में वृद्धि शामिल है।

पीठ की समस्याओं की गंभीरता का निर्धारण करना एक चुनौती बनी हुई है, विशेष रूप से क्या दर्द के लिए चिकित्सा की आवश्यकता है या यह सिर्फ एक साधारण तनाव है, और यह जानना कि महंगे विशेष इमेजिंग परीक्षण कब मददगार हो सकते हैं। किशोरों में पीठ दर्द की समस्या अधिक गंभीर हो सकती है या नहीं, यह समझने में सहायता करने के लिए चेतावनी के संकेत हैं। जबकि खराब मुद्रा या मांसपेशियों में खिंचाव लंबे समय तक दर्द का कारण बन सकता है, सबसे सरल स्तर पर, यदि कोई दर्द कुछ दिनों से अधिक समय तक रहता है या उत्तरोत्तर खराब हो जाता है, तो चिकित्सकीय परामर्श लेना अनिवार्य है।

स्कोलियोसिस रीढ़ की हड्डी (रीढ़) की विकृति है। स्कोलियोसिस एक ऐसी स्थिति को संदर्भित करता है जहां रीढ़ की हड्डी में एक तरफ वक्र होता है, और रीढ़



की हड्डी का वक्र 10 डिग्री या उससे अधिक मापता है। पीछे से देखने पर एक सामान्य रीढ़ सीधी दिखाई देती है। लेकिन स्कोलियोसिस वाले बच्चे की रीढ़ की हड्डी स या ष्ट आकार की होती है। इस प्रकार बच्चा ऐसा लग सकता है कि वह एक तरफ झुक रहा है। वक्र रीढ़ की दाईं या बाईं ओर हो सकता है। या यह दोनों तरफ अलग-अलग वर्गों में हो सकता है। मध्य (वक्ष) और निचली (काठ) रीढ़ दोनों प्रभावित हो सकते हैं। स्कोलियोसिस में आमतौर पर कोई दर्द नहीं होता है, इसलिए लक्षण अक्सर किसी का ध्यान नहीं जा सकते हैं। माता-पिता या देखभाल करने वालों को अपने बच्चे में निम्नलिखित लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए- असमान कंधे, एक तरफ लगातार झुकना, असमान पैर की लंबाई, प्रमुख कंधे के ब्लेड, एक असमान कमर, या ऊंचे कूल्हे। पीठ दर्द वाले अधिकांश बच्चों में ऐसे लक्षण होते हैं जो बिना किसी संरचनात्मक असामान्यता के मांसपेशियों या लिगामेंट की चोट के परिणामस्वरूप होते हैं। अधिक गंभीर समस्याओं पर ध्यान देने के लिए पीठ दर्द की चेतावनी के कुछ संकेतों में शामिल हैं- रात में दर्द (विशेषकर दर्द जो आपके बच्चे को नींद से जगाता है), सामान्य बीमारी के लक्षण (बुखार, ठंड लगना, अस्वस्थता, वजन कम होना), कई हफ्तों से अधिक समय तक बने रहने वाले लक्षण, बहुत छोटे बच्चों में लक्षण, पैर में दर्द, सुन्नता या कमजोरी। ये चेतावनी संकेत जरूरी नहीं कि एक गंभीर समस्या का संकेत देते हैं, हालांकि, यह निर्धारित करने के लिए कि क्या अधिक मूल्यांकन किया जाना चाहिए, वे एक अच्छा स्क्रीनिंग टेस्ट हैं। उदाहरण के लिए, मांसपेशियों में पीठ दर्द महीनों तक बना रह सकता है।

बच्चों और किशोरों में पीठ दर्द असामान्य नहीं है और समय के साथ यह आम होता जा रहा है। इसका एक हिस्सा बच्चों की गतिविधियों में बदलाव के कारण होता है, और एक हिस्सा बच्चों की कंडीशनिंग में बदलाव के कारण होता है। यदि आपका बच्चा पीठ दर्द का अनुभव कर रहा है, खासकर यदि यह उल्लिखित चेतावनी संकेतों से जुड़ा है, तो उसे भौतिक चिकित्सक द्वारा देखा जाना उचित है। उचित उपचार शुरू करना, और लक्षणों में सुधार सुनिश्चित करना, यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकता है कि समस्याएं पुरानी न हों।

यहां पर बच्चों और माता-पिता के लिए अच्छी खबर यह है कि पीठ दर्द की शिकायत वाले अधिकांश बच्चों को राहत मिलती है जो कि स्थायी प्रकृति की होती है। जबकि पीठ दर्द खेल और दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों में समस्या का कारण बन सकता है, उचित उपचार के साथ, ये बच्चे लगभग हमेशा पूर्ण गतिशीलता और बेचैनी की समाप्ति पर लौट आते हैं।

## आप की बात

### ऐसी पढ़ाई से क्या लाभ

**आखिर** विश्व जनमत के सामने झुकते हुए आंखें तालिबान ने लड़कियों को पाबंदियों के साथ पढ़ाई करने की इजाजत दे दी है मगर उसमें भी कई पाबंदियां भी लगाई हैं। लड़का एवं लड़की एक साथ बैठकर नहीं पढ़ सकेंगे। लड़कियों के लिए पूर्व की भांति इस्लामी पोशाक पहनना अनिवार्य होगा, अर्थात उनका पूरा शरीर ढका होना चाहिए। लड़कियों के लिए लड़की ही टीचर रहेगी। इस प्रकार तालिबान शासन ने इतने अधिक प्रतिबंध लगाए हैं कि लड़कियां स्वयं घबरा कर पढ़ना छोड़ दें। मान लो सब प्रतिबंध झेलते हुए लड़की पढ़ भी ले तो उसे नौकरी करने का अधिकार भी नहीं दिया गया है। आखिर इन परिस्थितियों में वह अपने परिवार का पालन पोषण किस तरह से करेगी। जहां लड़की बिना पुरुष की मदद के घर से बाहर नहीं निकल सकती वहां इस पढ़ाई करने से भी क्या फायदा होगा। दूसरी बात यह है कि महिलाओं एवं पुरुषों को शरीयत के कानून में बंध कर ही रहना होगा। ऐसे में किस तरह नारी जाति को सम्मान पूर्वक जीवन मिल सकेगा? हमें तो इस बात में संदेह है नौकरी करना तो बेचारी की किस्मत में लिखा ही नहीं है तब उसके दाल रोटी की चिंता कौन करेगा।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### भ्रष्टाचार क्यों?

**कभी-कभी** ओहदा अहंकार को और अहंकार मनमानी को जन्म देता है। सरकार द्वारा खोले गए दफ्तरों का काम लोगो की सहायता करना है, लेकिन जब कुछ कर्मचारी रिश्वतखोर बनके असहाय लोगो की मजबूरी का फायदा उठाते है तो यह मानवता का हनन होता है। देशभर में कई सरकारी दफ्तर है, जो विभिन्न छेत्रो में लोगों के लिए काम करती है, इन दफ्तरों में कर्मचारियों का धर्म और कर्म लोगो की सेवा करना होता है, फिर, क्यो कुछ कर्मचारी सहायक न बनके भ्रष्टाचार के मुरीद बन जाते हैं? भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक के अनुसार, भारत 180 देशों में 86वें स्थान पर है, जिसमें कुछ कार्यालय भ्रष्टाचार करने में उच्च दर साझा करते हैं। दरअसल, सरकार द्वारा स्थापित किए गए कुछ दफ्तारो में कहीं न कहीं, कोई न कोई भ्रष्टाचार की लपटो से ??अछूता नहीं होता है; दफ्तरों व विभिन्न कार्यालयो में कुछ कर्मचारी ऊपरी कमाई का इंतजार एतबार से करते है। अब अगर सरकार लोगो का हित समझती है तो उन्हें इस स्थिति से निपटने के लिए कारगर कदम उठाने होंगे क्योकि अगर इस स्थिति पर अभी कुछ न करा गया, तो वह दिन दूर नहीं जब देश में भ्रष्टाचार की जडे मजबूत होंगी।

– **निखिल रस्तोगी,** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, हरियाणा

### शर्मनाक घटना

**यह** पत्र 'निर्भया कांड की पुनरावृत्ति' के संदर्भ मे है। क्या दिल्ली की निर्भया बलात्कार के बाद इस तरह के मामले बंद हो गये, बिल्कुल नहीं, यह तो मीडिया का शुक्र है कि समय समय पर वह ऐसे मामले उजागर करके लोगों को सच्चाई से अवगत करता रहता है। वरना समाज मे कोई भी बदलाव नहीं आया है और यह शर्मनाक ही है की मृत्युदंड की सजा भी अगर कड़ी चेतावनी का काम नहीं कर रही है और लोग अभी भी निर्भीक हो कर ऐसी वारदात को अंजाम दे रहे हैं तो भगवान ही कुछ कर सकता है। मुंबई जो की ऐसे शहर के रूप मे जाना जाता है जहां महिलाएं निडर होकर रात को भी घर से बाहर निकल सकती हैं वहां अगर ऐसी घटना होती है तो निश्चित रूप से शर्मनाक बात है। मुंबई उच्च न्यायालय के नागपुर पीठ के फैसले केवल एक गलत संदेश भेजते हैं की वह कैसे दंड से बच सकते हैं. महिलाओं से कोई भी अभद्रता बर्दाश्त नहीं होनी चाहिए, अगर हम समाज मे अपनी महिलाओं को आदर और सम्मान नही दे सकते तो हमें एक विकसित देश बनने का सपना देखने का कोई हक नहीं है।

– **बाल गोविंद,** सेक्टर 44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**जब** हम पंजाब, गोवा और उत्तराखंड में आगे बढ़ते हैं तो हमें ईडी की नोटिस मिलती है। भाजपा की यह कारगुजारियां सफल नहीं होंगी।

– **अरविंद केजरीवाल**
आम आदमी पार्टी प्रमुख



**अफगान** नेतृत्व तालिबानियों का मुकाबला करने तथा जो शांतिपूर्ण समाधान अफगानी चाहते थे उसे हासिल करने में विफल रहा।

– **जेन्स स्टोल्टेनबर्ग**
नाटो महासचिव



**मैं** मायूस नहीं हूं। मैं 18 साल की उम्र से भाजपा में काम कर रहा हूं, और चाहे मुझे कोई पद मिले या न मिले, मैं काम करता रहूंगा।

– **नितिन पटेल**
गुजरात भाजपा विधायक

# पुरानी पेंशन को लेकर शिक्षकों ने भरी हुंकार



सीतापुर-बेहटा में धरने को सम्बोधित करते शिक्षक सुरेन्द्र राजवंशी।



सीतापुर-धरने को सम्बोधित करते शिक्षक



मिश्रिख-धरने में मौजूद शिक्षकगण

संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर प्रदेश प्राथमिक** शिक्षक संघ का विशाल धरना प्रदर्शन जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार दीक्षित के नेतृत्व में आयोजित किया गया उन्होंने बताया 21 सूत्रीय मांग है। जिनमें उत्तर प्रदेश में 1 अप्रैल 2005 से पूर्व शिक्षकों एवं कर्मचारियों हेतु लागी लागी पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल की जाए प्रदेश की आकांक्षा दूरदराज के जनपदों में कार्यरत शिक्षकों को उनके गृह जनपद अंतर्जनपदीय स्थानांतरण किया जाए तथा जनपद के अंदर कार्यरत शिक्षकों के अनुरोध पर ऐच्छिक स्थानांतरण किए जाएं शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों की भाती कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपार्जित अवकाश व द्वितीय शनिवार अवकाश प्रदान किया जाए बेसिक शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों के बाद एसीपी का लाभ अथवा माध्यमिक शिक्षकों के वेतनमान 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान किया जाए प्रत्येक प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के रिक्त पद पर पदोन्नत की जाए तथा निरस्त किया जाए उत्तर प्रदेश शिक्षा परिषद के विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं तथा छात्रों के बैठने हेतु तिवारी एवं शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जाए उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद विद्यालयों में दिसंबर 2008 के पश्चात शिक्षकों को पदोन्नति ग्रेड वेतन 4648 ओपन न्यूनतम मूल वेतन 500 17140 अथवा 18150 दिया जाए प्रदेश भर के शिक्षकों को मिलने वाले परिवार नियोजन प्रोत्साहन भत्ता नगर प्रतिकर भत्ता एवं महंगाई भत्ता बहाल किया जाए 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने से पूर्व मृत्यु की दशा में सभी मृतक शिक्षकों के परिवार को ग्रेच्युटी के धन राशि प्रदान की जाए शाम पर सभी शिक्षकों के सामूहिक बीमा की बीमित धनराशि प्रदान की जाए सहित तमाम मांगो को लेकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर अरविंद पांडे अजय त्रिपाठी ललित द्विवेदी और आसाराम ऑफिस बैग विकास मिश्रा राम कुमार गिरीश पाल सिंह संजय श्रीवास्तव महेंद्र गौतम मोहम्मद सुफियान रामेंद्र त्रिवेदी अलका गुप्ता रमेश चंद्र यादव निशांत ठाकुर श्री गोपाल सुरेश चंद्र विश्वकर्मा पवन शर्मा महेश सक्सेना संजय व्यास संदीप मिश्रा वेद प्रकाश त्रिवेदी वीरेंद्र कुमार यादव विकास कुमार महेंद्र पाल सिंह जिला मंत्री, संकेत ,सुशील कुमार त्रिपाठी, नमिता सक्सेना ,पुनीत शुक्ला, शैलेश गिरी, जितेंद्र सिंह चौहान ,ओमकार नाथ शुक्ला, निर्मल मिश्रा ,राजेंद्र मिश्रा ,पारुल वर्मा, उमेश शुक्ला, पुनीत शुक्ला, नमिता सक्सेना आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा जिले की सभी बीआरसी पर शिक्षको ने पेंशन बहाली को लेकर प्रदर्शन किया व सभी शिक्षक व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आज आएंगे मंत्री जसवंत सिंह

### नेहरू हाल में कार्यक्रम को करेंगे सम्बोधित

**सीतापुर।** राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन परम पूज्य गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ महाराज की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री उत्तर प्रदेश जसवंत सिंह (अतुल सिंह) की उपस्थिति में आयोजित की गई है जिसमें सामाजिक समरसता संगोष्ठी एवं श्रद्धांजलि व भोज का कार्यक्रम आज अग्रसेन भवन रोडवेज बस के पास आयोजित किया जाएगा। जिसके आयोजक विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष अनुराग मिश्रा के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा नेता दीपक सिंह दीपू भैया भी उपस्थित होकर ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ता व हिंदुत्व प्रेमी उपस्थित होकर महंत जी के श्रद्धा सुमन समर्पित करेंगे।



## क्विक न्यूज

### बस की टक्कर से युवक की मौत

**संडीला (हरदोई)।** प्रायवेट बस की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी है। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। थाना कछौना के अर्न्तगत् लखनऊ हरदोई रोड पर प्रेम डाबा के पास यह दर्दनाक हादसा हुआ बताते है कि ढाबे के पास एक युवक सड़क के किनारे खड़ा था तभी हरदोई की ओर से आ रही प्रायवेट बस ने उस युवक को टक्कर मार दी। जिससे वह युवक उछलकर दूर जा गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। बाद में इस युवक की पहचान ग्राम गौहानी निवासी पूजन सिंह पुत्र रामकुमार सिंह के रुप में हुई। मृतक के परिजन के अनुसार पूजन सिंह कछौना में किसी काम के लिए आया था और वह बस की चपेट में आ गया। पुलिस ने प्रायवेट बस को कब्जे में लिया है। मृतक के युवक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### खरीफ की फसलों के अवशेष किसी भी दशा में न जलायें किसान-एसडीएम

**संडीला (हरदोई)।**''खरीफकी फसलों के अवशेष किसी भी दशा में किसान न जलाये। यह उद्गार एसडीएम ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों कृषि विभाग तथा पशु पालन विभाग के अधिकारियों तथा लेखपालों के साथ बैठक करके पराली प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा के दौरान व्यक्त किये। तहसील सभागार में आयोजित इस बैठक में एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आगामी खरीफकी फसलों के अवशेष किसी भी दशा में न जलाये जायें बल्कि उनका उचित प्रबंधन किया जाये। उन्होंने कहा कि सभी कम्बाइन हार्वेस्टर स्वामी बिना सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम अथवा बेलर का उपयोग किये बिना हार्वेस्टर कदापि न चलाये यदि कोई कमबाइन चालक बिना एसएमएस हार्वेस्टर चलाता पाया जाता है तो उसके विरुद्व कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने तहसील के समस्त लेखपालों तथा कृषि विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे राष्ट्रीय हरित अभिकरण द्वारा दिये गये निर्देशों और पराली न जलाने का व्यापक प्रचार प्रसार करायें तथा किसानों को जागरुक करें।

### सरकारी स्कूल में नहीं मिला प्रवेश, महिला पहुंची डीएम के पास

**बरेली ।** अभी तक लोगों के बारे में यह धारण बनी हुई थी कि लोग सरकारी स्कूल में बच्चों को भेजना नहीं चाहते हैं लेकिन थाना इज्जत नगर के रहपुरा चौधरी में वार्ड नंबर 29 में प्राथमिक विद्यालय इसका अपवाद है। यहां अभिभावक बच्चों के दाखिले के लिए सरकारी स्कूल में लाइन लगाए हुए हैं और विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रवेश लेने से इंकार कर रही। मामला थाना इज्जत नगर के रहपुरा चौधरी के वार्ड नंबर 29 की निवासी अमरीन बी का आरोप है कि प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य नें उनके बच्चों का प्रवेश लेने में आनाकानी कर रही है। जिसकी शिकायत लेकर जिला अधिकारी के पास पहुंची है। अमरीन बी ने बताया कि वह अपने दो अन्य बच्चों के प्रवेश दूसरी कक्षा में कराना चाहती है लेकिन प्रधानाचार्य आए दिन बहाना बना देती हैं। जिससे अमरीन प्राथमिक विद्यालय के चक्कर काटते हुए परेशान हो गई थक हार कर उन्होंने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की है।

### हिंदू कन्या महाविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस

**सीतापुर।** शहर के हिन्दू कन्या महाविद्यालय में हिन्दी दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें प्राचार्या डा. दीप शिखा सिंह, मानवी सिंह, धनलक्ष्मी, डा. बिन्दु, दीप्ति सिंह, डा. नेहा कुमारी आदि मौजूद रही। सभी ने कार्यक्रम में हिन्दी के महत्व के बारे में जानकारी दी।

### विधायक और डीएम ने किया सूचना विभाग की त्रिदिवसीय चित्र प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ

**बरेली ।** विधायक डॉ अरुण कुमार ने कहा कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश महिला.युवा.किसान सबका विकास सबका सम्मान शीर्षक से प्रदर्शनी को प्रासांगिक बताया। उन्होंने इस प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित चित्र प्रदर्शनी बेहद उपयोगी है।डॉ अरुण कुमार आज तहसील सदर परिसर में उक्त प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के उपरांत अपने उद्गार व्यक्त कर रहे थे। यह प्रदर्शनी 15 सितंबर तक रहेगी।

### ट्रक की टक्कर से युवक घायल

**बरेली ।** बहन के घर जा रहे एक युवक को रास्ते में ही ट्रक ने टक्कर मार दी स जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया स उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया स बिथरी चैनपुर थाने के गांव आलमपुर निवासी गुड्डू पुत्र महमूद को आज सुबह पुलिस ने घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया । सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे घर वालों ने बताया कि गुड्डू आज सुबह फरीदपुर के गांव जेड निवासी अपनी बहन से मिलने के लिए उसके घर जाने को अपने घर से चला था ।

## इंडियन बैंक ने किया दायित्वों का निष्पादन: सांसद



संवाददाता। सीतापुर

**इंडियन बैंक** अंचल कर्यालय में हिन्दी दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता विनीत बाजपेई उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख ने की तथा सांसद राजेश वर्मा की उपस्थिति से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी राजभाषा प्रतिज्ञा का पाठन कर समस्त कार्मिकों द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन प्रतिज्ञा ली तथा

### ● हिंदी दिवस पर हुआ कार्यक्रम, इंड नैमिष पुस्तक का हुआ विमोचन

केंद्रीय गृहमंत्री भारत सरकार अमित शाह, केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, हिंदी दिवस के अवसर पर प्रसारित संदेशो के पाठ मंडल के वरिष्ठतम कार्यपालको द्वारा किया गया। अंचल कार्यालय सीतापुर द्वारा प्रकाशित गृह पत्रिका 卐इंड नैमिष卐 का विमोचन किया। सितंबर माह के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति अधिकारियों/कर्मचारियों में जागरूकता लाने एवं उनमें अपनी भाषा के प्रति सम्मान व गौरव की अनुभूति के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे-प्रश्नमंच, आशुभाषण, राजभाषा नीति ज्ञान प्रतियोगिता, सुलेख प्रतियोगिता, श्रुतलेख सहित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांसद राजेश वर्मा ने कहाँ कि इंडियन बैंक जिले का अग्रणी बैंक है एवं बैंक ने अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया है। राजीव कुमार अंचल प्रमुख, मुख्य शाखा सहायक महाप्रबंधक मनीष गुरुंग, अग्रणी जिला प्रबंधक अनल कुमार, मुख्य प्रबंधक अमित कुमार पाण्डेय, मुख्य प्रबंधक निरंजन कुमार, मुख्य प्रबंधक विष्णु प्रभाकर सहित कार्यालय एवं स्थानीय शाखाओं के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किंग्स इलेवन ने पैंथर्स को 10 विकेट से दी शिकस्त



संवाददाता। सीतापुर

**बेसिक शिक्षा** परिषद सीतापुर के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों द्वारा गठित बेसिक टीचर क्रिकेट यूनियन के द्वारा आरएमपी इंटर कॉलेज के मैदान में में आयोजित होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता टीचर्स प्रीमियर लीग के नौवें संस्करण के बारहवें लीग मैच में किंग्स इलेवन ने रॉयल पैंथर्स को 10 विकेट से हरा कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। अनिल अवस्थी की मेंटरशिप वाली टीम पैंथर्स के कप्तान अहमद ने नवीन की मेंटरशिप वाली टीम किंग्स के कप्तान ज्ञानेंद्र को फील्डिंग के लिए आमंत्रित किया लेकिन निर्णय तब गलत साबित हुआ जब किंग्स के गेंदबाजों के आगे पैंथर्स का कोई भी बल्लेबाज टिक न सका और जागेश्वर, अभिषेक, सुरेंद्र, अजयराज, शोएब, सर्वेश, अशरफ सुनील एक के बाद एक आउट होते गये। सिर्फ अनुज भार्गव व अहमद ही 11-11 रन बनाकर दहाई के अंक को छू सके जिसके कारण पूरी टीम 10 ओवर में ही सिर्फ68 रन बनाकर आउट हो गयी। किंग्स की तरफ से गिरीश मिश्रा 4, ज्ञानेंद्र ने 3 व मनीष मौर्य ने 2 विकेट लिये। सिर्फ69 रन के आसन लक्ष्य का पीछा करने उतरे किंग्स के ओपनर गिरीश और मनीष ने आते ही चौके-छक्कों की बरसात करते हुये सिर्फ5 ओवर में ही 70 रन बनाकर टीम को 10 विकेट से बड़ी जीत दिला दी। गिरीश ने 3 छक्कों की मदद नाबाद 23 व मनीष ने 4 छक्कों की मदद से नाबाद 37 रन बनाये। एलिया ब्लॉक के प्रधानाध्यापक आशीष पांडे व प्रा.वि. गुरदासपुर के प्रधानाध्यापक राजकुमार सिंह ने गिरीश को महत्वपूर्ण 3 विकेट लेने के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। इस मौके पर मदन मोहन त्रिवेदी, रत्नेश, नित्यानंद, अनिल अवस्थी, मोहम्मद वाइज़, पवन, विनोद, अमित, रईस सहित सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

## केक काट कर एसडीएम का मनाया जन्मदिन



**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला का 35वीं वर्षगाठ प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, मीडिया और व्यापार मंडल ,अधिवक्ता सहित अन्य लोगों ने उप जिलाधिकारी कार्यालय में केक काटकर जन्मदिन मनाया तथा पुष्प गुच्छ व उपहार देकर शुभकामनाएं दीं। ईश्वर से लम्बी उम्र की प्रार्थना की। इस अवसर पर तहसीलदार शुशील प्रताप सिंह, वरिष्ठ पत्रकार मो. अब्बास नकवी, व्यापार मंडल अध्यक्ष रुपेश गुप्ता, बार महामंत्री अमित मिश्रा युवा व्यापार मंडल महामंत्री आकाश गुप्ता इंतजार खां, कुमैल अली लेखपाल दीपक वर्मा पेशकार जिले रहमान, रमेश त्रिपाठी, स्टेनो संतोष वर्मा अर्दली सोहन अमित सिंह व आकाश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## प्रशासन ने शहर में कराई फागिंग

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को डीएम डॉ अरविंद कुमार चौरसिया के निर्देश पर एसडीएम (सदर) डॉ अरुण कुमार सिंह की देखरेख में शहर के सभी 30 वार्डों में डेंगू, चिकनगुनिया एवं मच्छर व वेक्टर जनित रोगों से निजात दिलाने हेतु सघन अभियान चला।

नगर पालिका परिषद लखीमपुर व मलेरिया विभाग ने मिलकर सभी 30 वार्डों के जलजमाव वाले स्थलों को चिन्हित कर तय रोस्टर के मुताबिक उनमें एंटीलार्वा का छिड़काव, फागिंग की मुहिम चलायी। वही फायर बिग्रेड की गाड़ियों से शहर के बरखेरवा, नहर पटरी, शिव कॉलोनी, वाईडी कॉलेज फील्ड समेत शहर के चिन्हित जलजमाव वाले स्थलों पर मुहिम चलाकर एंटी लारवा का छिड़काव हुआ। जिसका एसडीएम सदर डॉ अरुण कुमार सिंह ने स्वयं भ्रमण कर जायजा लिया।



उन्होंने बताया कि एंटी लार्वा का छिड़काव प्रात: 7 से 11 तक एवं फागिंग शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे तक की जाएगी।

एसडीएम सदर ने आमजन से इस अभियान में अपना अपेक्षित सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा, इन बीमारियों की रोकथाम व नियंत्रण के लिए सभी स्तरों पर प्रतिबद्धता आवश्यक है। यह हम सब की जिम्मेदारी है कि हम यह सुनिश्चित करें कि मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल वातावरण नहीं बनने देंगे। मच्छरों से बचने के लिए जरूरी है कि सभी लोग साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें, अपने आसपास गंदगी और जल भराव न होने दें। निरीक्षण के दौरान फायर बिग्रेड की गाड़ियों भी शहर के जलजमाव वाले स्थलों एवं तालाबों में एंटीलार्वा का छिड़काव करती मिली। ईओ, नपाप लखीमपुर आर.आर. अम्बेश ने बताया कि शहर के प्रत्येक वार्ड में सफाई नायक की नेतृत्व में एक-एक टीमें गठित की, जो निरंतर सक्रियता से काम करके अभियान को सफल बना रही। वही प्रतिदिन चार-चार वार्डो के समूहों में फागिंग भी कराई जा रही। इस दौरान नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, नगर पालिका परिषद व फायर बिग्रेड के कर्मचारी मौजूद रहे। एसडीएम (सदर) डॉ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि कोई स्थल चिन्हांकन से वंचित रह गया हो, या कोई भी शहर का वशिंदा यदि मच्छरों के प्रकोप, जलजमाव से ग्रसित है तो वह उन्हें उनके कार्यालय में सीधे व विभिन्न सोशल प्लेटफॉर्म्स के जरिए इसकी सूचना दे सकता है। वही वह अपने वार्ड के सभासद के जरिए भी इस समस्या का निदान पा सकता है।

## भाजपा ने किया प्रदेश का विकास:जुगल



**मैगलगंज।** जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आता जा रहा है भारतीय जनता पार्टी गांव गांव जाकर प्रचार अभियान में जोरो से लग गई है इसी क्रम में मैगलगंज मंडल के सुहेला गांव में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जुगुल किशोर ने प्रचार अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और कराए गए विकास कार्यों के बारे में लोगों को बताया और आने वाले 2022 चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को एक बार पुन: विजय बनाने का संकल्प दिलाया कार्यक्रम में आए ग्रामीणों का अभिवादन करने के बाद धारा 370, 35ए का जिक्र करते हुए बताया अयोध्या में श्री राम का भव्य मंदिर बनने जा रहा है साथ ही भारतीय जनता पार्टी द्वारा गरीबों मजदूरों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए भारतीय जनता पार्टी का समर्थन करने का अनुरोध किया इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मैगलगंज श्याम किशोर तिवारी मंडल अध्यक्ष मितौली सर्वेश सिंह संदीप पांडे बालेश्वर सिंह आलोक शुक्ला सहित तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

## सीएचसी नकहा में ऑक्सीजन प्लांट का शुभारंभ

### ● खामियां मिलने पर लगाई फटकार

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**कोरोना की** संभावित तीसरी लहर को देखते हुए चल रही तैयारियों के बीज जिले के नकहा सीएचसी बने पांचवे ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन मंगलवार को हो गया। सदर विधायक योगेश वर्मा व सीएमओ खीरी डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने ऑक्सीजन प्लांट के उद्घाटन के बाद नकहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण भी किया।

उन्होंने बताया कि कोरोना की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए विभाग द्वारा सभी तैयारियां पहले से की जा चुकी हैं। ऑक्सीजन की किसी भी तरह की किल्लत न हो इसके लिए शासन के आदेश पर जिले में अलग-अलग स्थानों पर ऑक्सीजन प्लांट लगाए गए हैं। इनमें जिला अस्पताल में लगे ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन हो चुका है, इसके अतिरिक्त तीन अन्य ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन किया जा चुका है। अब नकहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पांचवें ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन हुआ है। जिस कारण अब जिले में ऑक्सीजन की किल्लत किसी भी रूप में होने वाली नहीं है। लगातार सभी की मॉनिटरिंग की जा रही है। इस दौरान सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सख्त निर्देश दिया जा चुका है कि विभाग किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार रहें, इसे लेकर घर-घर भ्रमण अभियान भी चलाया जा रहा है। जिसके जरिए डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारी को फैलने से रोकने में काफी हद तक मदद मिलेगी। वहीं सीएमओ डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नकहा का निरीक्षण किया गया है यहां पर अधीक्षक डॉ. सुभाष वर्मा को निर्देशित किया गया है कि जो पंखे नहीं चल रहे हैं उन्हें तत्काल सही कराया जाए।

बीपीएम बीसीपीएम व बैम को गोल्डन कार्ड में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के उद्देश्य से अधिकारियों के चल रहे निरीक्षण के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ का निरीक्षण एसीएमओ डॉ. आरपी दीक्षित ने किया। इसके साथ उन्होंने गांव मालपुर का भी भ्रमण किया। जहां पर उन्होंने घर-घर भ्रमण अभियान की जमीनी हकीकत जानी। आशा और एनम का काम संतोषजनक मिला। उन्होंने अधीक्षक डॉ. अमित सिंह को कोविड वैक्सीन की सेकंड डोज व ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए के लिए अलग से काउंटर बनाने के निर्देश दिया, कुछ क्षेत्रों में टीकाकरण की गति धीमी है इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को लाभ मिलने में जो देरी हो रही है उसे तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। बीपीएम यूनिट को गोल्डन कार्ड की धीमी प्रगति पर फटकार लगाते हुए उस में तेजी लाने के निर्देश दिए, कहां कि सभी अधिकारी और कर्मचारी शासन की मंशा के अनुरूप काम करें।

### चोरी की चांदी के साथ तीन गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** सदर कोतवाली पुलिस ने शहर के देवकली रोड से चोरी की हुई 3 किलो 900 ग्राम चांदी बरामद कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। 12 सितम्बर की रात संकटा देवी चौकी क्षेत्र में एक घर से 3 किलो 900 ग्राम चांदी के आभूषण चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया था, जिसके बाद चोरों की तलाश में सदर कोतवाली जुटी थी, वहीं आज मुखबिर की सूचना के आधार पर सदर कोतवाली की संकटा देवी पुलिस ने देवकली रोड स्थित एक घर में छापा मारा। जहां पुलिस ने चोरी की 3 किलो 900 ग्राम चांदी के आभूषण सहित 3 अभियुक्तों को चोरी के माल का बंटवारा करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार हुए अभियुक्तों में 3 महिलाएं और 1 पुरुष शामिल हैं। जिनमें अभियुक्ता गुड़िया, बरखा, और अभियुक्त मोहित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

### काम न करने वालों पर कार्रवाई के संकेत

**लखीमपुर-खीरी।** सीएमओ डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने बताया कि 13 सितंबर तक की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की जा चुकी है। जिस की समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार अगर कोविड वैक्सीन के संबंध में बात की जाए तो सिर्फ एक दिन में 35313 लोगों को वैक्सीनेटेड किया गया है। वहीं अब पहेली डोज की संख्या 1274702 पहुंच गई है। 2328 सामान्य बुखार के मरीज घर-घर भ्रमण अभियान में चिन्हित हुए हैं। सभी की डेंगू और मलेरिया की जांच कराई गई है जो नेगेटिव है। 2 वर्ष के बच्चे जिनका टीकाकरण पूर्ण नहीं हुआ है उनकी संख्या 10361 है वही संदिग्ध टीवी रोगियों की संख्या 209 है। समीक्षा रिपोर्ट के बाद सभी संबंधित अधिकारियों को संयुक्त निदेशक नोडल ऑफिसर डॉ. आलोक रंजन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में यह आदेश दिया गया है कि तत्काल प्रभाव से स्वयं विजिट कर दिए गए लक्ष्य को 10 दिनों के भीतर पूरा कर लें, ऐसा न कर पाने की स्थिति में कार्यवाही के लिए भी तैयार रहें। वैक्सीनेशन का जो 75 प्रतिशत लक्ष्य दिया गया है उसे भी इसी समय अवधि में पूरा करना है।

## एसडीएम ने बुजुर्ग की संपत्ति की मेड़बंदी के दिए आदेश

### ● पोती को भी आधी जमीन देने का जारी किया फरमान

### ● बेटे ने पिता व भतीजी को मारपीट कर निकाल दिया था घर से

### ● गुहार लेकर बुजुर्ग पहुंचा था एसडीएम के पास

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**अपने बुजुर्गों** पिता और और मृतक बड़े भाई की बेटी को घर से निकाल कर पिता की संपत्ति पर एकाधिकार कर बुजुर्ग पिता और नाबालिग बेटी के भरणपोषण का एक मामला सुलह अधिकारी सत्य प्रकाश शुक्ला के माध्यम से उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला के संज्ञान में आया। इस पर



उप जिलाधिकारी में कड़ा निर्णय लेकर समझौता कराकर ऐतिहासिक फैसला किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मदी के दुल्हापुर किसान के भगवानदीन उम्र 80 वर्ष को उनके बेटे रामसनेही ने मारपीट कर घर से निकाल दिया था। बुजुर्ग भगवानदीन और अपनी पोती 8 वर्ष को लेकर तिलहर में निवास करने लगे। भगवान दीन के तीन बेटे थे जिसमे दो बेटों और बहू की मृत्यु पहले हो चुकी है। वहीं रामसनेही ने सारी जायदाद पर कब्जा कर अपने पिता की संपत्ति को बेंचने का काम शुरू कर दिया। पिता और अपनी नाबालिग भतीजी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। भरण पोषण के माध्यम से एसडीएम ने ऐतिहासिक फैसला करते हुए समझौते के आधार पर तत्काल प्रभाव से पिता की संपत्ति की मेड़बंदी कराने के लिए तत्काल प्रभाव से आदेश दिए। वहीं 8 साल की पोती जिसके पिता और मां दोनों का देहांत हो चुका है, उसके नाम आधी जमीन का बैनामा कराने के आदेश दिए हैं। बुजुर्ग भगवानदीन और नाबालिग बेटी के भरण पोषण और शिक्षा सही तरीके से चल सके। वहीं सुलह अधिकारी सत्य प्रकाश शुक्ला ने बताया कि उपजिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए बहुत ही ऐतिहासिक और सराहनीय फैसला किया है। जिससे बुजुर्ग पिता के भरण पोषण के साथ-साथ पोती की शिक्षा और भरण पोषण जमीन के आधार पर हो सकेगा।

# चित्रकूट में चार बच्चियों की तालाब में डूबने से मौत

● भैस चराने गईं दो सगी बहनें थीं

संवाददाता। चित्रकूट

**उत्तर प्रदेश** के चित्रकूट जिले के मऊ थाना क्षेत्र के ग्राम पटोरी के मजरा भौसडा में भैस चराने गई दो सगी बहनो समेत चार बच्चियों की नहाते समय तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना की खबर से पूरे इलाके में कोहराम मच गया। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच राहत कार्य में जुटा हुआ है।

मरने वाली सभी बच्चियां केवट परिवार से है तथा कक्षा छह की छात्राएं है। मिली जानकारी के मुताबिक चित्रकूट जिले के मऊ थाना अंतर्गत बौसडा गांव निवासी प्रकाश केवट की पुत्रियां पार्वती 15 ,और बुधरानी 13 अपने सहेलियों सविता 14 , पुत्री ब्रजलाल और किरण 13, पुत्री अमन केवट निवासी महेवा घाट कौशाम्बी के साथ मंगलवार को भैस चराने के लिए बाईसा तालाब के पास गई थी। शाम करीब साढ़े चार बजे चारो बच्चियां भैसो को तालाब में नहवाने लगी। इसी दौरान गहराई में पहुंचने के कारण एक बच्ची डूबने लगी। एक दूसरे को बचाने के चक्कर में चारों डूब गई। वहीँ मौके पर मौजूद रही गौरी नाम की बच्ची ने भागकर गांव वालो को तालाब में चार बच्चियों के डूबने की खबर दी। जिससे पूरे गांव समेत आस-पास के इलाके में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला और पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल,उपजिलाधिकारी नवदीप शुक्ल समेत पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच कर पीड़ित परिजनों को सांत्वना देने में जुटा हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार राय ने बताया कि नहाते समय तालाब में डूबने से दो सगी बहनो समेत चार बच्चियों की मौत हुई है। सभी के शवों को तालाब से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।


चार बच्चियों के परिजन विलाप करते हुए

## ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार की घोषणा कर कोर्ट जाने का लिया फैसला

**मौदहा ( हमीरपुर )।** चंद्रावल नदी में चमर खन्ना के निकट पुल निर्माण मांग को लेकर ग्रामीणों ने विधानसभा चुनाव बहिष्कार की घोषणा कर दी है। इसके लिए विधिवत एक संघर्ष समिति का गठन भी किया गया। पुल निर्माण की मांग के लिए बनाई गई संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवसेना नेता रतन ब्रह्मचारी ने बताया कि यह लड़ाई की शुरुआत है धरना प्रदर्शन व अनशन के साथ ही विधानसभा चुनाव का भी बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है इतना ही नहीं यदि शासन व प्रशासन ने हमारी मांगे नहीं सुनी तो वह उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को मजबूर होंगे। इसकी तैयारी भी शुरू कर दी गई है वही ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री के जनता दरबार में भी अपनी अपनी इस जायज मांग को लेकर जाएगा।उन्होंने कहा कि मौजा चमरखन्ना में चंद्रावल नदी पर पुल निर्माण का प्रस्ताव था लेकिन जिला मुख्यालय में आए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा 20 अगस्त को छिरका में पुल बनाए जाने की घोषणा एक स्थानीय नेता के दबाव में की गई है जबकि 30 वर्षों से यह मांग चमरखन्ना के निकट चंद्रावल पर पुल बनाने की की जाती रही है।

## डंपर से कुचलकर छात्रा की मृत्यु, छात्र छात्राओं ने साइकिलें रख लगाया जाम

संवाददाता। हमीरपुर



आज हमीरपुर शहर के बेतवा पुल के पास गांव से शहर कालेज आ रही कक्षा नवी की छात्रा को डंपर ने कुचल दिया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद करीब दो दर्जन छात्र छात्राओं ने हाईवे जाम कर दिया,किसी प्रकार पुलिस ने समझा बुझाकर जाम खुलवाया। पुलिस के मुताबिक सदर कोतवाली क्षेत्र के हेलापुर गांव निवासी विनोद साहू की 13 वर्षीय पुत्री मानसी मुख्यालय के राजकीय बालिका इंटर कालेज में कक्षा नौ में पढ़ती है। रोजाना की तरह मंगलवार को भी मानसी अपने गांव की सहेलियों के साथ साइकिल से स्कूल जा रही थी। जैसे ही यह बेतवा पुल के आगे आई पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने इसे कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। अपनी आंखों के सामने हुई सहेली की मौत देख अन्य छात्राएं सहम गई और वहीं रोना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में वहां से गुजरने वाले तमाम छात्र छात्राओं ने अपनी अपनी साइकिलें हाईवे में बिछा दीं और कानपुर सागर हाईवे जाम कर दिया। जाम लगते ही हाईवे के दोनो ओर वाहनों का लंबी कतारें लग गईं। वहीं लोगों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस ने यमुना पुल के पास डंपर व डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं जाम की सूचना मिलने पर कोतवाल मनोज कुमार शुक्ला मौके पर पहुंचे और छात्र छात्राओं को समझाने का प्रयास किया। सीओ सदर अनुराग सिंह से छात्र छात्राओं ने स्कूल खुलने व बंद होने के समय पुलों पर पुलिस लगाने व रोडवेज बसों के रुकने की मांग की। छात्राओं ने कहा अगर बसें रुकने लगेंगी तो फिर उन्हें साइकिल से कालेज नहीं जाना पड़ेगा। कोतवाल मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले डंपर व चालक को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भे दिया है।

## क्विक न्यूज

### जबरन फीस वसूल अभिभावकों को किया जा रहा तंग

**राठ ( हमीरपुर )।** स्कूलों में जबरन फ ीस बसूल करने को लेकर अभिभावक संघ ने सीएम से लिखित शिकायत की है। अभिभावक जीतेंद्र कुमार, विजय कुमार, प्रशांत साहू, रविंद्र राजपूत, पूरन गुप्ता, अशोक कुमार ने बताया कि कस्बे के इंग्लिश एवं हिंदी मीडियम स्कूलों द्वारा मनमानी फीस बसूल की जा रही है। जबकि कोविड-19 के द्वारा बच्चों को न तो ऑनलाइ क्लास की शिक्षा दी गई, न ही सरकार द्वारा जारी की गई गाइड लाइन का पालन किया जा रहा है। जबकि सरकार ने जबरन फीस बसूली पर प्रतिबंध लगा दिया था। ऑनलाइन क्लास लेने के लिये जिलाधिकारी और जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को सख्त निर्देश दिये थे। जिसका पालन नहीं किया जा रहा है। अभिभावक संघ ने स्कूलों द्वारा जबरन फीस बसूली पर रोक लगाये जाने की मांग की है।

### आईएमए ने किया डॉ बीके जैन का सम्मान



**चित्रकूट।** श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के निदेशक/ट्रस्टी डॉ बीके जैन को आईएमए सतना ने शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर नेत्र चिकित्सा/मानव सेवा के उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। मंगलवार को सतना आईएमए के प्रेसीडेन्ट डॉ प्रमेण श्रीवास्तव, डॉ आरके नेमा ने डॉ जैन को यह सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में दिया जाता था। कोरोना काल के चलते आयोजन न होने से सभी डॉक्टरों की हार्दिक इच्छा थी कि डॉ बीके जैन के चिकित्सा क्षेत्र में अमूल्य एवं प्रेरणादायक कार्यों के लिए सम्मानित करें। इस मौके पर सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के ट्रस्ट एवं प्रशासक डॉ इलेश जैन भी मौजूद रहे।

### मदारीपुर में 16 को विधिक शिविर का आयोजन

**उरई ( जालौन )।** ग्रामीणों को निशुल्क कानून की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए ग्राम मदारीपुर में 16 सितंबर 21 दिन गुरूवार को अपरान्ह 3 बजे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मुंसिफ मजिस्ट्रेट के साथ अधिवक्ता उपस्थित रहेगें। यह जानकारी तहसीलदार कुमार भूपेन्द्र ने दी है।

### हनुमान मंदिरों में पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की

**उरई ( जालौन )।** भाद्रपद मास के अंतिम मंगलवार को बुढ़वा मंगल के मौके पर आज नगर में स्थित भगवान श्री राम भक्त हनुमानजी के मंदिर में भक्तों की सुबह से तांता लगा रहा है तथा प्रसाद वितरण व भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों भक्तों ने मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए व आशीर्वाद लिया सुख समृद्धि की प्रार्थना की। नगर में स्थापित भगवान श्रीराम के अन्नय भक्त श्री हनुमान जी के मंदिर बिरिया खेड़ा मंदिर, श्री वीर बाला जी मन्दिर, पतंगेश्वर मंदिर, इक्कीस फुट के हनुमानजी, संकट मोचन मंदिर, कोतवाली के सामने काली माता मंदिर के पीछे हनुमान मंदिर, दक्षिण मुखी लोहा पीटा के पास, कुटिया वाले मंदिर, अकोढ़ी में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, कामाक्षा देवी मंदिर परिसर में स्थापित हनुमान मंदिर में आज बुढ़वा मंदिर में आज विशेष रूप से भगवान का श्रृंगार किया गया तथा पूजा अर्चना की गई।

### जनता महंगाई से त्रस्त, झूठ बोलने में मस्तः रंजना



**चित्रकूट।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव/उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी व प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू के निर्देश पर मानिकपुर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी/जिला उपाध्यक्ष रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने गांवों का दौराकर अध्यक्षों का गठन किया। मंगलवार को मऊ-मानिकपुर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी/जिला उपाध्यक्ष रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने कौबरा गांव में लवलेश मिश्रा को ग्राम अध्यक्ष बनाया। गढचपा में मातादीन कोटार्य को अध्यक्ष नियुक्त किया। श्रीमती पाण्डेय ने कहा कि मौजूदा सरकार उद्योगपतियों की सरकार है। आम जनता किसान, व्यापारी, मजूदर सभी परेशान हैं। डीजल, पेट्रोल व रसोई गैस में वृद्धि से आम जनता महंगाई से त्रस्त है। सरकार झूंठ बोलने में मस्त है।

### व्यापारियों, किसानों को किया सम्मानित

**उरई ( जालौन )।** मंगलवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति में राष्ट्रीय कृषि बाजार योजना के अंतर्गत ईनाम दिवस के मौके पर प्रभारी मंडी सचिव ओमप्रकाश शुक्ला की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्वश्रेष्ठ 6 व्यापारियों व 1 किसान को ई ट्रेडिंग के माध्यम से खरीद बिक्री करने पर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय कृषि बाजार योजना के अंतर्गत ईनाम दिवस के मौके पर गल्ला मंडी के सभागार में आयोजित एक सादा समारोह में प्रभारी मंडी सचिव ओमप्रकाश शुक्ला ने सर्वाधिक ई ट्रेड के माध्यम से व्यापार करने वाले व्यापारी संजू पाठक, रामू गुप्ता, लखन, सुरेश राठौर, मनोज शिवहरे, नीरज गुप्ता को ई ट्रेडिंग के माध्यम से खरीददारी करने पर ईनाम से सम्मानित किया। किसान संतराम कुशवाहा निवासी छानी द्वारा ई ट्रेडिंग के माध्यम से 16 कुंतल गेहूं बेचने पर उन्हें भी ईनाम से सम्मानित किया गया।


### गुणवत्ता युक्त सड़क नही बनायी गयी तो उच्चस्तरीय जांच करायी जायेगी : राज्य मंत्री

**हमीरपुर।** जिले मे समय से पहले सड़क टूट जाने व गड्ढा मुक्त के नाम पर करोडो रुपये लोनिवि द्वारा डकारने को लेकर जिले के दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बाबूराम निषाद ने नाराजगी जताते हुये कहा है कि कार्यदायी संस्था गुणवत्ता युक्त सड़के नही बना रही है जिससे जल्दी ही टूट जाती है। विभागीय अभियंता मजबूत सडके बनाये ताकि जनता का विश्वास कार्यदायी संस्था के प्रति खराब न हो। उन्होने साफ कहा है कि यदि सड़क निर्माण के नाम पर खानापूरी की जाती रही तो शासन स्तर से उच्च स्तरीय जांच करायी जायेगी। संस्था को किसी भी हालत में जनता की भावनाओ के साथ खिलवाड़ नही होने दिया जायेगा।

### कभी कभार आते हैं अधिशासी अभियंता

**हमीरपुर।** जिले की निर्माण शाखा दिवतीय के पास सड़क निर्माण के लिये सबसे ज्यादा बजट आता है मगर यहा के अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार दो माह मे एकाध दिन चित्रकूट से आकर खानापूरी कर जाते है जिससे विभाग की हालत खराब होती जा रही है हालाकि विभाग में सहायक अभियंताओ की फौज है मगर ज्यादातर लोग दफ्तर में न बैठकर फील्ड का बहाना बनाकर गायब रहते है।

### रेलवे हिस्से के क्षतिग्रस्त भाग को जल्द बनवायेः सांसद



**चित्रकूट।** सांसद आरके सिंह पटेल ने उत्तर मध्य रेल झांसी के मंडल रेल प्रबंधक को लिखे पत्र में कहा कि झांसी-मानिकपुर रेल लाइन के कर्वी-राजापुर मार्ग के ओवरब्रिज में रेलवे ट्रैक के हिस्से का भाग क्षतिग्रस्त होने से अप्रिय घटना हो सकती है। मंगलवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने मंडल रेल प्रबंधक को लिखे पत्र में कहा कि कर्वी-राजापुर मार्ग में ओवरब्रिज के ऊपर से यात्री वाहन एवं भारी माल वाहन गुजरते रहते हैं। भारी वाहनों के आवागमन से फ्लाई ओवरब्रिज में रेलवे लाइन के ऊपर आरसीसी निर्मित हिस्सा टूटकर निकल गया है। सरिया बाहर निकल आई हैं। ऐसे में कभी भी कोई बडा हादसा हो सकता है। फ्लाई ओवर मार्ग ध्वस्त होने से यातायात प्रभावित हो सकता है। जाम की समस्या से तीर्थयात्री एवं क्षेत्रीय लोग परेशान होते हैं। उन्होंने कहा कि फ्लाई ओवरब्रिज रेलवे ट्रैक को जल्द मरम्मत कराकर यात्रियों एवं पर्यटकों तथा वाहनों के आवागमन को सुचारु बनाने की कार्यवाही करें। मंडल रेल प्रबंधक ने सांसद को लिखे पत्र में कहा कि जल्द रेलवे हिस्से की मरम्मत कराई जायेगी।

### छत से गिरकर अधेड़ गंभीर रुप से घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम खंडेह में बीती रात पानी बरसने पर छत पर सोया अधेड़ नीचे गिरकर घायल हो गया। सरकारी अस्पताल में प्राथमिक ईलाज के बाद मुख्यालय रेफर कर दिया गया। गांव के भोला सोमवार की रात अपने घर की छत में सो रहा था तभी तड़के बारिश होने के चलते वह भीगने से बचने के कारण वह जल्दबाजी में अपने बिस्तर उठा नीचे उतरने लगा तभी वह संतुलन बिगड़ने से छत के नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया।

### पैदल जा रहे युवक बाइक की टक्कर से घायल

**राठ (हमीरपुर)।** नदना-उमरिया के बीच हाइवे पर बाइक सवार युवक ने पैदल जा रहे युवक को पीछे से टक्कर मार घायल कर दिया। वहीं बाइक सवार भी सड़क किनारे गिरकर घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली के नदना गांव निवासी 26 वर्षीय नरेश पुत्र अमरसिंह मंगलवार की दोपहर पैदल खेत की ओर जा रहा था। तभी नदना-उमरिया हाइवे पर पहरा गांव निवासी राजेश पुत्र हरिश्चंद्र ने उसे पीछे से टक्कर मार मार दी। जिससे वह घायल हो गया।

### शराबी युवक ने माता-पिता को जमकर मारा पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** रुपये न देने पर शराबी पुत्र ने माता-पिता को जमकर मारापीटा राठ के बिलरख गांव निवासी बृजलाल ने बताया कि उसका पुत्र हरीमोहन शराब पीने का आदी है। दूसरों को कहने पर उसका पुत्र जमीन बेंचन को कहता और दो लाख रुपये की मांग करता है। रुपये न देने पर वह शराब के नशे में रोजना उसे व अपनी मां दर्सी के साथ मारपीट करता है। सोमवार की रात उसका पुत्र शराब के नशे में घुत होकर आया और उसे जमकर मारापीटा। जब पत्नी उसे बचाने आईं तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**माधौगढ़ (जालौन)।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत हैदलपुरा - लक्ष्मणपुरा के बीच पैदल जा रहे 60 वर्षीय अधेड़ को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे अधेड़ की मौत हो गयी। मामला ग्राम हैदलपुरा लक्ष्मणपुरा का है जिसमें पैदल जा रहे हल्के पाल पुत्र छोटे पाल निवासी हरौली उम्र 60 वर्षीय को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। बाद में रास्ते में पड़े अधेड़ को राहगीरों द्वारा पुलिस को इत्लाह कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र माधौगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### खेत पर डलवाया जबरन चकरोड, शिकायती पत्र

**माधौगढ़ (जालौन)।** तहसील अन्तर्गत ईटों निवासी उमाशरण पुत्र श्यामबाबू के खेत पर प्रधान द्वारा जबरन चकरोड डलवाने को लेकर उप जिलाधिकारी सालिकराम को शिकायती पत्र देते हुए न्याय की मांग की गयी उक्त शिकायतकर्ता ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी भूमि मौजा ईटों व मौजा नवादा के बीच स्थित है जबकि दोनों मौजों के बीच बिना नाप किये गये जबरन तरीके से प्रधान नवादा द्वारा चकरोड का निर्माण किया जा रहा है उक्त शिकायतकर्ता ने एसडीएम से न्याय की बात रखते हुए कहा कि अवैध निर्माण कार्य को रोक दिया जाये व चकरोड की सही नाप की जाये।

### बजरंगी के दर्शन किए

**रामपुरा (जालौन)।** नगर के पचोखरा रोड़ पर स्थित संकटमोचन के नाम से प्रसिद्ध हनुमानजी के मंदिर पर सुबह से भक्तों की आवाजाही लगी हुई हैं। मंदिर परिसर में एक विशाल मेले का आयोजन किया जाता था।

## चित्रकूट की सड़कों को जल्द करायें गड्ढामुक्तः डीएम



संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने जिले की सड़कों को जल्द गड्ढामुक्त करने बाबत हुई बैठक में कहा कि 15 सितम्बर से 15 नवम्बर तक अभियान चलाकर गड्ढामुक्त किया जायेगा। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि लोनिवि प्रान्तीय खंड, लोनिवि निर्माण खंड, राष्ट्रीय मार्ग लोनिवि प्रयागराज, सिंचाई निर्माण खंड, जिला पंचायत व नगर पालिका, ग्रामीण अभियंतरण तथा मंडी परिषद को मिलाकर जिले में 861 सड़के हैं। 640 किमी गड्ढा मुक्त होना है। सड़कों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि जिन मार्गों में गड्ढे हैं उन्हें संबंधित विभाग जल्द गड्ढामुक्त कराये। आवश्यकतानुसार बजट की मांग कर गड्ढामुक्त का प्रमाण पत्र दिया जाये। जिले में कोई भी सडक पर गड्ढे नहीं होना चाहिए। लोनिवि एक्सईएन को निर्देश दिये कि प्राथमिकता के आधार पर सडकों की मरम्मत करायें। उन्होंने कहा कि इंजीनियर का अर्थ होता है कि एक नई प्रतिभा दिखायें।

### वीडियो कॉल से समस्यायें बता करें धन की बचतः एसपी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने पुलिस कार्यालय में आये फरियादियों की शिकायतें सुन तत्काल निस्तारण के निर्देश संबंधित थानाध्यक्ष को दिये। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले फरियादियों से कहा कि अपनी शिकायतें मोबाइल नम्बर 8810747614 में वीडियो कॉल से भी बता सकते हैं। दूरदराज से यहां तक आने की जरूरत नहीं है। आपकी शिकायत वीडियो कालिंग पर ही सुन ली जायेगी और निस्तारण कराया जायेगा, ताकि आपके समय और धन की बचत हो सके। मंगलवार को रैपुरा थाना पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा बालिका को बरामद किया।

## हिंदी दिवस पर बोले छात्र, पहचान हमारी हिंदी और शान हमारी हिंदी

संवाददाता। कुसमिलिया (जालौन)



**डकोर** ब्लाक के ग्रामीण अंचलों में स्थित इण्टर कॉलेज कुसमिलिया, कैरियर स्टडी पॉइंट कुसमिलिया में विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ हिन्दी दिवस मनाया गया। गर्व हमें है हिंदी पर, शान हमारी हिंदी है, कहते सुनते हिंदी हम, पहचान हमारी हिंदी है। यह कहना है इण्टर कॉलेज कुसमिलिया के अध्यापक सुनील कुमार गुप्ता का। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात सरकार ने देश की मातृभाषा हिंदी को एक आदर्श रूप देने का लक्ष्य रखा और देवनागरी लिपि का उपयोग करके व्याकरण व शब्दावली के लिए एक लक्ष्य निर्धारित किया गया।

कैरियर स्टडी पॉइंट कुसमिलिया के अध्यापक रमाकांत नामदेव ने बच्चों को हिन्दी दिवस के बारे में कहा कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में अपनाया। इसके अलावा 14 सितंबर को साहित्यकार व्यौहार राजेंद्र सिंह का भी जन्मदिन था जिस कारण इस दिन को हिंदी दिवस के लिए श्रेष्ठ माना गया क्योंकि उन्होंने हिंदी को भारत की अधिकारिक भाषा बनाने की दिशा में अथक प्रयास किया। आज देवनागरी लिपि में लिखली जाने वाली हिंदी केंद्र सरकार की दो अधिकारिक भाषाओं में से एक है और दूसरी भाषा अंग्रेजी है।

स्टडी पॉइंट के डायरेक्टर अखिलेश कुमार समाधिया ने बच्चों के बीच चित्रकला, निबन्ध लेखन और स्लोगन प्रतियोगिताएं कराईं जिसमें आर्यन राजपूत ने चित्रकला, आयुष राजपूत ने निबन्ध, गोपी राजपूत ने स्लोगन प्रतियोगिता में अब्बल स्थान प्राप्त किया।

सभी बच्चों को लेखनी और सांत्वना पुरुष्कार देकर उत्साहबर्धन किया गया । आज हर्ष के साथ साथ मन में बिषाद भी हो आया कि वास्तव में हिन्दी दिवस सिर्फ कुछ स्कूलों और सरकारी कार्यालयों तक सिमट कर रह गया है जहां एक हफ्ते को हिन्दी पखवाड़े का नाम देकर उत्सव का रूप दे दिया जाता है। सरकारी से लेकर प्राइवेट दफ्तरों में हमारी कामकाज की भाषा अंग्रेजी है, और हम राष्ट्रभाषा के प्रचार-प्रसार की बात करते हैं।

## गणेश महोत्सव में पांचवें दिन उमड़ी भक्तों की भीड़

संवाददाता। उरई ( जालौन )

**गणेश महोत्सव** के दौरान पंडालों में विराजमान भगवान श्री गणेश का पांचवें दिन श्रृंगार किया गया। चौथे दिन पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। नगर में गणेश महोत्सव के दौरान भगवान श्री गणेश के विभिन्न रूपों की प्रतिमा स्थापित की गई है। नगर के गोविंदेश्वर मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री गणेश की मूर्ति स्थापित की गयी है। यहां भगवान श्री गणेश अपनी दोनों पत्नियों रिद्धि-सिद्धि के साथ विराजमान हैं। मोहल्ला नारोभास्कर में वीरेन्द्र भवन में बने पंडाल में भगवान श्री गणेश की मूर्ति स्थापित की गयी है। पंडालों में विराजमान भगवान श्री गणेश का प्रतिदिन श्रृंगार किया जा रहा है तथा सुबह सांय सामूहिक पूजा अर्चना आरती के साथ प्रसाद वितरण किया जा रहा है।

## विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : ऊर्जा मंत्री

● दक्षिणांचल डिस्कॉम के महोबा, हमीरपुर चित्रकूट और बांदा जिलों के जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा

संवाददाता। चित्रकूट/बांदा



**ऊर्जा एवं** अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री पं. श्रीकान्त शर्मा ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए मंगलवार को दक्षिणांचल के महोबा, हमीरपुर, चित्रकूट और बांदा जिलों की जनप्रतिनिधियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में भरपूर बिजली है, आपूर्ति और उपभोक्ता हितों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। समीक्षा करते हुए ऊर्जा मंत्री ने फ ीडर सेपरेशन का काम पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए कहा। साथ ही सिंचाई से लेकर पेयजल आपूर्ति के लिए निर्बाध आपूर्ति मिले। सूर्यास्त से सूर्योदय तक गांवों में अंधेरा न हो। उन्होंने ओवरलोडेड फ ़ीडर्स की समीक्षा करने व आवश्यक कदम उठाने के एमडी को निर्देश दिए। उन्होंने अविकसित कॉलोनियों में रह रहे लोगों को सुगम संयोजन योजना के तहत राहत के साथ बिजली कनेक्शन देने के लिए कहा। जर्जर तार बदलने, एबी केबलिंग, ट्रांसफ ार्मर बदलने, ट्रांसफ ार्मर की क्षमता वृद्धि, नये उपकेन्द्र प्रस्तावों के स्टेटस, तैयार उपकेंद्रों के ऊर्जीकरण से जुड़े हो चुके और चल रहे विकास कार्यों की जानकारी 48 घंटे के अंदर सभी जनप्रतिनिधियों को दें। ताकि वो आमजन को इसकी जानकारी दे सकें। उन्होंने खराब ट्रांसफ ार्मर बदले जाने में देरी की शिकायत पर स्टोर में सामान की उपलब्धता और गुणवत्ता जांचने के लिए ऑडिट के भी निर्देश दिये।

### बगैर रजिस्ट्रेशन लगवाएं 16 को टीका

**जालौन ( उरई )।** गुरुवार को सुबह 10 बजे से कोरोना की वैक्सीन लगाई जाएगी। यह जानकारी गहोई वैश्य पंचायत समिति के अध्यक्ष राजेश सुहाने एवं मंत्री दिनेश लोहिया ने संयुक्त रूप से दी है। वैक्सीनेशन कैंप प्रभारी डॉ. सहन बिहारी गुप्ता ने बताया वैक्सीन लगवाने वाले व्यक्ति को रजिस्ट्रेशन कराने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन उसे आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य है।

### एसडीएम ने ईओ को दिये निर्देश अवैध वसूली रोकें

**उरई ( जालौन )।** नगर के बाजार के साथ मुख्य मार्गों के अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर उनके अतिक्रमण हटवाएं। लोडिंग, अनलोडिंग के नाम पर वाणिज्यिक वाहनों से हो रही अवैध वसूली को रोका जाए। यह निर्देश एसडीएम ने नगर पालिका ईओ को दिए।

## बिना लाइसेंस खाद बेंचने पर दुकानदार पर केस दर्ज



संवाददाता। चित्रकूट

**जिला कृषि** अधिकारी आरबी शुक्ला ने बिना लाइसेंस के खाद बेंचने व भंडारण तथा बिना बीज लाइसेंस के बीच का कारोबार करने के आरोपी अनिल गुप्ता पुत्र वाशुदेव मन्दिर रोड भरतकूप के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी आरबी शुक्ला ने औचक छापेमारी कर खाद की बोरी व दवा डालने की मशीन सड़क किनारे रखी होने पर जांच की। बिना लाइसेंस के खाद व अवैध भंडारण तथा फसलों के बीज मिलने पर दुकान को तत्काल सीजकर आरोपी के खिलाफ भरतकूप थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि खरीफसीजन में फसलों की बुवाई व रोपाई कार्य के बाद यूरिया के छिड़काव किसान कर रहे हैं। किसान यूरिया की खरीद तेजी से कर रहे हैं। जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद व बीज उपलब्ध है। किसी भी विक्रेता के खाद का अवैध भंडारण व काला बाजारी तथा घटिया बीज की बिक्री करने पर कडी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने किसान भाइयों से कहा कि यूरिया खरीद में आधार कार्ड व खतौनी साथ लायें। खाद-बीज के व्यापारी नकली खाद न बेंचे। कालाबाजारी व अवैध भंडारण करने पर कडी कार्यवाही की जायेगी।

## नगरीय परिषदीय विद्यालय का औचक निरीक्षण



संवाददाता। जालौन (उरई)

**विद्यालय** में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाएं। विद्यालयों में कोविड प्रोटोकाल का पालन किया जाए। यह बात एसडीएम ने नगर में स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान उपस्थित स्टॉफ को दिए।

एसडीएम मीनू राणा ने मंगलवार की सुबह साढ़े 10 बजे नगर के मोहल्ला मुरलीमनोहर स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में विद्यालय में एक शिक्षिका पूनम राजे उपस्थित मिली एवं अन्य स्टॉफ अवकाश पर मिला। छात्रों की संख्या 25 मिली। जब विद्यालय में छात्र संख्या कम होने के बारे में पूछा गया तो शिक्षिका ने बताया कि बुढ़वा मंगल होने के चलते विद्यालय में बच्चे उपस्थित नहीं है। उक्त समय तक विद्यालय में मध्यान्ह भोजन भी नहीं बना था। जिस पर एसडीएम ने तत्काल भोजन बनवाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षिका को निर्देश दिए कि विद्यालय में छात्रों को संख्या को बढ़ाया जाए। उन्होंने समय से विद्यालय खोलने एवं अध्यापकों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

### बीआरसी में धरना में शिक्षक नेताओं ने दिखाये तेवर

**उरई (जालौन)।** मंगलवार को वेतन विसंगति समेत 21 सूत्रीय मांगों को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में जनपद की सभी बीआरसी मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन हुआ। जिसमें मड़ोरा बीआरसी, जालौन ब्लॉक के शिक्षकों ने बीआरसी भिटारा एवं कुठौंद ब्लॉक के शिक्षकों ने बीआरसी मदारीपुर में अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। बीआरसी मड़ोरा में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ डकोर ब्लाक अध्यक्ष बृजेंद्र राजपूत की अध्यक्षता व मंत्री राजेश शुक्ला के संचालन में धरना दिया गया।



# प्रदेश चौमुखी विकास के पथ परः मौर्या



संवाददाता। रायबरेली

**उत्तर प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रतापुर चौराहा गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में लोक निर्माण विभाग राजकीय निर्माण निगम सेतु निगम की कुल 159 परियोजनाओं का विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास किया। तदोपरान्त पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ संवाद के साथ ही प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता भी की। लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में जिला स्तरीय विभागीय बैठक की इसके अलावा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायबरेली में हिन्दी दिवस पखवाड़े के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि रूप में बंटन दबाकर व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुभारम्भ किया। सायं 5 बजे पटेल नगर कालोनी बछरावां विधायक राम नरेश रावत के आवास पर गये जहां विधायक व अन्य गणमान्यजनों के साथ वार्ता की।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रतापुर चौराहा गोपाल सरस्वती विद्या मन्दिर में लोक निर्माण विभाग राजकीय निर्माण निगम सेतु निगम की कुल 159 परियोजनाओं का विभिन्न परियोजनाओं जिसकी कुल लागत 223.81 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास बटन दबाकर किया गया। जिसमे जनपद की 32 मार्गो एवं सेतुओं (लघु) 03 परियोजनाओं कुल लागत 17.57 करोड़ के कार्यो का लोकार्पण इसी प्रकार 116 मार्गों तथा 08 सेतुओं (लघु) परियोजनाओं कुल लागत 206.24 करोड़ शिलान्यास शामिल है। इसके अलावा सई नदी के पुलों का निर्माण भी शामिल किया गया है। उन्होंने अधिशाषी अभियन्ता से कहा कि शीघ्र ही नदियों के सेतुओं की कार्य योजना आकलन रिपोर्ट दें ताकि उसे शीघ्र बनाया जा सके। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों की हितेषी है जो सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास मूलमंत्र को लेकर सभी के सुख समृद्धि विकास के साथ ही प्रदेश का चौमुखी विकास की ओर बढ़ रही है। प्रदेश सरकार गरीबों व अमीरों व सभी के साथ एक सामान्य व्यवहार कर रही है तथा गरीबों का विकास बढ़ चढ़ कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गुडा गर्दी का खातमा कानून का राज्य स्थापित करने के साथ ही प्रदेश व समाज के चौमुखी विकास की ओर अग्रसर कर रही है।

## अघोषित बिजली कटौती से आक्रोश

**तिलोई अमेठी।** विद्युत वितरण उपकेंद्र द्वारा जबरदस्त अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में आक्रोश है।बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है। उपभोक्ता संतोष जायसवालए देवी शरण बाजपेयी आशीष मिश्र देवेंद्र कुमार सौरभबृजेश राम प्रताप आदि ने जिलाधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में लिखा है शासन द्वारा 18 घंटे विद्युत आपूर्ति का फरमान जारी है किंतु विभागीय कर्मचारियों की लापरवाही के चलते उपभोक्ताओं को दिन में मात्र तीन घंटे बिजली मिल रही। उसमे भी कम से कम बीस बार ट्रिपिंग होती है।बिजली विभाग द्वारा बार बार ट्रिपिंग करने से उपभोक्ताओं में नाराजगी है। उपभोक्ताओं ने बताया कि जब तक बिजली नही रहती तब तक कर्मचारी कोई काम नही करते हैं। मामले पर उपकेन्द्र के जे ई सरोज राजभर ने बताया कि शीघ्र ही उपभोक्ताओं को बिजली कटौती से निजात मिलेगी।

## क्विक न्यूज

### जहरीले जंतु के काटने से युवक की मौत


**जामो अमेठी।** प्राप्त जानकारी के अनुसार विनोद कुमार यादव उम्र 32 वर्ष पुत्र भगवती दीन यादव निवासी ग्राम कटारी जो कि बीएचएल जगदीशपुर में प्राइवेट नौकरी करता था सुबह लगभग 4.00 बजे उठा तो गले में दिक्कत हुई और धुंधला दिख रहा था किसी अनहोनी की आशंका से परिवारीजन विनोद को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर गए जहां डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया लेकिन इन्हौना के पास पहुंचे ही थे कि विनोद की मौत हो गई।

### पुलिस ने लापता छात्र को बरामद कर परिजनों को सौंपा

**तिलोई।** अमेठी शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के गांव महेशपुर से बीते शनिवार को बिना बताये घर से भागे हुए छात्र को पुलिस ने बरामद कर परिजनों को सौंपा है। छात्र की बरामदगी पर परिजनों व ग्रामीणों ने शिवरतनगंज पुलिस का आभार जताया है। गौरतलब हो कि बीते शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव महेशपुर मजरे महिया सिंदुरिया निवासी रमेश कुमार का पुत्र अजेंद्र कुमार बिना किसी को बताए घर से चला गया था। पुलिस अधीक्षक अमेठी दिनेश सिंह के निर्देश पर शिवरतनगंज पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत छात्र की तलाश शुरू कर दी थी। मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक राम आसरे के नेतृत्व में गठित टीम ने गुमशुदा बालक को सीतापुर से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।पुलिस के इस सराहनीय कार्य की चहुं ओर प्रसंशा हो रही है।

### विश्व क्षत्रीय परिषद ने अनन्त विजय को बनाया जिला महासचिव

**राजेश बहादुर सिंह जिला उपाध्यक्ष, राजेन्द्र नाथ सिंह जिला सचिव बनाये गये।**



लालगंज रायबरेली। विष्व क्षत्रीय परिषद द्वारा रायबरेली जिला क्षत्रीय संगठन को सक्रिय एवं उनके खिलाफ हो रहे अन्याय की लड़ाई लड़ने के लिए सक्रिय सदस्यों को मनोनीत किया गया है। विश्व क्षत्रीय परिषद द्वारा जिले के प्रसिद्ध साहित्यकार वरिष्ठ कवि एवं चिकित्सक डा. देवी बक्ष सिंह के जिलाध्यक्ष बनाये जाने के बाद से ही रायबरेली क्षत्रीय संगठन सक्रिय हो गया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिले के क्षत्रीय समाज को उनके अधिकारों का इस संगठन के द्वारा पुरजोर लड़ाई लड़ी जायेगी। उन्होने कहा कि गरीब तबके के सवर्णो को आरक्षण, बुनियादी सुविधाओं की मांग शासन स्तर पर की जायेगी। संगठन द्वारा राजेष बहादुर सिंह को जिला उपाध्यक्ष, अनंत विजय सिंह को जिला महासचिव, एवं राजेन्द्र नाथ सिंह को जिला सचिव मनोनीत किया गया है। विष्व क्षत्रीय परिषद द्वारा मनोनीत किये गये पदाधिकारियों के समर्थको ने खुषी जाहिर की है। मनोनीत पदाधिकारी को बधाई देने वाले महेन्द्र पाल सिंह, हरिनाम सिंह, पूर्व प्राचार्य षिवमोहन सिंह, राजेष सिंह फौजी, आषीष प्रताप सिंह, विष्वास बहादुर सिंह, शेर बहादुर सिंह, रवीन्द्र सिंह, यतीन सिंह चौहान , ब्रह्म प्रकाष सिंह आदि लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है।

### हिंदी सप्ताह का हुआ आयोजन .

**श्रावस्ती।** भिनगा . तहसील सभागार भिनगा में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी सप्ताह का शुभारंभ किया गया। सबसे पहले मा सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला जज साकेत बिहारी दीपक ने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी देश की बिंदी है। हम सभी मिलकरअपनी मातृभाषा को आगे बढ़ाए।और आम बोलचाल में सबसे ज्यादा हिंदी का प्रयोग करे। कार्यक्रम में एडीजे परमेश्वर प्रसाद एडीजे सुदामा प्रसाद के अलावा बार अध्यक्ष अशोक सिंह महामंत्री दिलीप तिवारी दिनेश पांडेय स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष श्याम लाल उपेंद्र राघवेंद्र नरेंद्र विक्रम सिंह समेत काफी सं या में लोग मौजूद रहे।

### शौच को गयी किशोरी से दुष्कर्म, पुलिस अधीक्षक के हस्त्रक्षेप पर मामला दर्ज

**श्रावस्ती।** इकौना . थाना इकौना अंतर्गत ग्राम पंडित पुरवा चिचड़ी मे सात दिन पूर्व शौच के लिए घर से किशोरी के साथ एक युवक ने दुष्कर्म कर वीडियो बना लियाण् पुलिस अधीक्षक के आदेश पर इकौना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुराचार एवं पास्को एक्ट का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दिया है इकौना क्षेत्र के पंडित पुरवा मे सात दिन पूर्व घर से बाहर गयी एक किशोरी को गांव मे मौजूद इकौना के पटेलनगर निवासी अब्दुल करीम पुत्र अब्दुल हफीज ने लड़की को पकड़ लिया और उसके साथ दुराचार किया और इसका विडियो भी बना लिया। इस घटना के बाद किसी तरह घर पहुंची किशोरी ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। पीड़िता के पिता ने इकौना थाने पर तहरीर दिया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़िता के पिता ने परेशान होकर सोमवार को पुलिस अधीक्षक से फरियाद किया। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध दुराचार एवं पास्को एक्ट का मामला दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

### योगेश को चार्टर्ड एकाउंटेंट की फाइनल परीक्षा में मिली सफलता

**जामो अमेठी।** ग्राम रानी का पुरवा मजरे कटारी थाना जामो निवासी योगेश कुमार द्विवेदी पुत्र एसएस द्विवेदी ने चार्टर्ड एकाउंटेंट फाइनल परीक्षा में पहली ही बार में सफलता प्राप्त की। योगेश ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा लखनऊ पब्लिक स्कूल तथा स्नातक की परीक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की थी। योगेश द्विवेदी के द्वारा इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर परिवारी जनों मे खुशी का माहौल है। पास पड़ोस के।लोग भी उसे बधाई देने पहुंचे। योगेश के पिता यूपी पुलिस में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत है। इस सफलता का संपूर्ण श्रेय अपने माता पिता और परिवारी जनों को दे रहें हैं।

### राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के प्रचार-प्रसार में जुटे कार्यकर्ता

**अमेठी।** जनपद के गौरीगंज स्थित सैनिक स्कूल में आजादी के बाद से अब तक का आयोजित होंने जा रहा सबसे बड़ा दंगल के लिए अमेठी वासी में खुशी का वातावरण है। पूरा अमेठी आज कुश्तीमय हो गया है।नामी गिरामी पहलवानों के अमेठी की पावन धरा पर आगमन के लिए आमजन मानस स्वागत के लिए उत्सुक हैं प् सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कुश्ती प्रतियोगिता की तैयारी के लिए कार्यक्रम स्थल पर उत्थान सेवा संस्थान से विजय प्रसाद के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता दिन रात लगे हुए हैं इसी के साथ साथ इसके प्रचार प्रसार के लिए भाजपा के कार्यकर्ता एवं उत्थान सेवा संस्थान के वालंटियर गांव गांव जाकर सब को आमंत्रण देने का काम कर रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी शाहगढ़ ब्लॉक के शमशेरिया सहित कई गांवों का दौरा कर प्रचार प्रसार किया वह कुश्ती में आने के लिए सबको को आमंत्रित किया।

## एनटीपीसी में हर्षोल्लास के साथ मना हिंदी दिवस




**ऊंचाहार,रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार में हर्षोल्लास के साथ हिन्दी दिवस मनाया गया। हिन्दी दिवस समारोह के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख कमलेश सोनी थे। मुख्य अतिथि के आगमन पर भोलेन्द्र गुप्त, उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा पुस्तक देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजभाषा प्रतिज्ञा से किया गया। परियोजना प्रमुख श्री सोनी ने वर्चुअल माध्यम से सभी को हिन्दी दिवस की सुभकामनाएं देते हुए राजभाषा प्रतिज्ञा दिलवाई। कार्यक्रम के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सभी विभागाध्यक्ष ऑनलाइन माध्यम से सम्मेलन में सम्मिलित हुए। इस महत्वपूर्ण अवसर पर परियोजना प्रमुख द्वारा हिन्दी संदेश का वाचन कर उसको सभी के लिए जारी किया। कार्यक्रम को अरिंदम बनर्जी, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एस के झा, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), वंदना चतुर्वेदी, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) और अनिल कुमार डेंग, विभागाध्यक्ष (सुरक्षा अकादमी) आदि ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने हिन्दी की विशेषताओं और उपयोगिता पर अपने-अपने विचार रखे। विदित हो कि परियोजना में 1 सितम्बर से 14 सितम्बर तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया था। इस दौरान विभिन्न वर्गों के लिए अनेक हिन्दी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था।

## न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मन्दिर में मातृभाषा हिंदी दिवस मनाया गया

संवाददाता। रायबरेली



**बालिका विद्या** मन्दिर में मातृभाषा हिन्दी दिवस मनाया गया। इस सुअवसर पर कार्यक्रम का प्रारम्भ अपनी ओजस्वी वाणी में करते हुए विद्यालय की हिन्दी प्रवक्ता श्रीमती साधाना जी ने हिन्दी के उद्भव, विकास और महत्व पर प्रकाष डालते हुए अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने दैनिक क्रिया-कलापों में हिन्दी की उपयोगिता के प्रति सभी का ध्यान आकर्षित किया। हिन्दी के प्रति अनुराग की अनुपम मिसाल बनी आफीया फातिमा (1ए) की बातों ने अनेकता में एकता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। आदित्य विक्रम सिंह (1ए) ने 卐हिन्दी भाषा को मजबूत बनाना है।卐 गीत सुनाकर सभी का मन-मुग्ध कर लिया। हेड मिस्ट्रेस श्रीमती सन्ध्या अग्रवाल जी ने अपने सुमधुर स्वर में गीत गाकर मातृभाषा हिन्दी को समर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन रमाषंकर पाठक जी ने किया। कार्यक्रम के अन्त में बच्चों को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य तारकेष्वर सिंह जी ने कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा, राजभाषा है। यह हमारे मन की और जन मानस की भाषा है। हिन्दी भाषा के महत्व को बताते हुए प्रधानाचार्य जी ने कहा कि हिन्दी दुनिया की चौथी ऐसी भाषा है, जिसे सबसे ज्यादा बोला जाता है। वास्तव में भावाभिव्यक्ति का सबसे सषक्त माध्यम हिन्दी है। हिन्दी दिवस के अवसर पर उनके द्वारा कही गयी काव्य पंक्तियां हिन्दी के वजूद को कालजयी बनाती हैं। -

**बिछड़ जायेंगे अपने हमसे, अगर अंग्रेजी टिक जायेगी। मिट जायेगा वजूद हमारा, अगर हिन्दी मिट जायेगी।।**

इस अवसर पर विद्यालय में नितिन सिंह, मायाकान्त दीक्षित, आदित्य मिश्रा, भावना श्रीवास्तव, सार्थक षुक्ला, ओम शंकर गुप्ता, सदाषिव, अमित मोहन एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## दिव्यांग को ट्राई साइकिल देकर पेश की मिसाल



संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**लालगंज ब्लाक** प्रमुख शिवानी सिंह ने दिव्यांग व्यक्ति को ट्राई साईकिल देकर अपनी कार्य शैली का परिचय दिया। आपको बता दें कि शिवानी सिंह के ब्लाक प्रमुख निर्वाचित होने के बाद से ही लालगंज ब्लाक के लागो मे एक आषा जगी थी कि लोगो को काम व सुविधाओं के लिए दर दर नही भटकना पड़ेगा। अपनी कार्यषैली व लोगों के बीच मे अलग पहचान बनाने वाली श्रीमती सिंह ने आज ब्लाक परिसर में एक दिव्यांग व्यक्ति ब्लाक पहुंचकर प्रमुख से ट्राई साईकिल की मांग की । प्रमुख ने तत्काल पूरे पासिन मजरे बण्डई गांव निवासी पंकज पुत्र रामकुमार पासी को ट्राई साईकिल देकर वहां मौजूद लोगों को अचम्भित कर दिया। दिव्यांग पंकज ने बताया कि आज मै ब्लाक में ट्राई साईकिल के लिए प्रार्थना पत्र लेकर आया था, मै दोनो पैरो से विकलांग हूं मै जैसे ही ब्लाक प्रमुख के कक्ष में पहुंचा तत्काल प्रमुख जी ने मेरा प्रार्थना पत्र स्वयं लिया और अपने मातहतो को तत्काल साईकिल की व्यवस्था कर देने को कहा। पंकज को साईकिल मिलते ही खुषी से झूम उठा और प्रमुख जी को आर्षीवाद दिया। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत के साथ साथ संतोष सिंह, बबलू बाजपेयी, आषू सिंह, प्रियाम सिंह आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

### प्रदेश कार्य समिति ओबीसी मोर्चा के सदस्य बने सुरेश यज्ञसैनी

**जगदीशपुर अमेठी।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर सुरेश यज्ञसैनी को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति ओबीसी मोर्चा का सदस्य नियुक्त किया गया है।जगदीशपुर विकास खण्ड के अंतर्गत निहालगढ़ कस्बा निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश यज्ञसैनी को भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति ओबीसी मोर्चा का सदस्य नियुक्ति किया गया है। जिसकी जानकारी मिलते ही क्षेत्र के तमाम लोगों ने उनके कार्यालय पर पहुंच कर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया और वहीं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी।इस शुभ अवसर क्षेत्रीय मंत्री मोहम्मद अखलाक इंद्रेश यादव अमित सोनी रामचंद्र शुक्ला मोहम्मद अरशद आशिक अली दिनेश यादव प्रधान शम्सू जाफरगंज गिरीश चंद्र पांडे उर्फ बिल्लू चंद्रशेखर पांडे मोहम्मद कलाम मोहम्मद यूसुफमोहम्मद अशफाक प्रदीप दीक्षित सहित तमाम लोग कार्यालय पर मौजूद रहे।

## डीएम ने मनरेगा की समीक्षा की



संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने सोमवार देर शाम विकास भवन सभागार में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम ;मनरेगाद्ध योजना की समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में दिए गए जांच आदेश की रिपोर्ट में खामी पाए जाने पर डीसी मनरेगा को दोबारा जांच कराकर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि जांच रिपोर्ट में खामी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी इसी वर्ष में कराए गए 5 बड़े कामों जिनकी एमबी हो गई है उन कामों के लिए टीमें बनाकर जांच कराने तथा तय समय सीमा के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर परियोजना निदेशक आशुतोष दुबे उपायुक्त स्वत: रोजगार सुनील तिवारी समस्त खंड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## शिक्षक, शिक्षामित्र, आंगनबाड़ी कर्मियों ने दिया विशाल धरना

संवाददाता। श्रावस्ती

**गिलौला . ब्लॉक** संसाधन केंद्र गिलौला पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में शिक्षामित्र व आंगनबाड़ी सदस्यय ने 21 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया और एक ज्ञापन मुख्य सचिव शासन को पंजीकृत डाक के माध्यम से भेजा। पदाधिकारियों ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि मांगे पूरी नही होने पर आगे की रणनीति बनाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर मंगलवार को प्राथमिक शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक रसोइया आंगनबाड़ी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शिक्षिका द्वारा एक दिवसीय धरना दिया गया। इस धरने के दौरान अपनी इक्कीस सूत्रीय मांग जिसमें प्रमुख मांगे पुरानी पेंशन बहालीए कैशलेस चिकित्साए एसीपी उपार्जित अवकाशए द्वितीय शनिवार के अवकाश की मांग प्रत्येक कक्षा पर अध्यापक शिक्षकों का अंतर्जनपदीय स्थानांतरण शिक्षा मित्रो को स्थाई शिक्षक बनाने की मांग आंगनबाड़ी और रसोइयों के मानदेय में वृद्धि मृतक शिक्षामित्र एवं अनुदेशक के पाल्यो को नौकरी देने संबंधित मांगे रखी गई। इस दौरान शिक्षक संघ के ब्लॉक महामंत्री हरीश कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है यदि जल्द ही उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन विशाल रुख अपनाएगा इस धरने को ब्लॉक अध्यक्ष सत्य प्रकाश वर्मा और कोषाध्यक्ष दिवाकर सिंह ने भी संबोधित किया धरना प्रदर्शन में राजेश सिंह सुरेंद्र कुमार मिश्रा अजय पाल सिंह ओमप्रकाश तिवारी मीरा यादव धर्म सिंह आशीष मिश्रा पूनम पाठक नंदरानी शिवरानी माया जायसवाल आशुतोष श्रीवास्तव रामसमुझ यादव रजनी पाठक शिल्पा सिंह आनंद त्रिपाठी अरविंद कुमार सिंह सहित विकासखंड के सभी शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रसोईया मौजूद रहे।

## पंचायत प्रतिनिधि विकास के संवाहकः एमएलसी




संवाददाता। रायबरेली

**एमएलसी दिनेश** प्रताप सिंह द्वारा आयोजित किए जाने वाले पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन के क्रम में मंगलवार को चार विकासखंडों क्रमश: सरेनी, छतोह एवम् डीह व सलोन का पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन दो पालियों में संपन्न हुआ।इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह ने कहा किदेश के विकास की प्रमुख और सबसे पहली कड़ी ग्राम पंचायत है। ग्राम पंचायत का विकास एवं समृद्धि कर देश के विकास में प्रधान और बीडीसी सदस्य सहभागी बनें।देश में प्रधान पंचायती राज व्यवस्था की रीढ़ हैं। गांव के विकास का जिम्मा उनके ऊपर है। मनरेगा और स्वच्छ भारत समेत करीब 27 तरह की सरकारी योजनाओं को लागू कराने की जिम्मेदारी भी प्रधानों पर होती है।ग्राम प्रधान, बीडीसी व जिला पंचायत सदस्यों के ऊपर अपने क्षेत्र के विकास की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है,जिसका सभी जनप्रतिनिधी ईमानदारी के साथ निर्वहन करें।सम्मेलन समारोह के दौरान एमएलसी श्री सिंह ने कहा कि देश व प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार आई है जिले से लेकर गांव-गांव तक विकास की लहर पहुंच रही हैं। सरकार सबका साथ, सबका विकास की तर्ज पर कार्य कर रही है।एमएलसी श्री सिंह ने आए हुए सभी जनप्रतिनिधियों का आभार जताया एवम् आश्वस्त किया कि जनपद के विकास एवम् पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान हेतु सदैव तत्पर रहेंगे।आए हुए सभी जनप्रतिनिधियों ने एमएलसी को जनपद के समस्त विकासखंडों के पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## तीन दिवसीय राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर डीएम व एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

संवाददाता। अमेठी



स्थलीय निरीक्षण करते हुए डीएम व एसपी

**जिलाधिकारी अरुण** कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने आज रामगंज कौहार स्थित सैनिक स्कूल में आगामी 17 सितंबर से प्रारंभ होने वाली तीन दिवसीय राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टेंटए बैरिकेडिंग सीटिंग प्लान बैठने की व्यवस्था पानी शौचालय सहित अतिथियों व जन सामान्य को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने का मार्ग सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों के संभावित आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल के समीप हेलीपैड बनाने के निर्देश अधिशासी अभियंता लोनिवि को दिए। डीएम व एसपी ने निरीक्षण के दौरान कुश्ती प्रतियोगिता को लेकर समस्त तैयारियां पूर्व में ही सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठरए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एसपी सिंह अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुधीर रुंगटा उप जिलाधिकारी गौरीगंज संजीव कुमार मौर्य पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरीगंज गुरमीत सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# विश्व स्तर पर समृद्ध हो रही हिंदी

● **हिंदी दिवस पर सम्मानित की गईं कई विभूतियांः महेश शुक्ल**

संवाददाता। बस्ती



**हिन्दी** दिवस के अवसर पर मंगलवार को प्रेस क्लब सभागार में सोशल सिक्योरिटी फॉर नेशनलिस्ट ट्रस्ट की ओर महेन्द्र तिवारी के संयोजन में संगोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष महेश शुक्ल ने कहा कि समय के साथ हिन्दी विश्व स्तर पर समृद्ध हो रही है। नयी शिक्षा नीति में जो वृहद बदलाव किया गया है उससे अब छात्र हिन्दी सहित अन्य मातृ भाषाओं में तकनीकी शिक्षा हासिल कर सकेंगे। यह हिन्दी के विकास में भी मील का पत्थर साबित होगा। कहा कि हिन्दी का साहित्य पक्ष समृद्ध है और उसे तकनीकी स्तर पर मजबूत बनाने का क्रम चरणबद्ध ढंग से जारी है।

संगोष्ठी में जयन्त कुमार मिश्र, प्रदीप चन्द्र पाण्डेय ने विस्तार से विषय को रखा। संचालन करते हुए प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद उपाध्याय ने अनेक सन्दर्भों पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राम कृष्ण लाल जगमग ने कविता के द्वारा हिन्दी की विकास यात्रा को रेखांकित किया।

अध्यक्षता करते हुए विचारक प्रसून शुक्ल ने कहा कि पूर्वांचल हिन्दी के विकास की थाती और गीता प्रेस उसका गौरव है। उन्होंने समिति बनाकर हिन्दी के विकास पर शोध संकलन किये जाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर सोशल सिक्योरिटी फॉर नेशनलिस्ट ट्रस्ट की ओर से डॉ. रामकृष्ण लाल 'जगमग' जयन्त कुमार मिश्र, प्रदीप चन्द्र पाण्डेय, संदीप गोयल, धनंजय श्रीवास्तव, सन्तोष त्रिपाठी, अशोक श्रीवास्तव, अरूणेश श्रीवास्तव, देवेन्द्र पाण्डेय, अनूप मिश्रा, दिनेश पाण्डेय, अनुराग श्रीवास्तव, सोहन सिंह आदि को उनके योगदान के लिये सम्मानित किया गया। इसी क्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। आयोजक महेंद्र तिवारी ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, लवकुश सिंह, सामईन फारूकी, राजेन्द्र उपाध्याय, विशाल पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, संजय राय, सुशील सिंह पथिक, चन्द्र मोहन, अनुकूल श्रीवास्तव, मनोज यादव, विपुल प्रकाश शुक्ल, अरशद महमूद, राजू तिवारी, मनीष पाल, हरिओम प्रसाद, राजेश मिश्र, महेश कुमार, अश्विनी शुक्ल, श्री प्रकाश श्रीवास्तव, वसीम अहमद, राज प्रकाश, सुनील कुमार मिश्र, दिनेश मिश्र, दिलीप चन्द्र पाण्डेय, प्रवीण कुमार पाण्डेय, राकेश तिवारी, विपिन बिहारी त्रिपाठी, ब्रम्हानन्द शुक्ल, अमर सोनी, राकेश गिरी, अनिल पाण्डेय, प्रशान्त कुमार पाण्डेय, अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रेमनाथ गौड़, बबुन्दर यादव के साथ ही बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# गेट की कुंडी तोड़ छह बाल अपचारी फरार

**एक बाल अपचारी पर दर्ज हैं तीन चोरी के केस**

**बस्ती।** पचपेड़िया स्थित बाल सम्प्रेक्षण गृह से मंगलवार को दिन में दो बजे पीछे के गेट की कुंडी तोड़ छह बाल अपचारी फरार हो गए। इनमें चार बस्ती और दो जनपद सिद्धार्थनगर का बाल अपचारी है। एक बालअपचारी पर तीन बार किशोर न्याय बोर्ड के यहां चोरी का मामला दर्ज है। इसके खिलाफ बस्ती के अतिरिक्त जनपद आजमगढ़, सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर में भी केस दर्ज है। भागे गए बाल अपचारियों की तलाश में पुलिस लग गई है। मौके पर एडिशनल एसपी जीतेंद्र नाथ चौधरी, एसडीएम सदर पवन जायसवाल, सीओ षक्ति सिंह, कोतवाल षिवाकांत मिश्र और जिला प्रोबेषन अधिकारी अनुपम यादव पहुंच गई है। यह पहली बार है, जब बालअपचारी इस तरह भागे हैं, जिस समय बालअपचारी भागे उस समय अधीक्षक अविनाष पटेल और जेल के चार अन्य कर्मी मौजूद रहें। बाल सम्प्रेक्षण गृह से दिन के उजाले में भागकर बालअपचारियों ने एक तरह से पूरी व्यवस्था को चुनौती है, बताया जाता है कि फिल्मी स्टाइल में बाल अपचारियों ने इसे अंजाम दिया। एडिषनल एसपी का कहना है कि भागे गए बालअपचारी जल्द ही पकड़ में आ जाएगें।

# किसानों को प्रशासन ने किया जागरूक, फसलों पर रखें ध्यान

संवाददाता। संतकबीरनगर



अपर जिलाधिकारी

**अपर** जिलाधिकारी (वि0/रा0) मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जनपद के किसानों को फसल कटाई के उपरान्त फसल अवशेष/पराली/अन्य कृषि अपशिष्ट जलाने से मृदा की उत्पादन क्षमता एवं उर्वरता पर विपरित प्रभाव पड़ता है, लाभकारी सूक्ष्म जीव अधिक तापमान के कारण नष्ट हो जाते है, मृदा में जैव पदार्थ की कमी हो जाती है। उन्होंने बताया कि मृदा में जैव पदार्थ की कमी के कारण पौधों के विकास एवं वृद्धि के लिए आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता कम हो जाती है, मृदा की जल धारण क्षमता घट जाती है। परिणाम स्वरूप फसल की उपज पर विपरित प्रभाव पड़ता है। इसके साथ-ही पर्यावरण प्रदूषित होता है, जिससे अत्यन्त गम्भीर बिमारियॉ होती हैं। उन्होंने बताया कि जनपद के किसानों को बताया कि अपने धान फसल कटाई के उपरान्त फसल अवशेष/पराली को खेत में मिलाकर बायो-डिकम्पोजर का प्रयोग कर, खेत में ही सड़ाकर खाद बना लें, इसके अतिरिक्त फसल अवशेष/पराली को खाद के गढ्ढे में भर कर बायो-डि कम्पोजर के छिड़काव करें, यह कुछ समय बाद खाद का रूप ले लेगीं, जिसका आप अपनी फसल में प्रयोग कर सकते है, जिससे फसल की उत्पादकता में वृद्धि होगी एवं मिट्टी की जल धारण क्षमता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि साथ-ही पर्यावरण प्रदूषित नहीं होगा। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि यदि किसी के खेत में पराली/फसल अवशेष/अन्य कृषि अपशिष्ट को जलाया जाता है तो संबंधित कृषक के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# काव्य गोष्ठी संपन्न

**करनैलगंज (गोंडा)।** साहित्यिक संस्था बज्मे शामे गजल की मनकबती शेरी काव्य गोष्ठी नगर के मोहल्ला नई बाजार में अहमद रजा के आवास पर आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गणेश तिवारी नेश और संचालन याकूब सिद्दीकी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरिफ सिद्दीकी रहे। संरक्षक मुहम्मद जकी बकाई ने कहा कि जुल्म के खिलाफ हजरत इमाम हुसैन डटे रहे। अध्यक्षीय संबोधन में गणेश तिवारी नेश ने कहा कि कर्बला में इमाम हुसैन की कुर्बानी अजीम तर है। महामंत्री मुजीब सिद्दीकी ने स्वागत वक्तव्य दिया। सगीर सिद्दीकी, इरफान मसऊदी व असजद रजा की नात से गोष्ठी प्रारंभ हुई। शायरों ने हजरत इमाम हुसैन व कर्बला के शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान नियाज कमर शब्बीर शाद, अजय श्रीवास्तव, याकूब अज्म, अल्ताफ हुसैन राईनी, हरीश शुक्ला और सलीम बेदिल ने कलाम पेश किया। इस अवसर पर हाजी जहीर वारसी, कयूम सिद्दीकी, खालिक अंसारी, आफक सिद्दीकी, मास्टर मोहम्मद रजा, साबिर सभासद, खुर्शीद आलम, सोनू श्रीवास्तव, मेराज अनवर, अब्दुल रऊफ सिराज अहमद, मोहम्मद अहमद, डॉ शमशेर, इरशाद छोटकऊ, खिज्र अंसारी, असरफ कुरैशी, आमिर सिद्दीकी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

**पसका (गोंडा)।** सरेआम बाजार में दौड़ा कर मारपीट करने व नाई की दुकान पर उत्पात मचाने के आरोपी व्यक्ति को पसका पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पसका पुलिस चौकी प्रभारी रणजीत यादव ने बताया कि चौकी क्षेत्र पसका के पसका बाजार में व्यापारी अक्षय गुप्ता निवासी पसका बाजार के लिखित सूचना के आधार पर थाना परसपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त आलोक उर्फ रिंकू सिंह पुत्र अमरेश उर्फ धानवेन्द्र सिंह निवासी पसका बाजार को प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह के निर्देशन में गिरफ्तार किया गया है। पसका पुलिस द्वारा मामले में त्वरित कार्रवाई की गई।

# भाजपा प्रबुद्धजन गोष्ठी में प्रबुद्ध वर्गों ने रखा विचार

● **संत कबीर विद्या पीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुई गोष्ठी**

संवाददाता। संतकबीरनगर




सम्बोधित करते पूर्व सांसद — पायनियर

**भारतीय** जनता पार्टी संत कबीर विद्या पीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार मगहर में खलीलाबाद विधानसभा 313 के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में शिक्षक, प्रोफेसर, डॉक्टर, साहित्यकार, अधिवक्ता व समाज के अन्य क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्ध जन के साथ संवाद किया गया। मुख्य अतिथि ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने प्रबुद्ध वर्ग से संवाद करते हुए कहा कि खलीलाबाद के प्रबुद्ध जनों से मिलकर हृदय में जो जोश का संचार हुआ है प्रबुद्ध वर्ग समाज का नेतृत्व करता है। मुख्य अतिथि ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि कहां की विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने का सौभाग्य प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा को मिला है 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद आज तक निरंतर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में संगठन के विस्तार के साथ ही साथ अनेक प्रदेशों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है संगठन की दृष्टि से तथा राजनीतिक दृष्टि से मोदी के नेतृत्व में मार्गदर्शन में पूरे देश में आज सिर्फ भारतीय जनता पार्टी दिखाई देती है उत्तर प्रदेश में भी आज हम सबसे बड़ी पार्टी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की परिकल्पना समाज के हर वर्ग की अपेक्षाओं के अनुसार एक आदमी को सुपर पावर के सपने को साथ साकार करते हुए समाज के हर वर्ग की उन्नति के लिए कार्य कर रहे हैं और रचनात्मक के आधार पर विश्व कल्याण के लिए सुपर पावर बनने में आगे बढ़ रहे हैं भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अनुसार समाज के अंतिम वक्त पर खड़े हर व्यक्ति का विकास सुनिश्चित होगा तो मान लिया जाएगा कि देश का विकास शुरू हो रहा है। कार्यक्रम का कार्यक्रम का संचालन राकेश मिश्रा ने किया अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी राहुल श्रीवास्तव, पूर्व सांसद इन्द्रजीत मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष रामललित चौधरी, महामंत्री विवेकानंद वर्मा, चेयरमैन श्रीमती संगीता वर्मा, आनंद त्रिपाठी, विशाल श्रीवास्तव, श्रीमती सुनीता अग्रहरि सहित विद्वतजन उपस्थित रहे।

# एसपी ने किया थाने का निरीक्षण

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा अचानक करनैलगंज नगर में पहुंचे और व्यापारियों से सम्पर्क कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। एसपी ने थाना करनैलगंज का औचक निरीक्षण किया। आईजीआरएस, शिकायती प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के दिये निर्देश दिए। उन्होंने भारी पुलिसबल के साथ पैदल गश्त कर आम जनमानस को सुरक्षा का अहसास भी कराया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर, आरक्षी बैरिक, भोजनालय, थाना कार्यालय, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण भी किया। तथा रिकार्डो को अपडेट करने व साफ-सफाई रखने एवं महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को आने वाली महिला फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके प्रति सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हुए तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाना क्षेत्र के समस्त चौकी प्रभारी व बीट उप निरीक्षक व अन्य पुलिस कर्मचारियों के साथ जनशिकायतों के सम्बन्ध में मीटिंग कर लंबित शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की तथा निर्देशित किया की प्रत्येक शिकायती प्रार्थना पत्रो का स्वयं मौके पर जाकर आवेदक की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करे। लम्बित विवेचनाओ का भी गुणदोष के आधार पर निस्तारण व वांछित अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने आम जनमानस को सुरक्षा का अहसास कराते हुए कस्बा करनैलगंज में भारी पुलिसबल के साथ पैदल गस्त किया तथा संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की। पैदल गस्त करते हुए पटरी दुकानदारों, दिव्यांग व्यक्ति व बाजार में आए हुए महिलाओंध्वृद्धजनों से वार्ता कर उनका कुशलक्षेम पूछा। तदोपरांत कस्बा करनैलगंज स्थित मार्ट मॉल का निरीक्षण कर लगे सीसीटीवी कैमरे व सुरक्षा संबंधी उपकरणों को चेक किया तथा मॉल संचालक को सुरक्षा संबंधी उपकरणों को सही रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# महंगाई से जूझ रही है जनता, 2022 में होगा बदलावः नरेश उत्तम

● **मेंहदावल विधानसभा में जयराम पाण्डेय, खलीलाबाद में जिला उपाध्यक्ष कौशल चौधरी व धनघटा में केडी यादव के नेतृत्व में हुआ सपा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत**

● **जनपद के 15 स्थानों से अधिक जगहों पर किसानों ने नरेश उत्तम के जनसभा को सुना**

संवाददाता। संतकबीरनगर



जनसभा में मंचासीन सपा प्रदेश अध्यक्ष — पायनियर

**पूरे** प्रदेश में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किसानो, मजदूरो, गरीबो, नवजवानो के समस्याओं को लेकर प्रदेशवासियों को जागरूक करने के लिए खेंत खलिहान व लघु उद्योग रथयात्रा लेकर निकलें समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम मंगलवार को जनपद सीमा में प्रवेश करने पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी, पूर्व मंत्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद, सपा एमएलसी सन्तो यादव भी मौजूद रहे। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने कहा कि पूरे प्रदेश में महंगाई से जनता जूझ रही है और 2022 में यही जनता बदलाव लाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का कार्य करेगी। उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी कार्यो को अपना बताकर विकास बता रही है। प्रदेश में साढ़े चार वर्ष के कार्यकाल में भाजपा ने कोई भी विकास कार्य नही किया। हर जनपदों के शहर से ग्रामीण को जाने वाले मार्ग क्षतिग्रस्त होकर गड्ढो में तब्दील हो गयी है। मेंहदावल विकास खंड के बनकसिया में जिलाध्यक्ष गौहर अली खाँ, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, पूर्व विधायक अब्दुल कलाम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष यादव सहित सपा नेताओं ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत कया। खलीलाबाद विधानसभा में प्रवेश करते ही सपा युवा नेता सुनील सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बादल यादव, खलीलाबाद पूर्व ब्लाक प्रमुख मनोज राय, सपा युवा नेता प्रदीप सिंह सिसौदिया, लोरिक यादव, जिला उपाध्यक्ष कौशल चौधरी सहित सपा नेताओं ने स्वागत किया। हाईवे स्थित मनियरा के निकट एक हाल में सपा प्रदेश अध्यक्ष ने सभा को सम्बोधित कर समाजवादी के विकास व विचारो को बताया। शहर के मार्ग होते हुए धनघटा विधानसभा में पहुँचे जहाँ सपा वरिष्ठ नेता के0डी0 यादव के नेतृत्व में स्वागत हुआ। वहाँ भी उन्होंने एक जनसभा को सम्बोधित किया। आज के सपा प्रदेश अध्यक्ष के जनसभा में किसानों ने उनके विचारों को सुना।

# एसडीएम का आदेश पुलिस के ठेंगे पर

**भंभुआ (गोंडा)।** करनैलगंज पुलिस के लिये एसडीएम का आदेश भी कोई मायने नही रखता। रास्ते की भूमि पर निर्माण रोकने के बावजूद भी अवैध निर्माण जारी है। मामला थाना परसपुर अंतर्गत ग्राम भौरीगंज पूरब तकिया से जुड़ा है। यहां की निवासी गुड़िया के प्रार्थना पत्र पर 7 सितंबर को उप जिलाधिकारी ने रास्ते की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को रोकने का निर्देश थानाध्यक्ष परसपुर को दिया था। जिस पर दो दिन कार्य बंद था। पीड़ित गुड़िया देवी ने बताया कि सोमवार को पुलिस ने थाने पर बुलाकर कहा कि एसडीएम के आदेश का अनुपालन हो गया। अब मंगलवार से निर्माण कार्य प्रारम्भ होगा उसे रोकने की गल्ती मत करना। और सुबह से रास्ते की भूमि पर निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। उप जिला मजिस्ट्रेट हीरालाल ने बताया कि मामला संज्ञान में है। धारा 133 सीआरपीसी के तहत गुड़िया द्वारा वाद प्रस्तुत किया गया है।

# गड़बड़ी करने वाले पंचायत सचिवों पर लटकी तलवार

संवाददाता। गोंडा

● **डीएम ने डीपीआरओ को दिए कार्रवाई के आदेश**

**डीएम** मार्कण्डेय शाही ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों के निर्माण में धांधली कर मानकविहीन निर्माण कराने के मामले में दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही के साथ ही वसूली के आदेश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने विकासखण्ड परसपुर की ग्राम पंचायत नंदौर रेती, बेलसर- तरबगंज ब्लाक की ग्राम पंचायत विशुनपुर, मनकापुर ब्लाक की ग्राम पंचायत बनकसिया, कटरा बाजार गौरवाकला, कर्नलगंज ब्लाक की ग्राम पंचायत मुंडेरवा व ग्राम पंचायत जहॅगिरवा, इटियाथोक ब्लाक की ग्राम पंचायत पृथ्वीपालगंज तथा वजीरगंज की ग्राम पंचायत डुमपुर में पंचायत भवनों के निर्माण में गड़बड़ी मिलने पर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी श्री शाही ने बताया कि परसपुर की ग्राम पंचायत नंदौर रेती में 16 अप्रैल को पंचायत भवन का निर्माण शुरू कराया गया था। इस पर उसी समय 10.99 लाख रूपये आहरित किए गए है, लेकिन अभी तक सिर्फ पंचायत भवन का पिलर ही लग सका है। नीव तक नहीं डाली गई और स्थल पर पानी भरा हुआ है। इसी प्रकार बेलसर तरबगंज ब्लाक की ग्राम पंचायत विशुनपुर में पैसा आहरित होने के बावजूद कायाकल्प नहीं हो सका रांगी, गौहानी में भी पंचायत भवन अधूरा है। जांच में यह भी यह भी पाया गया है कि मोतीगंज मनकापुर ब्लाक की ग्राम पंचायत बनकसिया में नींव डाली गई है। यहां घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। मानक विहीन कार्य होने पर रोक दिया गया था जबकि भुगतान हो चुका है। कटरा बाजार अन्तर्गत ग्राम गौरवाकला में 2.90 लाख आहरित हुए हैं। अब काम फिर शुरू कराया गया है। इसी प्रकार भंभुआ- कर्नलगंज ब्लाक की ग्राम पंचायत मुंडेरवा में सचिवालय अधूरा है। ग्राम पंचायत जहॅगिरवा में पंचायत भवन निर्माण में पीली ईंट के प्रयोग का मामला विभागीय अफसरों की जांच में सामने आ चुका है। इटियाथोक ब्लाक की ग्राम पंचायत पृथ्वीपालगंज के प्रधान विनोद कुमार जायसवाल ने बताया कि पूर्व प्रधान व सचिव ने पंचायत भवन का पैसा आहरित किया था। भवन अभी अधूरा है। जबकि ब्लाक वजीरगंज की ग्राम पंचायत डुमपुर में 14 लाख रूपये खर्च होने के बावजूद भवन अधूरा है।

डीएम ने पंचायत भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर इन्हें क्रियाशील कराने व जिन कार्यों में अनियमितताओं की पुष्टि हुई है उनमें दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही सम्पादित करने तथा दुर्विनियोग की गई धनराशि की वसूली के सम्बन्ध में वसूली कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं।

# महिला डीपीओ ने प्रभारी डीएम से कहा-सॉरी

**बस्ती।** कृते जिलाधिकारी का हस्ताक्षर बनाकर एसपी को पत्र लिखने के मामले में सुर्खियों में रही जिला प्रोबेषन अधिकारी अनुपम यादव ने गलती को मानते हुए भविष्य में पुनरावृत्ति नहीं होने की बात लिख कर मामले को पटाक्षेप कर दिया। इतना ही नहीं संबद्ध कनिष्ठ सहायक ने भी पत्र तैयार करने के लिए क्षमा मांगा है। दोनों की ओर से यह स्पष्टीकरण प्रभारी डीएम एवं सीडीओ डा. राजेष कुमार प्रजापति के उस पत्र के बाद दिया गया, जिसमें कहा गया था कि किस अधिकार के तहत कृते जिलाधिकारी का हस्ताक्षर कर एसपी को पत्र लिखा गया। सीडीओ ने बताया कि दोनों का स्पष्टीकरण मिल गया है। जिसमें जिला प्रोबेषन अधिकारी ने कहा है कि पूर्व में इसी प्रकार से पत्र जाते रहें हैं, जिसके आधार पर कृते जिलाधिकारी का हस्ताक्षर बनाया गया। भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न होने का भरोसा दिलाया गया। कहा कि दोनों का स्पष्टीकरण मिलने के बाद मामले को निपेक्षित कर दिया गया है।

# गड्ढामुक्त सड़कों की सूची दें कार्यदायी संस्थाएंः मण्डलायुक्त

संवाददाता। बस्ती



**मंडलीय** विकास कार्यो की समीक्षा कमिष्नर गोविंदराजू एनएस की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कहा कि असंगठित क्षेत्र के मजदूर ई- श्रम पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेषन करायें। रजिस्ट्रेशन के बाद उन्हें 12 अंक का यूनिक आई.डी. नम्बर प्राप्त होगा, जो पूरे भारतवर्ष में मान्य होगा। उक्त जानकारी मण्डलायुक्त गोविंद राजू एनएस ने दी है। वे आयुक्त सभागार में विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना के तहत उनका परिवार लाभ पाने का हकदार होगा। वहां उपस्थित सभी अधिकारियों से अपील किया कि वे इस योजना का लाभ अपने आस-पास घर में कार्य करने वाले, स्ट्रीट वेण्डर, खोमचा लगाने वाले, मिड-डे- मील रसोइया, मनरेगा मजदूरों को दिलाने के लिये प्रयास करें। उन्होंने कहा कि यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है कि हम अपने आस-पास के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलायें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कोविड का टीका लगाया जा रहा है। हम अपने आस-पास ऐसे लोगों को हास्पिटल ले जाकर टीका लगाने का कार्य करें। इसी प्रकार अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन 10 बजे से 12 बजे तक कार्यालय में बैठें तथा जनता सुनवाई करें। इसके पश्चात क्षेत्र में निकलकर योजनाओं का सत्यापन करें। समय- समय पर गूगल मीट करके ऑनलाइन कार्यों की समीक्षा करें। प्रत्येक मण्डलीय अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालयों का माह में दो बार निरीक्षण एवं समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि कार्य करने के लिये आगामी तीन माह बेहद महत्वपूर्ण हैं, उसके बाद निर्वाचन प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। मण्डलायुक्त ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया है कि प्रत्येक माह पूरी होने वाली परियोजनाओं की सूची उपलब्ध करायें। प्रयास करके 15 दिसम्बर तक योजनाओं को अवश्य पूरा किया जाये। विशेष रूप से सड़कों का कार्य अभी से प्रारम्भ करके 15 दिसम्बर तक पूरा कर लिया जाये क्योंकि जनवरी माह में भी सड़क निर्माण का कार्य नहीं हो पाता है। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक कार्यदायी संस्था गड्ढा मुक्त किये जाने वाले सड़कों की सूची और स्पाट की संख्या उपलब्ध करायें। उन्होंने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 15 सितम्बर से सड़कों का गड्ढा मुक्ति अभियान संचालित किया जाना है। समीक्षा में उन्होंने पाया कि मंडल में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 236 सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें से 14 सड़कें पूरी हो गयी हैं। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया है कि कम लम्बाई की सड़कों को पहले पूरा करें। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में कुल 25 सड़कें स्वीकृत हैं। पाइपलाइन पेयजल योजना में 75 परियोजनाएं स्वीकृत हैं, जिसमें से 11 पूर्ण हो गयी है तथा 7 संचालित हो रही हैं। शेष सभी परियोजनाएं मार्च 22 तक पूरी हो जायेंगी। मंडल में कुल 13 पुल स्वीकृत हैं, जिसमें से 2 पूर्ण हो गये हैं, अन्य पर कार्य चल रहा है। समीक्षा में उन्होंने पाया कि स्वास्थ्य विभाग के वेलनेस सेंटर के निर्माण की प्रगति अच्छी है। सामुदायिक शौचालय 2585 पूरे हो गये हैं तथा इसके रख रखाव की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूहों को दिये जाने की प्रक्रिया की जा रही है। अमृत योजना के तहत नगर पालिका बस्ती में कुल 8 ओवर हेड टैंक तथा 9 ट्यूबेल का निर्माण कराया जाना है। सभी पर कार्य शुरु हो गया है। 1815 पंचायत भवन पूरे हो गये हैं। मण्डलायुक्त ने सरकारी कार्यालयों द्वारा विद्युत बिल के भुगतान प्रत्येक त्रैमास किये जाने का विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देश दिया है कि सोलर पंप का लक्ष्य शासन से प्राप्त करें। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में मिसमैच नामों के सुधार में तेजी लायें। पशुओं के टीकाकरण के लिए टीके की डिमांड विभाग से किये जाने का उन्होंने निर्देश दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा में बीमा कम्पनी यूनिवर्सल सोमपो को भी बुलाने का निर्देश दिया है। उन्होंने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, 102 एवं 108 एंबुलेंस के संचालन, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, कोविड टीकाकरण, बच्चों का नियमित टीकाकरण, आपरेशन कायाकल्प, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, पेंशन एवं छात्रवृत्ति, कन्या सुमंगला योजना, वृहद वृक्षारोपण, दुग्ध समितियों का गठन, गन्ना मूल्य भुगतान, उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगार योजना, धान खरीद, सहकारी देयों की वसूली आदि योजनाओं की समीक्षा किया। बैठक का संचालन संयुक्त विकास आयुक्त एवं उप निदेशक अर्थ एवं संख्या एन.एन. राय ने किया। जिसमें जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल, दिव्या मित्तल, दीपक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी डा0 राजेश कुमार प्रजापति, पुलकित गर्ग, अतुल मिश्रा, वन संरक्षक ए.पी. पाठक, मुख्य अभियन्ता विद्युत एनके अग्रवाल, अपर निदेशक स्वास्थ्य डा0 चन्द्र प्रकाश करयप, अपर निदेशक पशुपालन डा0 आर.एन. नायक, संयुक्त निदेशक कृषि अनिल कुमार तिवारी, आरएफसी सरयू प्रसाद एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आईपीएल की नई टीमों के लिए ई-बोली 17 अक्टूबर को

## ●पांच अक्टूबर तक जमा की जा सकती है निविदा

**भाषा**। मुंबई

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) 17 अक्टूबर को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की दो नई टीमों के लिए ई-बोली लगाने की योजना बना रहा है और टीमों को खरीदने के लिए पांच अक्टूबर तक बोली जमा की जा सकती है।

इस योजना से जुड़े सूत्र ने कहा कि बोर्ड 17 अक्टूबर को बोली लगाने की योजना बना रहा है और यह ई-बोली होगी। बीसीसीआई ने आईपीएल फ्रेंचाइजी की बोली लगाने के लिए 31 अगस्त को निविदा जारी की थी। निविदा पांच अक्टूबर तक जमा की जा सकती है। बोर्ड ने बयान में कहा था कि आईपीएल की



संचालन परिषद आईपीएल 2022 सत्र से इंडियन प्रीमियर लीग में हिस्सा लेने के लिए प्रस्तावित दो नई टीमों में से एक का स्वामित्व और संचालन का अधिकार हासिल करने के लिए निविदा प्रक्रिया के जरिए बोली आमंत्रित करती है। इसमें कहा गया था, कोई भी इच्छुक पक्ष जो बोली जमा कराना चाहता है उसे निविदा आमंत्रण खरीदना होगा। हालांकि निविदा आमंत्रण में लिखित पात्रता को पूरा करने वाले और अन्य नियमों और शर्तों को पूरा करने वाले बोली के पात्र होंगे। स्पष्ट किया जाता है कि सिर्फ निविदा आमंत्रण को खरीदने से कोई व्यक्ति बोली लगाने का पात्र नहीं होगा।

नई टीमों जो आधार स्थल होंगे उनमें अहमदाबाद, लखनऊ और पुणे भी शामिल हैं। अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम और लखनऊ का इकाना स्टेडियम फ्रेंचाइजी की पसंद हो सकते हैं, क्योंकि इन स्टेडियमों की क्षमता अधिक है।

## मुक्केबाजी विश्व चैंपियनशिप के बाद हो सकता है कोचिंग स्टाफ में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली**। विश्व चैंपियनशिप के बाद अगले तीन महीने में भारतीय मुक्केबाजी के कोचिंग स्टाफ में पूरी तरह से बदलाव किया जा सकता है। राष्ट्रीय महासंघ के सूत्र ने यह जानकारी देते हुए खुलासा किया कि तोक्यो ओलंपिक में मुक्केबाजों के प्रदर्शन से अधिकारी संतुष्ट नहीं हैं।

दो हाई परफोर्मेंस निदेशक सेंटियागो नीवा (पुरुषों के) और रफेल बर्गामस्को (महिलाओं के) के अलावा राष्ट्रीय मुख्य कोच सीए कटप्पा (पुरुष) और मोहम्मद अली कमर (महिला) इस समय गहन समीक्षा के दायरे में हैं। जुलाई-अगस्त में हुए खेलों में भारत ने पांच पुरुष और चार महिला मुक्केबाजों के रूप में मुक्केबाजी में अपना अब तक का सबसे बड़ा दल उतारा था लेकिन इनमें से सिर्फ लवलीना बोरगोहेन ही कांस्य पदक के साथ पोडियम पर जगह बनाने में सफल रही। यह नौ साल में ओलंपिक में मुक्केबाजी का पहला पदक था लेकिन खेलों के महाकुंभ से पहले मुक्केबाजों के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए उनसे अधिक पदक की उम्मीद थी।

# टी-20 विश्व कप में हार के बाद टीम के प्रदर्शन में काफी सुधार: मंधाना

## ●खिलाड़ियों ने अपनी फिटनेस को सुधारा

**भाषा**। ब्रिसबेन

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने कहा है कि पिछले साल टी-20 विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद टीम के प्रदर्शन में काफी सुधार आया है और यहां आगामी श्रृंखला के दौरान वे काफी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलेंगे।

भारत और आस्ट्रेलिया के बीच तीन वनडे, एक दिन रात का टेस्ट और तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला 21 सितंबर से खेली जाएगी। टेस्ट 30 सितंबर से तीन अक्टूबर तक कैनबरा में होगा। आखिरी बार दोनों टीमों का सामना पिछले साल एमसीजी पर महिला टी-20 विश्व कप फाइनल में हुआ था जिसमें आस्ट्रेलिया ने 85 रन से जीत दर्ज की थी। मंधाना ने कहा कि उसके बाद से टीम के प्रदर्शन में



काफी सुधार आया है। भारतीय टीम ने सोमवार को अपना 14 दिन का कड़ा पृथकवास पूरा कर लिया। मंधाना ने कहा कि कोरोना के कारण टी-20 विश्व कप के बाद बड़ा ब्रेक हो गया। लड़कियों ने अपने खेल के बारे में और जाना और कमियों को दुरूस्त करके मजबूती से वापसी की है। उन्होंने कहा कि पूरी टीम ने अपनी फिटनेस और कौशल पर काम किया है। हम लगातार मैच खेलने की लय में लौट रहे हैं। उम्मीद है कि यह श्रृंखला अच्छी होगी। मंधाना ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला हमेशा प्रतिस्पर्धी होती है और भारतीय टीम को यहां की पिचों पर बल्लेबाजी करने में मजा आता है।

उन्होंने कहा कि हम सभी को आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना पसंद है क्योंकि वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है और काफी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलती है। दोनों टीमें शनिवार को अभ्यास मैच खेलेंगी।

## आईपीएल पर विश्व कप और एशेज को चुना



**लंदन**। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने कहा है कि उनके लिए लगातार तीन टूर्नामेंट खेलना काफी कठिन होता लिहाजा उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग पर टी-20 विश्व कप और एशेज श्रृंखला को तरजीह दी। दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलने वाले वोक्स के अलावा जॉनी बेयरस्टॉ (सनराइजर्स हैदराबाद) और डेविड मलान (पंजाब किंग्स) ने भी आईपीएल से नाम वापिस ले लिया। वोक्स ने कहा कि मुझे पता नहीं था कि विश्व कप टीम में मेरा चयन होगा। आईपीएल का कार्यक्रम नए सिरे से बना और अब यह इस समय हो रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व कप और एशेज को देखते हुए समय बहुत कम है। मुझे आईपीएल खेलकर खुशी होती लेकिन अब छोड़ना होगा।

# मिताली राज के साथ शीर्ष पर पहुंची लिजेल ली

**भाषा**। दुबई

**वेस्टइंडीज** के खिलाफ पहले मैच में बड़ी अर्धशतकीय पारी खेलने वाली दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज लिजेल ली मंगलवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महिला रैंकिंग में भारतीय कप्तान मिताली राज के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गई।

ली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में नाबाद 91 रन बनाए। मिताली ने अपना नंबर एक स्थान बरकरार रखा है और अब वह ली के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। दोनों बल्लेबाजों के 762 रेटिंग अंक हैं। आस्ट्रेलिया की एलिसा हीली तीसरे स्थान पर हैं। भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना नौवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। जून 2018 में पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने के बाद इस साल मार्च में भी नंबर एक बल्लेबाज बनी ली ने दूसरे मैच में 18 रन बनाए थे। भारत की अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी और सीनियर स्पिनर पूनम यादव गेंदबाजों की सूची में क्रमश: पांचवें और नौवें स्थान पर बरकरार हैं। दीप्ति शर्मा आलराउंडरों की सूची में पांचवें स्थान पर कायम हैं।

भारत की युवा स्टार बल्लेबाज शेफाली वर्मा टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में 759 अंक के साथ शीर्ष पर बनी हुई हैं। उनके बाद आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी (744) और भारतीय की टी20 उप कप्तान मंधाना (716) का नंबर आता है। टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति (छठे) और पूनम (आठवें) की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं आया है। दीप्ति आलराउंडरों की सूची में भी चौथे स्थान पर कायम हैं।

# कोरोना काल में डर के मारे हमारी बुरी हालत थी: मैकुलम

**भाषा**। दुबई

**कोलकाता** नाइट राइडर्स के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा है कि आईपीएल के पहले चरण में भारत में जब कोरोना महामारी फैली तब डर के मारे उन सभी की बुरी हालत थी। केकेआर के स्पिनर वरूण चक्रवर्ती और तेज गेंदबाज संदीप वारियर सबसे पहले मई में कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे जब आईपीएल चल रहा था जिसे बाद में स्थगित कर दिया गया।

केकेआर का प्रदर्शन पहले हाफ में अच्छा नहीं रहा और टीम सातवें स्थान पर है लेकिन मैकुलम को उम्मीद है कि 19 सितंबर से यूएई में लीग फिर शुरू होने पर टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने केकेआर की



वेबसाइट पर लिखा कि हम दूसरे चरण में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हम एक दूसरे का मनोबल बढाना होगा और अगले चार से पांच सप्ताह शानदार प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा कि पिछली बार सत्र के पहले चरण के दौरान मुझे लगता है कि हम बहुत ज्यादा डरे हुए थे। उस समय भारत में कोरोना की दूसरी लहर का प्रकोप था जिसमें कई जानें गई। केकेआर के साथ एक खिलाड़ी के तौर पर आईपीएल के सफल का आगाज करने वाले 39 वर्ष के मैकुलम अब कोच हैं और उन्हें उम्मीद है कि उनकी टीम खराब प्रदर्शन को पीछे छोड़कर आगे आएगी।

अपनी कोचिंग शैली के बारे में उन्होंने कहा कि जब मैने भारत छोड़ा तो हर किसी ने कोच के रूप में मुझे जान लिया था और अब उन्हें यह भी पता है कि मैं टीम से कैसा प्रदर्शन चाहता हूं। केकेआर का सामना 20 सितंबर को अबुधाबी में विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से होगा।

# राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स आज से

## ●चैंपियनशिप में युवाओं को मिलेगा छाप छोड़ने का मौका

**भाषा**। वरंगल (तेलंगाना)

**देश** के शीर्ष खिलाड़ियों के बाहर रहने के फैसले के कारण बुधवार से यहां शुरू हो रही राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में युवा खिलाड्यिों को अपनी छाप छोड़ने का मौका मिलेगा। यह इस साल होने वाली राष्ट्रीय स्तर की 11वीं ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिता है। टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले एथलीटों में से केवल पैदल चाल की एथलीट भावना जाट और 400 मीटर की धाविका वी रेवती ही इसमें हिस्सा ले रही हैं।

रेलवे ने इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में सबसे बड़ा दल उतारा है। उसके दल में 43 महिलाओं के



प्रियंका केरकेटा

साथ 87 एथलीट शामिल हैं। सेना की टीम में 57 एथलीट हैं। सभी पुरुष खिलाड़ी हैं। अखिल भारतीय पुलिस ने 24 महिलाओं समेत 50 एथलीटों को उतारा है।

वरंगल में पिछले दो वर्षों में होने वाली यह दूसरी राष्ट्रीय प्रतियोगिता है। उसने जनवरी 2020 में राष्ट्रीय क्रास कंट्री चैंपियनशिप की भी मेजबानी की थी। ओलंपिक में भाग लेने वाले अधिकतर खिलाड़ियों के बाहर रहने के कारण युवा एथलीटों के पास यह स्वयं को साबित करने का अच्छा अवसर होगा।

पुरुष वर्ग में सबसे अनुभवी एथलीट एशियाई खेल 2018 में त्रिकूद का स्वर्ण पदक जीतने वाले अरपिंदर सिंह है, लेकिन वीके एलाकियादासन और षणमुगा श्रीनिवास नालुबोथु के बीच 200 मीटर में मुकाबला रोचक होने की संभावना है। लंबी कूद में मोहम्मद अनीस याहिया और युगांत शेखर सिंह के बीच मुकाबला भी देखने लायक होगा। युवा सनसनी और विश्व अंडर-20 की रजत पदक विजेता शैली सिंह की अनुपस्थिति में महिलाओं की लंबी कूद में प्रियंका केरकेटा, शेरिन अब्दुल गफूर और नंदिनी अगसारा के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है।

# फिनलैंड में कम उछाल और धीमे कोर्ट से भारतीय खेमे को आश्चर्य

**डेविस कप**

**भाषा**। एस्पू (फिनलैंड)

**भारतीय** टेनिस टीम को उस समय सुखद आश्चर्य हुआ जब उसने देखा कि फिनलैंड के खिलाफ होने वाले डेविस कप मुकाबले के लिए इंडोर हार्ड कोर्ट उनकी उम्मीदों के अनुरूप तेज नहीं हैं और उसमें कम उछाल है। भारतीय खिलाड़ियों को मंगलवार को मैच कोर्ट पर अभ्यास करने का मौका मिला। यह कोर्ट आइस हॉकी स्टेडियम में अस्थाई तौर पर तैयार किया गया है और पहली हिट के बाद पता चला कि इससे भारतीय टीम को फायदा मिल सकता है।

भारत के गैर खिलाड़ी कप्तान रोहित राजपाल ने फिनलैंड रवाना होने से पहले कहा कि वे तेज हार्ड कोर्ट की उम्मीद कर रहे हैं लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। राजपाल ने कहा कि उन्होंने बर्फ को बाहर निकालकर लकड़ी के तख्त लगाए और उनके ऊपर कोर्ट बिछा दिया।

इसलिए इसमें कम उछाल है जो हमारे अनुकूल है लेकिन कोर्ट धीमा भी है जो हमारे लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय अधिकतर क्ले कोर्ट पर खेलते हैं जो धीमे होते हैं, इसलिए उन्हें रैलियां पसंद हैं और यह उनका मजबूत पक्ष है। हमारे भारतीय खिलाड़ी ऐसा नहीं करते हैं लेकिन कम उछाल से निश्चित तौर पर हमें फायदा मिलेगा और हम उसी अनुसार अपनी रणनीति बनाएंगे। राजपाल से पूछा गया कि रामकुमार रामनाथन और प्रजनेश गुणेश्वरन को कम उछाल वाला कोर्ट कैसे फायदा पहुंचाएगा जबकि उन्होंने अपना अधिकतर समय यूरोप में अभ्यास करते हुए या खेलते हुए बिताया है, उन्होंने कहा कि उनके शॉट को देखकर उन्हें ऐसा लगता है।

उन्होंने कहा कि रामकुमार और प्रजनेश दोनों सपाट शॉट जमाते हैं और कम उछाल से उन्हें मदद मिलेगी। आप अधिक उछाल वाले कोर्ट पर ऐसा नहीं कर सकते हैं।

दो दिवसीय मुकाबला शुक्रवार को शुरू होगा। इस मुकाबले का विजेता 2022 में होने वाले क्वालीफायर्स के लिए क्वालीफाई करेगा जबकि हारने वाली टीम अगले साल विश्व ग्रुप एक में अपना स्थान बरकरार रखने के लिए प्लेऑफ में खेलेगी।

## ए-लीग के स्टार डिफेंडर तोमिस्लाव मर्सेला ईस्ट बंगाल से जुड़े

**कोलकाता**। एससी ईस्ट बंगाल ने आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) से पहले अपनी रक्षापंक्ति को मजबूत करने के लिए पर्थ ग्लोरी के स्टार डिफेंडर और आस्ट्रेलियाई सेंटर बैक तोमिस्लाव मर्सेला से अनुबंध किया है। क्लब ने मंगलवार को यह घोषणा की। ईस्ट बंगाल के मुख्य कोच मैनुएल मोनोलो डियाज ने तोमिस्लाव के रूप में दूसरा विदेशी खिलाड़ी टीम से जोड़ा है।

तोमिस्लाव छह फुट और चार इंच लंबे हैं। वह 2018 में दो साल के अनुबंध पर पर्थ ग्लोरी से जुड़े थे। इस ए लीग क्लब ने उनके रहते हुए ए-लीग प्रीमियरशिप का खिताब जीता। लीग की सफलताओं में तोमिस्लाव ने अहम योगदान दिया था। तोमिस्लाव ने अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा, मुझे क्लब के बारे में अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। मेरे अच्छे दोस्त हैं जो भारत में खेले हैं।



अहमदाबाद में एक कार्यक्रम में अपने पदक को दिखातीं पैरालंपिक भवनि पटेल

## तार गोला फेंक के विश्व रिकार्डधारक सेडिक का निधन

**मास्को**। तार गोला फेंक (हैमर थ्रो) में दो बार के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकार्डधारक यूरी सेडिक का मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे। रूसी ट्रैक एवं फील्ड महासंघ ने यह जानकारी दी।

विश्व एथलेटिक्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और बांस कूद (पोल वॉल्ट) के दिग्गज सर्गेई बुबका ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा कि यूरी सेडिक के निधन से बेहद दुखी हूं। मेरे लिए यूरी एक दोस्त और मार्गदर्शक था। सेडिक ने 1976 और 1980 ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। सोवियत संघ के बहिष्कार के कारण उन्होंने लास एंजिलिस ओलंपिक 1984 में हिस्सा नहीं लिया। सेडिक ने सियोल ओलंपिक 1988 में रजत पदक और 1991 में विश्व खिताब जीता था।

# मलिंगा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

**भाषा**। कोलंबो

**श्रीलंका** के अनुभवी तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने मंगलवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। अपनी सटीक यॉर्कर के लिए मशहूर 38 साल के मलिंगा 2014 में टी-20 विश्व कप जीतने वाली श्रीलंका की टीम के कप्तान रहे। उन्होंने सोशल मीडिया पर संन्यास लेने के फैसले की घोषणा की। मलिंगा ने ट्वीट किया कि टी-20 को अलविदा कह रहा रहूं और क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले रहा हूं। उन सभी लोगों का आभारी हूं जिन्होंने मेरी यात्रा के दौरान मेरा समर्थन किया और आगामी वर्षों में युवा क्रिकेटरों के साथ अपने अनुभव साझा करने को लेकर उत्सुक हूं।

मलिंगा ने इस साल जनवरी में टेस्ट और एक दिवसीय क्रिकेट को अलविदा कहा था लेकिन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए खुद को उपलब्ध रखा था। पिछले साल



मलिंगा ने टी-20 विश्व कप में श्रीलंका की अगुआई करने की इच्छा जताई थी जिसका आयोजन अक्तूबर-नवंबर 2020 में आस्ट्रेलिया में होना था लेकिन कोविड-19 के कारण टूर्नामेंट स्थगित हो गया और अब टी-20 विश्व कप अगले महीने होगा। राष्ट्रीय टीम और इंडियन प्रीमियर लीग टीम मुंबई इंडियन्स सहित जिन फ्रेंचाइजियों के लिए खेले उन्हें धन्यवाद देते हुए मलिंगा ने कहा कि मैं आगामी वर्षों में युवाओं की मदद करने और उनका मार्गदर्शन करने को लेकर उत्सुक हूं।

उन्होंने कहा कि मैं टी-20 से पूरी तरह आराम चाहता हूं। मैं क्रिकेट नहीं खेलूंगा लेकिन खेल के प्रति मेरा प्यार कभी खत्म नहीं होगा। मलिंगा ने 122 आईपीएल मैचों में 170 विकेट चटकाए जो इस लुभावनी टी-20 लीग में किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 13 रन देकर पांच विकेट रहा। मलिंगा ने 84 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 107 विकेट, 226 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 338 विकेट और 30 टेस्ट मैचों में 101 विकेट चटकाए।

## माने, रंधावा सहित शीर्ष गोल्फर भाग लेंगे जे एंड के ओपन गोल्फ में

**भाषा**। श्रीनगर

**ओलंपिक** में भाग लेने वाले उदयन माने और एशियाई टूर के पूर्व विजेता ज्योति रंधावा और राशिद खान सहित देश के चोटी के गोल्फर बुधवार से यहां शुरू हो रही जे एंड के ओपन गोल्फ प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि 40 लाख रुपए है और इसका आयोजन भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) और जम्मू कश्मीर पर्यटन विभाग मिलकर कर रहे हैं। यह प्रतियोगिता रॉयल स्प्रिंग्स गोल्फ कोर्स में खेली जाएगी। टूर्नामेंट में 125 गोल्फर भाग लेंगे जिनमें 119 पेशेवर और छह एमेच्योर गोल्फर शामिल हैं।

माने, रंधावा और राशिद के अलावा जो गोल्फर इसमें हिस्सा लेंगे उनमें करणदीप कोचर, खालिन जोशी, विराज मदप्पा, एस चिक्कारंगप्पा, अमन राज, क्षितिज नवीन कौल और मनु गंडास भी शामिल हैं।

# हम दुनिया की नंबर एक टीम बनना चाहते है: शमशेर सिंह

**भाषा**। नई दिल्ली

**फॉरवर्ड** शमशेर सिंह ने सोमवार को कहा कि ओलंपिक कांस्य पदक भारतीय हॉकी टीम के लिए शुरूआत मात्र है और उसे दुनिया की नंबर एक टीम बनना है। पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो में शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मनी को 5-4 से हराकर कांस्य पदक जीता जो 41 साल बाद ओलंपिक में उसका पहला पदक था।

शमशेर ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा कि अभी एक टीम के रूप में हमें बहुत कुछ हासिल करना है। हमने ओलंपिक पदक जीतकर लक्ष्य की ओर कदम रख दिए हैं लेकिन हम पिछले कुछ साल से दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम भविष्य में हर मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश करेंगे। खासकर बड़े टूर्नामेंटों जैसे एफआईएच हॉकी प्रो लीग में। हमें यकीन है कि मैच दर मैच अच्छा प्रदर्शन करने पर एक दिन दुनिया की नंबर एक टीम बनेंगे। शमशेर ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक हमेशा उनके लिए खास रहेंगे। उन्होंने कहा कि मैं खुशकिस्मत हूं कि कैरियर के इतने शुरूआती चरण में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीम की हिस्सा



बना। मुझे यह भी पता है कि हमारे लिए एक टीम के तौर पर यह शुरूआत है। उन्होंने कहा कि हमें यकीन है कि भविष्य में इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं और हम आने वाले वर्षों में करेंगे। यह पूछने पर कि टोक्यो में इतिहास रचने में भारतीय टीम की किस बात ने मदद की, शमशेर ने कहा कि मैदान पर हार नहीं मानने का जज्बा।

# छोटे कदम, बड़ा बदलाव



## आपके घर को टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के पांच तरीके बता रहे हैं

**आदित्य रुइया**

जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और वनों की कटाई से ऐसी वास्तविकताएं सामने आ रही हैं, कि लोग ग्रह के भविष्य को लेकर अधिक चिंतित हो रहे हैं। वनों की कटाई, प्लास्टिक प्रदूषण, हमारे कार्बन पदचिन्ह और भावी पीढ़ियों के लिए जीवन की गुणवत्ता पर लगातार होने वाली वार्ताओं को कैसे नजरंदाज किया गया, जिसके कारण पर्यावरणीय क्षति हो रही है, नतीजा यह कि अब पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली की अवधारणा सर्वोपरि होती जा रही है।

हर कोई अब इस ग्रह को हमारे समुदायों और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर जगह बनाने की दिशा में कदम उठाने को तैयार है। परोपकार की शुरूआत घर से होती है। चूंकि हमारा घर वो जगह है जहां हम अपना अधिकांश समय बिताते हैं, यह शुरुआत करने की सबसे अच्छी जगह है।

क्या हम अपने शहरी घरों को बिना किसी आर्किटेक्ट को बुलाए या बगैर जीवनशैली में बड़े बदलाव किए पर्यावरण के अनुकूल बना सकते हैं? इसका जवाब है, हाँ। यह हर दिन छोटे कदम उठाने, मामूली बदलाव करने और कुछ आदतों को बदलने से संबंधित है जिनसे किसी भी घर को पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ बना सकते हैं।

यहां कुछ छोटे लेकिन व्यावहारिक तरीके बताए गए हैं जिनसे आप अपने घर को टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल बना सकते हैं :



### प्लास्टिक कचरे को कम करें

प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन लगभग 500-800 ग्राम ठोस कचरा उत्पन्न करता है। इतनी बड़ी मात्रा में कचरे, खासकर प्लास्टिक का प्रबंधन, देश के लिए एक गंभीर मुद्दा बन गया है।

जबकि एक बार में प्लास्टिक मुक्त हो जाना संभव नहीं हो सकता है, मगर हम छोटे कदम उठाकर शुरू कर सकते हैं मसलन, संरक्षित या खाना पकाने के लिए धीरे-धीरे प्लास्टिक के कंटेनरों का इस्तेमाल करने के बजाय सिरेमिक, स्टील या ग्लास का इस्तेमाल करें। जब आप इस राह पर हों, तो घर के कचरे के प्लास्टिक थैलों की जगह कंपोस्टेबल कचरा बैग का उपयोग करें और सब्जियां, फल या स्नैक्स लेने जाते समय पर्यावरण के अनुकूल कपड़े का बैग ले जाएं।

प्लास्टिक को कम करना अपने घर को पर्यावरण अनुकूल बनाने का एक तरीका है जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है।

### घरेलू सामानों का पुन: उपयोग करें

जब आप प्लास्टिक -कंटेनरों को कांच के कंटेनरों से बदल रहे हों, तो यह देखने के लिए चारों ओर देखें कि क्या कोई डिब्बा या वस्तुएं हैं जिसे आप स्टोर पर जाने से पहले पुन: उपयोग कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, खाली कॉफी जार मसालों व पाऊडर के लिए उत्कृष्ट कंटेनर बनते हैं। इसी तरह, नया फर्नीचर खरीदते समय, घर को सजाने हेतु पर्यावरण के अनुकूल तरीकों के बारे में सोचें।

दैनिक वस्तुएं जैसे डिस्पोजेबल कॉफी कप और टिश्यू हमारे लिए उपयोग में आसान होते हैं लेकिन पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं। लेकिन, इससे निपटने का एक आसान तरीका है, पुन: प्रयोज्य कॉफी कप और बांस के टिशूज या कपड़े के नैपकिन का इस्तेमाल आरंभ करें जिन्हें आप बार-बार उपयोग कर सकते हैं।



### पुनर्चक्रित उत्पादों का विकल्प चुनें

आपके द्वारा अपने घर हेतु चुने गए उत्पाद धरती पर आपके कार्बन पदचिह्न को कम करने की दिशा में दूरगामी कारगर होते हैं। छोटे से शुरुआत करने के लिए, प्लास्टिक कटलरी और दैनिक आवश्यक चीजों जैसे टूथब्रश को पुनर्चक्रित किए गए बांस के टूथब्रश और कटलरी से बदलें, इनका प्रकृति पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है।

पुनर्नवीनीकृत लकड़ी या अन्य सामग्रियों से बना फर्नीचर अपनाएं जो अन्यथा गड्ढे भरने में जा सकते हैं या फेंक दिए जा सकते हैं। अपने घर को एक सौंदर्यपूर्ण मगर टिकाऊ उन्नयन देने के लिए, प्लास्टिक या धातु से बने शोपीस के बजाय पुरानी प्राचीन वस्तुओं को उपयोग में लाएं।

### हरित शक्ति को अपनाएं

हरित ऊर्जा प्राकृतिक संसाधनों जैसे हवा, सूरज, बायोमास और पानी से उत्पन्न ऊर्जा को संदर्भित करती है जिसे जीवाश्म ईंधन के विपरीत प्राकृतिक रूप से पुन: भरा जा सकता है। ऊर्जा के पारंपरिक स्रोतों से दूर हटना जलवायु परिवर्तन से निपटने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

अब, ग्रीन पावर या हरित शक्ति को चुनने का मतलब यह नहीं है कि आपको अपना बिजली प्रदाता बदलना होगा। यह छोटे बदलाव करने के लिए संदर्भित है जैसे कि एलईडी या सीएफएल बल्बों के साथ नियमित रोशनी की जगह जितना संभव हो सके और पानी को गर्म करने के लिए अपनी छत पर सौर फोटोवोल्टिक पैनल स्थापित करना।

### हरित उपकरणों को उपयोग में लाएं

उपकरण आमतौर पर बड़ी मात्रा में ऊर्जा की खपत करते हैं, इसलिए यह आदर्श है अगर हम तकनीकी नवाचारों का लाभ उठा सकें और अधिक ऊर्जा कुशल उपकरणों में बदलाव कर सकें। वे पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ ऊर्जा और धन बचाने में भी हमारी मदद कर सकते हैं।

इसलिए, जब एक नया रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन या कोई नया उपकरण लेने का समय हो, तो ऐसे उत्पादों की तलाश करें जो उच्च स्तर की ऊर्जा दक्षता की पूर्ति करते हों। विभिन्न अन्य विवरणों के साथ उत्पाद की दक्षता का विवरण प्राप्त करने के लिए उपकरण पर 'स्टार लेबल' की जाँच करें। यह आपको मॉडल की तुलना करने और ऊर्जा दक्षता के मामले में सर्वोत्तम चुनने की अनुमति देगा।

पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को अपनाना अब पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। हालांकि कुछ लोगों को लगता है कि पर्यावरण के प्रति अधिक जागरुक होने के लिए अपने घरों में बदलाव करने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिर अगर हम इस पर एक साथ प्रयास करते हैं तो इससे फर्क पड़ेगा।

**( लेखक भारतीय इको फ्रेंडली होम, किचन और पर्सनल केयर ब्रांड बीको के सह-संस्थापक हैं )**



# स्वराज नामक स्वप्न

## हमें स्वतंत्रता मिली है या नहीं, इस पर विचार कर रहे हैं राजयोगी ब्रह्म कुमार निकुंज जी

पिछले हफ्ते, भारत और भारतीयों ने देश की स्वतंत्रता की प्लेटिनम जयंती (75 वर्ष) को विभिन्न तरीकों से और विभिन्न भावनाओं के साथ मनाया। नेताओं, विचारकों व लेखकों ने पिछले साढ़े सात दशकों के दौरान देश की उपलब्धियों व विफलताओं का अपना विविध मूल्यांकन और विश्लेषण प्रस्तुत किया। हालांकि कुछ के पास भोजन के संबंध में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने और महत्वपूर्ण आर्थिक व तकनीकी शक्ति बनने के लिए प्रशंसा के शब्द थे, जबकि अन्य ने जनसंख्या वृद्धि की दर को कम करने, जन-साक्षरता लक्ष्य को प्राप्त करने व गरीबों को कुछ आर्थिक लाभ पहुंचाने में विफलता की बात कही।

महान राष्ट्रीय महत्व के इस दिन पर, कुछ वरिष्ठतम राजनेताओं व स्वतंत्रता सेनानियों ने उस ऐतिहासिक रात को क्या हुआ था, जब डॉ राजेंद्र प्रसाद और डॉ राधा कृष्णन जैसे दिग्गज आधी रात को बोले थे और पंडित जवाहर लाल नेहरू ने अपना प्रसिद्ध भाषण ''ट्रिस्ट विद डेस्टिनी'' भाषण दिया था कि जब पूरी दुनिया सो रही थी और भारत स्वतंत्रता के लिए जाग गया था, ''अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करने के लिए, पूरी तरह से या पूर्ण रूप से नहीं, बल्कि बहुत हद तक''। उन्होंने उस समय मौजूद संविधान सभा के सभी सदस्यों द्वारा ली गई प्रतिज्ञा की भी बात की, ''जो इतिहास में शायद ही कभी आती है'' एक स्वर में जोर से कहा गया कि उन्होंने भारत और उसके लोगों की सेवा के लिए पूरी विनम्रता से खुद को समर्पित कर दिया है। अंत तक, ताकि देश ''दुनिया में अपना सही स्थान प्राप्त कर सके और विश्व शांति और मानव जाति के कल्याण को बढ़ावा देने में अपना योगदान दे सके। '' लोग दुख से बोझिल थे और स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए असंख्य व्यक्तियों द्वारा किए गए अतुलनीय बलिदानों की बात करते थे, आजादी, जिसके साथ सीमा के दोनों किनारों पर हजारों लोगों द्वारा और विभाजन की बड़ी त्रासदी तथा भयावहता और बर्बरता व रक्तपात हुआ था। एक बात जो सभी नेताओं और आम लोगों ने स्वीकार की थी, वो यह थी कि देश अभी तक ''हर आंख से एक आंसू पोंछने'' में सक्षम नहीं हुआ है- जैसा कि बापू गांधी की गहरी आकांक्षा थी और न ही उन्हें वह ''स्वराज'' मिल पाया जिसकी उन्होंने कल्पना की थी। सभी ने एक स्वर में कहा कि देश पिछड़े और गरीब वर्गों को प्रभावी सामाजिक और आर्थिक न्याय प्रदान करने में विफल रहा है, कि लगभग आधी आबादी स्वतंत्रता का कोई सार्थक लाभ महसूस नहीं करती है। हम यह भूल जाते हैं कि स्वतंत्रता न केवल स्वतंत्र रूप से जीना है बल्कि दूसरों को भी स्वतंत्र रूप से जीने देना है।

हम में से अधिकांश इस तथ्य को नहीं समझते हैं कि हमारी सभी की समस्याएं एक पहचान के संकट से उत्पन्न हुई हैं, यानी अपनी वास्तविक पहचान की गहरी अज्ञानता जो कि आत्मा की है, न कि शरीर की। इसलिए जन्म के आधार पर भेदभाव समेत सांप्रदायिकता, जातिवाद, हिंसा और आदिवासियों व पिछड़े वर्गों के प्रति अपमानजनक रवैये संबंधी समस्याएं दूर हो जाएंगी यदि हम यह महसूस करते हैं कि हम में से प्रत्येक एक आत्मा है। 1947 में कोई नरसंहार नहीं होता या उपमहाद्वीप का विभाजन भी नहीं होता अगर लोगों में यह जागरूकता होती कि वे आत्मा हैं। साथ ही लोगों के आत्म-जागरुक होने पर किसी भी प्रकार का अन्याय या किसी ब्रांड का भ्रष्टाचार या लैंगिक पूर्वाग्रह नहीं होगा। इस प्रकार हमें यह याद रखना चाहिए कि हमारी आध्यात्मिकता और आध्यात्मिक प्रतिक्रिया हमारी आत्म-चेतना से उत्पन्न होगी और उसी से वास्तविक स्व-राज अर्थात स्वयं या आत्मा का शासन आएगा।

वह दिन दूर नहीं जब हम चरित्र व मूल्यों की पवित्रता के इर्द-गिर्द केंद्रित एक ऐसी दुनिया देखेंगे, जहां हर प्राणी दैवीय होगा और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व में होगा। हिंसा का कोई भी रूप नहीं होगा, चाहे वह शारीरिक, मानसिक या भावनात्मक हो। प्रत्येक व्यक्ति सत्य और दैवीय गुणों का अवतार होगा। शुद्ध प्रेम और सम्मान संबंधों का आधार बनेगा। वे बुराई, दोष और पीड़ा से पूरी तरह अनभिज्ञ होंगे। भौतिक रूप से, वे ऐश्वर्य और बहुतायत में रह रहे होंगे। विज्ञान का उपयोग सही तकनीक व आराम की आवश्यकता के निर्माण करने के लिए किया जाएगा। लोग पूर्ण स्वास्थ्य, प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेंगे और बीमारी व असामयिक मृत्यु से मुक्त लंबी उम्र का आनंद लेंगे। सभी खुश और संतुष्ट रहेंगे। हर कार्य में सहजता, मासूमियत, पवित्रता और आनंद होगा। यह कभी न सोचें कि यह सब एक मिथ है। नहीं! यह वास्तव में एक वास्तविकता है जो उतनी ही करीब है, जितना कि कल।

# विविधताओं से परिपूर्ण

## रैंप स्क्रीन पर शिफ्ट हो गया है क्योंकि इंडियन कॉउचर वीक (आईसीडब्लू) में सबसे नए कलेक्शन का खुलासा हुआ है। टीम वाइवा ने कुछ डिजाइनरों पर ध्यान केंद्रित किया जिन्होंने पहले तीन दिनों में धूम मचा दी थी।

**पहला दिन :**

**मनीष मल्होत्रा**

क्या आप मल्होत्रा के बिना कॉउचर वीक की कल्पना कर सकते हैं? उनके संग्रह ने दुल्हनों को उनकी मूल भावना और भावनाओं के साथ मनाया जो भीतर से निकलती हैं। नूरनियत का ब्राइडल एडिट मल्होत्रा के ब्राइडल कॉउचर का नवीनतम संग्रह है।



बेहतरीन शिल्प कौशल और उत्कृष्ट जटिल तत्वों का एक संयोजन, इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है, यह संग्रह दुल्हन की महिमा का एक आकर्षक मिश्रण है, जो हड़ताली रंग की रचनाओं में फैला हुआ है, जहां प्रत्येक पहनावा अपनी खुद की भावनात्मक कहानी बताता है।

''मेरा ब्राइडल एडिट दुल्हनों के मूड और भावनाओं का एक मिश्रण है और वर्षों से उनके सपनों के कपड़े बनाने और उनके साथ बातचीत करने के बाद, मैं अनजाने में उन दिलचस्प यादों में आ गया और उन सभी को पकड़ने का फैसला किया - उनके उत्साह और खुशी से लेकर हार्दिक और दयालु, भावनाओं और भावनाओं का एक असंख्य है जो अपने नए अध्याय पर पृष्ठ को चालू करने से पहले इतने दिल को छू लेने वाले लेकिन परेशान करने वाले क्षण हैं। उनकी भावनाओं के हर अंश को सुशोभित करने वाला कुछ असली जादू है, जो आपको एक ऐसी दुनिया में ले जाता है जिसे केवल एक दुल्हन जानती है। आप नए जमाने के हों या न हों, भावनाएं वही रहती हैं, खुशियों के आंसू फिर भी बहते हैं, और इस सब के माध्यम से, हमारा संग्रह जो वह सजाती है, उसके सपनों को हकीकत में बदल देती है, मल्होत्रा कहते हैं।''


रुझानों से अलग, यह संग्रह पवित्र लाल, आलीशान आड़ू, जगमगाते सोने की विरासत पर गर्व करता है, जबकि इसका दिल आधुनिक गतिविधियों के अनुरूप अपने समकालीन लेकिन ग्लैमरस सिल्हूट पर धड़कता है।

यह रेंज उनके सिग्नेचर ट्रेल्स, शीयर वील्स और लेयरिंग ड्रेप्स के साथ विस्तृत थी, क्योंकि वे सबसे पसंदीदा हैं, और ब्राइडल आउटफिट्स में एक्सटेंडेड सिल्हूट्स के परफेक्ट फॉर्म हैं, जो पीछे की ओर स्वीप करने के लिए काफी लंबे हैं, जबकि दुल्हनें अद्वितीय लालित्य में गलियारे से नीचे चलती हैं। कढ़ाई में सदियों पुरानी जरदोजी, बदला, और निश्चित रूप से, आधुनिक सिल्हूट पर सिग्नेचर सेक्विन का दावा किया गया है।

**दूसरा दिन :**

**सिद्धार्थ टाइटलर**

न्यूयॉर्क के फैशन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में प्रशिक्षित दिल्ली के डिजाइनर सिद्धार्थ टाइटलर



ने इंडिया कॉउचर वीक में अपने बेहतरीन एम्ब्रोसिया कॉउचर 2022 कलेक्शन के लॉन्च के साथ शुरुआत की।

इस प्रेरणादायक संग्रह ने एक डिजाइनर की चालाकी और उत्कृष्ट शिल्प के साथ एक आकर्षक जुड़ाव की पहचान की, जो हर नई पेशकश के साथ लहरें बनाना जारी रखता है।

ग्रीक पौराणिक कथाओं में एम्ब्रोसिया, देवताओं का अमृत है। कॉउचर 2022 संग्रह ने शुद्धता, रंग और ईथर महत्व से इसकी प्रेरणा मांगी।

इसके रंग पैलेट में हाथीदांत और सोने के रंगों का प्रभुत्व था, जबकि सतह के अलंकरण सेक्विन, क्रिस्टल स्पलैश, बीडवर्क और थ्रेडवर्क, रफल्स और प्लीटिंग, लेजर कटिंग और क्विल्टिंग में रहस्योद्घाटन हुआ। कपड़े, पहली बार जैविक की ओर झुके। इस संग्रह में कॉटन सिल्क चंदेरी, सिल्क तफ्ताता, सिल्क ऑर्गेनाजा, सिल्क टिश्यू और जॉर्जेट का राज था।

**सुनीत वर्मा**

सुनीत ने हमें एक ऐसे रास्ते पर ले जाया जिसने हमें युवा प्रेमियों की रोमांचक यात्रा की याद दिला दी - गुप्त प्रेम नोट्स, चोरी की झलकियां और जीवन में उत्सव का महत्व। वास्तविक जीवन के परिदृश्यों को चित्रित करते हुए और अपने वस्त्र संग्रह 2021 को बुनते हुए, सुनीत कहते हैं, ''मैं एक भारतीय शादी में फाइनरी और वस्त्र के महत्व को समझता हूं, और मैं आधुनिक युवा दूल्हे और दुल्हन की जरूरतों को भी समझता हूं - चाहे शादी एक भव्य हो या एक अंतरंग पलायन।''



संग्रह में मिंट, आइस-ब्लू, ब्लश और येलो में सुंदर पेस्टल शामिल हैं, नाजुक कांच के मोतियों, क्रिस्टल में टोन-ऑन-टोन कढ़ाई के साथ, और अल्ट्रा-फेमिनिन, सॉफ्ट, फ्लोई सिल्हूट में एक दिन के समारोह के लिए थ्रेडवर्क। सुनीत नई कढ़ाई तकनीक बनाने के अपने जुनून के प्रति सच्चे हैं और पुरानी पारंपरिक कलाओं को आकार और सिल्हूट के लिए आधुनिक आंखों के साथ मिलाते हैं। सरासर आस्तीन, ऑफ-शोल्डर नेकलाइन्स, और गहरी, स्कैलप्ड बैक एक कामुक लेकिन विनम्र युवा दुल्हन के लिए बनाई गई है। दूल्हे ने धागे की कढ़ाई और आधुनिक हेमलाइन के साथ आसान, हल्के रंग की शेरवानी पहनी थी।

**गौरव गुप्ता**

गुप्ता कहते हैं, ''प्यार हमें सभी ब्रह्मांडों की यात्रा कराता है, प्यार ब्रह्मांड को घूमता है, प्यार ही सब



कुछ है।''

एक महामारी के बीच में रहते हुए, एकमात्र भावना जो हमें प्रेरित करती है वह है प्रेम। गौरव गुप्ता कॉउचर 2021/22 में यूनिवर्सल लव नामक एक फिल्म प्रस्तुति शामिल थी, जहां से पिछले कॉउचर शो का समापन हुआ था।

इस वस्त्र प्रस्तुति के साथ, गुप्ता ने साझा किया कि, उन्होंने कामुकता, लिंग की तरलता, सीमाओं और पहचान के आसपास के संवाद में धारणा लाने का प्रयास किया है क्योंकि हमेशा प्यार को उसके सभी रूपों, उम्र, आकार, आकार और रंगों में मनाते रहने का एक कारण होता है।

ब्रह्मांड से प्रेरित, ब्रह्मांड का विस्तार, लाखों तारे, अक्ष और सभी ग्रहों की गति; समय के अनंत छोरों में छिड़काव और सर्पिलिंग, उल्कापिंड की बौछारें और रेसिंग धूमकेतु अमूर्त गांगेय कढ़ाई और सिल्हूट को प्रेरित करते हैं। वस्त्र ब्रह्मांड के विस्तार और भव्यता की भावना को उजागर करते हैं। सब कुछ पूर्ण सद्भाव और प्रेम के लिए प्रयास करने के लिए किया गया। संग्रह बेशर्मी से शानदार और ग्लैमरस रूप से स्टार जैसा है।

**तीसरा दिन :**

**पंकज और निधि**

नई उम्मीद और ऊर्जा के साथ, पंकज और निधि ने 2021 के लिए एकदम नया वस्त्र संग्रह - आफ्टरग्लो प्रदर्शित किया।

आफ्टरग्लो एक उज्वल भविष्य की लालसा के साथ एक नई सुबह का प्रतीक है और तारकीय शिल्प कौशल के साथ, ऐसे टुकड़े बनाने के लिए जो कालातीत हैं और एक शानदार सुंदरता को विकीर्ण करते हैं।

संग्रह में इंद्रधनुषी चमक के साथ नए युग की



सामग्री में ओरिगेमी फोल्डिंग, दस्तकारी तालियां और जालीदार जैसी असाधारण तकनीकें थीं। स्थिरता की दिशा में एक रास्ता अपनाते हुए, कई कढ़ाई सामग्री घर में बनाई गई थी, सृजन की प्रक्रिया में उत्पन्न अतिरिक्त से बाहर। आकर्षक सिल्हूट और अद्वितीय हस्तनिर्मित अलंकरणों की चमक के साथ, आफ्टरग्लो ने एक दुल्हन का दिल जीतने की खोज के साथ शिल्प की सीमाओं को आगे बढ़ाया, जो प्रतीकात्मक और सांस्कृतिक पहचान की सराहना करती है, और प्रामाणिकता को महत्व देती है।

एफडीसीआई के इंडिया कॉउचर वीक 2021 के साथ अपने जुड़ाव के बारे में बोलते हुए, पंकज और निधि ने कहा, ''हम इंडिया कॉउचर वीक में अपने कलेक्शन, आफ्टरग्लो को लॉन्च करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। हमने प्रत्येक पीस को बनाने के लिए बहुत मेहनत की है और सभी की प्रतिक्रिया देखने के लिए तत्पर हैं। संग्रह में हमारी सिग्नेचर तकनीकों को नए सिल्हूट और रंगों में शामिल किया गया है।''

**डॉली जे**

डिजाइनर ने खुलासा किया कि संग्रह, आह-लाम, उन लोगों से प्रेरित था, जो एक निर्धारित पैटर्न



को टालने और अपनी यात्रा खुद करने की ताकत रखते हैं। उनका कहना है, ''अब हमारे पास एक अधिक समावेशी दुनिया है जहां विशिष्टता और विविधता दोनों मनाई जाती हैं। हमारा काम एक ऐसी दुनिया में व्यक्तित्व का जश्न मनाने का एक प्रयास रहा है जो खूबसूरती से क्षणिक है।''

संग्रह फ्रेंच ब्लूज़ का एक ओम्ब्रे है जो नीलम मौवे में विलय कर रहा है, सोने और चांदी के क्रिस्टल की बूंदों में स्नान कर रहा है। जबकि जले हुए मूंगा ओम्ब्रे हरी राख को एक चंचल गेंदे के सोने में बदल देते हैं, ऑर्गेना चपरासी और क्रिस्टल कोर्सेज इसे एक पुरानी दुनिया का आकर्षण देते हैं।

इस कलेक्शन के लिए लिक्विड सिल्वर फैब्रिक को विशेष रूप से सिंपल सिल्हूट्स और क्रिस्टल एनक्रस्टेड बेल्ट्स के साथ बुना गया था। लंबे घूंघट के साथ लाल दुल्हन का लहंगा इस सीजन का फ्लेवर लगता है।



**अमित अग्रवाल**

खुद डिजाइनर के शब्दों में, उनका संग्रह, मेटानोइया, उनके अपने पुनरुत्थान की कहानी है। अग्रवाल कहते हैं, ''तीन तत्वों के लिए एक श्रद्धांजलि जो हमारे अस्तित्व का केंद्र बनाते हैं और हमें पोषित करने में मदद करते हैं, हमें खुद को प्रामाणिक रूप से ढालने की आजादी देते हैं और हमें आगे ले जाते हैं, पृथ्वी, पानी और हवा ने मेटानोइया की उत्पत्ति को प्रेरित किया।''

मॉस, सेज, फ़ॉरेस्ट ग्रीन, रोज़ेट, अज़ेलिया, लिशियनथस, टाफ़ी, शहतूत, फ्यूशिया से लेकर बैंगन और इंडिगो तक के रंगों में 35 अनूठी शैलियों और सिल्हूटों की विशेषता, इस विस्तृत संग्रह ने ग्लास फाइबर, रैफिया पाम और जैसी जटिल सामग्री का उपयोग करके कपड़ों को भावना दी। स्थापत्य संरचनाओं को द्रव समूह में बदलने के लिए ऑप्टिक फाइबर।

तकनीक के साथ नवोन्मेष, मेटानोइया, बेकार पीवीसी और हाथ से बुने हुए बहुलक पर मार्बलिंग पैटर्न के माध्यम से हाथ की पेंटिंग का प्रदर्शन किया। हाथ से पेंटिंग की प्रक्रिया को ट्यूल और रेशम के ऊपर ढाल में लागू किया गया था। इस कलेक्शन में ब्रांड सिग्नेचर मेटैलिक पॉलिमर्स के उपयोग पर प्रकाश डाला गया है, जिनका उपयोग जटिल प्लीटिंग, 3डी हैंड एम्ब्रॉएडर्ड थ्रेड वर्क और मैटेलिक कॉर्डिंग के लिए विस्तृत सिल्हूट में किया गया है, जो संरचित अभी तक तरल हैं, आशा, स्वीकृति और नए रास्तों को व्यक्त करते हैं।